RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 43
लखनऊ, मंगलवार, 30 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं
विविध-12

# सत्र के पहले दिन 12 विपक्षी सांसद निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मानसून सत्र में हंगामा करने के लिए हुई कार्रवाई, विपक्ष का भारी हंगामा
- शेष सत्र के लिए निलंबित रहेंगे कांग्रेस के छह, टीएमसी व शिवसेना के दो-दो और सीपीएम व सीपीआई के एक-एक सदस्य

**संसद के** शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को सरकार की ओर से लाए गए प्रस्ताव के जरिए विपक्ष के 12 सांसदों को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। मानसून सत्र के दौरान उनके कदाचार और अमर्यादित व्यवहार के लिए सत्र के शेष भाग के लिए निलंबन होगा। विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ 12 सदस्यों के निलंबन को अनुचित और अलोकतांत्रिक बताते हुए कड़ी निंदा की और कहा कि राज्य सभा की प्रक्रिया के सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए यह कदम उठाया गया है।

निलंबित सदस्यों ने आरोप लगाया कि संसद के सदस्यों के निलंबन पर नियम कहता है कि एक सदस्य को सत्र के शेष दिनों से अधि समय के लिए निलंबित नहीं किया जा सकता है। कुछ सदस्यों ने निलंबन नियम के नियम 256 के अंश को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। निलंबित सदस्यों में कांग्रेस के छह, टीएमसी और शिवसेना के दो–दो और सीपीएम और सीपीआई के एक–एक सदस्य हैं। कांग्रेस के छह निलंबित सदस्यों में फूलो देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन और अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल हैं, जबकि शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई हैं। इसके अलावा टीएमसी की डोला सेन और शांता छेत्री, सीपीएम से एलाराम करीम और सीपीआई से बिनॉय विश्वम बाकी सत्र के लिए निलंबित अन्य सदस्य हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने सदस्यों के निलंबन की घोषणा की और सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रस्ताव पेश किया और विपक्ष के विरोध के बावजूद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। ये 12 सदस्य शेष वर्तमान सत्र के लिए निलंबित रहेंगे। शिवसेना से निलंबित सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि डरी हुई सरकार संसद की नियम पुस्तिका को तोड़–मरोड़ कर विपक्ष को चुप करा रही है।



सोमवार को लोकसभा में बोलते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

मानसून सत्र के दौरान जब विपक्षी सदस्य तीन कृषि विधेयकों का विरोध कर रहे थे, उस समय सदन में भारी हंगामा हुआ था। मॉनसून सत्र के अंतिम दिन अराजक दृश्य देखा गया था और मार्शलों को बुलाया गया था, क्योंकि विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विरोध किया था। सरकार ने विपक्ष पर न केवल सदन के वेल में अनियंत्रित दृश्य पैदा करने का आरोप लगाया था, बल्कि उनमें से कुछ पर सदन में एक महिला मार्शल के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया था। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि अतिरिक्त लोगों को बुलाया गया और कुछ नेताओं ने हमला किया। बीते 11 अगस्त को सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के तुरंत बाद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने तथाकथित अनियंत्रित नेताओं के खिलाफ कई विकल्पों पर विचार किया था। सात मंत्रियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें इन विपक्षी सदस्यों के खिलाफ सदन में अभूतपूर्व, चरम और हिंसक कृत्यों के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी। कार्रवाई की मांग करने वाले मंत्रियों में पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, मुख्तार अब्बास नकवी, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन थे। बैठक के दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश भी मौजूद थे।


## तीन कृषि कानूनों की वापसी वाला विधेयक संसद से पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्ष के शोरगुल के बीच तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को खत्म करने संबंधी एक विधेयक बिना चर्चा के दोनों सदनों में पारित हो गया। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण आज लोकसभा को दो बार एवं राज्यसभा को चार बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि विधि निरसन विधेयक 2021 को दोनों सदनों में पेश किया। उन्होंने राज्यसभा में कहा, सरकार और विपक्षी दल दोनों ही इन कानूनों की वापसी चाहते हैं इसलिए कृषि कानून निरसन विधयक पर कोई चर्चा करने की जरूरत नहीं है। लोकसभा में इस विधेयक को बिना चर्चा के पारित कराए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज सदन में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस विधेयक को चर्चा के बाद पारित कराने की बात कही गई लेकिन इस पर सरकार चर्चा क्यों नहीं करना चाहती है? जब विपक्षी सदस्यों ने निरसन विधेयक पर चर्चा कराए जाने की मांग की तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन में व्यवस्था नहीं है और इस हालात में चर्चा कैसे कराई जा सकती है। उन्होंने कहा, आप (विपक्षी सदस्य) व्यवस्था बनाएं तब चर्चा कराई जा सकती है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निरस्त किए जा रहे तीनों कानूनों को काला कानून करार देते हुए कहा, एक साल तीन महीने के बाद आपको (सरकार) ज्ञान प्राप्त हुआ और आपने कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस किसान आंदोलन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी लोग जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब इस विधेयक का प्रस्ताव आया था विभिन्न गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ), किसान संगठनों ने भी इसका विरोध किया गया था। खड़गे ने कहा, इसे वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा था और सारे देश में इन कानूनों के खिलाफ माहौल बन गया तथा उपचुनावों में इसका प्रभाव दिखा। अब पांच राज्यों में चुनाव हैं। उपचुनाव में ऐसे परिणाम हैं तो पांच राज्यों में परिणाम क्या होंगे। 700 किसान मर चुके हैं। (शेष पेज 9)

## डॉ. चंदन मित्रा को राज्य सभा में दी गई श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



डॉ. चंदन मित्रा की फाइल फोटो

**राज्यसभा** ने सोमवार को पूर्व सांसद और द पायनियर के संपादक डॉ. चंदन मित्रा को श्रद्धांजलि दी। डॉ. मित्रा का इसी साल 1 सितंबर को 66 साल की उम्र में निधन हो गया था। डॉ. मित्रा के योगदान की सराहना करते हुए अध्यक्ष एम वेंकैया नायडू ने कहा कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन, शहरी और ग्रामीण विकास, विरासत और शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद दिवंगत सांसद और प्रख्यात पत्रकार को श्रद्धांजलि देते हुए सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि सामाजिक मुद्दों और संस्कृति में गहरी रुचि ने डॉ. मित्रा को अपने आसपास की दुनिया के बारे में उदार और व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाया, जो पत्रकारिता में आवश्यक एक सर्वोत्कृष्ट गुण है।

डॉ. मित्रा ने अगस्त, 2003 से अगस्त, 2009 तक राज्य सभा के मनोनीत सदस्य और जून, 2010 से जून, 2016 तक मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में कार्य किया। उन्होंने वाणिज्य पर संसदीय स्थायी समिति से संबंधित विभाग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

**देश ने एक ऐसे अनुभवी पत्रकार और सक्षम सांसद को खो दिया जिसने जलवायु परिवर्तन, शहरी और ग्रामीण विकास, विरासत और शिक्षा जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया : एम वेंकैया नायडू**

नायडू ने कहा कि डॉ. मित्रा के निधन से देश ने एक अनुभवी पत्रकार और एक सक्षम सांसद खो दिया है। डॉ. मित्रा की पृष्ठभूमि पर नजर डालते हुए नायडू ने कहा कि उनका जन्म दिसंबर, 1954 में पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हुआ था। डॉ. मित्रा की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज और ऑक्सफोर्ड विवि, यूके से हुई। (शेष पेज 9)

## सामूहिक विवाह से बाल विवाह और दहेज प्रथा दोनों पर लगता है अंकुश: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** कुशीनगर/लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ आज जनपद कुशीनगर में श्रम विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 2,503 कन्याओं के विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। गोरखपुर मण्डल से सम्बन्धित जनपदों की इन कन्याओं का विवाह कन्या विवाह सहायता योजना के तहत सम्पन्न हुआ। इसमें जनपद कुशीनगर की 654, जनपद गोरखपुर की 817, जनपद महराजगंज की 634 तथा जनपद देवरिया की 398 कन्याएं सम्मिलित हैं। इस समारोह में 138 मुस्लिम तथा 122 बौद्ध जोड़ों का विवाह भी सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री द्वारा 11 नवविवाहित दम्पत्तियों को प्रतीक स्वरूप प्रमाण.पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी जोड़ों को सौभाग्यशाली बताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की परम्परा में कन्यादान महादान माना गया है। वर्तमान सरकार इस प्रकार के कार्यक्रमों से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र तथा भाषा का कोई भेदभाव नहीं किया गया है। सभी पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। वर्ष 2017 के पहले भी श्रम विभाग था, लेकिन तब शासन की योजनाओं का लाभ गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं तथा महिलाओं को नहीं मिल पाता था। वर्तमान सरकार के गठन के बाद प्रत्येक जरूरतमन्द को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जो संविधान दिया, उसमें सभी के लिए समान अधिकार की व्यवस्था की गयी है। केन्द्र और प्रदेश सरकार इसी समान अधिकार के तहत बिना भेदभाव समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जब एक साथ मिलते हैं तो सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। सामूहिक विवाह का कार्यक्रम इसी का प्रतिफल है। सामूहिक विवाह के दो लाभ होते हैं। इससे बाल विवाह और दहेज प्रथा दोनों पर अंकुश लगता है। उन्होंने कहा कि आज गांव की बेटी सबकी बेटी का भाव देखने को मिलता है।



- कुशीनगर में श्रम विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए योगी

## पराग अग्रवाल होंगे ट्विटर के नए सीईओ

**सान फ्रांसिस्को।** ट्विटर के सह–संस्थापक जैक डॉर्सी कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद छोड़ देंगे और ट्विटर के भारतीय मूल के अधिकारी पराग अग्रवाल उनकी जगह लेंगे। प्रमुख सोशल मीडिया कंपनी ने यह घोषणा की है। अग्रवाल इस समय ट्विटर के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) हैं। डॉर्सी 2022 में अपना कार्यकाल पूरा होने तक निदेशक मंडल में बने रहेंगे। अग्रवाल ने ट्विटर लिखा कि वह अपनी नियुक्ति को लेकर काफी सम्मानित महसूस कर रहे हैं एवं खुश हैं और उन्होंने डॉर्सी के निरंतर मार्गदर्शन एवं दोस्ती के लिए उनका आभार व्यक्त किया। आईआईटी–बंबई और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र अग्रवाल 2011 से ट्विटर में काम कर रहे हैं और 2017 से कंपनी के सीटीओ हैं। जब वह कंपनी में शामिल हुए थे तब उसके कर्मचारियों की संख्या 1,000 से भी कम थी। इससे पहले डॉर्सी के पद छोड़ने की खबर के बाद ट्विटर के शेयरों में उछाल आ गया। सीएनबीसी ने अपनी खबर में कहा था कि डॉर्सी जल्द ही पद छोड़ सकते हैं। उसने अज्ञात सूत्रों के हवाले से यह खबर दी थी।

## भारत में ओमीक्रोन का मामला नहीं लेकिन चिंताएं बढ़ी


**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** अभी तक कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने सोमवार को कहा कि हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से लौटे दो लोगों में से एक का नमूना डेल्टा स्वरूप से अलग प्रतीत होता है। हालांकि, विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि टीका इस वायरस के खिलाफ एक महत्वपूर्ण हथियार बना हुआ है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि क्या नया स्वरूप अधिक संक्रामक है या अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है, लेकिन भारत में राज्यों के अधिकारियों ने नई स्थिति से निपटने के प्रयास तेज कर दिए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि निर्धारित अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं को फिर से शुरू करने पर किसी भी आगे के फैसले के संबंध में अन्य मंत्रालयों के परामर्श से स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। केंद्र सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में नए स्वरूप के संस्करण का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के सकारात्मक नमूनों के जीनोमिक विश्लेषण के परिणामों में तेजी लाई जा रही है। दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद कोरोनावायरस की जांच में पॉजिटिव पाए गए महाराष्ट्र के ठाणे के 32 वर्षीय मर्चेंट नेवी इंजीनियर को पृथकवास में रखा गया है और उसका नमूना जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा गया है।

कल्याण डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) की महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. प्रतिभा पनपाटिल ने कहा कि इसका परिणाम सात दिनों के बाद पता चलेगा। (शेष पेज 9)

### कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर प्रदेश अलर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



- विदेश से आने वाले यात्रियों के पॉजिटिव पाए जाने पर होगी जीनोम सीक्वेंसिंग

**कोरोना** संक्रमण की पहली और दूसरी लहर पर नियंत्रण पाने वाली योगी सरकार ने डेल्टा वेरिएंट से भी ज्यादा खतरनाक बताए जा रहे ओमीक्रान वेरिएंट को गंभीरता से लेते हुए सभी सावधानियां बरतनी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इस नए वैरिएंट को लेकर लखनऊ समेत सभी जिलों में विदेश से आने वालों की पड़ताल के निर्देश जारी किए गए हैं। निगरानी समितियों, सर्विलांस टीमें, स्वास्थ्य विभाग की टीम, डीएम, डीएसओ व डीआईओ ने जमीनी स्तर पर मोर्चा संभाल लिया है। विदेशों से आने वाले यात्रियों की ट्रेसिंग और कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद कोरोना की दूसरी लहर में गठित की गई विशेषज्ञों की टीम इस नए वैरिएंट पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। ये टीम विदेशों में इस नए वैरिएंट के लक्षण, प्रभाव और इसके खतरे का आंकलन करेगी। इस नए वैरिएंट की संक्रमण दर कितनी है, डेल्टा से कितना खतरनाक ये नया वैरिएंट है और इस नए वैरिएंट पर वैक्सीन के प्रभाव का आकलन किया जाएगा। सभी एयरपोर्ट पर सख्ती बढ़ा दी गई है, वहीं सभी यात्रियों की एयरपोर्ट पर निशुल्क आरटीपीसीआर जांच भी की जा रही है। प्रदेश में एक ओर डेली मॉनीटरिंग को बढ़ाने के साथ ही निगरानी समितियां भी अलर्ट हैं। विदेश से आने वाले किसी भी यात्री की आरटीपीसीआर (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,260 | ↑ 153 | |
| निफ्टी | 17,054 | ↑ 27 | |
| सोना | 47,242 | ↑ 242 | /10g |
| चांदी | 62,248 | ↑ 543 | /kg |

### क्विक न्यूज

**हाईकोर्ट के जज के मकान से 50 टोटियां चोरी**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-105 में स्थित उच्च न्यायालय के एक वर्तमान न्यायाधीश के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने पानी की लगभग 50 टोटियां चुरा ली। थाना सेक्टर 39 के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहर सिंह ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि न्यायमूर्ति विनोद कुमार राय का मकान सेक्टर-105 में है। मकान की देखभाल करने वाले तेजबीर सिंह ने मकान का ताला तोड़कर पानी की 50 टोटियां और अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। उन्होंने कहाकि पुलिस शीघ्र इस मामले का खुलासा करने का प्रयास करेगी कि इस घटना में कौन लोग शामिल हैं।

## थरूर की महिला सांसदों के साथ सेल्फी पर विवाद

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सोमवार को छह महिला सांसदों के साथ अपनी एक सेल्फी साझा की और कहा कि कौन कहता है कि लोकसभा काम करने के लिए आकर्षक जगह नहीं है। इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया और कुछ लोगों ने उन पर लैंगिक भेदभाव की भावना रखने का आरोप लगाया। बाद में थरूर ने कुछ लोगों को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगी और कहा कि महिला सांसदों के कहने पर ही यह सेल्फी ली गई और ट्विटर पर पोस्ट की गई तथा यह सब अच्छे मिजाज के साथ किया गया। थरूर ने सुप्रिया सुले, परनीत कौर, थमीजाची थंगापंडियन, मिमी चक्रवर्ती, नुसरत जहां रूही और ज्योतिमणि के साथ सेल्फी साझा करते हुए ट्वीट किया, कौन कहता है कि लोकसभा काम करने के लिए आकर्षक स्थान नहीं है? आज सुबह अपनी छह साथी सांसदों के साथ। कई इंटरनेट यूजर ने उन पर लैंगिक भेदभाव और आपत्तिजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने ट्वीट किया, आप इन्हें आकर्षण की वस्तु के तौर पर पेश करके संसद एवं राजनीतिक में इन महिला सांसदों के योगदान को कमतर कर रहे हैं। संसद में महिलाओं को वस्तु की तरह पेश करना बंद करिए। वकील करुणा नंदी और कुछ अन्य लोगों ने भी थरूर की आलोचना की। इसके बाद थरूर ने कहा, यह सेल्फी महिला सांसदों की पहल थी जो अच्छे मिजाज में ली गई थी और इन महिला सांसदों ने इसी भावना के साथ इस तस्वीर को ट्वीट करने के लिए कहा था। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और कुछ लोगों ने थरूर का बचाव भी किया।



संसद भवन परिसर में छह महिला सांसदों के साथ कांग्रेस सांसद शशि थरूर

## शरणार्थियों के लिए खाद्य सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय देश में रहने वाले अफगान, रोहिंग्या और अन्य देशों के शरणार्थियों एवं शरण चाहने वालों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने वकील फैजल अब्दाली द्वारा दायर एक याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि भोजन का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत आता है और शरणार्थियों और शरण चाहने वालों को खाद्य सुरक्षा दी जानी चाहिए। अब्दाली ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार महामारी के दौरान ऐसे शरणार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की कोई योजना नहीं है। पीठ ने अब्दाली की याचिका पर नोटिस तो जारी किया, लेकिन कहा कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर पेश नहीं होना था।

## चेहरा पहचानने वाली तकनीक से मिलेगा जीवन प्रमाणपत्र

- पेंशनभोगियों को मिलेगी बड़ी राहत

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणपत्र के एक प्रमाण के रूप में चेहरा पहचानने वाली विशिष्ट तकनीक को सोमवार को पेश किया। कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने यह खास तकनीक पेश करते हुए कहा कि इससे सेवानिवृत्त एवं बुजुर्ग पेंशनभोगियों को काफी सहूलियत होगी। चेहरा पहचानने वाली इस तकनीक की मदद से पेंशनधारकों के जीवित होने की पुष्टि की जा सकेगी। दरअसल, सभी पेंशनधारकों को साल के अंत में अपने जीवित होने का प्रमाणपत्र देना अनिवार्य होता है। इस प्रमाणपत्र के आधार पर ही उन्हें आगे पेंशन जारी रखी जाती है। सिंह ने कहा, केंद्र सरकार पेंशनभोगियों की जरूरतों को लेकर संवेदनशील रही है और उनकी जिंदगी को सुगम बनाने की कोशिश करती रही है। वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार ने पेंशनधारकों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र की सुविधा शुरू की थी। अब चेहरा पहचानने वाली इस तकनीक से उन्हें और भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीवन प्रमाणपत्र देने के लिए चेहरा पहचानने वाली इस तकनीक की शुरुआत एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी सुधार है। इससे न केवल केंद्र सरकार के 68 लाख पेंशनभोगी बल्कि ईपीएफओ एवं राज्य सरकारों से पेंशन पाने वाले लोग भी लाभान्वित होंगे। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, इस मौके पर राज्यमंत्री ने इस तकनीक को सामने लाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ ही विशिष्ट पहचान प्राधिकरण को धन्यवाद दिया।

# जीव-जन्तुओं व पर्यावरण की रक्षा करना सभी का दायित्वः योगी

● नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान का शताब्दी समारोह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रकृति के जीवन चक्र में केवल मनुष्य ही सब कुछ नहीं है, मनुष्य इसका बहुत छोटा सा हिस्सा है। हर जीव जन्तु एक दूसरे पर निर्भर रहता है, एक दूसरे पर उसका जीवन टिका हुआ है। मनुष्य यदि अपने अस्तित्व को बचाने के लिए शेष जीव-जन्तुओं के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करेगा, तो यह खिलवाड़ एक दिन उसी के लिए भीषण संकट का कारण बनेगा। जीव-जन्तुओं के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व होना चाहिए।

मुख्यमंत्री सोमवार को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान के शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने प्राणि उद्यान में शताब्दी स्तम्भ का अनावरण तथा डाक टिकट एवं शताब्दी स्मारिका का विमोचन किया। स्मारिका में प्राणि उद्यान की 100 वर्ष की उपलब्धियों का वर्णन है। उन्होंने चित्रों में चिड़ियाघर नामक एक पुस्तक का भी विमोचन किया।



मुख्यमंत्री ने वन्य जीव संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पूर्व प्रशासकों एवं पूर्व निदेशकों को भी सम्मानित किया। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने प्राणि उद्यान के जीव जन्तुओं के अंगीकर्ताओं को भी सम्मानित किया। बच्चों द्वारा सुझाये गये नाम के आधार पर 6 बाघों का नामकरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ प्राणि उद्यान की 100 वर्ष की यह पारी एक शानदार है। हमें इस प्रयास को और आगे बढ़ाना है। साथ ही, यहां की पिछली सभी स्मृतियों को बनाये रखते हुए कुछ नयापन लाने की भी आवश्यकता है। उस दिशा में क्या प्रयास हो सकते हैं, इसके लिए यहां पर पूर्व में कार्यरत पूर्व निदेशकों एवं प्रशासकों से सहयोग लेकर लखनऊ प्राणि उद्यान के साथ ही अन्य प्राणि उद्यानों को भी वैश्विक स्तर के मानक पर आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ प्राणि उद्यान को और आगे बढ़ाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। यहां से जुड़े उन सभी स्मरणीय क्षणों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बन सके। लखनऊ प्राणि उद्यान के पास 100 वर्ष की यात्रा का पूरा रिकॉर्ड होगा। इस प्राणि उद्यान की 100 वर्ष की यात्रा के अवसर पर जारी किया गया डाक टिकट एवं स्मारिका न केवल संग्रहणीय है, बल्कि हम सबके लिए प्रेरणादायी भी है।

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का काम हर हाल में 31 दिसंबर तक पूरा करेंः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे परियोजना की प्रगति की पैकेजवार समीक्षा की। उन्होंने इस एक्सप्रेस वे के मुख्य मार्ग को हर हाल में 31 दिसम्बर तक पूरा कर चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे परियोजना से जुड़े कार्यों में जिलाधिकारियों को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के दोनों ओर इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर-क्लस्टर स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित कर इनकी स्थापना की दिशा में शीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने एक्सप्रेसवे निर्माण के साथ ही साइनेज बोर्ड्स लगाने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे की निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में एक प्रस्तुतीकरण भी देखा। प्रस्तुतीकरण के दौरान यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने अवगत कराया कि यह एक्सप्रेस वे देश का सबसे सुरक्षित एक्सप्रेस वे होगा।

# टीईटी पेपर लीक मामले में एसटीएफ की छापेमारी जारी, अब तक 30 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी टीईटी पेपर लीक मामले में स्पेशल टास्क फोर्स ने अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों मे 5 बिहार से हैं। मामले के तार यूपी सचिवालय से भी जुड़ रहे हैं। यूपी एसटीएफ को गिरफ्तार आरोपी के पास से उत्तर प्रदेश सचिवालय का पहचान पत्र, पास और कई कागज मिले हैं। लेकिन टीईटी का पेपर कैसे लीक हुआ, कहां से चूक हुई, किसने दोनों पाली के पेपर लीक कर लाखों नौजवानों की मेहनत पर पानी फेरा, यूपी पुलिस अब तक इन सवालों के जवाब नहीं तलाश पाई है। सॉल्वर गैंग के पास पेपर जिले की ट्रेजरी से पहुंचा या फिर पेपर छपवाने वाली एजेंसी से लीक हुआए फिलहाल यही सबसे बड़ा सवाल बना हुआ है।

पेपर लीक मामले में अब सवाल मुंबई की उस प्राइवेट एजेंसी पर खड़े होने लगे हैं जिसको पेपर छपवाने और जिले के कोषागार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी थी। मिली जानकारी के अनुसार इस प्राइवेट एजेंसी ने दिल्ली की प्रिंटिंग प्रेस में पेपर छपवाए थे। कहा तो यहां तक जा रहा है कि प्रिंटिंग प्रेस से यह पेपर सड़क के रास्ते प्राइवेट गाड़ियों से जिलों में पहुंचाए गए थे। ऐसे में सॉल्वर गैंग की परीक्षा कराने वाली एजेंसी और प्रिंटिंग प्रेस से मिलीभगत की आशंका बढ़ जाती है।

एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने कहा कि एसटीएफ लगातार पेपर आउट गिरोह की तह तक जाने का प्रयास कर रही है। इस मामले में अब तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ, डाटा एनालिसिस और सर्विलांस के आधार पर अन्य लोगों की भी तेजी से तलाश की जा रही है। मामले में परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश की ओर से प्रयागराज के कर्नलगंज थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई है।

## नितिन शर्मा बने कांग्रेस हीरक जयंती समारोह समिति के लखनऊ मंडल प्रभारी



लखनऊ। लखनऊ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नितिन शर्मा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अनुमति से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी हीरक जयन्ती (75 वीं वर्षगांठ) समारोह समिति का लखनऊ मण्डल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी कंट्रोल रूम, हीरक जयन्ती समारोह समिति विजय बहादुर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नितिन शर्मा एनएसयूआई के विभिन्न पदों पर रहते हुए युवक कांग्रेस के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। शर्मा लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी में भी महामंत्री प्रवक्ता के पद पर कार्य कर चुके हैं।

# वाराणसी गैलरी में दिखेगा बाबा विश्वनाथ धाम का इतिहास

● गैलरी में डिजिटल माध्यम से भी धरोहरों को किया जाएगा प्रदर्शित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ धाम अब आकार ले रहा है। इसके तहत वाराणसी गैलरी बनाई जा रही है। इस गैलरी में बाबा के दरबार के इतिहास के साथ ही पौराणिक महत्व की चीजें भी प्रदर्शित की जाएंगी। बाबा विश्वनाथ धाम का इतिहास बताने के लिए गैलरी में डिजिटल माध्यम भी होगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में तेजी से बन रहे इस धाम का उद्घाटन दिसंबर में संभावित है।

श्री काशी विश्वनाथ धाम में निर्माण हो रहे 24 भवनों में वाराणसी गैलरी काफी महत्वपूर्ण है। शिव भक्तों में ज्योतिर्लिंग, इसके पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व और इतिहास को जानने के लिए काफी उत्सुकता रहती है। वाराणसी मंडल के कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस गैलरी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के इतिहास और पौराणिक महत्व की चीजों को शिव भक्त देख और समझ सकेंगे। धाम के विस्तारीकरण और विकास के दौरान कुछ घरों से अद्भुत मूर्तियां, पुराने घरों से निकले नक्काशीदार दरवाजे, खिड़कियां, ताले और चाभी मिले थे। इस विरासत को भी धरोहर के रूप में वाराणसी गैलरी में प्रदर्शित करने की योजना है। काशी की आध्यात्मिक परंपरा को भी गैलरी में प्रदर्शित किया जाएगा। वाराणसी गैलरी में धाम के ऐतिहासिक धरोहरों को डिजिटल माध्यम से भी प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि वाराणसी गैलरी का निर्माण 319 वर्ग मीटर में हो रहा है।

## हर बूथ पर 20 यूथ जोड़ कर संगठन को मजबूती देगा भाजपा युवा मोर्चा

लखनऊ। बीजेपी युवा मोर्चा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल के नेतृत्व में आज क्षेत्रीय कार्यालय निराला नगर पर युवा सम्मेलन को लेकर तैयारी बैठक का संयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा मोर्चा के प्रभारी पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा वरूण गोयल, उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव बाबा, उपाध्यक्ष अनुभव दिवेदी की उपस्थिति रही।

पंकज सिंह ने युवाओं का हर्षवर्धन करते हुए कहा कि अब तक प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जो भी कार्यक्रम युवा मोर्चा को दिए गए हैं उसे युवा मोर्चा ने बड़े उत्साह के साथ पूरा किया है चाहे मंडल कार्यसमिति हो, जिला कार्यसमिति, तीरंगा यात्रा हो, सांसद खेल अभियान, सदस्यता अभियान एवं अनेकों कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक किया है। इसी प्रकार आगामी कार्यक्रम युवा सम्मेलन को भी युवा मोर्चा को बड़े जोरदार तरीके से करना है, युवा मोर्चा द्वारा हर बूथ पर 20 यूथ की कार्यसमिति बनाकर संगठन को और मजबूत बनाने का काम करेगा।

# मिशन शक्ति अभियानः अब तक 28 लाख से अधिक लोगों को किया गया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तीकरण व सम्मान के उद्देश्यों के साथ मिशन शक्ति के रूप में वृहद अभियान प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 7 अगस्त से 15 नवम्बर तक 28,32,104 लोगों को जागरूक किया गया है। जिनमें पुरूष 12,18,181 महिलाओं व बालिकाओं सहित 16,09,238 व अन्य 1685 लोगों को महिलाओं के प्रति जागरूक किया गया है। स्वाति सिंह ने बताया कि हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम के अन्तर्गत 7 अगस्त तथा 2 नवम्बर को आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओ तथा बच्चों के प्रति यौन हिंसा, लिंग असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर यौन हिंसा और दहेज हिंसा आदि के मुद्दों को संबोधित करने हेतु सभी जनपदों में 2 घंटे का इंटरफ़ेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 1365 शिकायतें दर्ज की गई हैं और 897 का समाधान कार्यक्रम के दौरान ही पूर्ण किया गया। अन्य प्रकरणों पर जिलाधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों द्वारा 11 अगस्त को सरकारी अस्पतालों यानि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि में जन्मी 1778 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मां-बेटियों को उपहार बांटे गए। जनपदों द्वारा जन्मी बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रतीकात्मक रूप से कुल 1409 पौधे लगाए हैं और पुरुषों और बालकों को इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपकर पुरुष सहभागिता सुनिश्चित की गई।

# मतदाता पंजीकरण का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से किया जाएः उमेश सिन्हा

● चुनाव आयोग ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत निर्वाचन आयोग के सेक्रेटरी जनरल उमेश सिन्हा व सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर सुदीप जैन, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर चंद्र भूषण कुमार ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र अजय कुमार शुक्ला एवं समस्त मंडलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदात सूची पुनरीक्षण-2022 की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में सेक्रेटरी जनरल ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता पंजीकरण का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से किया जाए। किसी भी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों में छोटी-छोटी गलतियां होने पर उन्हें निरस्त न किया जाए बल्कि बीएलओ घर-घर जाकर ऐसे फार्मों की गलतियों को सुधारने का कार्य करें।

# जनसमस्याओं का त्वरित गति से निराकरण करें अधिकारीः केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक.एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की। जनता दर्शन में बुजुर्गए महिलाएंए पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं। आवास पर आये मरीजों के ईलाज हेतु उपमुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया और प्रत्येक व्यक्ति की हर सम्भव मदद हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों मे आये तमाम लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं और प्रार्थना पत्र भी दिये। औरैया के विकास यादव ने सम्पर्क मार्ग व अन्डरपास बनवाने, फतेहपुर के मलखान सिंह ने सेतु के निर्माण हेतु, हाथरस के सुनील पाण्डेय ने सड़क चौड़ीकरण हेतु, अलीगढ़ के राम कुमार व हरि प्रसाद ने अवैध कब्जा हटवाने, कानपुर के राजेन्द्र घानुक व बरेली के रमेशचन्द्र ने भूमि सम्बन्धी प्रकरण रखे। उपमुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी मिर्जापुर व जिलाधिकारी अलीगढ़ से भी समस्याओं के निस्तारण के बाबत वार्ता की।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

M/s VR Agencies Tin No. 09952202196 का Form 38 No. 2013-14/181137 A00640415 कहीं खो गया है कृपया मिल जाने पर 9335356450 पर सूचित करें।

**सूचना**

मैंने अपना नाम एन0यू0 सिद्दीकी से बदल निसार उल्लाह कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। निसार उल्लाह पुत्र अमीर उल्लाह पता 84–C सुजात गंज कानपुर नगर

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित हो कि मेरा अपने भाई गौरव शुक्ला एवं उसकी पत्नी से उनके गलत चाल–चलन और दुर्व्यवहार के चलते आज से कोई संबंध नही है और न ही इनके किसी भी कृत्य या किसी भी प्रकार के विवाद से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना है या होगा। सौरभ कु. शुक्ला पुत्र गिरीश चंद्र शुक्ला निवासी मोहिबुल्लापुर, लखनऊ

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है

श्रीमती इन्दिरा गाँधी पी0जी0 कालेज डुमरी मर्यादपुर मऊ सम्बद्ध बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त सेक्शन हेतु विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान 02 पद व गणित 02 पद** पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0जी0सी0 एन0सी0टी0ई0 उ0प्र0 शासन/वि0वि0 परिनियमावली/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, बायोडाटा एवं नवीनतम पासपोर्ट साईज के 04 फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।

प्रबंधक –मो0 9450755646,8795016774

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है

**स्व. जगन्नाथ पटेल मेवालाल पटेल महिला महाविद्यालय रसूलपुर लदिगंवा (बहुआ), फतेहपुर।**

परास्नातक संकाय (एम.ए.) हेतु निम्न विषयों के प्रवक्ताओं के चयन हेतु एक सप्ताह के अन्तर्गत सभी इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रजात स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में प्रेषित करें। विषय – हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान, संस्कृत एवं शिक्षा शास्त्र। वेतनमान/योग्यता यूजीसी के मनकानुसार।

**प्रबन्धक** – जे०पी०एम०पी० महिला महाविद्यालय रसूलपुर लादिगंवा फतेहपुर। 9236093824

# किसानों के प्रति भाजपा की नीयत साफ नहींः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की नीयत किसानों के प्रति साफ नहीं है। किसान साल भर से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी एकता और दृढ़ता से परेशान और आसन्न विधानसभा चुनावों से डर कर उसने अपने तीन काले कानून वापस तो ले लिए हैं किन्तु किसानों की बुनियादी मांगों पर बात करने से वह अब भी कतरा रही है। भाजपा अपने चंद पूंजी घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए ही किसानों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। इसका जवाब जनता सन् 2022 में भाजपा का सफाया करके देगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा किस तरह किसानों को धोखा दे रही हैए धान क्रय केन्द्रों में परेशान हाल किसानों को देखकर समझा जा सकता है। तौल में झोल के साथ क्रय केन्द्रों में किसान के धान की खरीद में तमाम अड़ंगे लगाए जाते हैं। बिचौलियों और सरकारी नौकरशाही के साथ नेताओं की साठगांठ के चलते किसान को एमएसपी नहीं मिलती। अत: मजबूरी में उसे औने पौने दाम में अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। किसान बिचौलियों के चंगुल से छूटने के लिए एमएसपी की अनिवार्यता की मांग कर रहा है। भाजपा सरकार किसानों की इस मांग को मानने से भाग रही है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और बड़े व्यापारियों को किसानों को वाजिब दाम देने की मजबूरी होगी। भाजपा सरकार ने एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया है परन्तु उसकी दरें जब तब बढ़ाती रहती हैं किसान कर्जदार बनता जा रहा है। उसे जब कोई रास्ता नहीं सूझता तो आत्महत्या कर लेता है। किसान का जीवन अनमोल होता है क्योंकि वह अन्य के जीवन के लिए अन्न उगाता है।

## कृषि कानूनों की वापसी लोकतंत्र की जीतः मायावती

लखनऊ। संसद में कृषि कानूनों की वापसी को बसपा सुप्रीमो मायावती ने किसानों को थोड़ी राहत के साथ लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा है कि यह सबक है सभी सरकारों के लिए कि वे सदन के भीतर व बाहर लोकतांत्रिक आचरण करें। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में किसानों के एक वर्ष के तीव्र आन्दोलन के फलस्वरूप तीन अति विवादित कृषि कानूनों की आज संसद के दोनों सदनों में वापसी किसानों को थोड़ी राहत के साथ ही यह देश के लोकतंत्र की वास्तविक जीत है। यह सबक है सभी सरकारों के लिए कि वे सदन के भीतर व बाहर लोकतांत्रिक आचरण करें। मायावती ने कहा कि देश के किसानों की विभिन्न समस्याओं को दूर करने के क्रम में खासकर फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारण्टी सुनिश्चित करने की माँग पर केन्द्र की चुप्पी अभी भी बरकरार है। केन्द्र द्वारा इसपर भी सकारात्मक पहल की जरूरत है।

# बीजेपी में किसानों के सवालों का सामना करने का साहस नहींः लल्लू

● शहीद किसानों के परिवारों को मुआवज़ा और नौकरी दे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बीजेपी पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी की केंद्र सरकार संसद में किसानों की दशा पर चर्चा नहीं होने देती और न यूपी की योगी सरकार विधानसभा में उनके दर्द पर बात होने देती है। यूपी में किसान खाद और डीएपी के लिए त्राहि त्राहि कर रहा है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

लल्लू ने कहा कि जिस तरह आज तीन कृषि कानूनों को बिना बहस के संसद से निरस्त कराया गया वह बताता है कि बीजेपी में किसानों के सवालों का सामना करने का साहस नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि ये कानून वापस होंगे लेकिन सरकार ने ऐसा करने के पहले 700 किसानों की बलि ले ली। पीएम मोदी को शहीद किसानों के परिवारों को मुआवज़ा देनेए हर परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने और आंदोलनकारी किसानों पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस करने चाहिए। साथ ही मोदी सरकार स्पष्ट करे कि बीजेपी सांसद साक्षी महाराज जैसे लोगों के उस बयान पर उसकी क्या राय है जिसमें उन्होंने कहा था कि ये कानून फिर लागू किये जा सकते हैं। इससे ये संदेश गया है कि मोदी सरकार ने चुनावी हार से घबराकर कदम पीछे कर रही है।

**विधान सभा सचिवालय उत्तर प्रदेश**
**(अधिष्ठान अनुभाग)**

संख्याः1959/वि0स0/अधि0/31/2015 दिनांक : 29 नवम्बर, 2021

**सूचना**

श्री प्रशान्त कुमार अनुसेवक, विधान सभा सचिवालय दिनांक 27 अगस्त, 2021 से बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित हैं, जिसके कारण उन्हें दिनांक 12 अक्टूबर, 2021 को कार्यालय में उपस्थित होने हेतु 03 दिन का समय देते हुये उनके स्थाई एवं स्थानीय पते पर नोटिस भेजी गयी थी, लेकिन श्री प्रशान्त कुमार दिनांक 25.11.2021 तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः उन्हें आदेश दिया जाता है कि वह सूचना प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अन्दर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हों अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

**संयुक्त सचिव, (अधिष्ठान अनुभाग)**
**विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश।**

# रिकार्ड खरीद करके किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश

● प्रदेश में 1.62 लाख से अधिक किसानों से की गई 11.32 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



योगी सरकार धान की रिकार्ड खरीद करके किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने की कोशिश में है। खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने अब तक 1.62 लाख से अधिक किसानों से 11.32 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है। किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सरकार उनके खातों में 72 घंटे के भीतर उनके अनाज की कीमत का भुगतान करा रही है। राज्य में एमएसपी पर धान खरीद की जा रही है। ग्रेड ए किस्म के लिए एमएसपी 1960 रुपये प्रति क्विंटल और आम किस्म के लिए 1940 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित है। खरीद प्रक्रिया से बिचौलियों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। किसानों की सुविधाओं और पारदर्शी खरीद व्यवस्था के लिए अधिकारी निरंतर निगरानी कर रहे हैं। किसानों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया की पड़ताल भी की जा रही है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक राज्य सरकार की एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम ने केवल पिछले 24 घंटों में ही 24400 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। सरकार ने अब तक 162569 किसानों से 2200.50 करोड़ रुपये का धान खरीदा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को किसानों से प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शी व्यवस्था के तहत अनाज खरीद के निर्देश दिए हैं। इसके लिए एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार सहित स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों को खरीद केंद्रों के औचक निरीक्षण और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में कुल 4010 खरीद केंद्र बनाए गए हैं।

# पहली से सात दिसम्बर तक मनाया जाएगा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह

● कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर करेंगे रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर 2021 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करना, योजना के सम्बन्ध में किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करना तथा योजना में किसानों की सहभागिता बढ़ाना है। इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी की ओर से समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं किसानों की सहभागिता बढ़ाये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आकांक्षी जनपदों में बहराइच के नवाबगंज, श्रावस्ती के सिरसिया, बलरामपुर के उतरौला, सिद्धार्थनगर के लोटन, फतेहपुर के विजयीपुर, चित्रकूट के रामनगर, सोनभद्र के चतरा, चंदौली के नौगढ़ ब्लॉक का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त वाराणसी के सेवापुर, गोरखपुर के कैम्पियरगंज तथा देवरिया के पथरदेवा ब्लॉक का भी चयन किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही 1 दिसम्बर को कृषि निदेशालय से चयनित जनपदों के लिए प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।

**विद्युत सेवा आयोग**
**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010

CIN : U32201UP1999SGCO24928

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन सं0 03/विसेआ/2020/तकनीशियन (विद्युत) के अन्तर्गत "तकनीशियन–विद्युत" के पदों पर चयन हेतु दिनांक 19, 20, 27 एवं 28 मार्च 2021 को ऑनलाइन परीक्षा (CBT) एवं तदोपरान्त दिनांक 20, 21, 22 सितम्बर 2021 एवं 20 अक्टूबर 2021 को सम्पन्न अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की जाँच के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष श्रेष्ठतानुसार चयनित अभ्यर्थियों की अनुक्रमांक के बढ़ते क्रम में सूची कारपोरेशन की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**सचिव, विद्युत सेवा आयोग**

पत्रांक : 1242/विसेआ/03–2020/तकनीशियन (विद्युत)
दिनांक : नव0 29, 2021
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें"

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# दिव्यांगों की जरूरतों के अनुरूप शोध को मिले प्रोत्साहन: राज्यपाल



● डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज के ज्ञान एवं भूमंडलीकरण के दौर से गुजरते हुए समाज में गुणवत्तापरक शिक्षा ही सर्वाधिक प्रभावी सिद्ध हो सकती है। इस विशेष विश्वविद्यालय में दिव्यांगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बहु विषयक शोध को प्रोत्साहित किया जाये। इससे उनको राष्ट्रीय मुख्यधारा में जोड़ने तथा देश के विकास में उनके योगदान को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। राज्यपाल सोमवार को डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षान्त समारोह को संबोधित कर रही थीं।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि प्रकृति ने यदि आपको चुनौतियां दी हैं तो आपको अपनी असीमित क्षमताओं के विकास और विस्तार का हौसला भी दिया है। टोक्यो पैरालंपिक में प्राप्त हुए 12 पदक आपके आत्मविश्वास, लगन निरंतर प्रैक्टिस का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है, युवाओं से समृद्ध हर देश में तीन चीजें बहुत मान्य रखती हैं। पहला



आइडिया और इन्नोवेशन, दूसरा जोखिम लेने का जज्बा, तीसरा बंद किसी भी काम को पूरा करने की जिद। जब ये तीनों चीजे आपस में मिलती है तो उसके अभूतपूर्व परिणाम आते हैं। आप सबको भी इन तीनों चीजों को साथ लेकर आगे बढ़ते हुए रचनात्मक कार्य करने हैं। कुलाधिपति ने कहा कि पिछले दिनों देश में 12वां अंगदान दिवस मनाया गया। मैं आप सभी से अपेक्षा करती हूं कि जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन को बचाने के लिए मृत्यु के बाद अंगदान जैसे सामाजिक कार्यों से लोगों को जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिगड़ता पर्यावरण हम सभी के लिये चिन्ता का विषय है। इसलिये हम सभी को अपने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। आज हमारी अनेक नदियां प्रदूषित हो रही हैं तथा बहुत सी नदियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। राज्यपाल ने जनपद बाराबंकी में विलुप्त होती कल्याणी नदी के पुनर्जीवन हेतु वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सामूहिक सहयोग से नदी अपने पुराने अस्तित्व को प्राप्त कर सकी। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों से अपील की कि लखनऊ की जीवन धारा कही जाने वाली गोमती नदी को बचाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाकर कार्य करें। समारोह के दौरान दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री अनिल राजभर ने दिव्यांगजनों के लिए प्रदेश में चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाएं पर प्रकाश डाला एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राणा कृष्ण पाल सिंह ने प्रगति रिपोर्ट पेश की।

**जिम्मेदारी समझें और अच्छे नागरिक बनें: प्रो. विक्रम कुमार**

समारोह के मुख्य अतिथि एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के प्रो विक्रम कुमार ने कहा कि पिछले दो दशकों में हमारे देश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है लेकिन हमारे समाज में समस्याएं हैं, जिनमें और अधिक सुधार होना चाहिए। स्वच्छ भारत अभियान पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम अपनी व्यक्तिगत सफाई और स्वच्छता का बहुत ध्यान रखते हैं। हम सुबह सर्वप्रथम स्नान करते हैं और घर की सफाई करते हैं, रंगोली बनाते हैं लेकिन फिर हम सब जगह कचरा फेंकते हैं। हमारे सार्वजनिक स्थान सबसे ज्यादा गंदे हैं। मुझे पता है कि सार्वजनिक स्थल की साफ सफाई करना नगर पालिका का काम है, लेकिन हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम अच्छे नागरिक बनें और आसपास सफाई रखें। स्वच्छता हमारी आदत होनी चाहिए। इसका हमेशा, हर बार और हर जगह अभ्यास किया जाना चाहिए। तभी हम अपने पड़ोसए शहर और नदियों को स्वच्छ रख पायेंगे।

**145 पदक किये गए वितरित:** आज दीक्षांत समारोह में कुल एक सौ पैंतालीस पदक वितरित किये गये। जिसमें 53 स्वर्ण पदक, 46 रजत पदक तथा 46 कांस्य पदक थे। कुल 145 पदकों में से 77 पदक छात्राओं ने तथा 68 पदक छात्रों को दिये गये। कुल 145 पदको में से 12 दिव्यांग विद्यार्थियों को 16 पदक दिये गये, जिसमें 4 बालिकायें तथा 8 बालक शामिल हैं। कुल 1626 विद्यार्थियों को उपधियां दी जानी है जिनमें 774 छात्राएं तथा 852 छात्र हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजकीय स्पर्श विद्यालय की दृष्टिबाधित 30 बालिकाओं तथा बचपन डे.केयर सेंटर की पाँच बालिकाओं को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया।

# दलित छात्रा की मेधा से प्रभावित होकर जज ने खुद दी आईआईटी में दाखिले के लिए फीस की रकम

● गरीबी के चलते 15 हजार जमा नहीं कर सकी थी छात्रा, हाईकोर्ट ने तीन दिन में दाखिले का दिया आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एक** दलित छात्रा की मेधा से प्रभावित होकर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के एक जज ने सोमवार को खुद अपनी जेब से उसकी फीस के 15 हजार रुपए दिए। यह छात्रा गरीबी के चलते समय से फीस जमा नहीं कर सकी थी। जिसकी वजह से उसका आईआईटी में दाखिला नहीं हो सका था। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह ने 15 हजार देने के साथ ही ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी एवं आईआईटी बीएचयू को भी यह निर्देश दिया कि छात्रा को तीन में दाखिला दिया जाए। यदि सीट नहीं है, तो उसके लिए अलग से सीट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह आदेश छात्रा संस्कृति रंजन की याचिका पर दिया है।

पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि गरीबी के चलते छात्रा अपने लिए एक वकील भी नहीं कर सकी। पीठ के कहने पर वकील सर्वेश दूबे व समता राव ने छात्रा का पक्ष रखने में सहयोग किया। इस दलित छात्रा ने हाईस्कूल में 95 व इंटर में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था। इसके बाद उसने जेईई की परीक्षा दी और मेन्स में 92 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। उसे एससी कैटेगरी के तहत 2062 रैंक मिला। इसके बाद वह जेईई एडवांस की परीक्षा में शामिल हुई। 15 अक्टूबर 2021 को इसमें सफल घोषित की गई। उसकी रैंक 1469 थी। उसे आईआईटी बीएचयू में गणित एवं कम्प्यूटर से जुड़े पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में सीट आवंटित की गई। लेकिन दाखिले के लिए आवश्यक 15 हजार की व्यवस्था समय से नहीं कर सकी। याचिका दाखिल कर उसने फीस जमा करने के लिए कुछ और समय दिलाने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि उसके पिता की किडनी खराब है। उनकी किडनी का ट्रांसप्लांट होना है। फिलहाल उनका हफ्ते में दो बार डायलिसिस होता है। ऐसे में उनकी बीमारी व कोविड की मार की वजह से उसके परिवार की आर्थिक हालत खराब है। जिससे वह समय से फीस जमा नहीं कर सकी। जबकि वह प्रारम्भ से एक मेधावी छात्रा रही है। उसने फीस के मसले पर ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी को कई बार पत्र भेजा। लेकिन उसे कोई जवाब नहीं दिया गया। एकल पीठ ने यह देखकर कि छात्रा शुरु से मेधावी रहीं है और यदि उसे राहत नहीं दिया गया, तो उसे बहुत क्षति उठानी पड़ेगी। लिहाजा पीठ ने उक्त आदेश जारी किया।

## आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर जवाब-तलब

**लखनऊ (विसं)।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष मिश्र की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जवाब तलब किया है। पीठ ने राज्य सरकार को एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने यह आदेश आशीष मिश्र की याचिका पर दिया है। बताते चलें कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा की जमानत सत्र अदालत से खारिज हो चुकी है। अब उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सोमवार को हाईकोर्ट ने जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए राज्य सरकार को 10 दिन की मोहलत प्रदान की। मामले की अगली सुनवाई इसके बाद होगी।

# हाईकोर्ट ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए कहा, मुल्जिम को दी जमानत

● कोडीन मिली दवा को नारकोटिक पदार्थ बताकर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजने का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**कोडीन** मिली दवा को नारकोटिक पदार्थ बताकर एक मुल्जिम को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही को कहा है। पीठ ने इसके साथ ही मुल्जिम को जमानत पर रिहा करने का भी आदेश दिया है।

जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिम अजय बाजपेई की जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने पाया कि मुल्जिम के पास से सैकड़ों बोतल कथित दवाएं बरामद हुई थी। बरामद करने वाले पुलिस अधिकारियों ने सीजर मेमो पर दर्ज किया कि यह नकली दवाएं हैं। इनमें कोडीन मिली हुई है। एफआईआर में आशंका जाहिर की गई कि कोडीन का अधिक मात्रा में उपयोग जानलेवा हो सकता है। पीठ ने यह भी पाया कि टेस्ट रिपोर्ट में बरामद दवा को स्टैंडर्ड क्वालिटी का बताया गया है। ऐसे में मुल्जिम के पास से बरामद दवा एनडीपीएस एक्ट के तहत नारकोटिक पदार्थ नहीं है। पीठ ने इस पर मुल्जिम की जमानत याचिका को मंजूर करते हुए कहा कि बरामद करने वाले अधिकारियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 58 (1)(बी) व (सी) के तहत कार्यवाही करने का मामला बनता है।

## गवाहों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**लखनऊ(विसं)।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज हरबंस नारायण ने मतदान अधिकारी के कार्य में बाधा पहुंचाने आदि के एक आपराधिक मामले में अभियोजन के गवाहों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। उन्होंने गवाहों के विरुद्ध नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है। साथ ही अभियोजन को 16 दिसंबर को अपना साक्ष्य पेश करने का आदेश भी दिया है। सात मार्च 2020 को विशेष अदालत ने इस मामले में राजबब्बर के खिलाफ आईपीसी की धारा 143, 332, 353, 323, 504 व 7 क्रिला एक्ट में भी आरोप तय किया था। दो मई 1996 को इस मामले की एफआईआर मतदान अधिकारी कृष्ण सिंह राना ने थाना वजीरगंज में दर्ज कराई था। जिसके मुताबिक सुल्ताने मदारिस स्कूल के मतदान केंद्र पर मुल्जिम अपने साथियों के साथ पहुंचा। मतदान के दौरान मतदान अधिकारी व पोलिंग एंजेट के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया। उनके साथ मारपीट की गई।

## राजधानी में डेंगू के नौ नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बढ़ती** ठंड के बीच स्वास्थ्य विभाग को डेंगू से राहत मिलती दिख रही है। पिछले कुछ दिनों से इसके मरीज कम आते दिख रहे हैं। सोमवार को राजधानी में डेंगू के 9 मरीज सामने आए हैं। यह मरीज इन्दिरानगर, टूडियागंज, रेडक्रास, चन्दरनगर, एनके रोड क्षेत्र में पाए गए हैं। जनपद में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ के निर्देशानुसार नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा कदम रसूल, अयोध्यादास, त्रिवेणीनगर, अलीगंज, केसरी खेडा, इब्राहिमपुर, रफी अहमद किदवई, इन्दिरानगर वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। आज कुल 4652 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 2 घर में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। वहीं आज जीका वायरस रोगियों के क्षेत्रान्तर्गत अर्बन सीएचसी रेडक्रास की टीम द्वारा कटरा मकबूलगंज क्षेत्र में कुल 16 टीमों द्वारा 382 घरों में 2118 व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया गया।

## कार रोककर दबंगों ने युवक को पीटा, लूटे 25 हजार

**लखनऊ।** राजधानी के इंदिरानगर में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने मां की दवा लेने जा रहे युवक से मारपीट की और उसके पास मौजूद पच्चीस हजार रूपये छीनकर फरार हो गए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इंदिरानगर निवासी शौरभ वर्मा ने बताया की रविवार की रात वह अपनी कार से मां की दवा लेने के लिए निकला था तभी पार्वती लॉन के पास सुरेंद्र और सुमित यादव मुझे गाली देने लगे जब मैं नीचे उतरा तभी इनके साथ आठ दस लोग और एकत्रित हो गए मुझे मारने पीटने लगे और मेरी जेब से पच्चीस हजार लूट लिए।

## लोहिया संस्थान के डाक्टर पीजीआई के समान वेतन को लेकर काला फीता बांधकर जताएंगे विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीजीआई** के समान वेतन लागू करने की मांग कर रहे डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टर मंगलवार से काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। इस दौरान यदि दो दिन तक प्रशासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया तो डॉक्टर कार्य ठप करने का निर्णय ले सकते हैं। लोहिया संस्थान फैकल्टी एसोसिएशन के सचिव डॉ विकास सिंह का कहना है कि डेढ़ साल से लगातार सरकार इसको नजरअंदाज कर रही है। कोरोना की वजह से डॉक्टर बिना विरोध के काम कर रहे थे। शासन के ढुलमुल रवैये से खफा डॉक्टरों ने आन्दोलन का मूड बना लिया है। एम्स में 2018 से ही डॉक्टरों को संशोधित वेतन मिल रहा है। पीजीआई के डॉक्टरों को भी मिलने लगा है लेकिन लोहिया में अब तक यह लागू नहीं किया गया है।

**केजीएमयू रेजिडेंट को दिया समर्थन:** लोहिया संस्थान के जूनियर रेजीडेंट डॉक्टर केजीएमयू के रेजिडेंट के समर्थन में आ गए हैं। सोमवार को संस्थान परिसर में कैंडिल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया। हालांकि यहां के रेजिडेंट ने हड़ताल व धरना प्रदर्शन का ऐलान अभी तक नहीं किया है। संस्थान के रेजीडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के महामंत्री डॉ मनोज ने बताया कि नीट पीजी के दाखिलों में देरी के कारण नए डॉक्टर नहीं मिल पा रहे हैं। जिसकी वजह से इन पर काम का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

# चार टप्पेबाज गिरफ्तार, असलहा सहित नकदी व जेवरात बरामद

● अब तक दे चुके हैं करीब एक दर्जन टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** में टप्पेबाजों के आतंक के खिलाफ चलाई गयी मुहिम के तहत सोमवार को अमीनाबाद पुलिस ने टप्पेबाज़ गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लखनऊ में घटित हुई 10 वारदातों का खुलासा किया है। अमीनाबाद पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए टप्पेबाज़ों के पास से एक तमंचा कुछ जेवरात, चोरी की एक मोटरसाइकिल, प्रेस का फर्जी आईकार्ड व 11000 की नकदी बरामद हुई है।

जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर अमीनाबाद सूर्य बली पांडे ने टप्पेबाज गिरोह के सरगना महाराष्ट्र के रहने वाले हसनी अली के साथ मध्य प्रदेश के रहने वाले मज़लूम हुसैन, महाराष्ट्र के रहने वाले खम्बर अली व कर्नाटक के रहने वाले अली अब्बास को गिरफ्तार किया है। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए टप्पेबाज़ों के द्वारा बताए गए बयान के आधार पर लखनऊ में घटित 10 घटनाओं का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि इन्हीं टप्पेबाज़ों के द्वारा 8 नवंबर को अमीनाबाद में बुजुर्ग दवा कारोबारी से उनकी दो अंगूठियां और कुछ नगदी हड़पी गई थी उन्होंने बताया कि टप्पेबाज गिरोह में 10 से 12 लोग शामिल है जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस के डीलडौल वाले यह जालसाज मानक नगर में एक किराए के मकान में रहते थे और गुजरात मध्य प्रदेश महाराष्ट्र के अलावा भी यह लोग अन्य कई राज्यों से गिरफ्तार होकर जेल भी जा चुके हैं । बताया गया कि ठाकुरगंज में महिला के साथ हुई घटना के अलावा आशियाना, नाका थाना क्षेत्रों में हुई घटनाएं भी इन्ही टप्पेबाज़ों के द्वारा की गई थी।

## नीट की काउंसिलिंग को लेकर जेआर ने दिया धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नीट** की काउंसिलिंग न होने से नाराज किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेजिडेंट डॉक्टरों ने सोमवार सुबह से धरना देना शुरू कर दिया हैं। संस्थान में इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर ओपीडी एवं वार्ड में कामकाज बन्द कर दिया। संस्थान के मुख्य गेट पर धरना दे रहे डॉक्टरों का कहना है कि जब तक काउंसिलिंग की तारीख नहीं तय हो जाती तब तक यह धरना जारी रहेगा। धरने के चलते आज सुबह से ही ओपीडी और वार्डों में जूनियर डॉक्टर नदारद रहे। नए एवं पुराने मरीजों की स्क्रीनिंग करने वाला कोई नही था। जिसकी वजह से मरीजों को दिखाने में काफी वक्त लग रहा है। उधर वार्डो में मरीजों की सुनने वाला कोई नही। वार्डों में सिर्फ नर्स के भरोसे मरीज रहे। सीनियर डॉक्टरों के सुबह देखकर चले जाने के बाद इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं पहुंचा। मरीजों के तीमारदार डॉक्टर से सलाह लेने के लिए भटकते रहे। मरीजों ने ओपीडी में जाकर डॉक्टरों से सलाह ली। बता दें कि संस्थान में करीब 250 जूनियर रेजिडेंट हैं। डॉ अनिकेत रस्तोगी के मुताबिक मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। 20-20 घण्टे काम कराया जा रहा है। कोविड के चलते 20 माह से लगातार का। रहे हैं। छुट्टी नही मिल पा रही है। नीट की जल्द काउंसलिंग कराकर नए डॉक्टर आएं। तब जाकर हमें राहत मिलेगी।

## डकैती की योजना बना रहे चार बदमाश गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जानकीपुरम** पुलिस ने डकैती की योजना बनाते समय चार बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने उनके पास से औजार और चाबी का गुच्छा भी बरामद किया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम कुलदीप सिंह गौर ने बताया कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र से चारों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिसार हरियाणा निवासी सोनू, सबोली विकास नगर निवासी अमन, जानकीपुरम विस्तार निवासी अयान और चांद बाबू के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों के पास से लोहे का एक बेलचा, एक सावड़, एक पेचकस, एक प्लास, एक टॉर्च व छह चाभियों का का गुच्छा, दो डंडा और एक 12 बोर का तमंचा दो कारतूस समेत 600 रुपये बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है।

## दो नाबालिग चोर पकड़े, माल बरामद

**लखनऊ।** जानकीपुरम पुलिस ने दो नाबालिग शातिर चोरों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम कुलदीप सिंह गौर ने बताया कि दारोगा शिवप्रकाश व पुलिस टीम चेकिंग के दौरान भिठौली क्रासिंग के पास से दो नाबालिग शातिर चोरों को पकड़ा। इनके पास से एक पैडल रिक्शा व एक कमर्शियल सिलेंडर बरामद हुआ है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मडियांव निवासी अख्तर रसूल ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# अपर नगर आयुक्त ने परखीं रैन बसेरे की व्यवस्थाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** के रैन बसेरे के नब्बीबुल्ला रोड का अपर नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ने शेल्टर होम की व्यवस्था देखी। रैन बसेरे में बेड, बिस्तर, कम्बल उपलब्ध मिले। गीज़र की व्यवस्था भी शेल्टर होम पर मिली। साथ ही शेल्टर होम के कमरे अंदर से गरम रहें इसके लिए ब्लोअर की व्यवस्था भी उपलब्ध मिली।

शीत ऋतु में निराश्रितों को बढ़ती हुई ठण्ड से बचाव के लिए अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह ने शहर के रैन बसेरे के नब्बीबुल्ला रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में हजरतगंज के इस शेल्टर होम की व्यवस्था देखी। इस शेल्टर होम पर आने वाले आश्रयहीन व्यक्तियों को रुकने व सोने की उचित व्यवस्था के लिए बेड, बिस्तर, कम्बल उपलब्ध मिले। रुकने वाले व्यक्तियों को नहाने के लिए गरम पानी मिले इसके लिए गीज़र की व्यवस्था भी शेल्टर होम पर मिली। शेल्टर होम के कमरे अंदर से गरम रहें इसके लिए ब्लोअर की व्यवस्था भी उपलब्ध मिली। कोविड प्रावधानो के तहत में शेल्टर होम पर थर्मल स्कैनर, हैंड सैनीटाईजर एवं मास्क उपलब्ध मिला। शेल्टर होम के अन्दर और बाहर उचित रौशनी और प्रकाश की व्यवस्था उचित व्यवस्था मिली। दरवाजे, खिडकियां सब ठीक स्थिति में मिले। भोजन एवं पीने वाले पानी की उचित व्यवस्था शेल्टर होम पर रुकने वाले व्यक्तियों को उपलब्ध है इसके बारे में भी रुकने वाले लोगों के सम्बन्ध में पूछताछ कर जानकारी भी ली गई । इसके साथ साथ अलाव के लिए लकड़ी भी शेल्टर होम पर उपलब्ध मिली। साथ ही मच्छरों से बचाव के लिए निरीक्षण के समय शेल्टर होम में फॉगिंग मिली। निरीक्षण के बाद सभी नगर अभियन्ताओं, जोनल अधिकारियों को पुन: निर्देशित किया गया कि नगर निगम द्वारा संचालित शेल्टर होम के सम्बन्ध में पूर्व में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए, जिससे किसी भी आश्रयहीन को ठण्ड के कारण समस्या न होने पाये। वहीं रुकने वाले आश्रयहीन व्यक्तियों को शेल्टर होम में रुकने के पूर्व अपना पहचान पत्र दिखाकर अपना पहचान सुनिश्चित कराना होता है। यदि किसी के पास पहचान पत्र नही होता है तो ऐसे व्यक्तियों की सूचना सम्बंधित शेल्टर होम के प्रभारी द्वारा स्थानीय थाने को प्रतिदिन उपलब्ध कराया जा रहा है।

## नियमित या समायोजन की मांग को लेकर मुख्यालय का घेराव किया

**लखनऊ।** नियमित या समायोजन की मांग को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविदा पर तैनात कर्मचारियों ने मिशन मुख्यालय का घेराव किया। इस दौरान कर्मचारियों ने अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया। दोपहर बाद वार्ता न होने पर जब कर्मचारियों ने विधानभवन की ओर कूच करना चाहा तो उन्हें रोक दिया गया। उसके बाद अधिकारियों से वार्ता हुई। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह ने बताया कि एनएचएम के संविदाकर्मियों को नियमित किया जाए या जो पद निकलते हैं उनमें समायोजित किया जाए। एनएचएम कर्मी 2006 से प्रदेश भर के जिला अस्पतालों से लेकर सीएचसी व पीएचसी तक काम कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा की तरह एनएचएम कर्मियों को सातवें वेतन आयोग की तर्ज पर वेतन दिया जाए और जॉब सुरक्षा दी जाए। उन्होंने आउसोर्सिंग प्रथा को बंद किए जाने और कर्मचारियों का सामूहिक बीमा किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष मयंक प्रताप सिंह ने बताया कि वार्ता में बात नहीं बनी है। अब 30 नवम्बर से टीकाकरणए सैम्पलिंग सहित अन्य काम बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मी इमरजेंसी सेवाओं में काम करते रहेंगे।

# ईकोग्रीन के कसे पेच, लखनऊ को सेवन स्टार सिटी बनाने पर जोर

● महापौर ने की स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महापौर** संयुक्ता भाटिया ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद महापौर स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 की तैयारियों की समीक्षा की। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए महापौर ने स्वच्छ भारत मिशन की टीम को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। महापौर ने अधिकारियों को इस बैठक की जानकारी देते हुए कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में लखनऊ को प्रथम स्थान दिलाना है। विगत वर्षो में हुए स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ द्वारा अनेको प्रयासों के बाद 269वें सुधार करते हुए 12वां स्थान प्राप्त किया गया है। महापौर ने लखनऊ को नंबर-1 बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत रहने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय की उपस्थिति में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण एवं सफाई व्यवस्था के संबंध में एक बैठक आयोजित की। बैठक में महापौर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को गार्बेज फ्री सर्टिफिकेशन में 3 स्टार प्राप्त हुए है। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ को गार्बेज फ्री सिटी में 7 स्टार प्राप्त करने का लक्ष्य दिया है। महापौर ने लखनऊ नगर को गार्बेज फ्री सिटी 7 स्टार सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के लिए समस्त आवश्यक तैयारियों को पूर्ण के निर्देश दिये। इसके साथ ही शहर में जल निकासी एवं सीवर की समुचित व्यवस्था होने पर प्राप्त होने वाले वॉटर प्लस सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान महापौर ने शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन करने के लिए ईकोग्रीन के जनरल मैनेजर कैलाश को निर्देशित किया। साथ ही शिवरी में एकत्रित कूड़े के निस्तारण की गति को बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया। ईकोग्रीन द्वारा किए जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, उसके परिवहन एवं प्रसंस्करण के लिए उपस्थिति प्रतिनिधि को कड़े निर्देश दिये गये। बैठक में अपर नगर आयुक्त अभय पांडेय, पंकज सिंह, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी डॉ अरविंद राव, प्रभारी पर्यावरण अभियंता एसएस जैदी, एसबीएम टीम से अजय प्रताप यादव, दिलीप मौर्य, अमित दुबे और इकोग्रीन से सीईओ राजेश, ग्रुप ऑपरेशन मैनेजर दिवाकर शुक्ला सहित सभी वार्ड मैनेजर उपस्थित रहे।

**डंपिंग प्वाइंट समाप्त होंगे, सीधे गाड़ी में जाएगा कूड़ा**

महापौर ने आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग में सुधार लाये जाने के लिए यह आवश्यक है कि लखनऊ के समस्त डंपिंग प्वाइंट समाप्त करने के निर्देश दिए। वर्तमान में इसके लिए पीसीटीएस लगाये जाने एवं घर-घर से कूड़ा उठाये जाने में तेजी लाये जाने की जरूरत बतायी। कूडा एकत्रीकरण के बाद वार्डो में पिक प्वाइंट बनाये जाने के निर्देश दिये गये जहाँ से डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन के बाद वाहन खड़ा करते हुए कूड़े को सड़क पर न डालते हुए सीधे गाड़ी में डालकर शिवरी प्लांट ले जाया जाए।

**घर घर से कूड़ा उठाने के निर्देश:** नगर निगम के सफाई कर्मियों द्वारा घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए समुचित संख्या में उपलब्ध संसाधन एवं मैनपॉवर का उपयोग करने के निर्देश दिया। साह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य में विशेष सुधार लाया जा सके।

# पूर्ववर्ती सरकारों ने यूपी को अंधेरे में रखा

## भाजपा सरकार ने 1.40 करोड़ घरों का अंधेरा किया दूर, 1.21 लाख मजरों में पहुंचाई बिजली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**ऊर्जा** मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को बीजेपी मुख्यालय पर फर्क साफ है अभियान के तहत पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा की गई प्रदेश की उपेक्षा व 2017 के बाद बीजेपी सरकार द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में किये गए कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के कमीशन, कुशासन व करप्शन की नीतियों ने प्रदेश को अंधेरे में रखा था, वे लोगों के जीवन में उजाला चाहते ही नहीं थे। केवल चार जिलों को ही पूरा प्रदेश मान लेने वाली पूर्ववर्ती सरकारों को उत्तर प्रदेश की चिंता नहीं रही। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद से प्रदेश का हर जिला बिजली आपूर्ति की दृष्टि से वीआईपी है। फर्क साफ है वे अंधेरा दूर करना नहीं चाहते थे। हमें 24 करोड़ प्रदेशवासियों के जीवन में उजाला ले आना था, हमने जो कहा था उसे करके भी दिखाया। आज 1.40 करोड़ घर बिजली की रोशनी से रौशन हैं। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश के जिला मुख्यालय को 24 घण्टे, तहसील को 20 और गांव को 18 घण्टे निर्बाध बिजली मिल रही है। 2017 के पहले केवल चार जिले ही वीआईपी थे आज प्रदेश का हर जिला वीआईपी है। इससे पहले प्रदेश ने शिफ्ट वाइज बिजली की सप्लाई देखी थी। आज हम पूरे प्रदेश में सबको बिजली, निर्बाध बिजली व पर्याप्त बिजली के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने 5.4 से 11.09 रूपए की दर से दीर्घकालिक पीपीए किये और जनता पर मंहगी बिजली थोपी और 5 साल के कार्यकाल में हर साल दरों में बढ़ोतरी करते हुए बिजली के दाम 60.71 प्रतिशत बढ़ाये। वहीं हमारी सरकार ने सस्ती बिजली के अभियान के तहत 2.98 रूपए से 4.19 रूपए की दर से पीपीए किये और पिछले तीन सालों से हमने बिजली के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए हमने पिछले साढ़े 4 वर्षों में हमने 673 नए 33-11 केवी के बिजली घर बनाये। 2026 तक और नये 750 बिजलीघर बनाये जायेंगे जबकि पिछली सरकार में हर साल 33-11 केवी के केवल 29 बिजली घर की क्षमता वृद्धि की जाती थी, हमारी सरकार में हर साल 337 बिजली घर पर क्षमतावृद्धि की गयी है। इस प्रकार पिछले साढ़े 4 वर्षों में हमने कुल 1347 बिजली घरों की क्षमता बढ़ाई है। 12111.75 करोड़ की लागत से 765 केवी का 1, 400 केवी के 12, 220 केवी के 34 व 132 केवी के 72 पारेषण उपकेंद्रों का निर्माण करवा चुकी है।

उन्होंने कहा कि 2012-17 के बीच हर साल केवल 19880 निजी ट्यूबवेल कनेक्शन ही दिए गए। बीजेपी सरकार में यह दर 72 प्रतिशत ज्यादा रही और 39395 कनेक्शन प्रतिवर्ष दिए गए। हमने सर्वाधिक 136775 कनेक्शन दिए। पिछली सरकार ने डार्क जोन के नाम पर ब्रज व पश्चिम के 17 जिलों में ट्यूबवेल कनेक्शन पर रोक लगाई। हमने इसे खत्म किया।

# अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल पर होगी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग

● कोरोना के नए वैरियंट को लेकर डीएम ने जारी किये निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अंतरराष्ट्रीय** टर्मिनल पर यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग कराई जाएगी। नि:शुल्क आरटीपीसीआर टेस्ट के साथ नाम, मोबाइल नंबर, स्थानीय पता एवं अंतिम गंतव्य का पूर्ण पता नोट किया जायगा। यही नहीं यात्रियों को 8 दिनों का होम क्वारंटाइन जरूरी होगा। सोमवार को डीएम अभिषेक प्रकाश ने बताया कि महामारी अधिनियम 1897 और आपदा मोचन अधिनियम 2005 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत यह निर्देश जारी किया गया है। डीएम ने अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल के लिए प्रोटोकॉल जारी किया है। सभी यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग कराई जाएगी। सभी यात्रियों के आगमन पर शत प्रतिशत नि:शुल्क आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाएगा। सभी यात्रियों के आगमन पर नाम, मोबाइल नंबर, स्थानीय पता एवं अंतिम गंतव्य का पूर्ण पता नोट किया जाए और इसकी एंट्री निर्धारित पोर्टल पर इंटरनेशनल ट्रैवल्र्स कैटेगरी के तहत किया जाए। सभी यात्रियों को 8 दिनों के होम क्वारंटाइन का अनुपालन करने की हेतु सूचित किया जाए। जिसका फॉलोअप आईसीसीसी द्वारा फोन से किया जाये। 5-8 दिन बाद आरटीपीसीआर टीम द्वारा अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का पुन: नि:शुल्क आरटीपीसीआर टेस्ट किया जाए। प्रथम और द्वितीय आरटीपीसीआर में धनात्मक पाए गए व्यक्तियों का उपचार निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं डोमेस्टिक एयरपोर्ट को लेकर जारी प्रोटोकॉल में कहा गया है कि सभी यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाए। थर्मल स्कैनिंग में लक्षण युक्त पाए गए सभी यात्रियों की आरटीपीसीआर जांच कराई जाए। उपरोक्त के अतिरिक्त रेंडम आधार पर प्रत्येक डोमेस्टिक फ्लाइट से आने वाले यात्रियों में से 10 प्रतिशत यात्रियों की रेंडम आरटीपीसीआर जांच कराई जाए।

सभी यात्रियों के आगमन पर नामए मोबाइल नंबर स्थानीय पता एवं अंतिम गंतव्य का पूर्ण पता नोट किया जाए तथा इसकी एंट्री निर्धारित पोर्टल पर डॉमेस्टिक ट्रैवल कैटेगरी के अंतर्गत किया जाए।

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that my client Sh. Rajesh Kumar Yadav S/o Late Mani Ram is owner of House with Land area measuring 1500 sq. ft., out of Khasra No. 1757 Min., Village Badhel ( Bahar Seema) Pargana & Tehsil Nawabganj, Distt. Barabanki, U.P. by virtue of Sale-deed dated 24.10.2019,duly registered in the office of Sub-Registrar-Sadar, Barabanki, Lucknow, vide Book No. I, Volume No. 12623, Page 45 to 62, at serial No. 18121, dated 24.10.2019, till date and has lost/misplaced his original sale-deed dated 07.11.2005, duly registered in the office of Sub-Registrar Sadar, Barabanki, vide Book No.I, Volume No. 2650, Pages 45 to 64, at serial No. 6646, dated 07.11.2005, which was executed by Sh. Digvijay Singh as attorney of Sh. Ram Lakhan & other's in favour of Sh. Santosh Kumar Chaturvedi S/o Sh. Shyam Bahadur Chaturvedi, and the same property is going to be financed by DCB Bank Ltd. Branch, Lucknow, U.P. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property then contact us within 7 days from the date of this notice on the number mentioned herein below, falling which my client i.e. DCB Bank Ltd. Branch, Lucknow, U.P. shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Naveen Kumar Verma, Advocate
Mob-6204506185
Ch. No. 9, L.G.F., Krishna Tower,
Qiaser Bagh, Lucknow, U.P.

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 28.11.21 को पायनियर हिन्दी पेज 2 पर प्रकाशित कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवॉ सीतापुर प्रकाशित विज्ञापन में संख्या एवं दिनांक छूट गई है। पाठकगण कृपया संख्या 220/A-I/न.पा.परि.बि./2021–22 दिनांक 27.11.2021 पढ़े। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लेसा, लखनऊ। अल्पकालीन ई–निविदा सूचना** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–सप्तम, लेसा, लखनऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत में निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें जो कि उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.12.2021 को 05:00 बजे तक डाउन लोड किये जा सकते है, जिसका प्रथम भाग दिनांक 16.12.2021 को 02:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएंगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् है :–**क्र0सं0** 1 **निविदा संख्या** 28/विनविमं/–सप्तम/लेसा/2021–22 **कार्य का नाम** वि0न0वि0ख0–आलमबाग, लेसा लखनऊ के अन्तर्गत बिजनेस प्लान मद 2020–21 एवं 2021–22 के सापेक्ष विभिन्न कार्य। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)** 1000.00+180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रु0)** 10000.00 **क्र0सं0** 2 **निविदा संख्या** 29/विनविमं/–सप्तम/लेसा/2021–22 **कार्य का नाम** वि0न0वि0ख0–कानपुर रोड लेसा, लखनऊ के अधीन बिजनेस प्लान मद 2020–21 के सापेक्ष 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र शक्ति चौराहा के अन्तर्गत एल0टी0 लाइनों के सुदृढ़ीकरण तथा परिवर्तक पेटी के मरम्मत का कार्य। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)** 1000.00+180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रु0)** 9500.00 **क्र0सं0** 3 **निविदा संख्या** 30/ विनविमं/–सप्तम/लेसा/ 2021–22 **कार्य का नाम** वि0न0वि0ख0–वृन्दावन लेसा, लखनऊ के अन्तर्गत बिजनेस प्लान मद 2020–21 एवं 2021–22 के सापेक्ष विभिन्न कार्य। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)** 1000.00+180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रु0)** 6500.00 अधीक्षण अभियन्ता वि0न0वि0मं0–सप्तम, लेसा पत्रांक 1569 दिनांक 29.11.21 राष्ट्र हिंत में बिजली बचाएं, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 जलाएं"

# बिजली कर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

● इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल-2021 का विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बिजली** कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति एनसीसीओईईई ने आज फैसला किया है कि अगर केंद्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल–2021 के माध्यम से जल्दबाजी करने की कोशिश करेगी तो देश भर में 15 लाख बिजली कर्मचारी और इंजीनियर काम छोड़कर दिन भर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

यह विरोध प्रदर्शन अब तक की सर्वाधिक भागीदारी वाला प्रदर्शन होगा जिसके परिणामों की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। एनसीसीओईईई ने यह भी अवाहन किया है कि बिजली कर्मचारी संसद में उक्त बिल को पेश करने और पारित कराने की केंद्र सरकार की एकतरफा कोशिश के खिलाफ उसी क्षण लाइटनिंग कार्रवाई के लिए सतर्क और तैयार रहें। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि एनसीसीओईईई की राष्ट्रीय समिति ने गंभीर चिंता के साथ नोट किया कि भारत सरकार ने संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में बिजली संशोधन विधेयक–2021 को कानून बनाने के लिए अपनी अड़ियल स्थिति दिखाई है। भारत के गरीब और ग्रामीण लोगों के लिए बिजली आपूर्ति के अधिकारों पर अंकुश लगाने का उद्देश्य संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे से संकेत मिलता है कि इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल–2021 संसद के इसी सत्र में पेश किया जाएगा। इस परिस्थिति में एनसीसीओईईई ने उसी दिन बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लियाए जिस दिन भी विधेयक को संसद में रखा जाएगा। एनसीसीओईईई के सभी घटक अपने सदस्यों की यथासंभव अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## केजीएमयू: फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आयुष को प्रथम पुरस्कार

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में सोमवार को स्टूडेंट वेलफेयर फैकल्टी द्वारा कलाम सेंटर में ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र छात्राओं के बीच छुपी प्रतिभाओं को सामने लाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो विनीत शर्मा रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं द्वारा की गयी फोटोग्राफी की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में एमबीबीएस, बीडीएस, जूनियर व सीनियर रेसिडेंट्स व पैरा मेडिकल छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमे कुल 164 फोटो एकत्र हुई। इन फोटो में जजिंग कमेटी द्वारा टॉप 3 फोटोग्राफ का चयन कर पुरुस्कृत किया गया। जिनमें प्रथम स्थान आयुष प्रताप सिंह, द्वितीय यश श्रीवास्तव एवं तृतीय स्थान शैलेन्द्र व म्रदुल गर्ग ने प्राप्त किया। इस मौके पर पैरा मेडिकल साइंसेस डीन प्रो विनोद जैन, प्रो आरएन श्रीवास्तव डीन स्टूडेंट वेलफेयर, डा शिउली, डा रमेश भारती आदि उपस्थित रहे।

# डीजीपी ने पुलिस परिवार के दो मेधावियों को किया पुरस्कृत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल ने पुलिस परिवार के मेधावी छात्र छात्रा को पुरस्कृत किया। पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में सोमवार को डीजीपी ने जनपद मेरठ 44 वीं वाहिनी पीएसी में नियुक्त आरक्षी ताराचन्द की पुत्री दीपिका चौहान और जनपद झांसी 33 वीं वाहिनी पीएसी में नियुक्त आरक्षी अशोक कुमार के पुत्र राज सविता को पुरस्कृत किया। दीपिका ने पुलिस मार्डन स्कूल सीबीएससी बोर्ड से इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार राज सविता ने सीबीएससी बोर्ड से इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि स्व. एके दास पूर्व महानिदेशक उप्र की स्मृति में उनके जन्म दिवस के अवसर पर पुलिस परिवार के आरक्षियों के इण्टरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो मेधावी छात्र-छात्रा को पुरस्कार स्वरूप 10000 रुपए, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने की परम्परा वर्ष 2016 से प्रारम्भ की गयी है। डीजीपी द्वारा इन मेधावी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रत्येक बच्चो को उनकी रुचि के अनुसार प्रोफेशन चुनने के साथ साथ कैरियर काउन्सलिंग पर विशेष जोर दिया गया।

## अमृत महोत्सव में हुआ राष्ट्रगान का पाठ



**लखनऊ।** पूरब भाग के कल्याण नगर में आजादी के 75 वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम का मैकाले टेंपो स्टैंड के पास श्री राम पार्क में राष्ट्रीय भावना प्रेरित करने का सूक्ष्म प्रयास किया गया। जिसमें वंदे मातरम गीत का गान, राष्ट्रगान, कविता प्रस्तुति व देशभक्ति गीतों का गायन किया गया। जिसमें कल्याण नगर के आसपास के लगभग 200 लोग उपस्थित थे जिसमें कल्याणपुर के सभी बस्ती के बस्ती प्रमुख की उपस्थिति में बच्चों और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर इस महोत्सव में योगदान दिया।

## वैष्णवी वर्मा को पोयम प्रतियोगिता में मिला प्रथम पुरस्कार



**लखनऊ।** प्राणी उद्यान की शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष में आयोजित वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित काव्य-पोयम प्रतियोगिता में हॉर्नर कॉलेज की कक्षा 11 की वैष्णवी वर्मा को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में श्रेया शर्मा ने बाजी मारी। इस अवसर पर उसके साथ स्कूल के अध्यापक आशीष चौबे मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन चुनाव के लिए पहले दिन हुए 21 नामांकन

**मोहनलालगंज।** तहसील बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन के पहले दिन विभिन्न पदों के लिए 21 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी देवशरण मिश्र ने बताया अध्यक्ष पद के लिए दिनेश सिंह चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए नागेन्द्र नारायण मिश्र व अनिल कुमार उपाध्यक्ष मध्य पद के लिए अवधेश प्रताप सिंह उपेन्द्र यादव व नवीन कुमार द्विवेदी कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए जयविन्द कोषाध्यक्ष के लिए सतीश कुमार संयुक्त मंत्री के लिए धीरेन्द्र चन्द्र तिवारी शिवमोहन यादव अम्बरीष यादव व दिनेश कुमार वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए राजकिशोर यादव विजय बहादुर कश्यप कालीशंकर चौरसिया व राजनरायण शर्मा और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए किरन कुमारी सन्तोष कुमार अरुण कुमार विश्वकर्मा अरविन्द कुमार रावत व अशोक कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया मंगलवार को नामांकन का अन्तिम दिन है।

## बीजेपी के आईटी सेल के योद्धाओं का हुआ सम्मान

बख्शी का तालाब। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी की अध्यक्षता में लखनऊ जिले के आईटी सेल के सभी साइबर योद्धाओं का एक समारोह में सम्मान किया गया। इस मौके पर जिले के सभी आईटी के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश आईटी प्रमुख कामेश्वर मिश्रा, प्रदेश आईटी सह संयोजक अभिषेक तिवारी, अवध क्षेत्र आईटी संयोजक मानस मित्रा, अवध क्षेत्र आईटी सह संयोजक सिद्धार्थ तिवारी , लखनऊ जिला आईटी संयोजक विवेक सिंह, सरोजिनी नगर विधानसभा संयोजक रागिनी कटारिया, मलिहाबाद विधानसभा संयोजक रवि द्विवेदी, बख्शी तालाब विधानसभा संयोजक कुलदीप सिंह राठौर एवं मंडल के संयोजक व सह संयोजक उपस्थित थे।

## राजस्थान के बेरोजगार युवकों ने किया आमरण अनशन

**लखनऊ।** राजस्थान की कांग्रेस सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में लखनऊ पहुंचकर बीते 2 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं बेरोजगार युवाओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। अनशनकारी युवाओं को पुलिस ने खदेड़ने का भी प्रयास किया लेकिन वह नहीं हटे। युवाओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती वह यहीं डटे रहेंगे। इन युवकों की मुख्य मांग प्रियंका गांधी से मुलाकात करना और उन तक अपना दर्द पहुंचाना है। राजस्थान बेरोजगर एककृत महासंघ के बैनर तले आयोजित इस धरना का उद्देश्य राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर बेरोजगारों की मांगों को पूरा कराना है। इनकी प्रमुख मांग सरकारी नौकरियों में नियुक्ति है। इसके लिए भर्ती परीक्षाएं पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य सरकार की नौकरियों के लिए रिक्तियों की संख्या में वृद्धि और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक करने वालों के खिलाफगैर जमानती कानून तैयार करने की भी मांग कर रहे हैं।

## रविंद्रपल्ली में आयोजित किया गया भारत माता पूजन कार्यक्रम



**लखनऊ।** आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की खुशी में 19 नवंबर से 16 दिसंबर 2021 तक मनाए जा रहे अमृत महोत्सव पर्व को रविन्द्रपल्ली स्थित पार्वती हाईस्कूल में भारत माता के पूजन के कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। जिसमें इस विद्यालय की कक्षा आठ, नौ व दस के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दयानंद नगर के संपर्क प्रमुख विजय कुमार निगम द्वारा किया गया। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय शुक्ला व हेडमास्टर संजीव सिंह रावत ने चंदन रोली का तिलक लगाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और दीप प्रज्जवलित किया। तदुपरान्त सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व बच्चों ने वन्देमातरम राष्ट्रगीत गाते हुए एक एक करके भारत माता की आरती की। विजय कुमार निगम ने अमृत महोत्सव पर्व के बारे में बच्चों जानकारी देते हुए बताया कि इस आजादी को पाने के लिए सन् 1857 लेकर 15 अगस्त 1947 तक लाखों राष्ट्रप्रेमियों ने अपना और अपने परिजनों का सर्वस्व न्योछावर किया है। अब इस देश की आन-बान-शान की रक्षा के लिए हम सबको अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी के साथ करना होगा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्मजागरण प्रमुख अशोक श्रीवास्तव ने बच्चों को टाफियां वितरित कीं।

## सीएमएस गोमती नगर चुना गया यूपी का सर्वश्रेष्ठ को-एड डे स्कूल

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ने एजुकेशन वर्ल्ड इण्डिया स्कूल रैंकिंग-2020-21 में उत्तर प्रदेश का नम्बर 1 स्कूल होने का गौरव प्राप्त किया है। देश भर के कुल 1928 टॉप 'को-एड डे स्कूलों' के आकलन में सीएमएस गोमती नगर कैम्पस ने विभिन्न मानकों पर कुल 1550 अंको में से सर्वाधिक 1267 अंक अर्जित कर सर्वश्रेष्ठ 'को-एड डे स्कूल' चुना गया है। देश भर के स्कूलों की यह रैंकिंग शैक्षिक पत्रिका 'एजूकेशन वर्ल्ड' के नवम्बर अंक में प्रकाशित की गई है। इसके अलावा, सीएमएस कानपुर रोड कैम्पस को 11वीं रैंक, अलीगंज कैम्पस को 13वीं रैंक एवं गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) को 14वीं रैंक हासिल हुई है। इस प्रकार, सीएमएस गोमती नगर कैम्पस ने देश के टॉप 1928 'को-एड स्कूलों' में उत्तर प्रदेश में प्रथम एवं राष्ट्रीय स्तर पर 33वाँ स्थान अर्जित किया है अर्थात इस विद्यालय ने देश के मात्र 1.7 प्रतिशत टॉप 'को-एड स्कूलों' में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। 'एजूकेशन वर्ल्ड' पत्रिका भारत की एक प्रतिष्ठित शैक्षिक पत्रिका है, जो प्रतिवर्ष ऑल इण्डिया स्कूल रैंकिंग प्रकाशित करती है। यह रैंकिंग स्टेकहोल्डर्स के विचारों एवं दिल्ली की प्रतिष्ठित मार्केट रिसर्च एवं ओपिनियन पोल कम्पनी 'सी-फोर' के सर्वेक्षण पर आधारित है। इस वर्ष, देश भर के टॉप स्कूलों को 14 मानकों पर आंका गया, जिनमें ऐकेडमिक रेप्यूटेशन, कम्पीटेन्स ऑफ फैकल्टी, करीकुलम एण्ड पेडागॉजी, लीडरशिप मैनेजमेन्ट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, कम्युनिटी सर्विस, ऑनलाइन एजूकेशन आदि प्रमुख हैं।

# सेबी के विरोध में सहारा कार्यकर्ताओं व निवेशकों ने दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**सहारा** कार्यकर्ता एवं निवेशकर्ता आलमबाग् के ईको गार्डेन में एकत्रित होकर सेबी के विरोध में सोमवार को धरने पर बैठे। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि हम सभी सहारा से किसी न किसी योजनाओं के माध्यम से जुड़े हुए हैं और विगत 25-30 वर्षों से सहारा इण्डिया से आय प्राप्त करते रहे हैं, परन्तु विगत 8 वर्ष पूर्व में हुए सहारा-सेबी विवाद के कारण उच्चतम न्यायालय द्वारा पूरे सहारा समूह पर लगाये गये एम्बार्गो की वजह से सहारा में भुगतान की विलम्ब की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, जिसकी वजह से हम लोगों की आय पर काफी असर पड़ा है। निवेशकों का भुगतान विलम्बित होने की वजह सेवे नया व्यवसाय नहीं देते हैं, जिससे हमारी आय लगभग नगण्य हो चली है, जिसके कारण हम लाखों कार्यकर्ता बेरोज़गारी एवं भुखमरी की कगार पर खड़े हुए हैं। सेबी के द्वारा विगत 8 वर्षों में मात्र ब्याज सहित कुल 125 करोड़ का ही भुगतान कराया गया। यह तथ्य सेबी के द्वारा इस वर्ष के शुरुआत में उच्चतम् न्यायालय में दाखिल अपने स्टेटस रिपोर्ट में यह जिक्र किया गया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेबी की हठधर्मिता के कारण हम लाखों कार्यकर्ताओं का जीवन अंधकार की ओर जा रहा है। अब जब सेबी के पास वर्तमान में किसी निवेशक का भुगतान लम्बित नहीं है तो सेबी उच्चतम् न्यायालय में यह हलफनामा दे दे कि अब उनसे भुगतान प्राप्त करने वाले जमाकर्ता/निवेशक नहीं हैं, तो सम्भवत: उच्चतम् न्यायालय सहारा समूह की कम्पनियों से एम्बार्गो हटा ले और सहारा-सेबी एकाउण्ट में ब्याज सहित जमा लगभग 24000 करोड़ की धनराशि सहारा को वापस मिल जाए तो हम सभी पूर्व की भांति अपने निवेशक एवं जमाकर्ताओं का भुगतान नियमित कर लें।

# सृजित पदों पर जल्द भर्ती के निर्देश

● नियमावली का ड्राफ्ट उपलब्ध कराने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश इंस्टीटयूट ऑफ फारेंन्सिक साइंसेस लखनऊ के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग की योग्यता व चयन आदि के लिए नेशनल फारेन्सिक साइंस यूनिवर्सिटी के मानक एवं राज्य सरकार के नियमों के परिपेक्ष्य में इस संवर्ग की नियमावली अलग से बनायी जा रही है। प्रस्तावित नियमावली का ड्राफ्ट उपलब्ध कराये जाने के एक उच्चस्तरीय कमेटी बनायी गयी है।

इंस्टीटीयूट ऑफ फारेंसिक साइसेंस द्वारा आगामी जून जुलाई मास से डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्सेस शुरू किये जाने की रूपरेखा तैयार की गयी है। इस संस्थान के लिए मंजूर किए गए पदो की नियमानुसार भर्ती की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जायेगी। उल्लेखनीय है कि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 131 पदों का सृजन शासन द्वारा किया जा चुका है। इन पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर तथा सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्तियां की जायेगी। इनमे से जरूरी पदों को यथा शीघ्र भरे जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। गर्वनिंग बाडी की दूसरी बैठक आगामी 10 दिसम्बर को प्रस्तावित की गयी है जिसमें सोमवार की बैठक में लिए गये निर्णयों की प्रगति समीक्षा होगी। यह निर्णय उत्तर प्रदेश इंस्टीटयूट ऑफ फारेंन्सिक साइंसेस लखनऊ हेतु गठित सोसायटी के बोर्ड ऑफ गवर्निंग बाडी की अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में सोमवार को लोक भवन में सम्पन्न पहली बैठक में लिया गया है। बैठक में वीडियों कान्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से बोर्ड ऑफ गवर्निंग बाडी के उपाध्यक्ष एवं पुलिस मुकुल गोयल ने भाग लिया। गर्वनिंग बाडी में फोरेंसिक क्षेत्र के तीन विशेषज्ञ नामित किये जाने के लिये एनएफएसयू से अनुरोध किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

# भोजपुरी अभिनेत्री को शादी का झांसा देकर फरार चल रहा टिक टॉकर गिरफ्तार

**लखनऊ।** भोजपुरी अभिनेत्री से शादी करने का झांसा देकर फरार चल रहे अंबेडकरनगर जिले के चकुआ पुर व हाल पता सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के भागीरथी अपार्टमेंट निवासी दिव्यांश तिवारी उर्फ राजन पंडित को इंदिरा नगर पुलिस ने क्राइम ब्रांच टीम की मदद से सोमवार को जनपद गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। बताते चलें कि एक भोजपुरी अभिनेत्री पीड़िता ने इंदिरा नगर थाने में तहरीर देकर बताया कि अंबेडकरनगर जिले के चकुआ निवासी दिव्यांश तिवारी उर्फ राजन पंडित की मुलाकात वर्ष 2019 में राजन पंडित की बहन की शादी में हुई और वहीं से एक दूसरे की भेंट हुई और वहीं से इस कदर नजदीकियां बढ़ीं कि राजन शादी कर जिंदगी भर जीवन बिताने का वायदा तो कर लिया, जैसे ही काफी नजदीकियां बढ़ीं कि राजन पीड़िता से किनारा करना शुरू कर दिया। एक बच्ची होने के बाद भी बात नहीं बनी और दिव्यांश तिवारी उर्फराजन पंडित पीछा छुड़ाने के लिए भाग निकला।

एडीसीपी प्राची सिंह के मुताबिक पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी दिव्यांश तिवारी उर्फराजन पंडित इस समय जनपद गाजियाबाद में मौजूद है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक अमरपाल अगिनहोत्री मय हमराही के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए उक्त स्थान पर पहुंचे और क्राइम ब्रांच टीम की मदद से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच.पड़ताल कर रही है।

## दो दिवसीय धनुषयज्ञ महोत्सव सम्पन्न

**निगोहां।** क्षेत्र में दो दिवसीय धनुष यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नन्ह मुन्ने बच्चों ने किरदार निभाया, बाल रामलीला देखने के लिए भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे, वहीं सीता स्वयंवर के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। निगोहां के बरवलिया गांव में विशाल धनुष भंग समिति द्वारा 27 व 28 नवम्बर को दो दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री गणेश वन्दना से किया गया जिसमे 5 वर्षीय विनायक दीक्षित ने गणेश का किरदार निभाया, बाल कलाकारों ने राम, लक्ष्मण, सीता सहित अन्य किरदार निभाकर कार्यक्रम में उपस्थित जनता का मन मोह लिया। राजा बच्चा और लखपतिया की अगवानी देख कर लोग अपनी हंसी को रोंक नही पाये, मनोरम दृश्य देख कर बीच बीच में पंडाल तालियों से भी गूंजता रहा। रामलीला में ताड़का और सुबाहु वध, रावण-बाणासुर संवाद, धनुष भंग, परशुराम-लक्ष्मण संवाद सहित अन्य दृश्य दिखाए गए।

# वोटर बनने को आधी आबादी में दिखा गजब का उत्साह

● विशेष अभियान में तकरीबन 60 फीसदी आवेदन महिलाओं के प्राप्त हुए

संवाददाता। मोहनलालगंज

**वोटर** बनने के लिए मोहनलालगंज में आधी आबादी ने गजब का उत्साह दिखाकर पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए तकरीबन 60 फीसदी आवेदन महिलाओं के प्राप्त हुए हैं। लिहाजा मोहनलालगंज विधानसभा में महिलाओं का जेण्डर रेशियो बढ़कर नौ सौ के पार पहुंच गया है। जिसके अभी और बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। मोहनलालगंज विधानसभा में मतदाता सूची के संक्षिप्त विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान वोटर बनने के लिए महिलाओं में खास ललक दिखाई दी है। विधानसभा क्षेत्र के सभी 445 बूथों से नए मतदाता बनने के लिए अब तक तकरीबन 8450 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें सर्वाधिक तादात महिला आवेदकों की है। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक नए आवेदकों में लगभग पांच हजार आवेदन युवतियों और नवविवाहित महिलाओं के प्राप्त होने का अनुमान है। बीएलओ से जांच कराने के बाद पात्र आवेदकों के नाम वोटर लिस्ट में शामिल करने का अभियान निरंतर चल रहा है। इस तरह मोहनलालगंज विधानसभा में महिला वोटर का जेण्डर रेशियों बढ़कर प्रति हजार पुरुषों पर 905 तक पहुंच गया है। एसडीएम शुभी सिंह ने बताया महिला आवेदक वोटर बनने के लिए बेझिझक आगे आ रही हैं। महिलाओं का जेण्डर रेशियो सुधारने के लिए बीएलओ और तहसील की टीम की मेहनत परवान चढ़ती नजर आ रही है। कोशिशें कामयाब हुईं तो प्रति हजार पुरुष वोटर पर महिलाओं का जेण्डर रेशियो निर्धारित लक्ष्य से अधिक पहुंचने का अनुमान है।

# आजमगढ़ में दलित दम्पति की हत्या

## ●दोहरे हत्याकांड को लेकर सनसनी कल पहुंचेगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

**आजमगढ़।** जिले के तरवां थाना क्षेत्र के तीथऊपुर गांव में एक दलित दम्पत्ति की धारदार हथियार से काटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।

दलित दंपत्ति की दोहरे हत्याकांड पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने राज्य सरकार से ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को दलित दंपति की हत्या की जांच करने और शोक संवेदना प्रकट करने के लिए मंगलवार को मौके पर भेजने का फैसला लिया है। पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्या ने सोमवार को बताया कि तीथऊपुर गांव निवासी नगीना राम (55) चकबंदी विभाग में लेखपाल के पद पर मऊ जिले में कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात बदमाश रविवार देर रात उनके घर में घुसे और पति-पत्नी नगीना देवी (52) की हत्या करके फरार हो गए।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक नगीना तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और उनकी तीन लड़कियां थीं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने प्रयागराज में एक दलित परिवार के चार सदस्यों और आजमगढ़ जिले में दलित पति-पत्नी की गला काटकर हत्या किए जाने की घटनाओं की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार को दलितों के खिलाफ अत्याचार को सख्ती से रोकना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया है, उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की घटना के बाद, अब आजमगढ़ में दलित पति-पत्नी की कल रात गला काटकर हत्या किया जाना अति-दुःखद, दर्दनाक व अति-निन्दनीय है। उन्होंने कहा, दलितों पर आए दिन हो रहे ऐसे अत्याचारों को सरकार तुरन्त सख्ती से रोके तथा दोषियों के विरुद्ध सही व सख्त कार्वाई करे, बसपा की यह मांग है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सोमवार को कहा कि पार्टी सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने सोमवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल आजमगढ़ के तरवां थाना क्षेत्र में दलित दम्पति नगीना राम व उनकी पत्नी की हुई हत्या की जांच करने एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु 30 नवम्बर, मंगलवार को आजमगढ़ पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि सपा के प्रतिनिधिमंडल में कल्पनाथ पासवान विधायक, हवलदार यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, श्रीराम जगराम पूर्व विधायक, विद्या चौधरी पूर्व मंत्री एवं दरोगा प्रसाद सरोज पूर्व सांसद को शामिल किया गया है।

## बिजनौरः सम्पत्ति के लिए बेटे ने की पिता की हत्या

**बिजनौर,** (उप्र)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में बेटे ने सम्पत्ति के लिए दो लोगों के साथ मिलकर अपने पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी और उसका आरोप अपनी सौतेली मां पर लगा दिया।

पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि घटना 25 और 26 नवंबर की दरमियानी रात की है। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के धर्मूवाला गांव में 57 वर्षीय प्रीतम सिंह की उसके घर में ही हत्या कर दी गई थी। प्रीतम के बेटे कैलाश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी सौतेली मां बछली उसके पिता की हत्या कर फरार हो गई।

सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और संदेह के आधार पर रविवार शाम कैलाश, उसकी पत्नी के भाई संदीप और संदीप के मित्र सुधांशु को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान कैलाश ने अपराध स्वीकार कर लिया और बताया कि उसकी मां की मौत तीन साल पहले हो गई थी। उसके पिता ने आठ महीने से बछली नामक महिला को पत्नी की तरह रख रखा था और जमीन-जायदाद बछली के नाम करने की बात कर रहे थे। 25 नवंबर को बछली शादी में गई थी, तभी रात को तीनों ने प्रीतम की हत्या कर दी और आरोप बछली पर लगा दिया।

## अमेठी में सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर की सहायिका की धारदार हथियार से हत्या

**अमेठी।**अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के सगरा आश्रम (बाबूगंज) के पीठाधीश्वर स्वामी मौनी महाराज की सहायिका मीरा देवी की धारदार हथियार से सोमवार की सुबह हत्या कर दी गई।मृतका के पति भास्कर द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया कि वह गौरीगंज थाना क्षेत्र के गांव पूरे पंडित बाजगढ़ के रहने वाले हैं और उनकी पत्नी मीरा देवी (45) पिछले 15 वर्षों से मौनी महाराज के लिए फलाहार आदि का बंदोबस्त करती थी। द्विवेदी ने बताया कि रोज की तरह आज सुबह भी वह आश्रम गई थी और सुबह करीब छह बजे घर लौटते समय किसी ने पीछे से धारदार हथियार से वार कर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्नी की हत्या एक जमीनी विवाद में की गई है। द्विवेदी ने कहा कि उनका गांव पूरे पंडिताइन निवासी दो व्यक्तियों से जमीनी विवाद चल रहा था और उनके परिवार को आए दिन जान से मारने की धमकियां भी मिल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी की हत्या उनके उन्हीं विरोधियों द्वारा की गई है। उधर, सगरा आश्रम बाबूगंज के पीठाधीश्वर स्वामी मौनी महाराज ने कहा कि मीरा द्विवेदी उनके बुआ की भतीजी थी और पिछले 15 सालों से सुबह उनके फलाहार की व्यवस्था करती थी। आज सुबह आश्रम के निकट घर जाते समय उनकी हत्या कर दी गई। महाराज ने कहा कि हमने प्रशासन को भी कई बार बताया था कि इस परिवार को खतरा है लेकिन प्रशासन द्वारा लापरवाही बरती गई और आज हत्या कर दी गई। मौनी महाराज ने अपराधियों को तुरंत पकड़ने की मांग की है। अमेठी के पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। सिंह ने बताया कि भारी तादाद में मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है और परिवार की तरफ से तहरीर आने का इंतजार है, जैसे ही तहरीर आएगी मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी और जो भी दोषी बच नहीं पाएगा।

### दो भिखारी मृत मिले, ठंड से मरने की आशंका

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर के खतौली कस्बे में और पड़ोसी शामली जिले से एक-एक भिखारी का शव मिला है। पुलिस को संदेह है कि उनकी मौत ठंड की वजह से हुई है। पुलिस ने बताया कि एक मृतक की उम्र करीब 40 साल है और उसका शव खतौली कस्बे के निकट से मिला है। शव पर जख्म के निशान नहीं हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि ठंड की वजह से उसकी मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शामली जिले में एक पावर हाउस के बरामदे से एक व्यक्ति का शव मिला और ऐसा प्रतीत होता है कि व्यक्ति की मौत ठंड लगने से हुई है। उत्तर भारत में सर्दी का मौसम शुरू हो गया है। इस बीच स्थानीय अधिकारियों ने बेघर लोगों के लिए रैन बसेरे बनाए हैं और उनके बीच कंबल का वितरण हो रहा है।

# श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के पट 12 घंटे के लिए बंद

## ●13 दिसंबर को पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे कारिडोर का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बाबा** दरबार से गंगाघार तक विस्तारित श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कारिडोर का 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए 10 दिसंबर तक संपूर्ण कार्य पूरा कर लिया जाना है। इस खास मौके पर बाबा दरबार की साज-सज्जा के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर के पट सोमवार सुबह छह बजे 12 घंटे के लिए बंद कर दिए गए। शाम छह बजे मंदिर के पट खुलेंगे और रात 11 बजे शयन आरती तक झांकी दर्शन किया जा सकेगा।इसी तरह 30 नवंबर को भी सुबह छह से शाम छह बजे श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए मंदिर में प्रवेश नहीं पाएंगे। वहीं 30 नवंबर की रात शयन आरती के बाद मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद होंगे तो दो दिसंबर को सुबह छह बजे ही दर्शन-पूजन का मौका मिल पाएगा। कारण यह कि एक दिसंबर को मंदिर पूरी तरह बंद रहेगा। अगले दिन दो दिसंबर को सुबह छह बजे श्रद्धालुओं के लिए पट खुलेंगे। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा की ओर से इस संबंध में जारी समय सारणी के अनुसार 29 -30 नवंबर व दो दिसंबर को आंशिक व एक दिसंबर को पूरी तरह मंदिर के पट बंद रहेंगे। दो दिसंबर को सुबह छह बजे से दर्शन-पूजन पूर्ववत शुरू हो पाएगा।वास्तव में साज-सज्जा के क्रम में मुख्य मंदिर की दीवार के पत्थरों की सफाई की जा रही है जो अंतिम दौर में है। इस पर डेढ़ दशक पहले लगाए गए एनामल पेंट को छुड़ाया जा रहा है। अब गर्भगृह के भीतरी दीवारों की सफाई की जाएगी। फर्श के पत्थरों की घिसाई और पालिशिंग की जाएगी। गर्भगृह के भीतरी हिस्से की सफाई में किसी तरह के व्यवधान व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आंशिक रूप से तीन दिन तो एक दिन पूरी तरह पट बंद रखे जाएंगे। देखा जाए तो सिर्फकोरोना काल में ही ऐसा हुआ जब मंदिर के पट लंबे समय तक श्रद्धालुओं के लिए बंद किए गए थे।

**दमक उठेगा स्वर्ण शिखरः-** बाबा दरबार का



स्वर्ण शिखर एक बार फिर दमकता नजर आएगा। इसकी सफाई की जिम्मेदारी तनिष्क को दी गई है। कंपनी ने पहले भी इसके लिए निश्शुल्क सेवा का आग्रह किया था लेकिन विभिन्न कारणों से अनुमति नहीं दी जा सकी थी। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने बताया कि कारिडोर का निर्माण कर रही कंपनी के पुराविशेषज्ञों की देखरेख में सफाई कराई जा रही है।

**मजबूती का कराया जा चुका परीक्षणः-** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की दीवारों का रूड़की आइआइटी के विशेषज्ञों की टीम 2019 में परीक्षण किया था। इसमें पाया गया था कि पूर्व में लगाया गया पेंट से पत्थरों को काफी क्षति पहुंची है। इसे संरक्षित करने की सलाह भी दी थी। ऐसे में माना जा रहा है कि आगे भी विस्तृत रूप में कार्य कराया जाएगा।

# सुलतानपुर में हादसे में दो मौसेरे भाइयों की मौत, एक युवक घायल

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले में रविवार रात ट्रक की चपेट में आने से दो मौसेरे भाइयों की मौत हो गई है। इस दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया है। थाना प्रभारी (धम्मौर) सुनील पांडेय ने सोमवार को बताया कि रविवार की रात्रि एक मोटरसाइकिल से तीन लोग किसी वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद घर लौट रहे थे तभी धम्मौर थाना क्षेत्र के निगोलिया गांव के पास मोटरसाइकल एक नील गाय से टकरा गई। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे अमेठा गांव निवासी राहुल यादव (22) और सूर्य लाल यादव (25) सड़क पर गिर पड़े, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। मोटरसाइकिल चला रहा तीसरा युवक खाई में जा गिरा। उन्होंने बताया कि इस हादसे में दोनों मौसेरे भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### प्रयागराज में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

प्रयागराज (उप्र), 29 नवंबर (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के गंगापार नवाबगंज थाना क्षेत्र में रविवार रात राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। नवाबगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार रात कुछ लोग दहियावां में दावत खाने के बाद अपने गांव बुदौना जाने के लिए लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर शिव गंगा ढाबा के पास वाहन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि रात करीब 11 बजे किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान राम सरन पाल (65), लल्लू पाल (45), समय लाल पाल (35), अर्जुन पाल (14) और राम चंदर पाल (60) के तौर पर की गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**ट्रक बोलेरो की टक्कर में दो लोगों की मौत, आधा दर्जन गंभीर रूप से घायलः** देवरिया। देवरिया जिले के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के विराजमार गांव के निकट रविवार की रात सलेमपुर-देवरिया मार्ग के बिगही चौराहे पर एक बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई।

# नाले में फंसने से एक मजदूर की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी के** लहुराबीर इलाके के चेतगंज थाना में सोमवार की दोपहर में शाही नाला की सफाई के दौरान मेनहोल में मजदूर गिर गया। जिसे काफी मशक्कत के बाद भी नहीं निकल सका तो एनडीआरएफ की टीम पिछले दोपहर से ही उसे निकालने में लगी रही। वहीं सभी लोग उसके जीवित होने की भगवान से प्रार्थना करते नजर आए। बाद में उसकी शव जेसीबी से खोदकर शाही नाला से निकाला गया। मजदूर नवाब पश्चिम बंगाल के मालदा का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया। प्रशासन के अनुसार शहर में शाही नाले की सफाई का काम चल रहा है। जो एक ठेकेदार दर्जनों मजदूरों को लेकर सफाई का काम कर रहा है। सोमवार को लहुराबीर चौराहे के समीप एक मजदूर कमर में रस्सी बांध कर शाही नाले की सफाई के लिए



मेनहोल में उतर कर सफाई करते समय उसके कमर की रस्सी कमजोर होने की वजह से टूट गयी जिससे वह चिल्लाने लगा। बाहर खड़े अन्य लोगों ने उसकी आवाज सुनी तो अवाक रह गए। मजदूर मेनहोल में फंसा हुआ था। जबकि उसमें पानी का बहाव काफी होने के साथ ही ऑक्सीजन की कमी के चलते उसकी जान खतरे में आ गई। इसमें ठेकेदार की लापरवाही के चलते ही घटना मानी जा रही है।मौके पर पहुचे चेतगंज थाना प्रभारी ने पहले मजदूर को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफल न होने पर ऑक्सीजन की व्यवस्था की और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में लग गई। शाही नाले का कार्य करने के लिए लहुराबीर चौराहे पर पुरानी लाइन में घुसा मजदूर दोपहर 12 बजे फंस गया है। लहुराबीर मेनहोल की सफाई के दौरान मजदूर 20 वर्षीय नवाब मैनहोल में फंसा तो राहत और बचाव कार्य शुरू हुआ। पिपलानी कटरा से लहुराबीर के बीच सीवर लाइन के डाइवर्जन के लिए चल रहे कार्य के दौरान दोपहर करीब एक बजे यह हादसा हुआ। मजदूर मैन होल में डाइवर्जन वॉल लगाने गया था। नवाब को मैनहोल से निकालने के लिए मौके पर एनडीआरएफ भी पहुंची। ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर एनडीआरएफ के एक जवान मैनहोल में उतरे। यह प्रोजेक्ट पूरा होने पर खिड़किया घाट से शाही नाले को बंद किया जाना है।पहले प्रयास में एनडीआरएफ के जवान बिना मजदूर को साथ लिए ऊपर आ गए। मजदूर का पैर फंसा होने के कारण और सीवर का दबाव ज्यादा होने से मजदूर को निकालने में वह असहाय हो गए। इसके बाद शाही नाले की सफाई के लिए विशेषज्ञ मजदूर को अंदर भेजा गया। नवाब मालदा निवासी है और उसे शाही नाले में कार्य का अनुभव है लहुराबीर पर एंबुलेंस पहुंची तो नवाब की मौत की सूचना दी गई।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि में शाही ईदगाह पर संकल्प यात्रा का ऐलान तीन गिरफ्तार

मथुरा। जनपद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि में शाही ईदगाह पर संकल्प यात्रा निकाले जाने की घोषणा करने वाले सामाजिक संगठन नारायणी सेना के कोषाध्यक्ष सहित तीन पदाधिकारियों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। वहीं, लखनऊ से पुलिस सूत्रों ने बताया कि अपने घर पर नजरबंद किए गए नारायणी सेना के अध्यक्ष मनीष यादव ने संकल्प यात्रा को निरस्त करने की घोषणा की है। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को बताया, मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि में मंदिर परिसर में स्थित शाही ईदगाह को हटाकर वह भूमि उसके मूल स्वामी श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट को सौंपने की मांग करने वाले सामाजिक संगठन नारायणी सेना ने 29 नवंबर को शाही ईदगाह पर संकल्प यात्रा निकालने की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि



इस संबंध में नारायणी सेना के कोषाध्यक्ष सहित तीन पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आगे की कार्वाई कर रही है।

# यूपीटीईटी प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर** (उत्तर प्रदेश), 29 नवंबर (भाषा) शामली में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी) के प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने परीक्षा शुरू होने से तुरंत पहले बताया कि रविवार को निर्धारित, यूपीटीईटी परीक्षा प्रश्न-पत्र लीक होने के बाद रद्द कर दी गई है।पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के अनुसार, धर्मेंद्र, मनीष और रवि को गिरफ्तार किया गया और मामले में शामिल होने का एक अन्य आरोपी व्यक्ति पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि उसे पकड़ने के लिए तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों के पास से एक कार, प्रश्न-पत्र की 50 फोटोकॉपी और 17,000 रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने बताया कि वे ऐसे 60 मामलों में शामिल हैं और उन्हें प्रश्न-पत्र हल करने के लिए 50-50 हजार रुपए मिले। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ शामली में धारा 420, 467 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मथुरा में फिर कोरोना संक्रमण बढ़ने का खतरा

# विदेशी महिला के तीन और साथी पॉजिटिव

## ●शासन स्तर से सभी जिलों को नया परामर्श जारी कर इस मामले में बेहद सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए

मथुरा,। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में दो दिन पूर्व एक विदेशी महिला के कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने के बाद सोमवार तक तीन अन्य विदेशी नागरिक भी इस संक्रमित पाए गए। फिलहाल, इन सभी व्यक्तियों को उनके ही आश्रम में पृथक-वास में कर दिया गया है।

जिले की कोरोना वायरस मामलों के लिए गठित त्वरित कार्वाई दल एवं नियंत्रण कक्ष के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद सिंह ने बताया, इन सभी के नमूने कोरोना वायरस के नए एवं अत्यधिक खतरनाक माने जा रहे ओमिक्रॉन वेरिएंट की जांच के लिए लखनऊ स्थित उच्च स्तरीय लैब को भेजे जा चुके हैं जिनके परिणाम अगले एक-दो दिन में मिल जाएंगे। उन्होंने बताया, दूसरी ओर कोरोना वायरस के नए वायरस को लेकर सरकार भी सतर्क हो गई है। शासन स्तर से सभी जिलों को नया परामर्श जारी कर इस मामले में बेहद सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसीलिए तीस वर्षीय विदेशी महिला एवं उसके संपर्क में आए तीनों लोगों के सैंपल विशेष जांच के लिए लखनऊ भेज दिए गए हैं। सिंह ने बताया कि लिथुआनिया निवासी 30 वर्षीय महिला ने करीब दस दिन वृन्दावन के एक आश्रम में बिताने के बाद वापसी के लिए शुक्रवार को कोरोना परीक्षण कराया था जिसके बाद शनिवार को आई रिपोर्ट के आधार पर वह कोरोना पॉजिटिव पाई गई। उनके अनुसार इसके बाद उसके गिरिधर धाम आश्रम में उसके संपर्क में आए सभी 44 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए, तो रविवार को आई रिपोर्ट में स्पेन की एक महिला (47) एवं आस्ट्रिया के एक पुरुष (41) में संक्रमण पाया गया। सोमवार को स्विटजरलैण्ड की एक अन्य महिला (44) की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली सिंह के अनुसार इस घटना के बाद गिरिधर धाम आश्रम एवं इस्कॉन सहित जहां-जहां भी विदेशी भक्तों का आना-जाना सामान्य है, वहां परीक्षण फॉर्मूला लागू कर पूरे क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बना दिया गया है।

## देशद्रोह के मामले में शरजील इमाम की जमानत अर्जी मंजूर

**प्रयागराज।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय परिसर में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध के दौरान भड़काऊ भाषण देने के लिए देशद्रोह के मुकदमे का सामना कर रहे शरजील इमाम की जमानत याचिका शनिवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली। शरजील इमाम पर अलीगढ़ के सिविल लाइंस पुलिस थाने में भादंसं की धाराओं- 124ए, 153ए, 153बी और 505(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

शरजील की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह ने कहा, किसी भी मामले में वह भाषण उत्तर प्रदेश राज्य के भीतर दिया गया और अलीगढ़ में दिए गए भाषण के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई। अदालत ने कहा, जहां तक याचिकाकर्ता के आपराधिक इतिहास का संबंध है, उसका उचित मामले में विचार किया जाना है। हालांकि मौजूदा मामले में कारावास की अवधि पर विचार करते हुए, याचिकाकर्ता को जमानत से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और रिकार्ड को देखने के बाद यह कहा जा सकता है कि न ही याचिकाकर्ता ने किसी को हथियार उठाने को कहा और न ही उसके भाषण से कोई हिंसा भड़की। इसलिए, इस मामले के गुण दोष पर बिना कोई मत प्रकट किए याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाए।

# सड़क की मांग पूरी न होने पर एक दर्जन गांवों के लोगों का मतदान न करने का फैसला

**मुजफ्फरनगर।** जिले के एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों ने सड़क निर्माण की मांग पूरी न होने पर आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान न करने का फैसला किया है। जिले के खतौली प्रखंड के चांदसमद गांव में रविवार को आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने इस संबंध में पंचायत की। पंचायत संयोजक समय सिंह ने कहा कि बैठक में तय किया गया कि अगर उनके क्षेत्र की जर्जर खतौली-फालवाड़ा सड़क का निर्माण नहीं किया जाता है तो संबंधित गांवों के लोग चुनाव में वोट नहीं डालेंगे। पंचायत में अंतरपुरा, आदमपुर, चांदपुरी, चांदसमद, फहीमपुर, जसोला, कथली, मोचड़ी, मंडवाड़ी, नगली, सधारन, शाहपुर, सिखेड़ा और सिकंदरपुर सहित कई गांवों के लोगों ने भाग लिया।राज्य में विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होना है।

## शाहजहांपुर में रामगंगा नदी पर बना पुल टूटा, वाहनों की आवाजाही ठप

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में रामगंगा नदी पर बने दो किलोमीटर लंबे पुल के एक खंभे के जमीन के अंदर धंस जाने के कारण पुल टूट कर दो हिस्सों में बंट गया, जिससे वहां वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कुछ दिन पहले भी इस पुल के एक खंभे के जमीन में धंसने की शिकायत मिली थी, जिसे ठीक कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि लगभग 11 करोड़ रुपए की लागत से बने इस पुल का उद्घाटन 2008 में किया गया था। यह पुल जलालाबाद-बरेली-इटावा राज्य मार्ग को मुरादाबाद बदायूं से जोड़ता है, जिस पर सोमवार सुबह तब आवागमन बंद कर दिया गया था, जब इसका एक खंभा फिर जमीन में धंस गया।


## सहारनपुर के थाने में कराई गई युवक-युवती की शादी

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में एक प्रेमी युगल की बिहारीगढ़ थाने में शादी कराई गई है। युवक-युवती के परिजनों की सहमति से शादी की यह रस्म अदा की गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) देहात अतुल शर्मा ने पीटीआई- भाषा को बताया कि बिहारीगढ़ थाने को अब्दुलापुर गांव के एक निवासी ने अपनी 19 साल की बेटी मिनाक्षी के लापता होने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शनिवार शाम ग्राम रहीमपुर में रहने वाले एक व्यक्ति के घर से युवती को बरामद कर लिया।

## संभावित खतरा

### कोरोना का नया प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** में नया परिवर्तन खतरे का संकेत दे रहा है और हम अभी एक बार फिर इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत में सामान्य स्थिति बहाल हो रही है और अधिकांश लोगों ने कोविड-उपयुक्त व्यवहार छोड़ दिया है क्योंकि उनकी समझ में वायरस वैश्विक महामारी अब भारत से चली गई है। ऐसे में कोरोना के दक्षिण भारतीय रूप ने जोर से खतरे की घंटी बजा दी है। वर्तमान समय में बहुत से लोग मास्क पहन रहे हैं, लेकिन लगभग इतने ही लोगों ने सचेतन रूप से इसके पहनना बंद कर दिया है। तथ्य यह है कि त्योहारी मौसम के बाद भी वायरस संक्रमण नहीं बढ़ा, जबकि लगभग सारे सुरक्षा उपायों को इस गलत धारणा से अनदेखा किया गया कि सबसे बुरा वक्त बीत गया। दु:ख है कि ऐसा सोचना गलत है। डब्लूएचओ ने ओमीक्रान को 'चिन्ताजनक स्वरूप' घोषित कर दिया है। इसका अर्थ है कि हमें जोखिम नहीं लेना चाहिए। दुनिया को ओमीक्रान के बारे में समुचित जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका, बोट्सवाना, बेल्जियम, हांगकांग और इस्राइल में भी इसके मामले पाए गए हैं। यह स्वरूप यूरोप भी पहुंच गया है क्योंकि इसके दो मामले ब्रिटेन में भी मिले हैं। हालांकि, वैज्ञानिक अभी यह नहीं जानते हैं कि इसका विस्फोट हो सकता है, पर उनको कहना है कि इससे पुन: संक्रमण का खतरा बढ़ा है। शुरुआती शोध से स्पष्ट है कि इस स्वरूप का संबंध ऐसे परिवर्तनों से है जिससे यह अत्यधिक संक्रामक तथा तेजी से फैलने वाला बन गया है। ओमीक्रान से खतरे की संभावना का परीक्षण प्रयोगशाला में हो रहा है ताकि इस पर वर्तमान वैक्सीनों की प्रभावशीलता का पता लगाया जा सके। इस महत्वपूर्ण सवाल का हल भी खोजना है कि क्या ओमीक्रान हमारे प्रतिरक्षा तंत्र को चकमा दे सकता है।




इसका जवाब लापरवाही या अज्ञान के कारण संक्रमित जनसंख्या के बजाय वैज्ञानिक प्रयोगशाला से आना बेहतर होगा। इसका भारत के लिए क्या अर्थ होगा जिसने चरणबद्ध रूप से अपना आसमान खोलने की नीति अपनाई है? यदि सरकार विदेश से आने वाले यात्रियों की कठोरता से जांच करे तथा बिना किसी अपवाद के दो सप्ताह का क्वारंटीन लागू करे तो ज्यादा समस्या नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक सूची बना कर उन देशों को उच्च जोखिम वाली श्रेणी में रखा है जहां नया स्वरूप पाया गया है। मंत्रालय को अब इन देशों से आने वाली उड़ानें बहाल करने की अनुमति की समीक्षा करनी चाहिए, चाहे द्विपक्षीय एयर बबुल समझौता जो भी हो। भारत को अब यह भी सुनिश्चित करना होगा कि टीकाकरण प्रक्रिया में किसी ढिलाई, लापरवाही या लाजिस्टिक समस्या को स्थान नहीं मिलेगा। वैज्ञानिक आज पहले की तुलना में ज्यादा जोर दे रहे हैं कि टीकाकरण वृद्ध, अन्य बीमारियों वाले लोगों तथा उन स्वस्थ लोगों के लिए जरूरी है जो पूरी तरह सामान्य गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। यदि पूरी तरह टीकाकरण न हो तो दोनों समूहों के सामने अस्पताल में भर्ती होने या मौत का खतरा बहुत अधिक है। शुक्रवार तक 120 करोड़ लोगों को टीका दिया जा चुका था, लेकिन इनमें केवल एक तिहाई 42.62 करोड़ लोगों ने ही दोनों खूराकें ली थीं। इस आंकड़े में तेजी से वृद्धि करना जरूरी है। दूसरा, नवीनतम अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में उपलब्ध एक वैक्सीन, स्वदेशी कोवैक्सिन कोविड-19 बीमारी के लक्षणों के खिलाफ केवल 50 प्रतिशत प्रभावी है। अतीत के अनेक सर्वेक्षणों से अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। वे 81 प्रतिशत, 77.8 प्रतिशत तथा 65.2 प्रतिशत के बीच हैं। निसंदेह इनमें से प्रत्येक आंकड़े की वैज्ञानिक व्याख्या होनी चाहिए, लेकिन आम आदमी को इससे कोई लाभ नहीं होता है और वह भ्रमित हो सकता है।

# ग्वादर में सीपीईसी का भारी विरोध

पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं सह प्रोफेसर हैं)



हाल में ग्वादर में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना-सीपीईसी के खिलाफ भारी विरोध फूट पड़ा। इसे पाकिस्तान की जनता की 'स्थिति बेहतर बनाने वाली परियोजना' बताया जा रहा है, पर इसके बजाय यह चीनी विस्तारवाद का प्रतीक बन गई है और इसके कारण उन लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है जिन्होंने यह परियोजना आमंत्रित की है। पाकिस्तान की कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार से ग्रस्त कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण हालत और खराब हो गई है। प्रदर्शनकारियों को स्थानीय राजनीतिक समूहों तथा एनजीओ का समर्थन मिल रहा है जिनका सीपीईसी परियोजना में वास्तविक हित था। 'ग्वादर को अधिकार दो' रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतुर रहमान हैं जो अक्सर ग्वादर की जनता के अधिकारों के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसके साथ ही अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में नेशनल पार्टी तथा बलूच छात्र संगठन की भूमिका भी पूरी तरह स्वीकारी जानी चाहिए। सीपीईसी वाणिज्यिक कारीडोर रास्ते से आगे जाता है। इसके नतीजे बहुत गहरे हैं तथा पाकिस्तानी समाज पर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पहला, सीपीईसी परियोजना 'तटीय मनोरंजन उद्योग' की लंबी पट्टी है जो लक्ज़री होटलों, स्पा, थियेटरों, गोल्फ कोर्सों, आदि से जीवन्त नाइटलाइफ प्रदान करेगी।

नि:संदेह इसके लिए तटीय भूमि ली जाएगी और इसका पाकिस्तान के छोटे किसानों व मछुआरों से कुछ लेनादेना नहीं है। इसके बजाय चीनी और पाकिस्तानी सेना के सेवानिवृत्त लोगों की सेवा करने वाली 'मनोरंजन' सुविधाओं का खामियाजा मछली पकड़ने के उद्योग को भुगतना पड़ेगा, जबकि इस्लामाबाद की अर्थव्यवस्था में इसका 2 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि पाकिस्तान सरकार ने चीनी मछली पकड़ने वाले ट्रालरों को अनुमति दे दी है। यह अरब सागर में चीन के अवैध व अनियंत्रित मछली पकड़ने के अलावा होगा जो मछलियों के महत्वपूर्ण प्रजनन काल में भी जारी रहता है। इन ट्रालरों में अद्यतन तकनीक का प्रयोग होता है जिससे वे फौरन पकड़ी गई मछलियों का प्रसंस्करण और भंडारण सुनिश्चित करते हैं। इससे स्थानीय मछली पकड़ने वालों के लिए प्रतियोगिता बहुत कठिन हो जाती है। निश्चित रूप से इस घटनाक्रम के कारण पाकिस्तान में गरीबी तथा बेरोजगारी और बढ़ेगी जिससे जनता का एक हिस्सा नशाखोरी व अवैध मानव व्यापार की ओर प्रवृत्त होगा।

दूसरा, सीपीईसी ने किसानों की उपजाऊ कृषि जमीन पर कब्जे का असाधारण अवसर दे दिया है। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान मोटेतौर से एक ऐसा राज्य है जहां अधिकांश सरकारी मामलों में सेना को वरीयता मिलती है। सीपीईसी का लक्ष्य कृषि क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन व वितरण के सभी क्षेत्रों पर कब्जा करना है जिनमें बीज व उर्वरक उत्पादन, भंडारण व परिवहन शामिल हैं। लेकिन इस परियोजना का क्रियान्वयन सेना की सीधी निगरानी में भूमि अधिग्रहणों के माध्यम से हो रहा है। ये अधिग्रहण बिना समुचित मुआवजे के हैं और कभी-कभी इनमें वैध स्वामी से अनुमति भी नहीं ली जाती है। कब्जा की गई जमीन के 'भूमि अधिकार' चीनी उद्यमों को दे दिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में, कृषि परियोजनायें चीन के निजी उद्यम बन जाती हैं जो पाकिस्तानी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करती हैं। इसके साथ ही यदि पाकिस्तानी निजी उद्यमों के पास अपनी जमीन होती है तो उसका मालिक आमतौर से सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी या सशस्त्र बलों में प्रभाव रखने वाला व्यक्ति होता है। इसी कारण सेना लंबे समय से जमीनों पर कब्जा कर रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ ही पाकिस्तानी न्यायपालिका ने भी इस पर गौर किया है। अप्रैल, 2021 में लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद कासिम खान ने कहा था कि 'सेना संभवत: देश में जमीन पर कब्जा करने वाली सबसे बड़ी मशीन बन गई है, जबकि सेना की वर्दी सेवा के लिए होती है, राजा की तरह शासन करने के लिए नहीं।'

सीपीईसी अधिकरण ने एक मजबूत दीवाल बनाने का निर्णय किया है जिसमें केवल एक प्रवेश और निकास द्वार होगा ताकि लोगों के स्वर कुचल कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया मानवाधिकार मुद्दे न उजागर करे। शहर में चौबीसों घंटे एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य उच्च तकनीकी उपकरणों से निगरानी की जाती है जो अत्यधिक निगरानी सुनिश्चित करते हैं। स्रोतों से संकेत मिलते हैं कि यह दीवाल 30 किलोमीटर लंबी तथा 10 फीट ऊंची है। पाकिस्तान ने सीपीईसी की रक्षा के लिए 34वीं लाइट इन्फैंट्री तैयार की है जिसे विशेष सुरक्षा डिवीजन-एसएसडी भी कहा जाता है। ऐसी किसी अन्य 'वाणिज्यिक महत्व' वाली परियोजना का उदाहरण नहीं मिलता है जहां एक सैनिक डिवीजन की आवश्यकता हो। इस घटनाक्रम से बलूचिस्तान व खासकर ग्वादर में जनता का सामाजिक अलगाव बढ़ा है जिससे निसंदेह संपूर्ण हिंसक टकराव पैदा होगा। इससे बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग भी तेज होगी।

सेना ने अर्थव्यवस्था की सहायता करने के नाम पर लगातार कृषि, शहरी आवासीय व वाणिज्यिक भूमि पर कब्जा किया है और इससे पाकिस्तान की खास राष्ट्रीय पहचान बनी है। नेशनल लाजिस्टिक सेल व फौजी फाउंडेशन जैसी विभिन्न सैनिक सब्सिडी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सिविलियन प्रतियोगिता को तेजी से कुचल दिया है। इनमें कार्गो परिवहन, रियल इस्टेट, उर्वरक, तेल व गैस, आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र पर सेना का प्रभुत्व होने को देखते हुए सीपीईसी केवल सैनिक अर्थव्यवस्था तथा भूमि पर कब्जे के लालच का एक उदाहरण है। आने वाले समय में किसानों का अपनी जमीन पर कोई विधिक अधिकार नहीं रह जाएगा तथा कोई संदेह नहीं कि परियोजना आगे बढ़ाने के नाम पर असली मालिक कौन होगा। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना अपने आप में एक देश तथा चीनी सेना के समान है। दूसरी ओर चीन में परियोजना के महत्व को देखते हुए इसे 'आंतरिक गलियारा' कहा जाता है। इस प्रकार यह कहना गलत नहीं होगा कि यह आर्थिक परियोजना के बजाय सैनिक परियोजना है। पिछले साल पास अपराध कानून संशोधन, 2020 के अनुसार पाकिस्तान के सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाने या उनका अपमान करने या उसके सदस्यों का सम्मान गिराने पर प्रतिबंध लगाया गया है। निश्चित रूप से हालिया घटनाक्रम के कारण पैदा अशांति से निपटने में इस कानून की भूमिका समझी जा सकती है। आमतौर से दुनिया भर में सैनिक वर्दी का बहुत सम्मान है और दुनिया की जनता अपने सैनिक बलों का सम्मान करती है। लेकिन अब पाकिस्तानी सेना की भूमिका तालिबान व अन्य चरमपंथी तत्वों को चीनी परियोजना से दूर रखने की है। पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।

2006 में 79 वर्षीय अकबर खान बुग्ती की हत्या के कारण सैनिक सरकार में बलूच जनता का अलगाव बहुत बढ़ गया था। एक अन्य बलूच नेता मुफ्ती हिदायतुल्ला की 2018 में हत्या से बलूचिस्तान में सैनिक अवस्थापना का इरादा स्पष्ट हो गया था। इस वर्ष के प्रारम्भ में पाकिस्तीन सेना के मेजर जनरल अयमान बिलाई ने बलूच आंदोलन को कुचलने में चीन की भूमिका स्वीकारी थी और यह भी कहा था कि चीन-पाक बलूचिस्तान में ईरानी गतिविधियों के खिलाफ हैं। सीपीईसी तथा आवास सोसाइटियों को पाकिस्तानी सेना को दिया जा रहा है। इसके पीछे इरादा बलूच स्वतंत्रता आंदोलन पर लगाम लगाने के लिए बलूचों के स्थान पर पाकिस्तानी पंजाबियों को लाना है। इस प्रकार जमीन पर कब्जा करने की यह घटना भू-राजनीतिक सवाल है। लेकिन हर साल सेना से सेवानिवृत्त होने वाले सैनिक अधिकारियों के नए समूहों को बसाने के लिए जमीन कहां से आएगी?

इस सवाल का जवाब वर्तमान अफ़ग़ान पहेली में है। यदि अफ़ग़ान गलियारे को सीपीईसी से जोड़ दिया जाता है तो अफ़ग़ान जनता कहां जाएगी? ऐसा लगता है कि अफगान शरणार्थियों का संकट चीन-पाक के बजाय यूरोप और रूस की समस्या बनेगा। पहले 'मोहसिने बलूचिस्तान' के पुरस्कार से सम्मानित नए आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम की नियुक्ति अफगानिस्तान में 'जमीनों पर कब्जा करने' तथा बलूच व अफ़ग़ान जनता के बढ़ते दमन का संकेत करता है। इस प्रकार क्षेत्र में भविष्य में और ज्यादा उथलपुथल होने की आशंका है।

# उग्रवादीकरण की तीसरी लहर से सावधान

**जयदीप सैकिया**
(लेखक संघर्ष विश्लेषक हैं)



वर्तमान समय में भारत में जिस कट्टरता को महसूस किया जा रहा है, उसका श्रेय पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे समूहों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश में हनबली स्कूल के बढ़ते अनुनय को दिया जा सकता है। हालांकि पीएफआई- जिसका शीर्ष नेतृत्व मुख्य रूप से केरल से है- इस आरोप से इनकार करता है कि संगठन का हनबली स्कूल (वहाबी और/या सलाफी का दूसरा नाम) के साथ कोई संबंध है, इस मामले का तथ्य यह है कि वे भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी बना रहे हैं। इस्लाम का रूढ़िवादी तनाव चाहे कुछ भी हो।

हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम बांग्लादेश (एचआईबी) और इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश (आईओबी)- इस्लामी संगठन जो वर्तमान समय में फिर से उभरे हैं और बांग्लादेश के तालिबान के अधिग्रहण के बाद तेजी से सक्रिय हो रहे हैं-पीएफआई के करीबी सहयोगी हैं। एचआईबी और आईओबी बांग्लादेश के अंदर अल-कायदा और आईएस से जुड़े संगठनों जैसे जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के ओवर-ग्राउंड एक्टिविस्ट के रूप में काम कर रहे हैं। बांग्लादेश के आतंकवाद-रोधी और अंतरराष्ट्रीय अपराध तंत्र के अत्यधिक दबाव के आगे झुकते हुए, जेएमबी और एबीटी दोनों ने वर्तमान के लिए अपनी गतिविधि को कम कर दिया है, इसके बजाय एचआईबी और आईओबी के माध्यम से अपने सरोगेट को आगे बढ़ाया है। स्ट्रैटेजम सरल है। कार्यप्रणाली यह है कि जेएमबी और एबीटी गायब हो गए हैं कि स्थापना में आत्मसंतुष्टता की भावना पैदा करें। वास्तविकता यह है कि उन्होंने बांग्लादेश में 'ऑपरेशन कन्फ्यूजन' को सक्रिय किया है और साथ ही बांग्लादेश में इस्लामवाद को फिर से जीवंत किया है।

वास्तव में, इस्लामी खतरे की समय-सीमा काफी सरल है। लेखक अमेरिका के अर्बाना-शैंपेन में इलिनोइस विश्वविद्यालय में अपने उन्नत शोध की अवधि के दौरान एक बोधगम्य समयरेखा तैयार करने में सक्षम थे। अध्ययन ने इस्लामी कार्रवाई के तौर-तरीकों में एक 'लहर की प्रगति' का पता



लगाया जो संयोग से समय के अंत तक कभी नहीं रुकेगी: 'इस्लाम में परिवर्तनकारी क्षण' कभी न खत्म होने वाला है। वास्तव में, जिस तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने आईएसआईएस को उस क्षेत्र से गैर-क्षेत्रीयकरण करने की मांग की है, जिस पर बाद में नव-खिलाफत को बनाए रखने के लिए कब्जा कर लिया था, यह पता चला है कि काफिरों के खिलाफ युद्ध अब न केवल होगा। एक निरंतर लेकिन कार्रवाई का एक त्वरित स्वरूप बनेगा। मुद्दा यह बनाया जा रहा है कि यद्यपि आईएसआईएस ने क्षेत्रीय हार का अनुभव किया है, लेकिन यह दुश्मन को अपने निरंतर छल से भ्रमित करने में सक्षम है, नुकसान को फायदे में बदल रहा है। इसलिए, एक स्पष्ट विश्लेषण उस सादगी को सामने लाएगा जिसके साथ इस्लामवादी अगले हमले के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इसलिए, जबकि 1999 और 2005 के बीच बड़े पैमाने पर हिंसक आंदोलन और कट्टरता की प्रदर्शनी थी, जिसे लेखक पहली लहर के रूप में वर्णित करता है, दूसरी लहर जेएमबी जैसे समूहों द्वारा निष्ठा की शपथ या बया के साथ शुरू हुई थी। अबू बक्र-अल-बगदादी के नव-खिलाफत के गठन के मद्देनजर आईएस और एआईबी। क्षेत्रीय झटके ने दुनिया भर में लगातार लोन-वुल्फ हमलों को देखा, जिसमें ऑरलैंडो और नीस जैसे स्थान शामिल हैं और बांग्लादेश में इस्लामी कार्रवाई के पर्यवेक्षक 1 जुलाई, 2016 को ढाका में बंधक की स्थिति को याद करेंगे।

घटना के बाद के वर्षों में नया हथियारों के लिए आह्वान काफिर को जहां कहीं भी पाया गया, उसे नष्ट करना था क्योंकि अब एक निंदनीय मामला नहीं था। हालांकि, इस्लामवादियों के खिलाफ बांग्लादेश सुरक्षा बलों द्वारा अथक कार्रवाई ने कट्टरपंथियों को क्षण भर के लिए शांत कर दिया है और लड़ाई को अस्थायी रूप से एचआईबी और आईओबी के अच्छे कार्यालयों को सौंप दिया गया है जो ईशनिंदा कानून अधिनियम जैसे पहलुओं की मांग करके आंदोलन को जीवित रख रहे हैं। हालांकि, इराक और सीरिया में जिन क्षेत्रों पर उसने कब्जा कर लिया था, वहां से आईएसआईएस के लगभग कुल क्षेत्रीय निष्कासन के साथ, रणनीति एक समुद्री परिवर्तन देखने वाली है।

अल-कायदा और आईएसआईएस, जो पहले से ही भारत के अंदर है, से प्रेरित, इसके सहयोगी (पीएफआई सहित) कट्टरपंथ के द्वार खोल देंगे और एक ऐसा रूप धारण करेंगे जो अब तक सबसे अधिक खतरनाक होगा। यह एक संयोजन होगा ) सामूहिक भर्ती ) कृत्यों, कानूनों और मंत्रालय के खिलाफ विरोध, जिसे कट्टरपंथियों का एक संयुक्त समूह गैर-इस्लामी मानता है - जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के बीच बाड़-बैठने वालों और नरमपंथियों को अपनी तह में लाया जाता है और ) ढीले परिष्कृत होने दें हिंसा के ऐसे रूप जिनकी अधिकांश एजेंसियां कल्पना भी नहीं कर सकती हैं। शकीरा की यादें, आईएसआईएस के कट्टर समर्थक, नियो-जेएमबी कैडर के कट्टर समर्थक राशेदुर रहमान सुमन की पत्नी ने 26 दिसंबर, 2016 को अपने बच्चे को गोद में लेकर खुद को उड़ा लिया था, यह इस बात का पर्याप्त सबूत होना चाहिए कि किस तरह से एपिंग-व्यायाम किया जाता है। भारतीय समकक्षों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेखक कट्टरपंथीकरण की तीसरी लहर की सुबह के रूप में प्रस्तुत करता है।

## आप की बात

### गरीबी एक अभिशाप

**आजादी** के बाद से ही देश में गरीबी मिटाने की बातें होती रही हैं लेकिन गरीबी है कि मिटती नहीं। अब जब नीति आयोग ने पहली बार राज्यों के लिए गरीबी सूचकांक की लिस्ट जारी की है यानी गरीबी के मामले में राज्यों को रैंकिंग दी है। बिहार, झारखंड, यूपी मप्र जैसे राज्य फिसड्डी साबित हुए हैं। लेकिन सच्चाई कबूल करने और सुधार की कोशिश के बजाय सियासत होने लगी है। कोई ठीकरा फोड़ने के लिए दूसरे का सिर तलाश रहा है तो कोई रैंकिंग पर ही सवाल खड़े कर रहा है।रिपोर्ट बताती है कि देश में सबसे ज्यादा कुपोषित लोग अगर कहीं हैं तो बिहार में। उसके बाद झारखंड, एमपी, यूपी और छत्तीसगढ़ का नंबर आता है। गर्भवती महिलाओं की खराब सेहत के मामले में भी बिहार ही टॉप पर। अगर किसी राज्य में सबसे ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं तो वह बिहार है। सरकार चाहे कितनी ही विकास के दावे करें सच्चाई खुलकर बाहर आ ही जाती है !अरबों खरबों रुपए ,सस्ता अनाज और तरह-तरह कि मुफ्त सुविधाओं के बावजूद गरीबी का जब यह आलम है तो फिर वह कौन सा जादुई चिराग है जो देश को गरीबी के इस दलदल से निकालेगा? यह लिस्ट चाहे शत प्रतिशत सत्य हो मगर इसके लिए अकेले सरकारी जिम्मेदार नहीं हैं!

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### ओमीक्रान ने बढ़ाई चिंता

**कोरोना** के नए उत्परिवर्तित रूप ओमिक्रान ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। यह देखते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सतर्कता का आदेश दिया है। जल्द से जल्द देश के सभी राज्यों को नए प्रतिबंध जारी करने चाहिए। भीड़ ज्यादा कहा होती है और उसका कारण क्या है ? यह हमें अच्छी तरह से पता चल चुका है। प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अगर शादी में भीड़ अधिक है, तो तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। ओमिक्रान ने भारत के बाहर कुछ देशों की चिंता बढ़ा दी है। तो आप अब से भारत में उसका नाम लेकर क्यों चिल्ला रहे हैं? यह सवाल कुछ कथित बुद्धिमानों का है। जहां प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों पर वित्तीय दंड लगाने का प्रावधान है, वहीं अन्य प्रावधान भी होने चाहिए। उदा. मास्क का ठीक से उपयोग न करने और दो टिके लिए बिना यात्रा करने के लिए दंड के साथ उनकी यात्रा पर कुछ दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। इसका मतलब है कहीं न कहीं नियमों का सख्ती से पालन जारी रहेगा और लोगों को अनुशासन की आवश्यकता का महत्व ध्यान में आएगा। अन्यथा लोग जुर्माना भरेंगे और वही गलती फिर कभी की जाएगी। मास्क का उपयोग, टीकाकरण और कोरोना नियमों का पालन आवश्यक है।

– **जयेश राणे,** मुंबई


### मिड डे मील की मात्रा

**कहा** गया था की 12 करोड़ बच्चों को स्कूल में खाना दिया जाएगा। 70 वर्ष के कांग्रेस शासन एवं 7 वर्ष भाजपा के शासन में मीड डे मील में बच्चों को सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन स्वरूप दिया जाता है। इसमें हर साल 16 हजार करोड़ का खर्च इस पर आता है। परंतु आज भी हमारे देश के बच्चों की सही देखभाल सरकार नहीं कर पा रही है आखिर क्या कारण है। आखिर सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन से क्या बच्चों की सेहत सुधर सकती है कभी नहीं ।फिर यह भी विचारणीय है कि सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन भी क्या बच्चों तक सीधे-सीधे पहुंच रहा है। क्योंकि जब अन्य मामलों में कागजी खानापूर्ति के उदाहरण देखे जाते हैं तो क्या यहां भी ऐसा नहीं होता होगा हम तो कहते हैं कि यहां भी अवश्य ही होता होगा। आज देश में कुपोषित बच्चों की जो संख्या बढ़ रही है उसमें कई कारणों में एक कारण यह भी हो सकता है। आंगनवाड़ी सहित जहां-जहां बच्चों को सरकार भोजन कराती है वहां भोजन सही मात्रा एवं सही रूप में पहुंचना बेहद आवश्यक है। यह बच्चों की सेहत के लिए जरूरी है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

– **प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**नए** कोविड संस्करण में कुछ ऐसे उत्परिवर्तन हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की संभावित चोरी के संबंध में चिंता पैदा कर रहे हैं।

– **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक



**तृणमूल** कांग्रेस के पास त्रिपुरा में खाता खोलने का मौका ही नहीं था, उन्होंने सिर्फ शोर मचाया।

– **दिलीप घोष**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा

# यौनकर्मियों के पुनर्वास का विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र में होगा पेश

## हा केन्द्र ने उच्चतम न्यायालय को बताया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वह देश में यौनकर्मियों की तस्करी रोकने और पुनर्वास के लिए शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में एक विधेयक ला रही है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की पीठ को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल आरएस सूरी ने जानकारी दी कि केंद्र ने संसद के जारी शीतकालीन सत्र के दौरान यौनकर्मियों की तस्करी रोकने और पुनर्वास के लिए कानून लाने की योजना बनाई है। पीठ ने सूरी के इस कथन को कार्यवाही में शामिल करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थिगित कर दी। इस बीच, पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) की ओर से पहचान किए गए यौनकर्मियों से राशन कार्ड या किसी अन्य पहचान प्रमाण की आवश्यकता पर जोर नहीं देने का निर्देश दिया और कहा कि न्यायालय के पूर्व के आदेशों के अनुपालन में महामारी की अवधि के दौरान उन्हें सूखा राशन प्रदान करें।

पीठ ने कहा, भोजन के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। हालांकि कोविड महामारी के कारण स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, हमारा मानना है कि राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों का यह संवैधानिक दायित्व है कि वे अपने नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करें, जिसमें यौनकर्मी भी आते हैं और वे भी सूखे राशन के हकदार हैं। न्यायालय देश में यौनकर्मियों की समस्याओं के समाधान के अनुरोध वाली 2010 की एक याचिका में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के एक आवेदन पर सुनवाई कर रहा था।

पीठ ने कहा कि इस अदालत ने 2011 में यौनकर्मियों के पुनर्वास के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए एक समिति का गठन किया है और समिति ने सिफारिशों के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट अदालत को सौंपी है। पीठ ने कहा कि 27 फरवरी को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने न्यायालय को सूचित किया था कि मंत्रियों का एक समूह मामले को देख रहा है और यह दो मसौदा कानून की जांच कर रहा है जो शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त समिति की सिफारिश को ध्यान में रखेगा। पीठ ने कहा कि यह महसूस करते हुए कि याचिका 2010 से लंबित है और कानून की जरूरत है, सरकार से जल्द से जल्द कानून लाने के लिए कहा गया था। इस मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत भूषण ने कहा कि वह देखना चाहते हैं कि क्या सरकार ने समिति की सिफारिशों में से कम से कम एक पर कोई कार्यवाही की है। इस पर पीठ ने सूरी को मसौदा कानून की एक प्रति उपलबध कराने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, नाको और डीएलएसए द्वारा यौनकर्मियों की पहचान उनके लिए सूखे राशन के वितरण का दावा करने के लिए पर्याप्त होगी। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया जाता है कि वे यौनकर्मियों से राशन कार्ड पर जोर दिए बिना 28 अक्टूबर, 2020 के आदेश का पालन करें। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को भी 10 दिसंबर से पहले स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।

## अनुसंधानकर्ताओं ने बात करने वाले दस्ताने विकसित किए

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), जोधपुर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जोधपुर के अनुसंधानकर्ताओं ने बोल पाने में असमर्थ लोगों के लिए कम कीमत के, बातचीत करने वाले दस्ताने विकसित किए हैं। इस उपकरण का पेटेंट करा लिया गया है और इसकी कीमत 5,000 रुपए से भी कम है। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा मशीन लर्निंग के सिद्धांतों का उपयोग कर स्वत: ही बोलता है और मूक व्यक्ति तथा सामान्य व्यक्ति के बीच संवाद कराता है। अनुसंधान टीम के मुताबिक, यह उपकरण व्यक्ति को हाथ की मुद्रा को शब्द या पहले से रिकार्ड की गई आवाज में तब्दील कर, अशक्त व्यक्ति को प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम बनाएगा।



तिरुनलवीली में भारी बारिश के बाद बाढ़ में डूबा मंदिर

## तमिलनाडु सरकार राजीव गांधी की हत्या के दोषियों की रिहाई चाहती है: महाधिवक्ता

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु** के महाधिवक्ता आर षणमुगसुंदरम ने सोमवार को कहा कि राजीव गांधी हत्याकांड के सभी सात दोषियों को रिहा करने के मुद्दे पर द्रमुक के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने यह बात तब कही, जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या इस मामले में सरकार के रुख में कोई बदलाव आया है। सरकार ने दोषियों में से एक नलिनी की याचिका पर उच्च न्यायालय में दायर अपने जवाबी हलफनामे में इसे खारिज करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह कानून के लिहाज से ठीक नहीं है, जिसमें राज्यपाल की मंजूरी के बिना समय-पूर्व रिहाई की मांग की गई है।

पिछली अन्नाद्रमुक सरकार ने सितंबर 2018 में एक मंत्रिमंडल प्रस्ताव के माध्यम से तत्कालीन राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को मुरुगन, सांथन, एजी पेरारिवलन, पी जयकुमार, रविचंद्रन, रॉबर्ट पायस और नलिनी की रिहाई की सिफारिश की थी। इन सभी को मई 1991 में श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या किए जाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। महाधिवक्ता ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएन भंडारी और न्यायमूर्ति पीडी ऑडिकेसवालु की प्रथम पीठ के समक्ष नलिनी द्वारा 2020 में दायर की गई रिहाई याचिका के जवाब में सरकार का हलफनामा दायर किया।

नलिनी और अन्य की इस तरह की राहत मांगने वाली विभिन्न याचिकाएं पूर्व में उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय द्वारा यह कहकर खारिज की जा चुकी हैं कि राज्यपाल को कोई निर्देश नहीं दिया जा सकता क्योंकि उन्हें संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत अधिकार प्राप्त है। दायर जवाबी हलफनामे में नलिनी की याचिका को खारिज करने का आग्रह किया गया है। महाधिवक्ता ने पीठ से कहा कि इसी तरह की याचिका पेरारिवलन ने दायर की है, जो उच्चतम न्यायालय में लंबित है और इस पर सात दिसंबर को सुनवाई होने जा रही है। पीठ ने सरकार को एक अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले को तीन सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दिया। इस बीच, पत्रकारों के इस सवाल के जवाब में कि क्या सातों दोषियों की रिहाई पर पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के रुख से भिन्न मौजूदा द्रमुक सरकार के रुख में कोई बदलाव आया है, महाधिवक्ता ने न में उत्तर दिया। उन्होंने कहा, राज्य के राज्यपाल की मंजूरी के बिना समय पूर्व रिहाई का आग्रह करने वाली नलिनी की याचिका को हम खारिज करने का आग्रह कर रहे हैं, क्योंकि यह कानून के लिहाज से ठीक नहीं है।

## 10 राज्यों में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित करने को मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने विदेशी औपनिवेशिक शासन के खिलाफ संघर्ष करने वाले जनजातियों के योगदान को मान्यता देने के लिए जनजातीय अनुसंधान संस्थानों को समर्थन की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत 10 राज्यों में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय स्थापित को मंजूरी दी है। लोकसभा में संगीता कुमारी सिंह देव एवं डा. सुकान्त मजूमदार के प्रश्न के लिखित उत्तर में जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन 10 राज्यों में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय को मंजूरी दी है, वे गुजरात के राजपिपला, झारखंड के रांची, आंध्र प्रदेश के लम्बासिंगी, छत्तीसगढ़ के रायपुर, केरल के कोझिकोड, मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा, तेलंगाना के हैदराबाद, मणिपुर के तामेंगलांग, मिजोरम के केलसिह और गोवा के पोंडा में स्थापित किए जाएंगे। सरकार ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है।



बेगलुरू में संपजिरम नगर मंदिर में आयोजित दीपोत्सव में दीप जलाती बालिका

## मुल्लापेरियार बांध पर एक ही मामले में सभी मुद्दों पर होगा विचार

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को 126 साल पुराने मुल्लापेरियार बांध की सुरक्षा के लिए किसी भी केंद्रीय सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग कर रहे एक याचिकाकर्ता से कहा कि इस मामले में याचिकाएं बढ़ाईं नहीं जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि मुख्य मामले में बांध से जुड़े सभी मुद्दों पर विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, हालांक उसे लंबित मामले में पक्षकार बनने के लिए औपचारिक आवेदन दाखिल करने की छूट दे दी।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की खंडपीठ ने कहा, आप मामलों की संख्या क्यों बढ़ाना चाहते हैं? सभी मुद्दों पर मुख्य मामले में विचार किया जाएगा। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील सी आर जय सुकिन से कहा, रिट याचिकाओं की संख्या नहीं बढाएं। कोई भी व्यक्ति आएगा और याचिका दायर करना कर शुरू कर देगा। मुख्य मुद्दा लंबित है और अब इसकी सुनवाई में तेजी लाई जा रही है। शीर्ष अदालत ने 22 नवंबर को कहा था कि 1895 में केरल के इडुक्की जिले में पेरियार नदी पर बने बांध से संबंधित मुद्दों पर 10 दिसंबर को सुनवाई होगी, क्योंकि इसके पक्षकारों ने कहा था कि मुख्य मामले को तेजी से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सोमवार को सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सुकिन ने पीठ से कहा कि किसी भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति ने बांध के लिए बढ़ते जल स्तर के खतरे के बारे में कुछ नहीं कहा है।

## दक्षिण अफ्रीका से आए एक व्यक्ति का नमूना डेल्टा स्वरूप से अलग है: डॉ. के.सुधाकर

भाषा। बेंगलुरु

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर दुनियाभर में चिंताओं के बीच कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डॉ के सुधाकर ने सोमवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका से हाल में बेंगलुरु आए दो लोगों में से एक का नमूना डेल्टा स्वरूप से अलग है। मंत्री ने कहा कि वह आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कह सकते क्योंकि वह अभी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अधिकारियों के संपर्क में हैं। सुधाकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले नौ महीनों से केवल डेल्टा स्वरूप के मामले आए है, लेकिन आप कह रहे हैं कि नमूनों में से एक ओमीक्रोन स्वरूप का है। मैं इसके बारे में आधिकारिक तौर पर नहीं कह सकता। मैं आईसीएमआर और केंद्र सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हूं। उन्होंने कहा कि नमूने को आईसीएमआर में भेजा गया है।

व्यक्ति की पहचान का खुलासा करने से इनकार करते हुए मंत्री ने कहा कि उसकी कोविड रिपोर्ट से पता चलता है कि वह कोरोना वायरस के एक अलग स्वरूप से संक्रमित हुआ है। मंत्री ने कहा, 63 साल का एक व्यक्ति है जिसका नाम मुझे नहीं बताना चाहिए। उनकी रिपोर्ट थोड़ी अलग है। यह डेल्टा स्वरूप से अलग दिखता है। हम आईसीएमआर के अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और बताएंगे कि यह क्या है। मंत्री ने कहा कि वह उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में मंगलवार को अपने विभाग के प्रमुख सचिव से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर के डॉक्टरों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक के लिए कोविड-19 पर तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। सुधाकर ने यह भी कहा कि उन्होंने ओमीक्रोन स्वरूप पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## त्रिपुरा हिंसा: जांच समिति गठित करने संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने त्रिपुरा में हाल ही में हुई साम्प्रदायिक हिंसा और इसे लेकर राज्य पुलिस की कथित मिली-भगत और निष्क्रियता की स्वतंत्र जांच के लिए दायर याचिका पर सोमवार को केन्द्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किए। न्यायमूर्ति डी. वाई चन्द्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने अधिवक्ता ई. हाशमी की याचिका पर सुनवाई के बाद केन्द्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किए। पीठ ने केन्द्र और त्रिपुरा सरकार को दो सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया है। इस मामले में अब दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता, जो एक अधिवक्ता है, ई. हाशमी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया कि वे हालिया साम्प्रदायिक दंगों की स्वतंत्र जांच और इसमें पुलिस की कथित भूमिका की जांच चाहते हैं। भूषण ने कहा, न्यायालय के समक्ष त्रिपुरा के कई मामले लंबित हैं। तथ्याण्वेशी मिशन पर गए कुछ वकीलों को भी नोटिस भेजा गया है। पत्रकारों पर यूएपीए के आरोप लगाए गए। पुलिस ने हिंसा के मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

## भुवनेश्वर में सहारा कार्यकर्ताओं व निवेशकों ने सेबी के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**भुवनेश्वर।** आज सहारा के कार्यकर्ताओं और निवेशकों ने मिलकर लोअर पीएमजी में विरोध स्थल पर सेबी का विरोध किया। इस संबंध में उनका कहना था कि हम कार्यकर्ता और निवेशक किसी न किसी योजना के माध्यम से सहारा से जुड़े हुए हैं, और कमा रहे हैं पिछले 25-30 वर्षों से सहारा इंडिया से आय प्राप्त करते हैं लेकिन सहारा-सेबी विवाद के कारण पिछले आठ वर्षों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूरे सहारा समूह पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण, भुगतान में देरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे हमारी कमाई पर भारी असर पड़ा है। इतना कि हमारे निवेशक हमें नया व्यवसाय नहीं दे रहे हैं क्योंकि उनके पुराने भुगतान में देरी हो रही है। इससे हमारी आय घटती जा रही है और न के बराबर है। परिणामस्वरूप, हमारे लाखों कार्यकर्ता अब भुखमरी और बेरोजगारी की कगार पर हैं।



पिछले 8 वर्षों में, सेबी ने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में 4 दौर के विज्ञापन निकालने के बावजूद, ब्याज के साथ केवल 125 करोड़ रुपये चुकाए हैं। सेबी ने इस साल की शुरुआत में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के साथ प्रस्तुत एक स्थिति रिपोर्ट में इसे स्वीकार किया है। 26.03.2018 को प्रकाशित सेबी के विज्ञापन के जवाब में, उसे 19,598 निवेशकों से पुनर्भुगतान आवेदन प्राप्त हुए। ये मूल आवेदनों के साथ संलग्न हुए थे। जवाब में, सेबी ने 16,663 आवेदनों का भुगतान किया, जो ब्याज के साथ, 125 करोड़ रुपये के साथ आए। यह अपने आप में दिखाता है कि सभी निवेशकों ने पुनर्भुगतान के लिए सेबी से संपर्क नहीं किया। और जब वे पहले ही अपना बकाया प्राप्त कर चुके हैं तो वे क्यों करेंगे!

लेकिन सेबी के अड़ियल रवैये के कारण हम लाखों कार्यकर्ताओं का जीवन अंधकार की ओर जा रहा है। अब जब सेबी के पास अभी किसी निवेशक के लिए कोई बकाया चुकौती नहीं बची है, तो उसे एक हलफनामा देना चाहिए कि उसके पास कोई निवेशक नहीं है जो पुनर्भुगतान का इंतजार कर रहा है। तब यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी सहारा कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने और सहारा को सहारा-सेबी खाते से 24000 करोड़ रुपये (ब्याज सहित) प्राप्त करने की ओर ले जा सकता है। जिससे सभी सम्मानित निवेशकों और जमाकर्ताओं को नियमित भुगतान हो सके।

## ओमीक्रोन: जबलपुर आई बोत्सवाना की महिला की हो रही तलाश

भाषा। जबलपुर (मप्र)

**कोविड**-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले हाल ही में कुछ देशों में सामने आने के मद्देनजर मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी बोत्सवाना की एक महिला की तलाश कर रहे हैं। यह महिला 18 नवंबर को जबलपुर आई थी। जबलपुर के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्नेश कुररिया ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, बोत्सवाना दूतावास के एक अधिकारी ने हमें फोन पर बताया कि महिला जबलपुर में एक सैन्य संस्थान में पृथकवास में है। हमने दूतावास से उसका मोबाइल नंबर और स्थानीय संपर्क देने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य दिशानिर्देशों (कोविड-19 के प्रयास की जांच के लिए) के तहत खुनो ओरमीत सेल्यन नाम की महिला का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के दिए रिकार्ड के अनुसार महिला दिल्ली से जबलपुर आई थी। अधिकारी ने बताया कि जबलपुर हवाई अड्डे पर दर्ज उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन का पता लगाया गया। पुलिस जांच से पता चला है कि पिछले एक माह से फोन दिल्ली से बाहर नहीं ले जाया गया है।

## टीकाकरण में भाजपा शासित राज्यों का प्रदर्शन विपक्ष शासित राज्यों से बेहतर

भाषा। नई दिल्ली

**कोविड** रोधी टीकाकरण करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों का प्रदर्शन, कांग्रेस और उसके सहयोगियों के हुकूमत वाले राज्यों से बेहतर है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार भाजपा शासित आठ राज्यों ने पात्र आबादी के 50 फीसद का पूर्ण कोविड रोधी टीकाकरण कर दिया है जबकि उनमें से सात राज्यों ने 90 प्रतिशत जनसंख्या को टीके की पहली खुराक लगा दी है।

सूत्रों ने कहा कि यह विडंबना ही है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों के विपरीत वे अब तक पर्याप्त लोगों का टीकाकरण नहीं करा पाए हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या राजनीति ने इन राज्यों में टीकाकरण अभियान को प्रभावित किया है। भाजपा ने बार-बार विपक्षी दलों पर टीकाकरण अभियान का राजनीतिकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है और कहा है कि भारत में निर्मित दो टीकों को मंजूरी देने पर कुछ प्रतिद्वंद्वी नेताओं ने शुरू में सरकार से सवाल किया था। टीकाकरण के आंकड़े साझा करते हुए सूत्रों ने बताया कि राजस्थान में 84.2 प्रतिशत लोगों को पहली खुराक लगा



दी गई गई है जबकि 46.9 फीसदी आबादी का पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं पश्चिम बंगाल में 86.6 प्रतिशत लोग टीके की पहली खुराक ले चुके हैं और 39.4 फीसदी लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार इसी तरह तमिलनाडु में यह आंकड़ा 78.1 और 42.65 फीसदी, महाराष्ट्र में 80.11 व 42.5 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 83.2 तथा 47.2 फीसदी है। सूत्रों ने बताया कि झारखंड में पहली और दोनों खुराक लेने वाली आबादी का प्रतिशत क्रमश: 66.2 और 30.8 और पंजाब में 72.5 और 32.8 है।

कांग्रेस पंजाब, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता में है जबकि तमिलनाड में द्रमुक नीत गठबंधन में है। वह झारखंड में जेएमएम के साथ सत्ता साझेदारी कर रही है। महाराष्ट्र में भी वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हुकूमत है और कांग्रेस उसके गठबंधन का हिस्सा नहीं है। भाजपा शासित हिमाचल प्रदेश और गोवा ने अपनी पूरी पात्र आबादी को कोविड रोधी टीके की पहली खुराक लगा दी है। हिमाचल में 91.9 फीसदी लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है जबकि गोवा में 87.9 फीसदी लोगों ने टीके की दोनों खुराकें लगवा ली हैं। सूत्रों ने बताया कि गुजरात में 93.5 प्रतिशत जनसंख्या को पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि 70.3 फीसदी का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। उत्तराखंड में भी 93 फीसदी आबादी को पहली खुराक लग गई है और 61.1 प्रतिशत जनसंख्या ने दोनों खुराकें लगवा ली हैं। वहीं कर्नाटक में 90.9 प्रतिशत लोगों ने टीके की पहली खुराक लगवा ली है और 59.1 फीसदी आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। हरियाणा में भी 90.04 प्रतिशत जनसंख्या को टीके की पहली खुराक दे दी गई है जबकि 48.3 फीसदी आबादी को दोनों खुराकें लगाई जा चुकी हैं। वहीं असम में 88.9 प्रतिशत लोगों को पहली खुराक और 50 फीसदी लोगों को दोनों खुराकें लगा दी गई हैं। त्रिपुरा में 80.5 प्रतिशत आबादी को टीके की पहली खुराक और 63.5 फीसदी जनसंख्या का पूर्ण टीकाकरण कर दिया गया है।

## उपचुनाव के नतीजों के कारण सरकार को तीनों कृषि कानून निरस्त करने पड़े: कांग्रेस

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने तीनों कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक के चर्चा के बिना संसद में पारित किए जाने को लेकर सोमवार को सरकार पर चर्चा से डरने का आरोप लगाया और दावा किया कि हालिया उपचुनावों के नतीजों के कारण उसे कानूनों को निरस्त करने का कदम उठाना पड़ा। तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लिए जाने के फैसले पर राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि उसे एक साल तीन महीने बाद ज्ञान प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने दावा किया कि हाल में हुए उपचुनाव के परिणामों के कारण सत्तारूढ़ दल को यह कानून वापस लेने का कदम उठाना पड़ा।

उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष ने इन तीनों कानूनों को समाप्त करने के लिए निरसन विधेयक को बिना चर्चा के पारित कराने का कड़ा विरोध किया। दोपहर दो बजे उच्च सदन की कार्यवाही प्रारंभ होने पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि विधि निरसन विधेयक, 2021 को पेश किया। इसके बाद खड़गे ने कहा कि वह कृषि विधि निरसन विधेयक का स्वागत करते हैं और कोई इसके विरोध में नहीं है क्योंकि यह किसानों का मुद्दा है। उन्होंने निरस्त किए जा रहे तीनों कानूनों को काला कानून करार देते हुए कहा, एक साल तीन महीने के बाद आपको (सरकार) ज्ञान प्राप्त हुआ और आपने कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस किसान आंदोलन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी लोग जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब इस विधेयक का प्रस्ताव आया था विभिन्न गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ), किसान संगठनों ने भी इसका विरोध किया था।

खड़गे ने कहा, इसे वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा था और सारे देश में इन कानूनों के खिलाफ माहौल बन गया तथा उपचुनावों में इसका प्रभाव दिखा। अब पांच राज्यों में चुनाव हैं। उपचुनाव में ऐसे परिणाम हैं तो पांच राज्यों में परिणाम क्या होंगे। 700 किसान मर चुके हैं। लोकसभा में इस विधेयक को पारित कराने के लिए रखे जाने के समय कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज सदन में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस विधेयक को चर्चा एवं पारित होने के लिए रखे जाने की बात कही गई लेकिन इस पर सरकार चर्चा क्यों नहीं करना चाहती है।

## टीके की दूसरी खुराक नहीं लिए जाने पर 15 इकाइयां सील

**इंदौर (मध्यप्रदेश) (भाषा)।** इंदौर में प्रशासन ने सोमवार को खास मुहिम छेड़ते हुए औद्योगिक और कारोबारी क्षेत्रों की कम से कम 15 इकाइयों को इसलिए सील कर दिया क्योंकि उनके कर्मचारियों ने तय समय सीमा बीतने के बावजूद कोविड-19 रोधी टीके की दूसरी खुराक नहीं ली थी।

अधिकारियों ने बताया कि सील की गईं इकाइयों में अलग-अलग वस्तुओं के कारखाने, दुकानें और वाहन शो-रूम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों ने जब मौके पर पहुंचकर जांच की, तो पता चला कि इन इकाइयों के कई कर्मचारियों ने तय समय सीमा बीतने के बाद भी महामारी रोधी टीके की दूसरी खुराक नहीं ली थी। अधिकारियों ने बताया कि आम लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए शहर में ऐसी कम से कम 15 इकाइयों को सील कर दिया गया है।

# अनुच्छेद 370 बहाली की लड़ाई खुद लड़ेंगे: उमर

भाषा। जम्मू



**कांग्रेस की** चुप्पी के लिए उसकी आलोचना करते हुए नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि अगर कांग्रेस अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए लड़ाई लड़ने को तैयार नहीं है तो उनकी पार्टी अपने दम पर इस लड़ाई को लड़ेगी। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का भविष्य विशेष दर्जे से जुड़ा है जिसकी गारंटी संविधान में दी गई है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 की बहाली का मामला शीर्ष अदालत में बहुत मजबूत है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने के बाद अखबारों समेत संस्थानों को कमजोर कर भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया और कहा कि इसने दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के भारत के नारे को 'खोखला' बना दिया है। अब्दुल्ला चेनाब घाटी क्षेत्र की यात्रा पर हैं और उन्होंने किश्तवाड़ शहर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, (उच्चतम न्यायालय के समक्ष अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए) हमारा मामला बहुत मजबूत है... हमें विपक्षी दलों से समर्थन की उम्मीद थी लेकिन वे चुप हैं। हमारा वजूद इस अनुच्छेद से जुड़ा है। इससे पहले अब्दुल्ला ने पार्टी महासचिव अली मोहम्मद सागर सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के संग हज़रत शाह फरीद-उद-दीन बगदादी और हज़रत शाह असरार-उद-दीन- वली की प्रसिद्ध दरगाहों पर ज़ियारत की और जम्मू कश्मीर में स्थाई शांति व समृद्धि की दुआ मांगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आज़ाद ने कथित रूप से कहा है कि अनुच्छेद 370 के बारे में बोलना निरर्थक है। इसपर टिप्पणी करते हुए अब्दुल्ला ने कहा, मैं उनके बयान से मायूस हूं क्योंकि वह जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हैं।

अनुच्छेद 370 हमारी विरासत है, तो यह हमसे ज्यादा आपकी पार्टी की विरासत भी है। कांग्रेस के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ही अनुच्छेद 370 लाए थे और आज कांग्रेसी अपनी विरासत की रक्षा करने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में उससे लोगों को बचाने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने अदालत के निर्णय से पहले ही अपना फैसला कर लिया है। अदालत ने अभी अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई शुरू नहीं की है।

अब्दुल्ला ने कहा, अगर वे (कांग्रेस) इस लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार नहीं है तो कोई बात नहीं। हम अकेले ही इसे इसके तार्किक निष्कर्ष तक लेकर जाएंगे। हम लड़ेंगे क्योंकि यह लड़ाई जम्मू-कश्मीर के लोगों के भविष्य, उनकी नौकरियों और जमीन से जुड़ी है जो स्थानीय लोगों की पहली प्राथमिकता है। उनकी लड़ाई इंसाफ पर आधारित है और सम्मान और गरिमा की बहाली के लिए है जो उनसे असंवैधानिक तरीके से छीन ली गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह केंद्र शासित प्रदेश शब्द से सहज नहीं हैं और आरोप लगाया कि जब तत्कालीन राज्य के दर्जे को कम किया जा रहा था तो लोगों से झूठ कहा गया।

## झारखंड की खदान में अवैध खनन करने के चक्कर में फंसे चार लोग बाहर निकले

**बोकारो (झारखंड)।** झारखंड के बोकारो जिले में कोयले की एक परित्यक्त खदान के अवैध रूप से किए जा रहे खनन के दौरान शुक्रवार को फंसे चार लोग सोमवार सुबह बाहर निकल आए। पुलिस ने यह जानकारी दी। चंदनकियारी ब्लॉक के तिलाटांड़ गांव के निवासी चार व्यक्तियों ने कहा कि पर्वतपुर की भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की खदान से बाहर निकलने के लिए उन्होंने 20 घंटे खुदाई की। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा ने कहा कि खदान से बाहर निकले लोगों की पहचान लक्ष्मण रजवार (42), अनादि सिंह (45), रावण रजवार (46) और भरत सिंह (45) के रूप में की गई है जो सोमवार तड़के साढ़े तीन बजे बाहर निकलने में कामयाब हुए। जिला प्रशासन और बीसीसीएल अधिकारियों द्वारा उनका पता लगाने में असफल रहने के बाद रविवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों को बचाव अभियान के लिए तैनात किया गया था।



मुंबई में नौ सेना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सोमवार को हुए पूर्वाभ्यास का एक दृश्य

# परीक्षा मामले में आवेदन पर विचार करने से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस आवेदन पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें अगले महीने होने वाली चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) परीक्षाओं के लिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी अधिसूचना से जुड़े मुद्दों को उठाया गया था। न्यायालय ने कहा, हम यहां हर चीज को विनियमित करने के लिए नहीं है। न्यायमूर्ति एम खानविलकर और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने आवेदक से यह भी पूछा कि उसने एक ऐसी रिट याचिका में आवेदन क्यों दायर किया जिसे शीर्ष अदालत ने पहले ही निपटा दिया था।

पीठ ने कहा, हम इस आवेदन पर विचार नहीं करेंगे। आवेदक, यदि और जब जरूरी हो तो, आवश्यक संशोधन कराने के वास्ते सक्षम प्राधिकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए स्वतंत्र है। आवेदक की ओर से पेश हुए वकील ने पीठ को आईसीएआई की आठ नवंबर की अधिसूचना के बारे में बताया जिसमें कोविड-19 महामारी के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों, परीक्षा अधिकारियों और दिसंबर 2021 की सीए परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देशों का उल्लेख है।

पीठ ने कहा, आप आवेदन कैसे दाखिल कर सकते हैं आवेदक के वकील ने कहा कि यह शीर्ष अदालत के 30 जून के आदेश को आगे बढ़ाने से संबंधित परिपत्र है। शीर्ष अदालत ने जुलाई में होने वाली सीए परीक्षाओं में शामिल होने से जुड़े ऐसे अभ्यर्थियों को 30 जून को परीक्षा में उपस्थित न होने का विकल्प प्रदान कर दिया था जो खुद या जिनके परिवार कोविड-19 से प्रभावित हुए हों।अभ्यर्थियों के लिए उपस्थित नहीं होने का विकल्प, परीक्षा स्थगित करने और इस वर्ष केंद्रों की संख्या में वृद्धि शामिल करने जैसी राहत के लिण्विभिन्न याचिकओं पर सुनवाई करते हुए जून में आदेश पारित किया था।

## महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र नागपुर के बजाए मुंबई में होगा : सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 22 से 28 दिसंबर तक नागपुर के बजाय मुंबई में होगा। राज्य के विधाई मामलों के मंत्री अनिल परब ने सोमवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के स्वास्थ्य के मद्देनजर विधानमंडल का सत्र नागपुर से मुंबई स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। इस महीने की शुरुआत में मुख्यमंत्री की रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई थी और उन्हें ऐसी यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है जिसमें विमान में सवार होने की आवश्यकता हो। कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में हिस्सा लेने के बाद परब ने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री सत्र के लिए उपस्थित रहना चाहते थे, इसलिए शीतकालीन सत्र को मुंबई में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सत्र की अवधि बढ़ाने पर फैसला 24 दिसंबर को लिया जाएगा। पहले सप्ताह में सत्र 22-24 दिसंबर को होगा। विधेयक और एक विनियोग विधेयक पेश किया।

# बिहार की तथा कथित डबल इंजन सरकार ट्रबल इंजन में परिवर्तित हो गई है:तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि तथाकथित डबल इंजन वाली इस सरकार का इंजन खराब हो चुका है और अब यह किसी काम का न होकर ट्रबल इंजन में परिवर्तित हो गई है। विधानसभा परिसर में राजद नेता यादव ने पत्रकारों से बातचीत में नीतीश कुमार सरकार पर सभी मोर्चों पर पूरी तरह से विफल होने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

नीति आयोग की रिपोर्ट में लगभग सभी मामलों में बिहार सरकार को विफल दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री प्रदेश में भ्रष्ट सरकार चला रहे हैं। यादव ने आरोप लगाया कि बेरोजगारी के मामले में बिहार पहले पायदान पर है तथा राज्य में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से तबाह हो गई है और स्वास्थ्य ढांचा चरमरा गया है।उन्होंने कहा कि नीति आयोग की रैंकिंग में बिहार कहां है, यह नीचे से पहले नंबर पर है। राजद नेता ने आरोप लगाया, जब भी मुख्यमंत्री से इस बारे में पूछा जाता है तो वह अपनी अनभिज्ञता जाहिर करते हैं। इससे पता चलता है कि बिहार सरकार लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति गंभीर नहीं है। यह डबल इंजन नहीं बल्कि बिहार में ट्रबल इंजन की सरकार है।

महालेखा परीक्षक (कैग) ने भी अपनी रिपोर्ट में बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में वित्तीय विसंगतियों, अनियमितताओं और फिजूलखर्ची को उजागर किया है। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन यादव ने कहा, चूंकि बिहार के मुख्यमंत्री को नीति आयोग या कैग की रिपोर्ट की जानकारी नहीं है इसलिए हम विपक्षी दल के विधायकों ने उन्हें इन रिपोर्टों की प्रतियां सौंपने का फैसला किया है। हम इन मुद्दों को विधानसभा में भी उठाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक बिहार की 51.91 फीसदी आबादी गरीब है जबकि झारखंड और उत्तर प्रदेश क्रमशः दूसरे (42.16फीसद) एवं तीसरे (36.65 फीसद) स्थान पर है। आयोग की रिर्पोट के अनुसार बिहार में कुपोषित लोगों की संख्या भी सबसे अधिक है। झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ भी इस सूची में शामिल हैं।रिर्पोट के मुताबिक बिना बिजली कनेक्शन वाले घरों की सूची में बिहार भी शीर्ष पर है। उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड और ओडिशा सूची में अन्य शीर्ष चार राज्य हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने पर दिवंगत सदस्यों सहित विभिन्न नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र तीन दिसंबर तक चलेगा।

## क्विक न्यूज

### पर्यटन नीति को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा: मंत्रालय

**कोहिमा।** लंबे समय से अटकी राष्ट्रीय पर्यटन नीति को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा और इसमें कोविड-19 के बाद की यात्रा को ध्यान में रखते हुए विशिष्ट नियम व प्रावधान होंगे। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रालय द्वारा पर्यटन पर राष्ट्रीय नीति का मसौदा तैयार किया गया था और महामारी का असर कम होने के बाद इसकी समीक्षा की जानी थी।कोहिमा में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट के इतर केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के अतिरिक्त महानिदेशक रुपिंदर बरार ने कहा, जब हम पर्यटन नीति पर तेजी से काम कर रहे थे, उसी दौरान कोविड संकट आ गया, जिसके चलते कई तरह की चुनौतियां उभरी, हालांकि, महामारी कई अवसर भी लेकर आई। उन्होने कहा, महामारी ऐसा उभरता विषय है, जिसने पर्यटन की दुनिया को बदल दिया है।

### नगर निगम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी ने 144 वार्ड वाले कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के 19 दिसंबर को होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष प्रताप बंदोपाध्याय ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पुराने और नए चेहरों दोनों को उनके ट्रैक रिकॉर्ड और जनाधार को ध्यान में रखते हुए मैदान में उतारना चाहती है। बंदोपाध्याय ने कहा, हमने 50 महिलाओं और 48 युवाओं को मैदान में उतारा है। सूची में एक पूर्व कर्नल और पांच वकीलों के अलावा स्कूल के शिक्षक, प्रोफेसर, डॉक्टर हैं। पार्टी ने उन्हे चुना है जिनकी साफ-सुथरी छवि और अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड है। एक सवाल के जवाब में प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य ने कहा, भाजपा निगम चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हमने ढाई महीने पहले 75 प्रतिशत नामो पर फैसला कर लिया था। भाजपा द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष एक ही चरण में राज्य के सभी नगर निकायो के चुनाव कराने के लिए दायर याचिका के बारे में भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी इस मामले पर न्यायपालिका के निर्णय का इंतजार करेगी।

### केरल में कोरोना वायरस के 3382 नए मामले, 117 की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सोमवार को कोरोना वायरस के 3382 नए मरीज़ मिले जबकि 117 संक्रमितो की मौत की पुष्टि हुई। एक विज्ञप्ति के मुताबिक, राज्य में कुल मामले 51,25,262 हो गए है जबकि 39,955 लोगो की संक्रमण के कारण जान जा चुकी है। केरल में 28 नवंबर को 4350 नए मामलों की पुष्टि हुई थी। विज्ञप्ति के मुताबिक, रविवार को 5779 लोग संक्रमण से उबरे है जिसके बाद संक्रमण मुक्त हो चुके लोगो की संख्या 50,51,998 हो गई है। राज्य में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या घटकर 44,487 रह गई है। विज्ञप्ति के अनुसार, 14 जिलों में सबसे ज्यादा 666 मामले एर्नाकुलम में आए है। इसके बाद तिरुवनंतपुरम में 527 और कोझीकोड में 477 संक्रमित मिले है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि 117 मौतों में से 59 पिछले कुछ दिनो में हुई है जबकि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों व उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के आधार पर मिली अपीलों के बाद 58 मृत्यु को कोविड से हुई मौत माना गया है।

### कोविड-19 से 190 सैन्यकर्मियों की मौत : रक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि कोविड-19 संक्रमण के चलते देश भर में कुल 190 सैन्यकर्मियो की मौत हुई है जबकि सशस्त्र बल के कर्मियो के परिवारो के 1491 सदस्य इस महामारी के शिकार हुए। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि देश में कोविड-19 का संक्रमण फैलने के बाद थल सेना के 137, वायु सेना के 49 और नौ सेना के चार कर्मियो की मौत हुई है। भट्ट ने बताया कि इस महामारी से थल सेना के कर्मियो के परिवारो के 1311 सदस्यो, वायु सेना के कर्मियो के परिवारो के 114 सदस्यो और नौ सेना कर्मियो के परिवारो के 66 सदस्यो की मौत हुई। सैन्य अस्पतालो में थल सेना के 276, वायु सेना के 41 और नौ सेना के 96 असैनिको की भी कोरोना महामारी की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। रक्षा राज्य मंत्री के मुताबिक तीनो बलो के 67,345 कर्मी कोरोना से संक्रमित हुए थे जबकि उनके परिवारो के 22,601 लोग भी इसकी चपेट में आ गए थे।

### केंद्र सरकार किसानों को एमएसपी की गारंटी दे : डॉ. शर्मा

**जयपुर।** पूर्व चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर रघु शर्मा ने सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा एवं राज्यसभा में किसान कृषि विधेयक वापसी विधेयक सर्वसम्मति से पारित होने के बाद तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किसानों को फसलो के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने की मांग की। घोषित एमएसपी से नीचे फसलो की खरीद कानूनी रूप से वर्जित हो यानी कोई भी व्यक्ति, व्यापारी एवं संस्था कम से कम वैधानिक रूप से तय एमएसपी का ही भुगतान करे, उससे कम पर खरीदी ना करे। एमएसपी का निर्धारण कृषि लागत मूल्य आयोग की सी-2 लागत पर 50ऽ मुनाफा जोड़कर होना चाहिए जैसा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश में था।



जम्मू के सुंदरबनी इलाके में नियंत्रण रेखा के पास फायरिंग अभ्यास के दौरान सीमा सुरक्षा बल के जवान।

# तीन साल में 97 हजार नाकरियां दी बाधाओं को दूर किया : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने बीते तीन साल में लगभग 97,000 नौकरियां दी हैं और सरकारी भर्तियों में आ रही बाधाओं को दूर किया है। गहलोत सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के नवीन भवन के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

सरकारी विभागों में भर्ती परीक्षाओं को त्वरित, वाद रहित एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में मजबूत इच्छाशक्ति व संकल्प के साथ काम कर रही है। सरकारी बयान के अनुसार गहलोत ने कहा, बीते तीन साल से भी कम समय में करीब 97 हजार पदों पर नियुक्तियां दी गई हैं। इसके लिए जहां आवश्यक हुआ नियमों में संशोधन और उनका सरलीकरण किया गया। गहलोत ने कहा, हमारा पुरजोर प्रयास है कि भर्तियां समय पर पूर्ण हों, विधिक या अन्य किसी प्रकार की बाधाओं के कारण वे अटके नहीं और सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए इंतजार ना करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोग की आंतरिक कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए तैयार किए गए संशोधित मैनुअल के पहले एवं दूसरे खंड का विमोचन किया। उन्होंने अभ्यर्थियों की समस्याओं के प्रभावी निराकरण के लिए आरपीएससी वेब पोर्टल का मॉड्यूल भी लांच किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में भर्ती एजेंसियों के लिए परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। ऐसे में आरपीएससी तथा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जैसी संस्थाएं परीक्षाओं के आयोजन में निरन्तर नवाचारों को अपनाएं। गहलोत ने कहा कि आरपीएससी में रिक्त पदों को भरने तथा अन्य आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध कराने में सरकार कोई कमी नहीं रखेगी।

## कॉउंसलिंग स्थगित होने से 500 रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर

**अहमदाबाद।** नीट-परास्नातक कॉउंसलिंग स्थगित किए जाने के विरोध में गुजरात के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के लगभग।,500 रेजिडेंट डॉक्टर सोमवार को एक दिन की हड़ताल पर चले गए। डॉक्टरों का दावा है कि प्रवेश में देरी से डॉक्टरों की बेहद कमी हो गई है जिससे जूनियर डॉक्टरों पर भार बढ़ गया है। इसके अलावा सातवें वेतन आयोग के सुझावों के अनुसार,बकाया राशि के भुगतान समेत लंबे समय से चली आ रही मांगों को लेकर विभिन्न सरकारी और गुजरात चिकित्सकीय शिक्षा एवं द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों के प्रोफेसरों और लेक्चरर ने राज्यभर में विरोध प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार ने हाल में नीट-परास्नातक 2021 की कॉउंसलिंग अगले साल तक के लिए रोक दी है और उच्चतम न्यायालय को इसकी सूचना दे दी है। मेडिकल के मास्टर ऑफ सर्जरी और डॉक्टर ऑफ मेडिसिन जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परास्नातक राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट पीजी) आयोजित की जाती है।

# हास्य कलाकार के खिलाफ आरोप पत्र 10 महीने से अटका

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** हिंदू देवी-देवताओं पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर इंदौर में जनवरी के दौरान दर्ज बहुचर्चित मामले में हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी और चार अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस जिला अदालत में अब तक आरोप पत्र पेश नहीं कर सकी है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस मामले में भारतीय दंड विधान की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य) के तहत आरोप पत्र पेश करने के लिए पिछले 10 महीनों से राज्य सरकार की मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। तुकोगंज पुलिस थाने के प्रभारी कमलेश शर्मा ने पीटीआई-भाषा से इस बात की पुष्टि की। उन्होंने फारुकी के मामले की ताजा स्थिति पूछे जाने पर बताया, हमने फारुकी और चार अन्य लोगों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश करने की अनुमति के लिए राज्य सरकार को 29 जनवरी को पत्र भेजा था। हमें अभी यह मंजूरी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंजूरी मिलने के बाद फारुकी समेत पांचों लोगों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र पेश कर दिया जाएगा क्योंकि मामले में पुलिस की जांच पूरी हो चुकी है। थाना प्रभारी के अनुसार, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के मुताबिक भारतीय दंड विधान की धारा 295-ए के तहत दर्ज किसी मामले में अदालत में आरोपपत्र पेश किए जाने से पहले राज्य सरकार से अनुमति लिया जाना कानूनन जरूरी है। शर्मा ने यह भी बताया कि रविवार को बेंगलुरू में फारुकी का शो रद्द किए जाने से पहले कर्नाटक पुलिस ने फारुकी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले का ब्योरा इंदौर पुलिस से मांगा था। इंदौर में फारुकी के खिलाफ दर्ज मामले की जानकारी बेंगलुरु पुलिस के साथ साझा की थी।

# चोरी का आरोप लगाना वर्दी का अहंकार : न्यायालय

**कोच्चि।** अगस्त में एक पिता और बेटी के प्रति सख्ती दिखाने और उन पर फोन चोरी करने का आरोप लगाने वाली एक महिला पुलिस अधिकारी के वीडियो से परेशान और आहत केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उसका आचरण खाकी के अहंकार और अभिमान का संकेत देता है। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने घटना के लगभग पांच मिनट के लंबे वीडियो को देखने के बाद कहा कि लड़की को शुरू से ही रोते हुए देखा जा सकता है, लेकिन अधिकारी बिल्कुल द्रवित नहीं हुई और इसके बजाय वह पिता और बेटी को रोक रही थी। अदालत ने कहा कि एक महिला और एक मां होने के नाते अधिकारी को आंसुओं से पसीजना चाहिए था और बच्ची को दिलासा देनी चाहिए थी।

न्यायमूर्ति रामचंद्रन ने कहा, वीडियो परेशान करने वाला हे। इसने मुझे हिला दिया है। बच्ची लगातार रो रही थी। वह डर गई थी। किसी के पिता पर और वह भी पुलिस द्वारा आरोप लगाया जाए तो कोई भी बच्चा ऐसा ही करेगा। वे समाज के कमजोर वर्ग से हैं। झुककर बच्ची से माफी मांगनी चाहिए थी और उसके लिए एक चॉकलेट खरीदनी चाहिए थी और चीजें वहीं खत्म हो जातीं। इसके बजाय उन्होंने अपने कार्यों को सही ठहराया। यह ज्ञान की कमी नहीं है, यह शुद्ध अहंकार और अभिमान है। खाकी वर्दी का अहंकार और अभिमान।

अदालत ने सवाल किया, यह कैसी पिंक पुलिस है कि जब बच्ची रोने लगी तो कोई उसके पास नहीं गया? हमें ऐसी पिंक पुलिस की आवश्यकता क्यों है अदालत ने राज्य के पुलिस प्रमुख से इस मुद्दे पर अपना ध्यान देने और रिपोर्ट दर्ज करने को कहा, क्योंकि अब तक पिता और बेटी के बयान नहीं लिए गए हैं। न्यायाधीश ने यह भी निर्देश दिया कि पुलिस अधिकारी के स्थानांतरण आदेश और निर्णय लेने के लिए जिन सामग्रियों पर भरोसा किया गया है, उन्हें सुनवाई की अगली तारीख सात दिसंबर तक अदालत के समक्ष रखा जाए। अदालत आठ साल की बच्ची द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सरकार को उसके मौलिक अधिकार के उल्लंघन के लिए अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया। याचिकाकर्ता ने अपमानजनक घटना के लिए सरकार से मुआवजे के रूप में 50 लाख रुपए की भी मांग की है। यह घटना 27 अगस्त को हुई जब अत्तिंगल निवासी जयचंद्रन अपनी आठ साल की बेटी के साथ मूनुमुक्कू पहुंचे, जो थुंबा में विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के लिए एक बड़े कार्गो की आवाजाही देखना चाहती थी। पिंक पुलिस से जुड़ी एक महिला पुलिस अधिकारी रजिता को यातायात नियमन में सहायता के लिए तैनात किया गया था और उसने दोनों पर पुलिस वाहन में रखे मोबाइल फोन को चोरी करने का आरोप लगाया। वायरल हुए एक वीडियो में अधिकारी और उनके सहयोगी को पिता और बेटी को परेशान करते और यहां तक कि उसकी तलाशी लेते हुए भी देखा गया। इस घटना के दौरान बच्ची रोने लगी।



आगरा में सोमवार को ताजमहल प्रांगण के अंदर क्षतिग्रस्त फुटपाथ के निर्माण में लगे श्रमिक

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजारों में इस सप्ताह की शुरूआत अच्छी रही और सोमवार को दोनों सूचकांक- बीएसई सेंसक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी कंपनियों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। हालांकि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रॉन के कुछ और देशों में फैलने के बाद निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। कोरोना वायरस का नया स्वरूप कई देशों में पाए जाने के बाद दुनिया के कई देश फिर से यात्रा पाबंदी लगा रहे हैं। हालांकि अभी तक भारत में ओमीक्रॉन का कोई मामला नहीं पाया गया है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को शेयर बाजार में बड़ी गिरावट के बाद सोमवार को कुछ स्थिरता दिखी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.43 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,260.58 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ सूचकांक शुरूआती कारोबार में 500 अंक से भी अधिक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.50 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,053.95 अंक पर बंद हुआ।

### आरआईएल और टीसीएस में तेजी

रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो के प्रीपेड मोबाइल फोन की शुल्क दरें बढ़ाने की घोषणा के बाद कंपनी का शेयर 1.26 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स के शेयरों में कोटक बैंक सर्वाधिक 2.92 प्रतिशत चढ़ा। एलआईसी को भारतीय रिजर्व बैंक से निजी क्षेत्र के इस बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर लगभग 10 प्रतिशत करने की मंजूरी से शेयर में तेजी रही। इसके अलावा, एचसीएल टेक, टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाइटन और टेक महिंद्रा में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, नेस्ले, बजाज ऑटो, भारतीय स्टेट बैंक और डा. रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 2.03 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कोरोना वायरस के नए स्वरूप को लेकर चिंता के बीच घरेलू सूचकांक शुरूआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे। मुख्य रूप से आईटी और स्वास्थ्य से जुड़ी कंपनियों के शेयरों से बाजार को समर्थन मिला। वैश्विक बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता और गिरावट के बाद लिवाली की स्थिति देखने को मिली। इससे गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। घरेलू बाजार में, दूरसंचार क्षेत्र पर निवेशकों की नजर रही क्योंकि सभी प्रमुख कंपनियों ने शुल्क दरें बढ़ा दी हैं।







## क्विक न्यूज

### एलआईसी कोटक बैंक में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर करीब दस फीसदी करेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर करीब दस फीसदी करेगी। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को सोमवार को बताया कि बैंक मे एलआईसी की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। बैंक ने बताया कि उसे एलआईसी से इस मंजूरी के बारे में सूचना मिली है। बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में एलआईसी की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 9.99 फीसदी करने का प्रस्ताव है। गत 30 सितंबर को बैंक मे एलआईसी की हिस्सेदारी 4.96 प्रतिशत थी। बैंक मे हिस्सा बढ़ाने का यह प्रस्ताव निजी क्षेत्र के बैंको में शेयरों के अधिग्रहण या मताधिकार के लिए आरबीआई की पूर्व-अनुमति लेने के दिशा-निर्देशो के अधीन है। इसके अलावा बाजार नियामक सेबी भी विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानो पर गौर करता है। कोटक महिंद्रा बैंक के मुताबिक यह मंजूरी एक साल की अवधि के लिए वैध है।

### जूट आयुक्त ने कच्चे जूट की कीमत बढ़ाने के सुझाव को नकारा

**कोलकाता।** जूट आयुक्त ने कच्चे जूट की कीमत को 7,200 रुपए प्रति क्विंटल करने के भारतीय जूट मिल संघ (आईजेएमए) के सुझाव को नकार दिया है। इसके साथ ही जूट आयुक्त ने जूट से बने बोरो के लिए एक कीमत दायरा तय करने को भी कहा है। आईजेएमए ने जूट आयुक्त को कच्चे जूट की कीमत को 6,500 रुपए से बढ़ाकर 7,200 रुपए प्रति क्विंटल करने का सुझाव दिया था। राज्य सरकार ने खाद्यान्न भंडारण में इस्तेमाल होने वाले जूट के बोरो की कीमतो मे लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर जूट उत्पादको की राय मांगी थी। जूट आयुक्त ने आईजेएमए को लिखे अपने एक पत्र में इस सुझाव को अस्वीकार कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार की बुलाई गई बैठक मे जूट-निर्मित बोरे की अधिकतम कीमत 100 रुपए प्रति बोरा तय करने का प्रस्ताव रखा गया है। जूट नियामक ने कहा है कि इस प्रस्ताव के बारे में जूट मिल संघ भी अपना पक्ष रखेगा। उन्होंने कहा कि है कच्चे जूट की कीमत बढ़ाने के बजाय जूट-निर्मित बोरे की अधिकतम कीमत तय करना उचित होगा। इस बीच आईजेएमए चेयरमैन राघव गुप्ता ने कहा कि उनका संगठन जूट आयुक्त की तरफ से रखे गए प्रस्ताव पर अभी राजी नही हुआ है। इसके लिए संगठन के अधिक सदस्यो के साथ विचार के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

### अमेजन ने अमेजन होलसेल (इंडिया) में 650 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी भारतीय इकाई अमेजन होलसेल (इंडिया) में 650 करोड़ रुपए का नया निवेश किया है। कंपनी द्वारा दायर नियामकीय दस्तावेजो से यह जानकारी दी गई है। कंपनी मामलो के मंत्रालय में दायर किए गए और बाजार आसूचना कंपनी टॉफ्लर द्वारा साझा किए गए दस्तावेजो के मुताबिक अमेजन कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अमेजन डॉट कॉम डॉट इंक्स लि. ने अमेजन इंडिया की थोक बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) इकाई में 650 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह निवेश 26 अक्टूबर, 2021 को किया गया। अमेजन इंडिया ने ईमेल से भेजे गए सवालो का जवाब नही दिया। दस्तावेजो के अनुसार, धन का एक बड़ा हिस्सा (649.94 करोड़ रुपए से अधिक) अमेजन कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लि. से आया। नए निवेश से कंपनी को भारत में अपना बी2बी कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेजन भारत मे विभिन्न कोरोबारी इकाइयो मे आक्रामक रूप से निवेश कर रही है।

### बीएफआईएल के एमडी और कार्यकारी निदेशक ने दिए इस्तीफे, प्रतिद्वंद्वी कंपनी से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक के पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल) के प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशक ने अपने पदों से इस्तीफे दे दिए है। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को बताया कि बीएफआईएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शलभ सक्सेना और कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) आशीष दमानी ने पिछले हफ्ते इस्तीफे दे दिए हैं। बैंक ने एक नियामकीय सूचना मे कहा कि बीएफआईएल के इन दोनो वरिष्ठ अधिकारियो ने गत 25 नवंबर को अपने इस्तीफे दे दिए। हालांकि, उनके इस्तीफे एवं कार्य-मुक्त किए जाने पर अभी कोई फैसला नही लिया गया है। बैंक के मुताबिक इन दोनो ही अधिकारियों ने बीएफआईएल के कुछ लेनदेन के बारे मे जारी ऑडिट प्रक्रिया मे सहयोग देने की बात कही है। इस बीच बैंक ने अंतरिम तौर पर जे श्रीधरन को बीएफआईएल का कार्यकारी निदेशक और श्रीनिवास बोनम को रोजर्मा के कामकाज के संचालन के लिए नामित किया है।

# सरकार का स्वास्थ्य खर्च में हिस्सा बढ़कर 2017-18 में जीडीपी के 1.35 प्रतिशत पर : एनएचए रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** का स्वास्थ्य क्षेत्र में 2017-18 में कुल खर्च बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 1.35 प्रतिशत पहुंच गया, जबकि 2013-14 में यह 1.15 प्रतिशत था। सोमवार को जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमान से यह जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार नागरिकों का प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य खर्च घटकर 2017-18 में 2,097 रुपए रहा जो 2013-14 में 2,336 रुपए था। एनएचए की 2017-18 की रिपोर्ट के अनुसार कुल स्वास्थ्य व्यय में सरकार का खर्च 2017-18 में बढ़कर 40.8 प्रतिशत रहा जो 2013-14 में 28.6 प्रतिशत था। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) द्वारा तैयार पांचवीं एनएचए रिपोर्ट है। इसे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2014 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा तकनीकी सचिवालय (एनएचएटीएस) के रूप में नामित किया है। एनएचए अनुमान विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत स्वास्थ्य लेखा प्रणाली, 2011 के आधार पर लेखा व्यवस्था का उपयोग कर तैयार किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 2017-18 का एनएचए अनुमान न केवल सरकार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते व्यय की प्रवृत्ति को बताता है बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के प्रति लोगों के बढ़ते भरोसे को भी प्रतिबिंबित करता है। मंत्रालय के अनुसार, ए अनुमान न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलनीय है, बल्कि नीति-निर्माताओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में सभी तक स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा पहुंचाने की परिकल्पना को हकीकत का रूप देने की दिशा में प्रगति पर नजर रखने में मददगार है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि 2017-18 के लिए एनएचए के अनुमान से स्पष्ट है कि देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सरकार के स्वास्थ्य व्यय का हिस्सा बढ़ा है। उन्होंने कहा, यह (जीडीपी के अनुपात के रूप में स्वास्थ्य व्यय) 2013-14 में 1.15 प्रतिशत था जो बढ़कर 2017-18 में 1.35 प्रतिशत हो गया। साथ ही सरकार का कुल स्वास्थ्य व्यय में खर्च भी इस दौरान बढ़ा है।

वर्ष 2017-18 में बढ़कर यह 40.8 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 28.6 प्रतिशत था। प्रति व्यक्ति खर्च के हिसाब से सरकार का स्वास्थ्य मद में खर्च 2017-18 में ।,753 रुपए रहा जो 2013-14 में ।,042 रुपए था। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार का सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर प्रयास का सकारात्मक असर दिख रहा है।

# वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन से पहले 14,000 करोड़ रुपए के समझौतों पर हस्ताक्षर


भाषा। गांधीनगर

**वाइब्रेंट** गुजरात ग्लोबल सम्मेलन 2022 के सिलसिले में सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गुजरात में 14,000 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश से जुड़े 12 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन गांधीनगर में अगले वर्ष 10 जनवरी को शुरू होगा और 12 जनवरी तक चलेगा। सम्मेलन से पहले यह दूसरा समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम था जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। इसके साथ ही गुजरात में निवेश के 38,188 करोड़ रुपए के समझौतों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। गुजरात सरकार ने बताया कि मित्सु प्राइवेट लिमिटेड ने दक्षिण गुजरात के वापी में रसायन, दवा, एपीआई, कपड़ा, इंजीनियरिंग, प्लास्टिक के लिए मिश्रित औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ के बड़े निवेश का प्रस्ताव रखा है। राज्य सरकार के अनुसार इस प्रस्तावित निवेश से राज्य में करीब 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी रसायनों और अन्य उत्पादों के लिए 2,000 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसी तरह आरती इंडस्ट्रीज ने भी राज्य में 1,669.8 करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया है।

वहीं एशियन पेंट्स ने भरूच जिले के अंकलेश्वर में अपने पेंट संयंत्र पर 1,114 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश को लेकर समझौता किया है। गुजरात सरकार ने वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन के पहले हरेक सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है।

### भारत बायोटेक ने कोवैक्सिन का निर्यात शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक ने कोविड-19 के टीके कोवैक्सिन का निर्यात शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि उसने नवंबर में लंबे समय से लंबित निर्यात ऑर्डर निपटाए हैं। भारत बायोटेक ने सोमवार को ट्वीट किया, नवंबर में लंबे समय से लंबित निर्यात ऑर्डरों को पूरा किया जा रहा है। आने वाले महीनों में निर्यात को और तेजी से बढ़ाया जाएगा। बड़ी संख्या में देशों में कोवैक्सिन के आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति मिल चुकी है। ऐसे में दिसंबर में कुछ अन्य देशों को टीके का निर्यात शुरू किया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने यह नहीं बताया कि वह दिसंबर से किन अन्य देशों को टीके का निर्यात शुरू करेगी। ट्वीट में कंपनी ने निर्यात की अनुमति देने के लिए भारत सरकार का आभार जताया है। कंपनी ने कहा, कोवैक्सिन महामारी के खिलाफ लड़ाई का एक अभिन्न हिस्सा बन गई है। इससे पहले पिछले सप्ताह सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने बताया था कि उसने अपने टीके कोविशील्ड का निर्यात शुरू कर दिया है।




### इस सप्ताह ई-श्रम पोर्टल पर 10 करोड़ को छू सकता है पंजीकरण का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों का आंकड़ा इस सप्ताह 10 करोड़ पर पहुंच सकता है। ताजा आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है। अभी ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृतउ श्रमिकों की संख्या 9.7 करोड़ के करीब है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने ई-श्रम पोर्टल विकसित किया है जो आधार के साथ जुड़ा असंगठित श्रमिकों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस है। पोर्टल 26 अगस्त, 2021 को शुरू किया गया था। पोर्टल पर रविवार को 13.97 लाख श्रमिकों ने पंजीकरण कराया, जबकि शनिवार को यह संख्या 14.95 लाख थी। इस तरह इस बात को ध्यान में रखते हुए कि एक दिन में औसतन 10 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो रहा है, नामांकन इस सप्ताह ही 10 करोड़ का आंकड़ा छू सकता है। पोर्टल के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि ई-श्रम पोर्टल पर 9.7 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग जैसे सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के श्रमिकों की संख्या 72.46 प्रतिशत है जबकि 27.54 प्रतिशत सामान्य वर्ग से हैं। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के 89.68 प्रतिशत पंजीकृत श्रमिकों ने अपने बैंक विवरण प्रदान किए हैं। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि भारत में गांवों में विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के वितरण के लिए गठित साझा सेवा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से 80.73 प्रतिशत पंजीकरण हुए हैं।

# रिजर्व बैंक ने रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को भंग किया, दिवाला कार्यवाही शुरू करेगा

भाषा। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने सोमवार को अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल लि. (आरईएल कैप) के निदेशक मंडल को भंग कर दिया। केंद्रीय बैंक जल्द ही कर्ज में डूबी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करेगा। भुगतान में चूक और कंपनी संचालन के स्तर पर गंभीर खामियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान मे कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पूर्व कार्यकारी निदेशक नागेश्वर राव वाई को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का प्रशासक नियुक्ति किया गया है। यह तीसरी सबसे बड़ी एनबीएफसी है जिसके खिलाफ केंद्रीय बैंक दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवाला कार्यवाही शुरू करेगा। इससे पहले, रिजर्व बैंक ने श्रेई ग्रुप की एनबीएफसी




तथा दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएचएफएल) के खिलाफ इसी प्रकार की कार्यवाही शुरू की थी। डीएचएफएल के खिलाफ कार्यवाही पूरी हो चुकी है जबकि श्रेई का मामला अभी लंबित है। केंद्रीय बैंक ने कहा, रिजर्व बैंक ने मेसर्स रिलायंस कैपिटल लि. के निदेशक मंडल को भंग कर दिया है। कंपनी के अपने कर्जदाताओं को कर्ज लौटाने में चूक और कंपनी संचालन से जुड़ी गंभीर चिंताओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया। कंपनी का निदेशक मंडल इन मुद्दों का समाधान प्रभावी तरीके से नहीं कर पाया। बयान के अनुसार, रिजर्व बैंक जल्दी ही ऋण शोधन अक्षमता और दिवाला (वित्तीय सेवा प्रदाताओं की दिवाला और परिसमापन कार्यवाही और न्यायनिर्णय प्राधिकरण को आवेदन) नियम, 2019 के तहत कंपनी को लेकर समाधान प्रक्रिया शुरू करेगा। रिजर्व बैंक राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई से भी ऋण शोधन समाधान पेशेवर के रूप में प्रशासक नियुक्त करने का आग्रह करेगा। उल्लेखनीय है कि रिलायंस कैपिटल ने सितंबर में सालाना आम बैठक में शेयरधारकों को सूचित किया था कि कंपनी के ऊपर एकीकृत रूप से 40,000 करोड़ रुपए का कर्ज है। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में ।,156 करोड़ रुपए का एकीकृत नुकसान हुआ जबकि आय 6,001 करोड़ रुपए रही थी। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कंपनी को 9,287 करोड़ रुपए का घाटा हुआ जबकि कुल आय 19,308 करोड़ रुपए रही थी।

### एथर एनर्जी की तमिलनाडु में अपना दूसरा विनिर्माण संयंत्र लगाने की योजना

**मुंबई।** हीरो मोटोकॉर्प समर्थित दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी एथर एनर्जी तमिलनाडु में अपना दूसरा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी के अनुसार यह संयंत्र 2022 में शुरू होगा। इसके शुरू होने से कंपनी को अपनी उत्पादन क्षमता 1.20 लाख इकाई से बढ़ाकर चार लाख इकाई सालाना करने में मदद मिलेगी। एथर एनर्जी ने बयान में कहा कि बिजलीचालित दोपहिया वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नया संयंत्र तमिलनाडु के होसुर में स्थापित किया जाएगा। बेंगलुरु स्थित एथर एनर्जी ने इस साल की शुरुआत में होसुर में अपनी पहली विनिर्माण सुविधा स्थापित की थी। नए संयंत्र में लिथियम-आयन बैटरी पर भी ध्यान दिया जाएगा, जो कंपनी के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है। कंपनी के अनुसार, इस नए संयंत्र से उसे अपनी उत्पादन क्षमता को चार लाख इकाई प्रतिवर्ष करने में मदद मिलेगी, जो वर्तमान में ।,20,000 इकाई सालाना है।

## पेज 1 का शेष

### तीन कृषि कानूनों की...

इससे पहले कृषि मंत्री तोमर ने तीन कृषि काननों की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार बहुत विचार-विमर्श के बाद किसानों के कल्याण के लिए इन कानूनों को लेकर आई थी। उन्होंने कहा लेकिन दुख की बात है कि कई बार प्रयत्न करने के बावजूद वह किसानों को समझा नहीं सकी। कृषि मंत्री तोमर ने कांग्रेस पर दोहरा रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दल ने अपने घोषणापत्र में कृषि सुधारों का वादा किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु नानक जयंती पर तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर बड़ा दिल दिखाया और यह उनकी कथनी और करनी में एकरूपता का परिचायक है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर महीने में केंद्र सरकार विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून, कृषि (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून और आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 लाई थी। कई किसान संगठनों के करीब एक साल के आंदोलन के बाद सरकार ने इन कानूनों को निरस्त करने का फैसला किया। दोनों सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाया।

### डॉ. मित्रा को राज्यसभा...

एक पत्रकार के रूप में डॉ. मित्रा ने कोलकाता में द स्टेट्समैन के साथ अपना करियर शुरू किया और द पायनियर अखबार के संपादक और प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया। डॉ. मित्रा के अलावा उच्च सदन ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन मौजूदा सांसद ऑस्कर फर्नांडीस और पूर्व सांसदों केबी शनप्पा, हरि सिंह नलवा, मोनिका दास और अबनी रॉय को भी श्रद्धांजलि दी।

### भारत में ओमीक्रोन का...

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा, विदेश से आने वाले यात्रियों की जानकारी नियमित रूप से प्राप्त की जानी चाहिए, ताकि उन पर निगरानी रखी जा सके और संक्रमण को समय रहते रोका जा सके। दिल्ली में, अधिकारियों ने उच्च-जोखिम वाले देशों से आने वाले सभी लोगों के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षण, पॉजिटिव पाए गए मामलों की जीनोम अनुक्रमण और अनिवार्य पृथकवास का आदेश दिया है।मध्य प्रदेश के जबलपुर में, स्वास्थ्य अधिकारियों ने 18 नवंबर को शहर का दौरा करने वाली खुनो ओरमीत सेलिन नाम की बोत्सवाना की एक महिला की तलाश की। जबलपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुरारिया ने पीटीआई-भाषा से कहा, बोस्वाना दूतावास के एक अधिकारी ने हमें फोन पर बताया कि वह जबलपुर में एक सैन्य संगठन में पृथकवास में है। हमने उससे उसका मोबाइल फोन नंबर और उसका स्थानीय संपर्क साझा करने के लिए कहा है। इस बीच, कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डॉ के. सुधाकर ने कहा कि हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से बेंगलुरु पहुंचे दो व्यक्तियों में से एक का नमूना डेल्टा स्वरूप से अलग प्रतीत होता है। उन्होंने कहा, एक 63 वर्षीय व्यक्ति है, जिसका नाम मुझे नहीं बताना चाहिए। उसकी रिपोर्ट थोड़ी अलग है। यह डेल्टा स्वरूप से अलग प्रतीत होता है। हम आईसीएमआर अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और फिर लोगों को बताएंगे कि यह क्या है। विशेषज्ञों ने सोमवार को कहा कि ओमीक्रोन स्वरूप बहुत ही खतरनाक है और यह अधिक संक्रामक है, हालांकि उन्होंने टीके को महत्वपूर्ण कोविड-रोधी उपाय बताया है। डब्ल्यूएचओ ने भी पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका में पहली बार मिले कोविड के नए स्वरूप बी.1.1.529 को चिंता का कारण बताया है। इस बीच तमिलनाडु सरकार ने भी सोमवार को स्पष्ट किया कि राज्य में ओमीक्रोन का कोई मामला सामने नहीं आया है। उधर विश्व भर में कोरोना के नए स्वरूप के मद्देनजर पंजाब के उप मुख्यमंत्री ओ पी सैनी ने राज्य के हवाईअड्डों पर आने वाले यात्रियों की सख्त निगरानी करने का आदेश दिया है। उन्होंने कोविड की तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर तैयारियों का जायजा भी लिया। गोवा सरकार मंगलवार को कोविड-19 स्थिति का जायजा लेने के लिए एक बैठक आयोजित करेगी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि कोरोना से संबंधित सभी दिशानिर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है तथा हवाईअड्डे और रेलवे स्टेशनों पर तैनात कर्मियों को अधिक चौकस रहने को कहा गया है।

### कोरोना के नए वैरिएंट...

जांच कराने और पॉजिटिव निकलने पर नमूना जीनोम सीक्वेंसी के लिए भी भेजा जाएगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रभावी रणनीति के अनुसार टीकाकरण किया जा रहा है। जिसके सफल परिणाम प्रदेश में देखने को मिल रहे हैं। प्रदेश में अब तक 16 करोड़ 2 लाख से अधिक पात्र लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। जिसमें 11 करोड़ 11 लाख से अधिक पात्र लोगों को पहली डोज और 4 करोड़ 90 लाख से अधिक पात्र लोगों को दूसरी डोज दी जा चुकी है। प्रदेश के 75.22 प्रतिशत पात्र लोगों ने पहली और 33.02 प्रतिशत पात्र लोगों ने दूसरी डोज का टीका कवर प्राप्त कर लिया है। प्रदेश में बीते 24 घंटों में 1,24,647 टेस्ट किए गए जिसमें 5 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। अब तक यूपी में 8,74,37,937 टेस्ट किए जा चुके हैं। प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 100 से कम होकर 86 पहुंच गई है। बीते 24 घंटों में 9 संक्रमितों ने कोरोना को मात दी। इसके साथ ही प्रदेश का रिकवरी रेट अब 98.7 प्रतिशत पहुंच गया है।

### चार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से सरकार को 5,155 करोड़ रुपए का लाभांश मिला

भाषा। नई दिल्ली

**निवेश** एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने सोमवार को कहा कि सरकार को चार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) से लाभांश के रूप में 5,155 करोड़ रुपए मिले हैं। पांडेय ने ट्वीट किया, सरकार को ओएनजीसी और बीपीसीएल से क्रमश: 4,180 करोड़ रुपए और 575 करोड़ रुपए लाभांश के रूप में मिले हैं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि सरकार को एसपीएमसीआईएल और ईसीजीसी से क्रमश: 240 करोड़ रुपए और 160 करोड़ रुपए की राशि लाभांश के रूप में मिली है। इन चार सीपीएसई से मिलने वाला लाभांश 5,155 करोड़ रुपए है। दीपम की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस वित्त वर्ष में अब तक विभिन्न सीपीएसई से लाभांश के माध्यम से 25,376.75 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं।

# ब्रिटिश एशियाई उद्यमियों की संपत्ति इस साल 20 प्रतिशत बढ़ी, हिंदुजा शीर्ष पर कायम

**लंदन।** ब्रिटेन में रहने वाले एशियाई समुदाय के उद्यमियों की कुल संपत्ति इस साल 100 अरब पाउंड से थोड़ी ही कम रही है। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत से भी ज्यादा है। एशियन मीडिया ग्रुप की तरफ जारी एशियाई अमीरों की वार्षिक सूची के मुताबिक, ब्रिटेन में मौजूद एशियाई उद्यमियों ने महामारी और ब्रेक्जिट जैसे झटकों का कहीं ज्यादा सफलता से सामना किया है और यह उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि से झलक भी रहा है। इस सूची में एक बार फिर हिंदुजा परिवार शीर्ष पर है। वर्ष 2020 की तुलना में हिंदुजा परिवार की संपत्ति इस साल 2.5 अरब पाउंड बढ़ी है। यह लगातार सातवां मौका है जब हिंदुजा परिवार सबसे धनी ब्रिटिश एशियाई चुना गया है। एशियन मीडिया ग्रुप ने ब्रिटिश एशियाई समुदाय के सबसे धनी 101 लोगों की सूची जारी की है। इसे ब्रिटिश एशियाई समुदाय की सबसे प्रामाणिक सूची माना जाता है। इस बार की सूची में ब्रिटेन के 15 अरबपति शामिल हैं जो पिछले साल की तुलना में दो अधिक है। अगर एक साल में सबसे ज्यादा संपत्ति वृद्धि के लिहाज से देखें तो मित्तल परिवार सूची में सबसे आगे है। इस साल इस परिवार की संपत्ति 4.8 अरब पाउंड बढ़ी है। कुल 14.2 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ मित्तल परिवार इस सूची में हिंदुजा परिवार के बाद दूसरे स्थान पर है। वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 4.6 अरब पाउंड की वृद्धि हुई है। ब्रिटेन के लघु कारोबार मंत्री पॉल स्कली ने ब्रिटिश एशियाई उद्यमियों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि महामारी से उपजी चुनौतियों का भी उन्होंने बखूबी सामना किया है।

# न्यूजीलैंड ने ड्रा कराया कानपुर टेस्ट

## अश्विन-जडेजा की मेहनत पर रचिन और ऐजाज ने पानी फेरा

**●न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में नौ विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए**

**भाषा** । कानपुर


**न्यूजीलैंड** के लिए अपना पहला टेस्ट खेल रहे रचिन रविंद्र और ऐजाज पटेल ने जबर्दस्त साहस और संयम का परिचय देते हुए अंतिम विकेट बचाकर भारत को तय लग रही जीत से वंचित कर दिया और पहला टेस्ट पांचवें और आखिरी दिन ड्रा पर छूटा। जीत के लिए 284 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम ने नौ विकेट पर 165 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 345 रन बनाए थे जबकि दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित की थी। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 296 रन पर आउट हुई थी।


पांचवें और आखिरी दिन पहले सत्र में जहां कीवी बल्लेबाजों का दबदबा रहा तो दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट लेकर वापसी की। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमश: तीन और चार विकेट लेकर भारत की जीत लगभग तय कर ही दी थी लेकिन रविंद्र और ऐजाज ने अंगद की तरह क्रीज पर पांव धरकर मेजबान के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

न्यूजीलैंड का नौवा विकेट 155 के स्कोर पर 90वें ओवर में गिरा और उसके बाद भी आठ ओवर खेले जाने बाकी थे। भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे ने काफी आक्रामक फील्ड भी लगाई, लेकिन रविंद्र (18) ने 91 गेंद और ऐजाज (दो) ने 23 गेंद खेलकर मैच को ड्रा की ओर धकेल दिया। भारत को आखिरी सत्र में छह विकेट की जरूरत थी लेकिन एक अदद विकेट आखिर में नहीं मिल सका और जीत हाथ से फिसल गई। पहले सत्र में विल समरविले और टॉम लैथम ने भारतीय गेंदबाजों को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी, लेकिन दूसरा सत्र भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा जिन्होंने तीन विकेट चटकाए। उमेश यादव ने लंच के ठीक बाद समरविले को शॉर्ट गेंद पर आउट किया जिन्होंने 110 गेंद में 36 रन बनाए। शुभमन गिल ने लांग लेग सीमा पर उनका कैच लपका। विलियमसन पहली पारी की तुलना में आत्मविश्वास से भरे दिखे जिन्होंने ईशांत शर्मा को चौका भी जड़ा। ईशांत का फॉर्म फिर निराशाजनक रहा।

रोस टेलर को चाय से पहले रविंद्र जडेजा ने आउट किया। टॉम लैथम (146 गेंद में 52 रन) ने एक और अर्धशतक बनाया जो अश्विन की गेंद पर आउट हुए। आखिरी सत्र में जडेजा ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (24) को पगबाधा आउट करके भारत की उम्मीदें बंधाई।उन्होंने जैमीसन (पांच) और साउथी (चार) को भी पवेलियन भेजा। सुबह भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई मदद नहीं मिली। जडेजा की एक गेंद पर लैथम चकमा जरूर खा गए। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर भारत ने डीआरएस लिया लेकिन रिव्यू से साफ था कि गेंद विकेट पर नहीं पड़ रही थी। ईशांत शर्मा और उमेश यादव भी इस पिच पर टिम साउथी और काइल जैमीसन जैसी गेंदबाजी नहीं कर सके। ईशांत पहले स्पैल में बिल्कुल लय में नजर नहीं आए।

उन्होंने और उमेश ने शॉर्ट गेंदें भी डाली लेकिन समरविले विचलित नहीं हुए। आम तौर पर 10वें नंबर पर उतरने वाले समरविले ने उमेश को तीन चौके भी जड़े जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। पहली पारी में शतक से पांच रन से चूके लैथम ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया लेकिन जडेजा को एक चौका भी जड़ा।


कप्तान केन विलियमसन का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के जश्न मनाते रविंद्र जडेजा


न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम ने दूसरी पारी में भी शानदार 52 रन बनाए

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी** : 345 रन
**न्यूजीलैंड पहली पारी** : 296 रन
**भारत दूसरी पारी** : सात विकेट पर 234 रन (घोषित)
**न्यूजीलैंड दूसरी पारी** : टॉम लैथम बो अश्विन 52, विल यंग पगबाधा अश्विन 2, विलियम समरविले का गिल बो यादव 36, केन विलियमसन पगबाधा बो जडेजा 24, रोस टेलर पगबाधा बो जडेजा 2, हेनरी निकोल्स पगबाधा बो पटेल 1, टॉम ब्लंडेल बो अश्विन 2, रचिन रविंद्र नाबाद 18, काइल जैमीसन पगबाधा बो जडेजा 5, टिम साउथी पगबाधा बो जडेजा 4, ऐजाज पटेल नाबाद 2
अतिरिक्त :17 रन
कुल योग : 98 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन
विकेट पतन : 1-3, 2-79, 3-118, 4-125, 5-126, 6-128, 7-138, 8-147, 9-155
गेंदबाजी : अश्विन 30-12-35-3, पटेल 21-12-23-1, यादव 12-2-34-1, शर्मा 7-1-20-0, जडेजा 28-10-40-4

## रविचन्द्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने तीसरे भारतीय गेंदबाज बने

**भाषा** । कानपुर

**अनुभवी** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सोमवार को हरभजन सिंह को पछाड़कर भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अश्विन ने अपने 80वें टेस्ट में यह कमाल किया। इस सूची में शीर्ष पर महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं जिनके नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने 434 टेस्ट विकेट लिए हैं।

अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन टॉम लैथम को आउट करके 418वां विकेट लिया। हरभजन ने 103 टेस्ट में 417 विकेट लिए थे। अश्विन ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में तीन विकेट चटकाए थे। अश्विन ने मैच के बाद कहा कि इस उपलब्धि पर कुछ खास महसूस नहीं हो रहा है। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में 13वें स्थान पर आ गए। उन्होंने पाकिस्तान के वसीम अकरम (414) को भी पछाड़ा। मौजूदा टेस्ट क्रिकेटरों में अश्विन से अधिक विकेट इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (524) और जेम्स एंडरसन (632) के हैं। अश्विन ने दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने बल्ले से भी जौहर दिखाते हुए 2685 रन बनाए हैं जिसमें पांच शतक शामिल है। उन्होंने 111 वनडे में 150 और 51 टी-20 में 61 विकेट लिए हैं। हरभजन ने भी अश्विन को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं अश्विन को बधाई देना चाहता हूं। उम्मीद है कि वह भारत के लिए और कई मैच जीतेगा। उन्होंने कहा कि मुझे तुलना पसंद नहीं है। हमने अलग दौर में अलग विरोधियों के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेली। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



## रहाणे को लेकर चिंतित नहीं हैं राहुल द्रविड़

**भाषा** । कानपुर

**भारतीय** क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को यहां कहा कि किसी और से ज्यादा टेस्ट उपकप्तान अजिंक्य रहाणे खुद बड़ा स्कोर खड़ा कर लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं और उनके लिए यह सिर्फ एक पारी की बात है। नियमित कप्तान विराट कोहली की गैरमौजूदगी में टीम की कमान संभाल रहे रहाणे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां ड्रा टेस्ट में 35 और चार रन बनाए। इस साल 12 टेस्ट मैचों में उनका औसत 20 से भी कम का है।

द्रविड़ से जब पूछा गया कि क्या रहाणे की लय टीम के लिए चिंता का सबब है तो उन्होंने कहा, इसके लिए ज्यादा चिंतित होने की जरुरत नहीं है। जाहिर है कि आप चाहेंगे कि अजिंक्य आपके लिए अधिक रन बनाए, वह खुद भी ऐसा ही चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उन्होंने अतीत में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। वह उन लोगों में से एक है जिनके पास कौशल और अनुभव है।

यह बस एक मैच की बात है, वह इसे जानते है और हम भी समझते है। मुंबई में खेले जाने वाले अगले टेस्ट मैच में कप्तान कोहली की वापसी होगी और ऐसे में क्या रहाणे को अंतिम 11 में जगह देने के लिए मैन ऑफ द मैच श्रेयस अय्यर को बाहर बैठाया जाएगा?

द्रविड़ ने कहा कि हमने तय नहीं किया है कि हमारी अंतिम एकादश क्या होगी और यह बहुत जल्दी है। जब हम मुंबई जाएंगे तो हालात का जायजा लेंगे और लोगों की फिटनेस जांचेंगे। विराट कोहली भी साथ जुड़ेंगे, इसलिए हमें उनसे भी चर्चा करनी होगी और फिर कोई फैसला लेना होगा।

उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट से पहचान बनाकर टेस्ट क्रिकेट तक सफर तय करने वाले अय्यर की तारीफ करते हुए इसे भारतीय क्रिकेट की सफलता करार दी।

### कोच द्रविड़ ने मैदानकर्मियों को दिए 35000 रुपये

**कानपुर**। भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच राहुल द्रविड ने शिव कुमार की अगुवाई में यहां के ग्रीन पार्क मैदान में बेहतरीन पिच तैयार करने वाले कर्मचारियों को 35,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने घोषणा की कि राहुल द्रविड़ ने हमारे मैदानकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से 35,000 रुपए दिए है। अपने समय में द्रविड़ को निष्पक्ष खेल भावना के लिए जाना जाता था। मैदानकर्मियों को मिली प्रोत्साहन राशि इस बात का प्रतीक था कि पिच में मैच के पांचों दिन गेंदबाजों और बल्लेबाजों के लिए कुछ था। इस पिच पर जहां शानदार तकनीक दिखाने वाले श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल, टॉम लाथम और विल यंग जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए तो वहीं टिम साउदी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाजों ने भारत के शीर्ष क्रम को परेशान किया।

## एफआईएच ने चार भारतीयों को विश्व कप में अधिकारी नियुक्त किया

**भाषा** । भुवनेश्वर

**अंतरराष्ट्रीय** हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने यहां और राउरकेला में होने वाले 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए सोमवार को चार भारतीयों को विभिन्न पदों पर अधिकारी नियुक्त किया। सोनिया बाथला को एफआईएच ने तकनीकी अधिकारी जबकि कर्नल (डॉ) बिभु कल्याण नायक को चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया। रघु प्रसाद और जावेद शेख को टूर्नामेंट के अंपायर के तौर पर नामित किया गया है। दिल्ली हॉकी से संबंध रखने वाली सोनिया इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त होने वाली भारत की अकेली महिला होंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निगोमबम ने चारों भारतीय अधिकारियों को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

## शाहीन के पांच विकेट से जीत के करीब पहुंचा पाक

**एपी** । चटगांव

**तेज** गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 32 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में जीत के करीब पहुंच गया। अफरीदी ने पांचवीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जिससे बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 157 रन पर ढेर हो गई और पाकिस्तान को 202 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाजों आबिद अली (नाबाद 56) और पदार्पण कर रहे अब्दुल्लाह शफीक (नाबाद 53) ने इसके चौथे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान का स्कोर बिना विकेट खोए 109 रन तक पहुंचाया।

खराब रोशनी के कारण लगातार चौथे दिन मैच जल्दी समाप्त करना पड़ा। अली ने पहली पारी में भी शतक जड़ा था। पाकिस्तान को कल अंतिम दिन जीत के लिए 93 रन और बनाने होंगे जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। बांग्लादेश ने पहली पारी में 330 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को 286 रन पर समेटकर 44 रन की बढ़त हासिल की थी। अली और शफीक ने मैच में लगातार दूसरी शतकीय साझेदारी पूरी की। अली ने 92 गेंद में तीसरा अर्धशतक पूरा किया जबकि शफीक आफ स्पिनर मेहदी हसन पर छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे।

इससे पहले बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी में लिटन दास (89 गेंद में 59) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। उन्होंने पहली पारी में भी 114 रन बनाए थे। पदार्पण कर रहे यासिर अली ने भी 36 रन बनाए और लिटन के साथ 47 रन की साझेदारी की। ऐसा लग रहा था कि ए दोनों पारी को संभाल लेंगे लेकिन शाहीन की गेंद हेलमेट में लगने के बाद यासिर को वापस लौटना पड़ा। दिन की शुरुआत चार विकेट पर 39 रन से करने वाले बांग्लादेश ने इसके बाद लय गंवा दी। यासिर के लौटने के बाद पहले ही ओवर में टीम ने अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम (16) का विकेट गंवाया जिन्हें तेज गेंदबाज हसन अली (52 रन पर दो विकेट) ने पवेलियन भेजा। यासिर के कनकशन (सिर में चोट लगने के कारण बेहोशी जैसी स्थिति) स्थानापन्न के रूप में उतरे नुरूल हसन 15 रन बनाने के बाद खराब शॉट खेलकर पवेलियन लौटे।

लिटन ने शाहीन की गेंद पर एक रन के साथ 83 गेंद में 10वां अर्धशतक पूरा किया।



### श्रीलंका ने एक विकेट पर 113 रन बनाए

**गॉल**। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने नाबाद 61 रन बनाकर श्रीलंका को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन सोमवार को अच्छी शुरुआत दिलाई, जिससे मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 113 रन बना लिए। खराब रोशनी के कारण 35 ओवर के बाद ही दिन का खेल रोकना पड़ा। निसंका ने कप्तान दिमुथ करुणारत्ने के साथ पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की। करुणारत्ने 90 गेंद की पारी में 42 रन बनाकर ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस की गेंद पर कैच आउट हुए। उन्होंने छह चौके लगाए।

निसंका इस दौरान शानदार लय में दिखे और 109 गेंद की पारी में उन्होंने एक छक्का और चार चौके लगाए।

## राष्ट्रीय निशानेबाजी में पंजाब की जोड़ी को मिश्रित टीम पिस्टल खिताब

**भाषा** । नई दिल्ली

**अर्जुन** सिंह चीमा और अर्शदीप की पंजाब की जोड़ी ने सोमवार को यहां 64वीं निशानेबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का खिताब जीता। अर्जुन और अर्शदीप की पंजाब की जोड़ी ने डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में सौरभ चौधरी और देवांशी की उत्तर प्रदेश की जोड़ी को स्वर्ण पदक के मुकाबले में 17-15 से हराया। सौरभ और देवांशी को जूनियर वर्ग में भी रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जूनियर वर्ग में इस जोड़ी को हरियाणा के सरबजोत सिंह और रिदम सांगवान के खिलाफ 8-16 से शिकस्त झेलनी पड़ी। युवा वर्ग का स्वर्ण पदक भी हरियाणा की झोली में गया जब शिव और शिखा ने तेजस धेरे और वरदिही की महाराष्ट्र की जोड़ी को 16-2 से हराया।

## रविकुमार और कनाबर अंडर-19 टीम में शामिल

**भाषा** । कोलकाता

**बंगाल** के तेज गेंदबाज रविकुमार और सौराष्ट्र के ओम कनाबर को वासु वत्स के चोटिल होने के कारण यहां चल रही अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए सोमवार को विकल्प के तौर पर भारत बी टीम में शामिल किया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा कि भारत बी के तेज गेंदबाज वासु वत्स चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह चोट से उबरने के लिए अब एनसीए जाएंगे। अखिल भारतीय जूनियर चयन समिति ने हैदराबाद के रिषित रेड्डी को भारत ए अंडर-19 टीम में शामिल किया। वेस्टइंडीज में अगले साल होने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी के लिए आयोजित त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम बांग्लादेश है। खिताबी मुकाबला सात दिसंबर को होगा।

### टीमें

**भारत अंडर-19** : एसके रशीद (कप्तान), यश धुल, हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, सिद्धार्थ यादव, दिनेश बाना, एस रोहिल्ला, राज अंगद बावा, गर्व सांगवान, आरएस हंगारगेकर, मानव परख, विवेक कुमार, अमृत राज उपाध्याय, निशांत सिंधू, आर्यन दलाल और रिषित रेड्डी।

**भारत अंडर-19 बी:** अनीश्वर गौतम (कप्तान), पीएम सिंह राठौड़, मोहम्मद फैज, आर विमल कुमार, अंश गोसाई, उदय सहारन, के एस तांबे, अराध्य यादव, धनुष गौड़ा, आयुष सिंह ठाकुर, शास्वत डंगवाल, शशांक एम, विक्की ओस्तवाल, शॉन रोजर, रविकुमार और ओम कनाबर।

## भारतीय महिलाओं की फुटबाल में एक और हार

**●चिली ने 3-0 गोलों से हराया, गुरुवार को अगला मैच वेनेजुएला से खेलेगा भारत**

**भाषा** । मनाउस (ब्राजील)

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम को बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद सोमवार को यहां अमेजन एरेना में चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में चिली के खिलाफ 0-3 गोल से शिकस्त झेलनी पड़ी। स्ट्राइकर मारिया उरुतिया (14वें मिनट) ने चिली को पहले हाफ में बढ़त दिलाई, जबकि इसिदोरा हर्नांडेज और कारेन अराया ने क्रमश: 84वें और 85वें मिनट में गोल दागकर भारत की वापसी की उम्मीदें तोड़ दी। भारत ने ब्राजील के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली टीम की शुरुआत एकादश में तीन बदलाव करते हुए गोलकीपर अदिति चौहान की जगह एम लिनतोइगांबी देवी को मौका दिया जबकि कमला देवी और डेंगमेई ग्रेस की जगह मार्टिना थोकचोम और मनीषा पन्ना को खिलाया। भारत के लिए पहला मौका ब्राजील के खिलाफ गोल करने वाली मनीषा कल्याण ने बनाया लेकिन छठे मिनट में उनका शॉट सीधा विरोधी गोलकीपर के हाथों में चला गया। दाएं छोर से मारिया रोजस के क्रॉस पर जेविएरा टोरो के प्रयास को लिनतोइगांबी ने नाकाम किया। एक मिनट बाद हालांकि चिली ने रोजस के पास पर मारिया के गोल से बढ़त बना ली। मध्यांतर तक चिली की टीम ने 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। दूसरे हाफ के 66वें मिनट में भारत ने अच्छा मूव बनाया। मनीषा ने गेंद को 20 साल की स्थानापन्न खिलाड़ी डेंगमेई की ओर बढ़ाया, लेकिन उनके शॉट को एंडलर ने रोक दिया। भारत अपना अंतिम मैच गुरुवार को वेनेजुएला से खेलेगा।

## राल्फ रेंगनिक मैनचेस्टर युनाईटेड के मैनेजर बने

**लंदन**। जर्मनी के दिग्गज कोच राल्फ रेंगनिक को सोमवार को सत्र के अंत तक मैनचेस्टर युनाईटेड फुटबॉल टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति से इंग्लिश प्रीमियर लीग की इस टीम के खेलने की शैली और प्रबंधन ढांचे में बदलाव होगा और उसे लीग में शीर्ष पर वापसी करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

युनाईटेड से जुड़ने से पूर्व 63 साल के रेंगनिक रूस के क्लब लोकोमोटिव मॉस्को के खेल एवं विकास प्रमुख की भूमिका निभा रहे थे। इसी महीने 21 तारीख को ओले गुनार सोल्सकर को बर्खास्त किए जाने के बाद पूर्व खिलाड़ी माइकल केरिक मैनचेस्टर युनाईटेड के प्रभारी की भूमिका निभा रहे थे। क्लब ने कहा कि युनाईटेड आफ सत्र में स्थाई मैनेजर नियुक्त करने की योजना बना रहा है और रेंगनिक दो और साल के लिए सलाहकार की भूमिका में टीम से जुड़े रहेंगे।



## कोलंबिया से हारकर अमेरिका डेविस कप फाइनल्स से बाहर

**भाषा** । वाशिंगटन

**रिकॉर्ड** 32 बार की चैम्पियन अमेरिकी टीम कोलंबिया से शर्मनाक हार के बाद डेविस कप टेनिस फाइनल्स से बाहर हो गई। अमेरिका को 0-2 से पराजय का सामना करना पड़ा चूंकि रीली ओपेलका और जैक सॉक युगल मैच में कोलंबिया के जुआन सेबेस्टियन काबाल और रॉबर्ट फाराह से पहले सेट में पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। इससे पहले डेनियल इलाही गालान ने जॉन इसनेस को 6-3, 3-6, 7-6 से हराकर बराबरी की थी। फ्रांसिस टियाफो ने निकोलस मेजिया को 4- 6, 6-3, 7-6 से हराकर अमेरिका को बढत दिलाई थी। इस बीच रूस ने गत चैम्पियन स्पेन को 2-1 से हराकर बाहर कर दिया। इससे ग्रुप की दूसरी टीम के रूप में नोवाक जोकोविच की सर्बिया अगले दौर में पहुंच गई।

## सात्विक- चिराग बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई

**●दोनों ने रोड टू बाली रेस में जापानी जोड़ी को पछाड़ा**

**भाषा** । बाली

**दुनिया** की 11वें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार से शुरू हो रहे सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में जगह बना ली है। सात्विक और चिराग इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। जापान के अकिरा कोगा और ताइची सेइतो के भी सेमीफाइनल में हारने के बाद उन्होंने जगह बनाई।

उन्होंने जापानी जोड़ी को रोड टू बाली रेस में पछाड़ा। उन्हें कट में प्रवेश के लिए सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक जोड़ी मार्कस एफ गाइडोन और केविन एस को हराना था लेकिन वे 16-21, 18-21 से हार गए। अकिरा और ताइची भी जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से हार गए जिससे भारतीय जोड़ी को जगह मिल गई। इससे पहले लक्ष्य सेन 15 लाख डॉलर ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, किदाम्बी श्रीकांत, महिला जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी भी भाग ले रहे हैं। सिंधू ने 2018 में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स जीता था जबकि साइना नेहवाल 2011 में खिताबी मुकाबले तक पहुंची थी।



# स्कॉटलैंड में ओमीक्रोन के छह मामले

**ब्रिटेन में अब तक 11 लोग संक्रमित**

**भाषा**। लंदन

**स्कॉटलैंड** में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के छह मामले सामने आए हैं जिससे ब्रिटेन में इसके कुल मामले बढ़कर 11 हो गए हैं। इससे पहले ब्रिटेन में ओमीक्रोन के तीन मामले सामने आए थे, जबकि दो मामलों का पता सोमवार को लंदन में चला। ब्रिटेन के स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने कहा कि लंदन के कैमडेन और वैंड्सवर्थ क्षेत्रों में सामने आए दो मामलों में दक्षिणी अफ्रीका की यात्रा से संबंध हैं।

इससे पहले स्कॉटलैंड सरकार ने कहा था कि चार मामले लनार्कशायर में और दो ग्रेटर ग्लासगो और क्लाइड क्षेत्र में सामने आए हैं। ब्रिटेन में सामने आए सभी मामलों में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा से संबंध है। हालांकि स्कॉटलैंड में सामने आए मामलों में संक्रमितों का कोई यात्रा इतिहास नहीं है और संभव है कि उन्हें इसका संक्रमण समुदाय में ही हुआ हो। स्कॉटलैंड के उप प्रथम मंत्री जॉन स्वीनी ने कहा, कुछ मामलों में, हम जानते हैं कि उनमें कोई यात्रा इतिहास शामिल नहीं है। तो इससे हमें पता चलता है कि वायरस के इस विशेष स्वरूप का कुछ सामुदायिक संचरण होना संभव है।

उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि क्या इस नए स्वरूप के खिलाफ और भी कड़े सामाजिक दूरी के मानदंडों की आवश्यकता है जिसके संभावित रूप से अत्यधिक संक्रामक होने की आशंका है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वर्तमान टीकों के प्रति इसकी प्रतिक्रिया का अभी पता लगाया जाना बाकी है। स्कॉटलैंड के स्वास्थ्य मंत्री हमजा यूसुफ ने कहा, नए स्वरूप से संक्रमित पाए गए छह लोगों के लिए यह चिंताजनक समय होगा। उन्होंने कहा, स्कॉटलैंड का स्वास्थ्य विभाग संक्रमितों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू करेगा। इससे वायरस की उत्पत्ति के साथ ही हाल के हफ्तों में संक्रमितों के संपर्क में आने वाले किसी भी अन्य व्यक्ति का पता लगाने में मदद मिलेगी। ओमीक्रोन स्वरूप के तेजी से फैलने और टीके की सुरक्षा को आंशिक रूप से कम करने की आशंका है। इसकी पहचान सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में की गई थी और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमीक्रोन को चिंता वाला स्वरूप घोषित कर दिया था। ओमीक्रोन का सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पता चला था और इसके मामले बाद में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इज़राइल और हांगकांग सहित दुनियाभर के देशों में सामने आए थे। ब्रिटेन ने दक्षिणी अफ्रीका के दस देशों को ब्रिटेन की यात्रा प्रतिबंध लाल सूची में जोड़ा है और मंगलवार से ब्रिटेन आने वाले सभी विदेशी यात्रियों को पीसीआर जांच कराने की आवश्यकता होगी।

भारत ने भी अपनी प्रतिक्रिया के तहत अपने अंतरराष्ट्रीय यात्रा मानदंडों को कड़ा कर दिया है। भारत ने ब्रिटेन सहित पूरे यूरोप को जोखिम वाली सूची में रखा है। नए स्वरूप के खिलाफ कार्वाई के तहत हवाई अड्डे पर अतिरिक्त स्क्रीनिंग और स्व-पृथकवास जरूरी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने दुकानों और सार्वजनिक परिवहन में अनिवार्य रूप से मास्क लगाने को लेकर योजना बनाई है जिसे इस सप्ताह संसद के समक्ष रखा जाएगा।



पेरिस में ल्योन ट्रेन में मास्क पहनकर यात्रा करने के लिए जाते लोग

## नया स्वरूप आने के मद्देनजर डब्ल्यूएचओ के सदस्य महामारियों से निपटने की तैयारियों में जुटे

**एपी**। जिनेवा

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से दुनियाभर में चिंता पैदा होने के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) कोविड-19 जैसी महामारियों के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के तौर तरीकों पर चर्चा करने के लिए सदस्य देशों का एक विशेष सत्र आयोजित कर रहा है। विशेष विश्व स्वास्थ्य सभा में मसौदा प्रस्ताव एक महामारी संधि या कानूनी रूप से बाध्य व्यवस्था की दिशा में काम करने का आह्वान करेगा, जो किसी नई महामारी से पहले अंतराष्ट्रीय स्तर पर तैयारियों को गति प्रदान करेगा। यूरोपीय आयोग के सदस्य देशों व अन्य देशों ने इस कवायद को संधि नाम देने की मांग की है लेकिन अमेरिका और कुछ अन्य देशों ने कहा है कि इस जैसे दस्तावेज का नामकरण करने से पहले किसी संधि की विषयवस्तु पर काम करने की जरूरत है। संधि एक कानूनी बाध्यकारी समझौता होगी जिसके लिए अनुमोदन करने की जरूरत होगी और इससे कुछ देशों को घरेलू राजनीतिक अड़चन का सामना करना पड़ सकता है।

जिनेवा में ब्रिटेन के राजदूत साइमन मैनले ने मसौदे की एक प्रति ट्वीट की जिसपर आम सहमति बनी है, जो डब्ल्यूएचओ नियमों के तहत इस तरह के मुद्दों पर जरूरी है। उन्होंने ट्वीट में लिखा है, ओमीक्रोन स्वरूप ने एक बार फिर प्रदर्शित किया है कि क्यों हमें महामारी के प्रति तैयारी व मुकाबला करने के लिए एक साझा सहमति की जरूरत है।

# जापान ने विदेशी यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की

**एपी**। टोक्यो

**जापान** ने सोमवार को घोषणा की कि वह कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खतरे के मद्देनजर दुनियाभर से आने वाले सभी विदेशी यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाएगा। इसी के साथ जापान उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ओमीक्रोन के संक्रमण के मामलों की दुनियाभर में पुष्टि के मद्देनजर यात्रा संबंधी प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं।

देश के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने कहा कि यह घोषणा मंगलवार से प्रभावी होगी। इस घोषणा का अर्थ है कि जापान अपनी सीमा पर लोगों के आवागमन पर नियंत्रण को बहाल करेगा, जिसमें कम अवधि के लिए आने वाले कारोबारी यात्रियों, विदेशी छात्रों और कर्मियों के लिए इस महीने की शुरुआत में ढील दी गई थी।

जापान में ओमीक्रोन से संक्रमण का अभी कोई मामला सामने नहीं आया है। ओमीक्रोन को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच वैज्ञानिकों ने कहा है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना वायरस का यह स्वरूप अन्य स्वरूपों की तुलना में अधिक खतरनाक है या नहीं। किशिदा ने कहा कि हम जापान में सबसे खराब स्थिति से बचने के लिए एहतियातन आपातकालीन कदम उठा रहे हैं। उन्होंने लोगों से मास्क पहनने और कोविड-19 से बचने के लिए आवश्यक अन्य कदमों का पालन करने का आग्रह किया। किशिदा ओमीक्रोन के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं मिलने तक, उसके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने वाले अकेले नेता नहीं हैं। कोरोना वायरस के नए स्वरूप के खतरे के मद्देनजर कई देशों ने सीमा पर प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं। इजराइल ने विदेशी लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। वहीं मोरक्को ने कहा है कि वह सोमवार से अगले दो सप्ताह तक आनेवाली सभी उड़ानों को निलंबित करेगा। हांगकांग से यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक कई जगहों के वैज्ञानिकों ने इस स्वरूप की मौजूदगी की पहचान की है।

नीदरलैंड में रविवार को ओमीक्रोन के 13 मामले सामने आए। इसके बाद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो मामले सामने आए। कई देशों में नए स्वरूप के मामले सामने आने और सीमा बंद करने जैसे कदम के सीमित प्रभाव के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सीमाएं बंद नहीं करने का सुझाव दिया है। अमेरिका में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉक्टर फ्रांसिस कॉलिन्स ने इस बात पर जोर दिया है कि अभी ऐसी जानकारियां उपलब्ध नहीं हैं कि ओमीक्रोन कोविड-19 के पहले के स्वरूपों से ज्यादा खतरनाक है। कॉलिन्स ने सीएनएन चैनल को बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका के विभिन्न जिलों में तेजी से फैले इस स्वरूप के मामलों के मद्देनजर यह तो सोचते हैं कि यह ज्यादा संक्रामक है। अमेरिका की योजना सोमवार से दक्षिण अफ्रीका और सात अन्य दक्षिण अफ्रीकी देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की है।

अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एंथनी फाउची ने बताया कि इससे तैयारियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने यात्रा प्रतिबंधों पर आपत्ति जताई है।

सिंगापुर ने कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खतरे के मद्देनजर एहतियातन कदम उठाते हुए टीकाकरण करा चुके कतर, सऊदी अरब और यूएई के यात्रियों को पृथकवास से दी जाने वाली छूट को फिलहाल स्थगित कर दिया है।



हांगकांग की सड़कों पर मास्क पहनकर घूमते निवासी

# ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप का तीसरा मामला आया सामने

**भाषा**। कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** में कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन का तीसरा मामला सामने आया है और ऐसे में नेता इस सप्ताह प्रतिबंधों में राहत देने की योजना पर पुनर्विचार कर रहे हैं।

नदर्न टेरिटरी की स्वास्थ्य मंत्री नताशा फाइल्स ने बताया कि जोहानिसबर्ग से उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के डार्विन पहुंचने वाला दक्षिण अफ्रीका का 30 वर्षीय व्यक्ति नए स्वरूप से संक्रमित पाया गया। संक्रमण की पुष्टि पृथक-वास केंद्र में हुई है। न्यू साउथ वेल्स के अधिकारियों ने रविवार को बताया था कि दक्षिण अफ्रीका से सिडनी पहुंचे दो यात्रियों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। दोनों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और इनमें संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं तथा ए सिडनी में पृथक-वास में रह रहे हैं। संघीय सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के बीच सोमवार को इस संबंध में बैठक हो रही है कि बुधवार से सीमा प्रतिबंधों में छूट की योजना को बदला जाए या नहीं। देश के संघीय स्वास्थ्य मंत्री ग्रेग हंट ने बताया कि अगर चिकित्सकीय स्थितियों के हिसाब से जरूरत पड़ती है तो अधिकारी अतिरिक्त कदम उठाने में हिचकिचाएंगे नहीं।

वहीं न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया तथा राजधानी कैनबरा में विदेश से आने वाले सभी लोगों को 72 घंटे तक पृथक-वास में रखने का निर्णय लिया गया है। हंट ने शनिवार को बताया था पिछले 14 दिन में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, जिम्बाब्वे, बोत्सवाना, लेसोथो, इस्वातिनी, सेशेल्स, मलावी और मोजाम्बिक गए गैर ऑस्ट्रलियाई नागरिक और स्थाई निवासी ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

## ओमीक्रोन प्रतिबंधों में राहत देने की न्यूजीलैंड की योजना को प्रभावित नहीं करेगा

**वेलिंगटन**। कोरोना वायरस का नया स्वरूप ओमीक्रोन ऑकलैंड में प्रतिबंधों में ढील देने और वैश्विक महामारी प्रतिक्रिया के नए, ज्यादा खुले चरण की तरफ बढ़ने की न्यूजीलैंड की योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने सोमवार को यह बात कही। ऑकलैंड में बार, रेस्तरां और जिम बृहस्पतिवार से फिर से खुल सकते हैं और इसके साथ ही अगस्त में शुरू हुआ कोरोना वायरस लॉकडाउन समाप्त हो जाएगा। देशभर में एक नई ट्रैफिक लाइटै प्रणाली लॉकडाउन को समाप्त कर देगी, लेकिन लोगों को बाल कटवाने से लेकर संगीत कार्यक्रम देखने तक किसी भी चीज़ में भागीदारी की गारंटी के लिए पूरी तरह से टीकाकरण की आवश्यकता होगी। न्यूजीलैंड ने रविवार को ओमीक्रोन खतरे के मद्देनजर नौ दक्षिणी अफ्रीकी देशों से यात्रा को प्रतिबंधित कर दिया। आर्डर्न ने कहा कि वह किसी और तरह के प्रतिबंध का अनुमान नहीं कर रही हैं। उसने कहा कि जैसे-जैसे नए स्वरूप का अधिक अध्ययन किया जाएगा, न्यूजीलैंड संपर्क का पता लगाने, जिन लोगों से संक्रमण फैलने का डर है उन्हें अलग करने और कुछ स्थानों पर मास्क के उपयोग की आवश्यकता जैसी मूलभूत चीजें करना जारी रखेगा।

## ओमीक्रोन के आठ संदिग्ध मामलों की पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है फ्रांस

**पेरिस**। फ्रांस के अधिकारी कोरोना वायरस के नए स्वरूप के आठ संदिग्ध मामलों की प्रयोगशाला पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। संदिग्ध मरीज वे लोग हैं, जिन्होंने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी। पहले से ही किए गए परीक्षण में इस बात के पुख्ता संकेत मिले थे कि यात्री कोरोना वायरस से संक्रमित तो थे, लेकिन पिछले किसी भी स्वरूप से नहीं। अनुवर्ती आनुवंशिक परीक्षण यह पता करने के लिए किया जा रहा है कि क्या वे नए ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित हैं।

## बाल्टिक सांसदों ने ताइवान की राष्ट्रपति से की मुलाकात

**एपी**। ताइपे

**सभी** तीन बाल्टिक देशों लातविया, लिथुआनिया और एस्तोनिया के सांसदों ने यूरोपीय संघ और ताइवान के बीच सहयोग बढ़ाने का संकेत देते हुए ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से सोमवार को मुलाकात की। साई ने बताया कि यह लातविया, लिथुआनिया और एस्तोनिया के सांसदों की पहली संयुक्त यात्रा है। उन्होंने ताइवान के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित 2021 ओपन पार्लियामेंट फोरम में भाग लेने वाले इन सांसदों का स्वागत किया।

साई ने कहा कि ताइवान और बाल्टिक देशों का तानाशाही वाले शासनों से आजाद होने और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का समान अनुभव रहा है। हमारे पास आज जो लोकतंत्र है, वह बहुत मुश्किल से हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि इसे हम सभी बहुत अच्छे तरीके से समझते हैं।

लिथुआनियाई प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख मातस मालदेइकिस ने कहा कि उन्हें ताइवान के साथ और भी मजबूत संबंधों की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हम आपके साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यहां आए हैं।

हमें उम्मीद है कि ताइवान में जल्द ही खुलने वाला लिथुआनियाई व्यापार कार्यालय ताइवान और लिथुआनिया के बीच साझेदारी का विस्तार करने में मदद करेगा तथा ताइवान एवं पूरे यूरोपीय ब्लॉक के बीच घनिष्ठ संबंधों में योगदान देगा।

# नाउम्मीदी के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वियना में वार्ता होगी बहाल

**एपी**। वियना

**वैश्विक** ताकतों के साथ ईरान की 2015 की परमाणु वार्ता को फिर से बहाल करने के लिए वियना में वार्ताकार एकत्र हुए हैं। ईरान में कट्टरपंथी सरकार के गठन के पांच महीने बाद होने वाली इस वार्ता में प्रगति की बहुत कम संभावना है। परमाणु समझौते को औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है और इसके हस्ताक्षरकर्ताओं में ईरान, रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शामिल हैं। आलीशान होटल पालिस कोबर्ग में यह वार्ता होगी जहां छह साल पहले समझौते पर इन देशों ने हस्ताक्षर किए थे। वार्ता ऐसे वक्त हो रही है जब कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के कारण ऑस्ट्रिया में लॉकडाउन लागू है। ईरान को समझौते के पालन के लिए राजी करने और अमेरिका के फिर से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से वार्ता का अंतिम दौर जून में आयोजित किया गया था। तब से वार्ता प्रक्रिया की राह और कठिन हो गई है। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में समझौते से अपने देश को बाहर करने की घोषणा की थी। इस वजह से अमेरिका इस वार्ता से अलग था। राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका को फिर से वार्ता में शामिल करने का संकेत दिया और कहा कि अमेरिका समझौते से जुड़ना चाहता है। इसके बाद से अमेरिका, ईरान के लिए अमेरिकी प्रशासन के विशेष दूत रॉबर्ट माली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा ले रहा है। समझौते के तहत आर्थिक पाबंदियों में ढील दिए जाने के बदले ईरान ने यूरेनियम संवर्द्धन की सीमा को सीमित किया था। समझौते के पटरी से उतरने के बाद ईरान अब यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन कर रहा है। परमाणु हथियार बनाने के लिए 90 प्रतिशत संवर्द्धन की सीमा से वह कुछ ही पीछे है। ईरान उन्नत सेंट्रीफ्यूज का भी उपयोग करता है जो समझौते द्वारा वर्जित है और उसका यूरेनियम भंडार अब समझौते की सीमा से कहीं अधिक है। ईरान हमेशा कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्य के लिए है। हालांकि, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों का कहना है कि 2003 तक ईरान के पास एक संगठित परमाणु हथियार कार्यक्रम था। निरस्त्रीकरण के विशेषज्ञों को आशंका है कि ईरान आगे भी परमाणु कार्यक्रम को लेकर सीमाओं का उल्लंघन कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निरीक्षक भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम की पूरी तरह निगरानी नहीं कर पाए क्योंकि तेहरान ने उन्हें सीमित पहुंच दी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोस्सी की पिछले सप्ताह ईरान की यात्रा में मुद्दे पर कोई प्रगति नहीं हो पाई।

## जाने-माने फैशन डिजाइनर वर्जिल अबलोह का निधन

**न्यूयॉर्क**। जाने-माने फैशन डिजाइनर वर्जिल अबलोह का कैंसर से एक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 41 वर्ष के थे। लक्जरी समूह एलवीएमएच (लुई वटोन मोएट हेनेसी) और अबलोह के अपने ऑफ-व्हाइट लेबल ने रविवार को अबलोह के निधन की जानकारी दी। ऑफ-व्हाइट लेबल की स्थापना अबलोह ने 2013 में की थी। एलवीएमएच के अध्यक्ष बर्नार्ड अर्नाल्ट ने एक बयान में कहा, यह खबर सुन हम स्तब्ध हैं। वर्जिल एक बेहतरीन डिजाइनर ही नहीं, बल्कि एक बेहद अच्छे शख्स और बुद्धिमान इंसान थे। अबलोह के परिवार ने डिजाइनर के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बयान जारी कर उनके निधन की जानकारी दी। अबलोह दो साल पहले कार्डियक एंजियोसारकोमा की चपेट में आए थे, जो एक दुर्लभ किस्म के कैंसर का एक प्रकार है, जिसमें हृदय में ट्यूमर होता है। बयान में कहा गया कि 2019 में कैंसर से पीड़ित होने के बाद उन्होंने दुनिया को बताए बिना अकेले इससे लड़ने का फैसला किया, कई चुनौतीपूर्ण उपचार करावाएं..साथ ही फैशन की दुनिया में अपना काम भी जारी रखा। अबलोह 2018 में, फ्रांसीसी डिजाइन हाउस के इतिहास में लुई वटोन में पुरुषों के परिधान को डिजाइन करने वाले पहले अश्वेत शख्स थे। वह पहले घाना अमेरिकी थे, जिनकी मां ने उन्हें सिलाई करना सिखाया। अबलोह के पास कोई औपचारिक फैशन प्रशिक्षण नहीं था, लेकिन वह इंजीनियरिंग में स्नातक और वास्तुकला में परास्नातक थे।

## स्वीडन में दूसरी बार प्रधानमंत्री चुनी गईं एंडरसन

**कोपनहेगन**। स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री चुने जाने के कुछ घंटों बाद ही संसद में बजट प्रस्ताव गिरने पर मेगदालेना एंडरसन द्वारा पिछले सप्ताह पद से इस्तीफा दिए जाने के बीच सोमवार को एक बार फिर उन्हें सरकार का प्रमुख चुन लिया गया। सोशल डेमोक्रेट पार्टी की नेता एंडरसन ने सप्ताह भर के भीतर एक बार फिर प्रधानमंत्री पद पर कब्जा जमाया। हालांकि, वह एक पार्टी की अल्पमत वाली सरकार बनाएंगी। मंत्रिमंडल के नामों की घोषणा मंगलवार को हो सकती है। पिछले सप्ताह बुधवार को स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं एंडरसन इस पद पर केवल सात घंटे ही रह सकीं और उनके सहयोगी दल द ग्रीन्स ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

## भारत की सहायता से निर्मित स्कूलों का उद्घाटन

**काठमांडू**। नेपाल में भारत की वित्तीय सहायता से बनाए गए दो स्कूलों का उद्घाटन सोमवार को दारचुला जिले में किया गया। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। दूतावास की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, खालंगा के तिनकर स्थित मोती महिला संघ प्राथमिक विद्यालय भारत सरकार की ओर से प्रदत्त 1.27 करोड़ नेपाली रुपए की वित्तीय सहायता के साथ बनाया गया था, जबकि महाकाली में मलिकार्जुन मॉडल सेकेंडरी स्कूल का निर्माण 2.3 करोड़ नेपाली रुपए की लागत से किया गया। इसमें कहा गया है कि इन स्कूलों के निर्माण से इस जिले में शिक्षा का माहौल सुधारने में काफी मदद मिलेगी। इस जिले में रहने वालों में बड़े पैमाने पर हाशिए पर रहने वाले तिनकारी और भूटिया समुदाय के लोग शामिल हैं। मार्च 2020 में, भारतीय दूतावास और संघीय मामलों के मंत्रालय एवं सामान्य प्रशासन ने दारचुला जिले में दो नए स्कूल भवनों के निर्माण के लिए दो समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इन परियोजनाओं को भारत और नेपाल सरकार के बीच एक समझौते के तहत एक उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) के रूप में लिया गया था। भारत ने 2003 से हिमालई राष्ट्र में लगभग 520 एचआईसीडीपी परियोजनाओं को लिया है, जिसमें 450 से अधिक परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं।

## भीड़ ने पाकिस्तान पुलिस पर हमला किया

पेशावर (**पाकिस्तान**)। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में रविवार रात को मुस्लिमों की भीड़ ने पुलिस से ईशनिंदा के एक आरोपी को सौंपने की मांग की और उसे सौंपने से पुलिस के इनकार के बाद उसने एक पुलिस थाना और चार पुलिस चौकियों को जला दिया। अधिकारियों ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति पर इस्लाम की पवित्र किताब, कुरान का अपमान करने का आरोप है। स्थानीय अधिकारी आसिफ खान ने बताया कि हमले में कोई अधिकारी हताहत नहीं हुआ। हमले के कारण पुलिस को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले चारसद्दा में व्यवस्था बहाल करने के लिए सैनिकों को बुलाने पर मजबूर होना पड़ा। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पुलिस थाना जलता दिख रहा है। खान ने कहा कि अधिकारियों ने बंदी को पीटने का भीड़ का प्रयास विफल कर दिया और पुलिस उसे दूसरे जिले में ले गई। उन्होंने उस व्यक्ति के नाम यह कहते हुए जाहिर नहीं किया कि अधिकारी अभी भी जांच कर रहे हैं और संदिग्ध को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। खान ने कहा कि अधिकारियों ने शुरू में विरोध किया लेकिन पुलिस भवनों पर हजारों प्रदर्शनकारियों के हमला करने के बाद वे वहां से भाग गए।

# पाकिस्तान में ओमीक्रोन आने में कुछ सप्ताह का समय

**भाषा**। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के कोरोना वायरस रोधी कार्यबल के प्रमुख असद उमर ने सोमवार को यह चेतावनी देते हुए लोगों से कोविड-19 रोधी टीका लगवाने की अपील की कि देश में कोविड-19 के नए स्वरूप के पहुंचने में कुछ ही सप्ताह का समय बचा है। इस नए स्वरूप को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है।

संघीय योजना मंत्री असद उमर राष्ट्रीय कमान एवं नियंत्रण केंद्र के प्रमुख भी हैं जिसे महामारी से निपटने का काम सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया आपस में इतनी जुड़ी हुई है कि जब दुनिया में यह फैलना शुरू हो गया है तो नए स्वरूप को रोकना असंभव है। उमर ने लोगों से कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के खिलाफ एहतियात के तौर पर टीका लगवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह स्वरूप (ओमीक्रोन) पाकिस्तान में आएगा और हमारे पास इसके खतरे को कम करने के लिए 2-3 सप्ताह हैं। उमर ने कहा कि टीकाकरण ही खतरे को कम करने का एकमात्र तरीका है क्योंकि प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि खतरनाक होने के बावजूद टीकाकरण ओमीक्रोन के खिलाफ प्रभावी होगा।

मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अगले 2-3 दिनों में कोविड-19 के खिलाफ एक बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। उमर ने कहा कि मेरी पाकिस्तानियों से अपील है, विशेष रूप से उनसे जिन्होंने एक खुराक ली है और जिन्हें दूसरी खुराक लेनी है क्योंकि यह एक प्रभावी चीज है जो हमें इस प्रकार के खतरे से खुद को बचाने के लिए है। मंत्री ने कहा कि अत्यधिक जोखिम वाले लोगों को बूस्टर डोज देने के लिए परामर्श प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## चीनी राष्ट्रपति ने सेना में युवा प्रतिभाओं की भर्ती पर दिया जोर

**बीजिंग**। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सशस्त्र बलों के तेजी से आधुनिकीकरण में मदद करने और भविष्य में युद्ध जीतने के लिए नई प्रतिभाओं की भर्ती की जरूरत पर जोर दिया है। सेना द्वारा अग्रिम पंक्ति के पदों के लिए तीन लाख कर्मियों को भर्ती करने की प्रतिबद्धता जताए जाने की खबरों के बीच यह जानकारी सामने आई है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के अलावा सेना का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार से रविवार तक आयोजित सैन्य प्रतिभा संबंधी कार्यों पर आधारित एक सम्मेलन में कहा कि प्रतिभा ही उच्च गुणवत्ता के साथ चीनी सशस्त्र बलों की प्रगति, सैन्य प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल करने और भविष्य के युद्धों में बढ़त लेने की कुंजी है। चीनी सेना 209 अरब डॉलर के वार्षिक सैन्य बजट के साथ तेजी से आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रही है।

# इजराइली ने विश्व शक्तियों से ईरान के ब्लैकमेल का विरोध करने का आग्रह किया

**एपी**। यरूशलम

**इजराइल** के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने वियना में बातचीत शुरू होने के बाद सोमवार को विश्व शक्तियों से ईरान के परमाणु ब्लैकमेल के आगे न झुकने का आह्वान किया। बेनेट ने एक वीडियो बयान में कहा कि ईरान के साथ वार्ता शुरू करने वाले राष्ट्रों के प्रतिनिधियों को बताया गया था कि तेहरान लगभग बिना किसी चीज के बदले प्रतिबंधों को समाप्त करना चाहता है और प्रतिबंधों को हटाए जाने के बाद सैकड़ों अरबों डॉलर प्राप्त करते हुए अपने परमाणु कार्यक्रम को बरकरार रखना चाहता है। यह वीडियो एसोसिएटेड प्रेस ने प्राप्त की है।

वर्ष 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से वार्ता फिर से शुरू करने के लिए ईरान और विश्व शक्तियों के वार्ताकार सोमवार को वियना में बैठक कर रहे हैं। अमेरिका के 2018 में विश्व शक्तियों और ईरान के बीच ऐतिहासिक परमाणु समझौते से हटने के बाद से ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्धन में तेजी लाई है। इजराइल ने उस समझौते का कड़ा विरोध किया, और इजराइल के अधिकारियों का अब कहना है कि तेहरान परमाणु हथियार विकसित करने के पहले से कहीं ज्यादा करीब है। इजराइल के विदेश मंत्री यायर लैपिड इस सप्ताह लंदन और पेरिस का दौरा कर रहे हैं ताकि ईरान के मुद्दे पर ब्रिटिश और फ्रांसीसी अधिकारियों के साथ चर्चा की जा सके। इसी उद्देश्य से रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज इस सप्ताह वाशिंगटन जाएंगे। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। उसने समझौते के टूटने के लिए ट्रंप प्रशासन के इससे हटने और गंभीर प्रतिबंधों को बहाल करने के फैसले को जिम्मेदार ठहराया है।

## सिंगापुर में जबरन वसूली मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को सजा

**सिंगापुर**। सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को सोमवार को 18 महीने कैद की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने एक विवाहित उद्योगपति से 60,000 सिंगापुरी डॉलर की जबरन वसूली की चार व्यक्तियों की साजिश का हिस्सा होने से जुड़े आपराधिक धमकी के एक मामले में अपना दोष स्वीकार किया है। मीडिया में आई एक खबर के अनुसार, इन लोगों ने उक्त उद्योगपति का 2019 में एक अन्य व्यक्ति से यौन संबंध बनाने का वीडियो गुप्त तरीके से बना लिया था। जबरन वसूली के इस षड्यंत्र में शुरुआत में व्यवसाई के निजी सहायक समेत तीन व्यक्ति शामिल थे। उन्होंने जबरन वसूली की राशि घटाकर 50,000 सिंगापुरी डॉलर कर दी थी। हालांकि राशि के लेनदेन से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## टॉकटाइम

### यामी गौतम

*एक ऐसी अभिनेत्री, जिन्होंने विक्की डोनर से अपनी शुरुआत की, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में अपने बारे में बता रही हैं कि उनकी नवीनतम फिल्म भूत पुलिस में क्या है, इससे संबंधित चुनौतियां क्या रहीं और यह कि उन्हें प्रेरक कहानियों का हिस्सा बनना पसंद है........*

# मैं सिर्फ फिल्म निर्माण नहीं बल्कि सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं



**■ भूत पुलिस में आपके अभिनय ने भारी प्रशंसा अर्जित की। हॉरर-कॉमेडी करना कितना चुनौतीपूर्ण था ?**

मेरे किरदार को कॉमेडी से ज्यादा हॉरर के साथ प्रस्तुत होना था। कोविड-19 के कारण, हम कोई औपचारिक शारीरिक प्रशिक्षण नहीं ले पाए । हमने सेट पर ही फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन, लुक को सही रखने और निर्देशक के मन मुताबिक प्रस्तुति करने के मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हॉरर-कॉमेडी के साथ, आप ओवरबोर्ड जा सकते हैं। लेकिन विचार श्रंखला को उस तरफ बनाए रखना होता था। यह चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हमें ठंड में भारी मेकअप के साथ शूट करना था। मुझे तूफान और बारिश में नंगे पैर शूटिंग करना याद है। जब हम कोई फिल्म देखते हैं, तो हमें कैमरे के पीछे का संघर्ष दिखाई नहीं देता। मुझे खुशी है कि लोगों ने मेरे प्रदर्शन और परियोजना में ईमानदार प्रयास देखा।

**■ आपने एक के बाद एक हिट फिल्में दी हैं - उरी, बाला और अब भूत पुलिस। क्या राज है ?**

कोई राज नहीं है। ऐसे एक्टर्स हैं जो अभी भी बहुत लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। एक अभिनेता के रूप में आपकी संवेदनशीलता समय के साथ बढ़ती जाती है। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभव प्राप्त करते जाते हैं, वे बेहतर होते जाते हैं। सिनेमा और परिप्रेक्ष्य के बारे में आपकी समझ का विस्तार होता है, और यह वास्तव में मायने रखता है। मुझे अपने सहजबोध से काम करना पसंद है। बेशक, कुछ प्रोजेक्ट दर्शकों को पसंद नहीं आते, लेकिन यह ठीक है। मेरी कोशिश हमेशा फिल्म में उस तत्व को तलाशने की होगी। मैं एक ऐसी स्क्रिप्ट चुनना चाहती हूं जहां ईमानदार कोशिश हो और उसमें कुछ शुद्धता हो। मैं किसी प्रोजेक्ट मेकिंग का हिस्सा नहीं बनना चाहती। मैं सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं।

**■ आपके पास विभिन्न शैलियों में पाइपलाइन में रिलीज फिल्म-श्रंखला है। एक पात्र से दूसरे पात्र में स्विच करना कितना कठिन या आसान था ?**

यह आसान नहीं है, और इसमें थोड़ा समय लगता है। दुर्भाग्य से, जिस तरह से महामारी ने हम पर प्रहार किया, उसने कार्यशैली की कथा को बदल दिया। क्योंकि हमें सतर्क रहना था, हमने स्वास्थ्य को पहले स्थान पर रखा था। इसलिए, इसलिए ज्यादा काम की आवश्यकता थी। उदाहरण के लिए, जब मैं दासवी और ए गुरुवार की शूटिंग कर रही थी, मैं बैक-टू-बैक काम कर रही थी। जिस दिन मैं आगरा से लौटी, मैं ए थर्सडे के सेट पर फिल्म का अहसास लेने के लिए गयी। मैं अपनी स्क्रिप्ट और होमवर्क को लेकर पूरी तरह से तैयार हूं। काश मुझे तैयारी के लिए और समय मिलता।

> मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।

**■ आपने विभिन्न शैलियों की खोज की है। आपको किस तरह की भूमिकाओं में दिलचस्पी है ?**

मैं वास्तविक जीवन का किरदार निभाऊंगी और प्रेरक कहानी का हिस्सा बनूंगी। मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना, या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, ऐसी कहानियां, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।

**■ ऐसी विविध भूमिकाओं को निभाने की प्रेरणा आपको कहां से मिलती है ?**

प्रेरणा भीतर से आती है। यह आपकी वृत्ति में मौजूद होती है कि आप किस ओर आकर्षित होते हैं। मुझे लगता है कि जब तक आप कोशिश नहीं करेंगे तब तक आप कभी नहीं जान पाएंगे कि आप क्या कर सकते हैं। इसलिए मैंने इन फिल्मों को उदाहरण के तौर पर कहा है। आपको स्वयं को तलाशने का अवसर देने के लिए स्वतंत्र और बेहिचक होना चाहिए। मैं कुछ ऐसे अभिनेताओं की ओर देखती हूं जो, जो कुछ भी करते हैं उसमें शानदार होते हैं और अत्यंत विविधतापूर्ण होते हैं। जब मैं कोई अच्छी फिल्म या प्रदर्शन देखती हूं तो मुझे प्रेरणा मिलती है। मैं उस विचार में खुद की कल्पना करना शुरू कर देती हूं।

**■ लोग आपको मिडास टच वाली लड़की कहते हैं। आपको सुनकर कैसा लगता है ?**

यह सचमुच में प्यारा है अगर कोई ऐसा सोचता है। मैं सही दिशा में काम करते रहना चाहती हूं और उम्मीद है कि मुझे और दिलचस्प प्रोजेक्ट मिलेंगे। यही कारण है कि कोई मेरे बारे में जानना या मेरे बारे में लिखना चाहेगा। यह रिश्ता मेरे द्वारा किए गए अच्छे काम पर आधारित है। और यह तभी संभव है जब मैं कोई ऐसा प्रोजेक्ट करूं जो मुझे पसंद हो, न कि कोई ऐसी चीज जो चली आ रही हो।

# मुझे जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद है

मराठी फिल्म वन वे टिकट निर्माता कोमल उनायने ने शालिनी सक्सेना के साथ अन्य चीजों के साथ एक गीत के साथ अभिनय की शुरुआत करने के बारे में चर्चा की



**❖एक निर्माता के रूप में आपकी शुरुआत कैसे हुई ?**

सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के नाते मैं हमेशा से एंटरप्रेन्योर बनना चाहती थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं किसी के लिए काम करूंगी। मैं खुद अपना मालिक बनना चाहती थी। यह तब हुआ जब मैंने एक कंपनी शुरू करने का फैसला किया। इसके तहत हम टीवीसी, डिजिटल विज्ञापनों में फिल्में और ब्रांड प्रमोशन का निर्माण कर रहे थे। मैंने काफी अनुभव हासिल किया और बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए आश्वस्त हुई। यह तब हुआ जब मैंने फैसला किया कि मैं एक कदम आगे बढ़कर एक फीचर फिल्म का निर्माण किया।

**❖क्या आपके मन में हमेशा मनोरंजन उद्योग में करियर बनाना था ?**

हां, कुछ मायनों में यह हमेशा दिमाग में होता है। एक बार जब मैंने इंजीनियरिंग में अपना कोर्स पूरा कर लिया, तो मैं ऐसे रास्ते तलाश रही थी जहाँ मैं अपने रचनात्मक पक्ष को उजागर कर सकूं। मनोरंजन उद्योग रचनात्मकता से भरा है। उद्योग आपको खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देता है। यह एक ऐसी जगह है जहां आप अपने जुनून का पीछा कर सकते हैं।

**❖महिला निर्माता के रूप में आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है ?**

हम सभी जानते हैं कि मनोरंजन उद्योग पुरुष प्रधान है। उद्योग में एक महिला के रूप में, हां, अपनी खास तरह की चुनौतियां सामने आती है। यहां - वहां कुछ संघर्ष होते हैं। मैं हमेशा उस उज्वल पक्ष को देखती हूं जो जीवन पेश करता है। इसलिए, मैं हमेशा जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद करती हूं।

**❖आप मराठी फिल्मों में कैसे आईं ?**

अवधारणा ने मुझे रोमांचित किया। यह पहली बार था कि एक मराठी फिल्म की शूटिंग यूरोप के चार यूरोपीय देशों और क्रूज में की गई थी। मुझे यात्रा पसंद है। मैं एक ऐसी फिल्म बनाना चाहती थी जहां आप यात्रा देख सकें। एक अभिनेता के रूप में मेरा डेब्यू गीत तू जहां फिर मिले भी एक यात्रा गीत है।

**❖एक निर्माता से एक अभिनेता बनना । ये कैसे हुआ ?**

ऐसी कोई योजना कभी नहीं थी। यह अभी हुआ। मोहित चौहान के गीत निर्देशक लकी हंसराज को नए चेहरे की तलाश थी। मैं भाग्यशाली थी कि उन्होंने मुझसे पूछा। मैं हैरान थी और शुरू में काफी हिचकिचा रही था। लेकिन दोनों ने मुझे विश्वास दिलाया कि मैं अभिनय कर सकती हूं। इसलिए आज मैं यहां हूँ।

**❖डेब्यू करने के लिए गीत क्यों चुना ?**

कोई योजना नहीं थी, यह सिर्फ सहज भाव से हो गया। मोहित चौहान का नाम मेरे लिए काफी है।

**❖मराठी उद्योग में क्या परिवर्तन हुए हैं ?**

लोग कहेंगे कि मैं पक्षपाती हूं। लेकिन उद्योग कुछ बहुत ही शानदार और वास्तव में सुंदर फिल्में बना रहा है .. उद्योग ने बड़ी छलांग लगाई है और आज डटकर खड़ा है।

**❖क्या यह बॉलीवुड से अलग है ?**

जैसा कि मुझे टीवीसी के निर्माणन और डिजिटल फिल्मों के विज्ञापन में अधिक अनुभव मिला है, मुझे लगता है कि हर उद्योग समान है। आप बस इतना करना चाहते हैं कि एक अच्छा उत्पाद पेश करें जहां दर्शक आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना करेंगे। जब तक दर्शक आपके काम से खुश हैं, तब तक आप आगे बढ़ने के लिए अच्छे हैं।

# मैंने गांधी को क्यों मारा

**निर्देशक: अशोक त्यागी**
**निर्माता: कल्याणी सिंह**
**अभिनीत: अमोल कोल्हे ( नाथूराम गोडसे )**
**प्रस्तुतकर्ता: मान सिंह**
**रिलीज की तारीख: 30 जनवरी, 2022**



ऐसा अक्सर नहीं होता है कि आपको ऐसी फिल्में देखने को मिलती हैं जो वास्तविक जीवन से ली जाती हैं, खासकर जब उन लोगों की जीवन कहानियों की बात आती है जिन्होंने भारत को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ छोड़ दिया। मान सिंह की व्हाई आई किल्ड गांधी, गांधीजी की हत्या के मुकदमे के दौरान नाथूराम गोडसे द्वारा माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कानूनी बयान का चित्रण है। न्यायमूर्ति आत्म चरण की अनुमति से नाथूराम गोडसे ने अदालत के समक्ष बयान पढ़ा। पूरे बयान को पढ़ने में करीब साढ़े चार घंटे का समय लगा। बाद में इसे इसी शीर्षक से एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। यह पुस्तक सभी लोकप्रिय ई-कॉमर्स साइटों पर स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है।

सभी जानते हैं कि गांधी जी की हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी। लेकिन ज्वलंत प्रश्न - जिसने उन्हें इतना चरम कदम उठाने के लिए प्रेरित किया - का उत्तर कभी नहीं दिया गया। हालाँकि, एक धारणा बनाई गई है कि गोडसे एक आतिवादी या मानसिक रूप से असंतुलित हिंदू चरमपंथी था। हालाँकि, जब आप उनका बयान पढ़ते हैं, तो आपको पता चलता है कि वे पुणे के एक स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने एक समाचार पत्र अग्रनी का संपादन किया।

1964 में, सरकार ने गांधीजी की हत्या के कारणों की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस जेएल कपूर के अधिकार क्षेत्र में एक सदस्यीय आयोग की स्थापना की। न्यायमूर्ति जेएल कपूर ने 1970 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और फिल्म की शुरुआत में 10 मिनट की टिप्पणी उस रिपोर्ट के अध्याय 12 से चयनित अंशों का पुनरुत्पादन है। फिल्म के शेष 35 मिनट, संपादित संस्करण, गोडसे द्वारा अदालत में प्रस्तुत कानूनी बयान है। फिल्म में बोला गया हर शब्द इस कानूनी दस्तावेज से लिए गए शब्दों का अनुवाद है। नाथूराम गोडसे को फांसी दिए जाने के बाद से फिल्म जो खुलासा करती है, उसे व्यवस्थित रूप से दबा दिया गया है और यह 20 वीं शताब्दी के भारत के इतिहास को देखने के लिए एक मौलिक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य देता है।

# पेसमेकर के साथ पीसमेकर

एक मजबूत सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता, श्री सैनी अदम्य भावना रखने वाली एक जुझारू सेनानी हैं, उन्होंने अपने जीवन में समस्त अप्रत्याशित परिस्थितियों से लड़ाई लड़ी, और कम समय में लाखों लोगों का दिल जीता और अमेरिका की प्रिय शख्सियत बन गईं। पंजाब में जन्मी और वाशिंगटन में पली-बढ़ी सैनी को प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए लॉस एंजिल्स में मिस वर्ल्ड अमेरिका मुख्यालय में मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताज पहनाया गया।



वह सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन महत्वपूर्ण पुरस्कारों की विजेता हैं- मिस होप हार्ट वाशिंगटन, मिस इंडिया यूएसए और मिस इंडिया वर्ल्डवाइड।

वर्तमान मिस वर्ल्ड अमेरिका के रूप में, वह मिस वर्ल्ड की तैयारी कर रही हैं और क्राई, यूनिसेफ और अपने स्वयं के श्री सैनी फाउंडेशन, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है, के साथ सामाजिक कार्यों के लिए अपना समय दे रही हैं।

सैनी कहती हैं, ''मेरे दिल की सर्जरी और दुर्घटना के बाद बिस्तर पर पड़े रहने के कारण बहुत अधिक भावनात्मक आघात हुआ। मैं समझ गयी थी कि भावनात्मक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से भी अधिक महत्वपूर्ण है। मैंने किताबें पढ़ीं और मेरे माता-पिता ने मुझे दूसरों को प्रेरित करने के लिए अपनी जीवन कहानी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।''

यह सच है कि यह आप ही हैं जो एक सुखी या दुखी जीवन जीने का निर्णय लेते हैं और आपके आस-पास के लोग इसे बेहतर या बदतर बनाते हैं। सैनी का कहना है कि हालांकि वह एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हैं, लेकिन उनके साथ के लोग बहुत प्रेरणादायी और प्यार करने वाले थे।

छोटे शहरों में लोगों के बड़े सपने होते हैं लेकिन यह उनके लिए आसान नहीं होता, विपत्तियां हावी हो जाती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप पहुंच बनाएं और मदद लें, गुरुओं और परामर्श की तलाश करें। सैनी कहती हैं, ''मैंने अपने घर और मन में दुख झेला, मदद मांगी, सलाह ली, सलाहकारों की तलाश की, हमारे पास बहुत सारे संसाधन हैं, अपने पादरी से बात करें, पाठ्येतर गतिविधियों के लिए आवेदन करें, प्रेरक वीडियो खोजें और ऑडियो बुक्स सुनें, डर का सामना करने के लिए खुद को चुनौती दें और डर का सामना करते हुए आगे बढ़ें, जब आप उन चीजों को करते हैं जिनसे आप सबसे ज्यादा डरते हैं, तो डर का आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, आपने डर पर विजय प्राप्त कर ली होती है। ''

सैनी की विपत्तियों ने उन्हें व्यापक दृष्टिकोण रखने में मदद की। वह कहती हैं, ''मैं अब अपनी चुनौतियों से विचलित नहीं होती, मैं समाधान ढूंढती हूं। मैं अपने आप से पूछती हूं, इस समस्या के शीर्ष पांच समाधान क्या हैं, क्या मैं उन्हें लागू करने या अनिर्णय में फंसने का साहस करूंगा? मैं खुद को निर्णायक बनने और एक झटके से जल्दी उबरने की चुनौती देती हूं।''

बड़ी होती, सैनी का पसंदीदा काम अपनी मां और भाई के साथ पुस्तकालय जाना था। उसने मोस्ट बुक्स रीड अवार्ड और सिल्वरवुड टिकट भी हथिया लिया। वह कहती हैं, '' मेरे पास बहुत सारे ट्रीट कार्ड या मुफ्त शर्ट थे क्योंकि मैंने बहुत सारी किताबें पढ़ीं। मेरी मां मुझे और मेरे भाई को लगभग हर दिन पुस्तकालय ले जाती थीं और हमें किताबें पढ़ने और उनके साथ चर्चा करने के लिए कुछ भत्ता देती थीं। हमारे होम लाइब्रेरी में अब 1000 से अधिक किताबें हैं। ''

मिस वर्ल्ड दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसका 70वां साल दिसंबर, 2021 में पूरा हो रहा है।

यह एक चौरिटी-आधारित प्रतियोगिता है जिसमें 125 से अधिक देश प्रतिस्पर्धा करते हैं। सैनी बताती हैं, '' मैं दुनिया भर के प्रतियोगियों द्वारा किए गए काम से रोमांचित थी। मैं छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड का हिस्सा बनना चाहती था, मेरे पास छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड के रूप में मेरी तस्वीर है। '' मिस वर्ल्ड अमेरिका का ताज पहनाया जाना सैनी को समाज की मदद करने से नहीं रोक पाया। इस संबंध में उनका पसंदीदा हिस्सा यह है कि यह उन्हें गैर-लाभकारी प्रमुखों से मिलने और उनके साथ काम करने, उनकी सेवा करने और सोशल मीडिया पर उनकी परियोजनाओं के बारे में बात करने में मदद करता है। ''प्रत्येक गैर-लाभकारी संस्था का एक महान लक्ष्य होता है, सभी कार्य महत्वपूर्ण होते हैं। मैं विशेष रूप से अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) की आभारी हूं, मैं चिकित्सा पेशेवरों द्वारा किए गए आविष्कारों के कारण जीवित हूं। मुझे अहा की सेवा करना अच्छा लगता है, मेरा पेसमेकर एक हालिया आविष्कार है, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं अहा की सेवा कर रही हूं।'' सैनी कहती हैं।

> **श्रीसैनी, जो एक अदम्य भावना रखने वाली जुझारू सेनानी हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में बता रही हैं कि वह एक सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य की प्रबल हिमायती हैं**

सैनी के लिए, अपने और दूसरों के साथ शांति से रहना ही सफलता है। वह कहती हैं कि जीवन में हम कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करेंगे, हमारे भावनात्मक प्रबंधन, हमारी बौद्धिक प्रतिक्रियाएं, हमारी भावनात्मक भलाई, हमारे व्यवहारिक विकल्प और अराजकता पर शांत होने की हमारी क्षमता सफलता है।

''हम किसी भी तनावपूर्ण स्थिति के जवाब में तनाव पैदा नहीं कर सकते हैं, हमें शांतचित्त बने रहने और खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या यह मेरे मन की शांति के लायक है। मैं एक पेसमेकर के साथ एक शांतिदूत हूं।'' सैनी कहती हैं।

सैनी ने महामारी में जो एक महत्वपूर्ण सबक सीखा, वो यह है कि जब लोग एक साथ मिलकर सामाजिक दूरी को सामाजिक अलगाव समझने की गलती करते हैं तो इंसान अच्छा करता है। '' हमें दूरी रखने के लिए कहा गया था, लेकिन हमें दूर होने के लिए नहीं कहा गया था, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों को बनाए रखते हुए, हम अभी भी बाहर पार्कों में मिल सकते हैं और एक-दूसरे को खुशी और समर्थन ला सकते हैं।'' सैनी बताती हैं।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 43
लखनऊ, मंगलवार, 30 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मैं सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं
विविध-12


# तीन कृषि कानूनों की वापसी वाला विधेयक संसद से पारित

**भाषा।** नई दिल्ली



सोमवार को लोकसभा में बोलते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

**संसद** के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्ष के शोरगुल के बीच तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को खत्म करने संबंधी एक विधेयक बिना चर्चा के दोनों सदनों में पारित हो गया। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण आज लोकसभा को दो बार एवं राज्यसभा को चार बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि विधि निरसन विधेयक 2021 को दोनों सदनों में पेश किया। उन्होंने राज्यसभा में कहा, सरकार और विपक्षी दल दोनों ही इन कानूनों की वापसी चाहते हैं इसलिए कृषि कानून निरसन विधयक पर कोई चर्चा करने की जरूरत नहीं है। लोकसभा में इस विधेयक को बिना चर्चा के पारित कराए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज सदन में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस विधेयक को चर्चा के बाद पारित कराने की बात कही गई लेकिन इस पर सरकार चर्चा क्यों नहीं करना चाहती है? जब विपक्षी सदस्यों ने निरसन विधेयक पर चर्चा कराए जाने की मांग की तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन में व्यवस्था नहीं है और इस हालात में चर्चा कैसे कराई जा सकती है। उन्होंने कहा, आप (विपक्षी सदस्य) व्यवस्था बनाएं तब चर्चा कराई जा सकती है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निरस्त किए जा रहे तीनों कानूनों को काला कानून करार देते हुए कहा, एक साल तीन महीने के बाद आपको (सरकार) ज्ञान प्राप्त हुआ और आपने कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस किसान आंदोलन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी लोग जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब इस विधेयक का प्रस्ताव आया था विभिन्न गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ), किसान संगठनों ने भी इसका विरोध किया गया था। खड़गे ने कहा, इसे वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा था और सारे देश में इन कानूनों के खिलाफ माहौल बन गया तथा उपचुनावों में इसका प्रभाव दिखा। अब पांच राज्यों में चुनाव हैं। उपचुनाव में ऐसे परिणाम हैं तो पांच राज्यों में परिणाम क्या होंगे। 700 किसान मर चुके हैं। इससे पहले कृषि मंत्री तोमर ने तीन कृषि काननों की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार बहुत विचार-विमर्श के बाद किसानों के कल्याण के लिए इन कानूनों को लेकर आई थी। उन्होंने कहा लेकिन दुख की बात है कि कई बार प्रयत्न करने के बावजूद वह किसानों को समझा नहीं सकी। कृषि मंत्री तोमर ने कांग्रेस पर दोहरा रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दल ने अपने घोषणापत्र में कृषि सुधारों का वादा किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु नानक जयंती पर तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर बड़ा दिल दिखाया ।

## विपक्ष के 12 सदस्य सत्र की शेष अवधि के लिए राज्यसभा से निलंबित

**भाषा।** नई दिल्ली

### ● अमर्यादित आचरण एवं मार्शलों के साथ धक्का-मुक्की का आरोप

**संसद के** सोमवार को आरंभ हुए शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के 12 सदस्यों को पिछले मानसून सत्र के दौरान अशोभनीय आचरण करने के लिए, वर्तमान सत्र की शेष अवधि तक के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। उपसभापति हरिवंश की अनुमति से संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस सिलसिले में एक प्रस्ताव रखा जिसे विपक्षी दलों के हंगामे के बीच सदन ने मंजूरी दे दी। जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है उनमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम शामिल हैं। इन सदस्यों पर आरोप है कि मानसून सत्र में राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान इन्होंने अमर्यादित आचरण एवं मार्शलों के साथ धक्का-मुक्की की थी।

# सामूहिक विवाह से बाल विवाह और दहेज प्रथा दोनों पर लगता है अंकुशः मुख्यमंत्री



कुशीनगर में सोमवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** कुशीनगर/लखनऊ

### ● कुशीनगर में श्रम विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए योगी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ आज जनपद कुशीनगर में श्रम विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 2,503 कन्याओं के विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। गोरखपुर मण्डल से सम्बन्धित जनपदों की इन कन्याओं का विवाह कन्या विवाह सहायता योजना के तहत सम्पन्न हुआ। इसमें जनपद कुशीनगर की 654, जनपद गोरखपुर की 817, जनपद महराजगंज की 634 तथा जनपद देवरिया की 398 कन्याएं सम्मिलित हैं। इस समारोह में 138 मुस्लिम तथा 122 बौद्ध जोड़ों का विवाह भी सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री द्वारा 11 नवविवाहित दम्पत्तियों को प्रतीक स्वरूप प्रमाण.पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी जोड़ों को सौभाग्यशाली बताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की परम्परा में कन्यादान महादान माना गया है। वर्तमान सरकार इस प्रकार के कार्यक्रमों से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र तथा भाषा का कोई भेदभाव नहीं किया गया है। सभी पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। वर्ष 2017 के पहले भी श्रम विभाग था, लेकिन तब शासन की योजनाओं का लाभ गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं तथा महिलाओं को नहीं मिल पाता था। वर्तमान सरकार के गठन के बाद प्रत्येक जरूरतमन्द को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने जो संविधान दिया, उसमें सभी के लिए समान अधिकार की व्यवस्था की गयी है। केन्द्र और प्रदेश सरकार इसी समान अधिकार के तहत बिना भेदभाव समाज के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जब एक साथ मिलते हैं तो सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। सामूहिक विवाह का कार्यक्रम इसी का प्रतिफल है। सामूहिक विवाह के दो लाभ होते हैं। इससे बाल विवाह और दहेज प्रथा दोनों पर अंकुश लगता है। उन्होंने कहा कि आज गांव की बेटी सबकी बेटी का भाव देखने को मिलता है।

# डॉ. मित्रा को राज्यसभा में श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



डॉ. चंदन मित्रा की फाइल फोटो

**देश ने एक ऐसे अनुभवी पत्रकार और सक्षम सांसद को खो दिया जिसने जलवायु परिवर्तन, शहरी और ग्रामीण विकास, विरासत और शिक्षा जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया : एम वेंकैया नायडू**

**राज्यसभा** ने सोमवार को पूर्व सांसद और द पायनियर के संपादक डॉ. चंदन मित्रा को श्रद्धांजलि दी। डॉ. मित्रा का इसी साल 1 सितंबर को 66 साल की उम्र में निधन हो गया था। डॉ. मित्रा के योगदान की सराहना करते हुए अध्यक्ष एम वेंकैया नायडू ने कहा कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन, शहरी और ग्रामीण विकास, विरासत और शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद दिवंगत सांसद और प्रख्यात पत्रकार को श्रद्धांजलि देते हुए सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि सामाजिक मुद्दों और संस्कृति में गहरी रुचि ने डॉ. मित्रा को अपने आसपास की दुनिया के बारे में उदार और व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाया, जो पत्रकारिता में आवश्यक एक सर्वोत्कृष्ट गुण है।

डॉ. मित्रा ने अगस्त, 2003 से अगस्त, 2009 तक राज्य सभा के मनोनीत सदस्य और जून, 2010 से जून, 2016 तक मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में कार्य किया। उन्होंने वाणिज्य पर संसदीय स्थायी समिति से संबंधित विभाग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। नायडू ने कहा कि डॉ. मित्रा के निधन से देश ने एक अनुभवी पत्रकार और एक सक्षम सांसद खो दिया है। डॉ. मित्रा की पृष्ठभूमि पर नजर डालते हुए नायडू ने कहा कि उनका जन्म दिसंबर, 1954 में पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हुआ था। डॉ. मित्रा की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम से हुई।

## सरकार संसद में हर प्रश्न का उत्तर देने को तैयारः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में देश हित में चर्चा हो और राष्ट्र की प्रगति के लिए रास्ते खोजे जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार हर सवाल का जवाब देने को तैयार है, बशर्ते सदन में शांति बनाई रखी जाए तथा सदन व आसन की गरिमा के अनुकूल आचरण किया जाए। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से आरंभ हो गया। सत्र की शुरुआत से पहले संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, संसद में सवाल भी हों और संसद में शांति भी हो। हम चाहते हैं संसद में सरकार के खिलाफ, सरकार की नीतियों के खिलाफ, जितनी आवाज प्रखर होनी चाहिए वह हो, लेकिन संसद की गरिमा, अध्यक्ष व आसन की गरिमा... इन सब के विषय में हम वह आचरण करें, जो आने वाले दिनों में देश की युवा पीढ़ी के काम आए। उन्होंने कहा कि सरकार हर विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, सरकार खुली चर्चा करने के लिए तैयार है। सरकार हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है।

# 'चुनिंदा हत्याएं बंद होने के बाद मिलेगा जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा'

**भाषा।** जम्मू, श्रीनगर

### ● भाजपा की राज्य इकाई ने किया वादा, उमर अब्दुल्ला ने की निंदा

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि लक्षित हत्याएं केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन की सामूहिक विफलता को दर्शाती हैं। उनका यह बयान तब आया जब भाजपा की स्थानीय इकाई ने चुनिंदा हत्याएं रुकने के बाद जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने का वादा किया। पांच अगस्त, 2019 को, केंद्र ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था और तत्कालीन राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख- दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। भाजपा महासचिव (संगठन) अशोक कौल ने उत्तर कश्मीर के बांदीपुरा में संवाददाताओं से कहा कि जब चुनिंदा हत्याएं बंद हो जाएंगी और आम आदमी मुक्त रूप से घूमने लगेगा तो क्षेत्र का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कश्मीर में चुनिंदा हत्याओं को लेकर चिंतित है क्योंकि उसके कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है। कौल ने कहाकि इसमें भाजपा नेताओं को मारा जा रहा है, या गैर कश्मीरियों को या गैर मुस्लिमों को। कुछ मुस्लिमों को भी निशाना बनाया जा रहा है। हम हर चुनिंदा हत्या का विरोध करते हैं और कोई भी धर्म इसकी इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा और भाजपा इस मांग का समर्थन करती है। कौल ने कहा, जम्मू कश्मीर में जब स्थिति में सुधार होगा, जब यह (स्थिति) सामान्य होगी, चुनिंदा हत्याएं बंद होंगी और आम आदमी मुक्त रूप से घूम सकेगा तब राज्य का दर्जा बहाल होगा।

## अफगानियों, रोहिंग्याओं को खाद्य सुरक्षा संबंधी याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय सोमवार को देश में रहने वाले अफगान, रोहिंग्या और अन्य देशों के शरणार्थियों एवं शरण चाहने वालों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने वकील फैजल अब्दाली द्वारा दायर एक याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि भोजन का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत आता है और शरणार्थियों और शरण चाहने वालों को खाद्य सुरक्षा दी जानी चाहिए। अब्दाली ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार महामारी के दौरान ऐसे शरणार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की कोई योजना नहीं है। पीठ ने अब्दाली की याचिका पर नोटिस तो जारी किया, लेकिन कहा कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर पेश नहीं होना था, क्योंकि उनके लिए एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड मौजूद है। उसके बाद एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड अमीय शुक्ला ने बहस शुरू की और कहा कि शरणार्थी भी खाद्यान्न के अधिकार के हकदार हैं, लेकिन फिलहाल उनके लिए ऐसी कोई योजना नहीं है।

# कोरोना के नए वैरिएंट को लेकर प्रदेश अलर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



### ● विदेश से आने वाले यात्रियों के पॉजिटिव पाए जाने पर होगी जीनोम सीक्वेंसिंग

**कोरोना** संक्रमण की पहली और दूसरी लहर पर नियंत्रण पाने वाली योगी सरकार ने डेल्टा वेरिएंट से भी ज्यादा खतरनाक बताए जा रहे ओमीक्रान वेरिएंट को गंभीरता से लेते हुए सभी सावधानियां बरतनी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को अलर्ट मोड पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इस नए वैरिएंट को लेकर लखनऊ समेत सभी जिलों में विदेश से आने वालों की पड़ताल के निर्देश जारी किए गए हैं। निगरानी समितियों, सर्विलांस टीमें, स्वास्थ्य विभाग की टीम, डीएम, डीएसओ व डीआईओ ने जमीनी स्तर पर मोर्चा संभाल लिया है। विदेशों से आने वाले यात्रियों की ट्रेसिंग और कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद कोरोना की दूसरी लहर में गठित की गई विशेषज्ञों की टीम इस नए वैरिएंट पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। ये टीम विदेशों में इस नए वैरिएंट के लक्षण, प्रभाव और इसके खतरे का आंकलन करेगी। इस नए वैरिएंट की संक्रमण दर कितनी है, डेल्टा से कितना खतरनाक ये नया वैरिएंट है और इस नए वैरिएंट पर वैक्सीन के प्रभाव का आकलन किया जाएगा। सभी एयरपोर्ट पर सख्ती बढ़ा दी गई है, वहीं सभी यात्रियों की एयरपोर्ट पर निशुल्क आरटीपीसीआर जांच भी की जा रही है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 57,260 | ↑ 153 | |
| निफ्टी | 17,054 | ↑ 27 | |
| सोना | 47,242 | ↑ 242 | /10g |
| चांदी | 62,248 | ↑ 543 | /kg |

## क्विक न्यूज

### हाईकोर्ट के जज के मकान से 50 टोंटियां चोरी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-105 में स्थित उच्च न्यायालय के एक वर्तमान न्यायाधीश के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने पानी की लगभग 50 टोंटियां चुरा ली। थाना सेक्टर 39 के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहर सिंह ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि न्यायमूर्ति विनोद कुमार राय का मकान सेक्टर-105 में है। मकान की देखभाल करने वाले तेजबीर सिंह ने मकान का ताला तोड़कर पानी की 50 टोंटियां और अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। उन्होंने कहाकि पुलिस शीघ्र इस मामले का खुलासा करने का प्रयास करेगी कि इस घटना में कौन लोग शामिल हैं।

# जीवन प्रमाणपत्र के लिए चेहरा पहचानने वाली तकनीक का होगा प्रयोग

### ● पेंशनभोगियों को मिलेगी बड़ी राहत

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाणपत्र के एक प्रमाण के रूप में चेहरा पहचानने वाली विशिष्ट तकनीक को सोमवार को पेश किया। कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने यह खास तकनीक पेश करते हुए कहा कि इससे सेवानिवृत्त एवं बुजुर्ग पेंशनभोगियों को काफी सहूलियत होगी। चेहरा पहचानने वाली इस तकनीक की मदद से पेंशनधारकों के जीवित होने की पुष्टि की जा सकेगी। दरअसल, सभी पेंशनधारकों को साल के अंत में अपने जीवित होने का प्रमाणपत्र देना अनिवार्य होता है। इस प्रमाणपत्र के आधार पर ही उन्हें आगे पेंशन जारी रखी जाती है। सिंह ने कहा, केंद्र सरकार पेंशनभोगियों की जरूरतों को लेकर संवेदनशील रही है और उनकी जिंदगी को सुगम बनाने की कोशिश करती रही है। वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद सरकार ने पेंशनधारकों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र की सुविधा शुरू की थी। अब चेहरा पहचानने वाली इस तकनीक से उन्हें और भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीवन प्रमाणपत्र देने के लिए चेहरा पहचानने वाली इस तकनीक की शुरुआत एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी सुधार है। इससे न केवल केंद्र सरकार के 68 लाख पेंशनभोगी बल्कि ईपीएफओ एवं राज्य सरकारों से पेंशन पाने वाले लोग भी लाभान्वित होंगे। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, इस मौके पर राज्यमंत्री ने इस तकनीक को सामने लाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ ही विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) को धन्यवाद दिया।

## रामगंगा नदी पर बना पुल टूटा, वाहनों की आवाजाही हुई ठप

**शाहजहांपुर (भाषा)।** शाहजहांपुर जिले में रामगंगा नदी पर बने दो किलोमीटर लंबे पुल के एक खंभे के जमीन के अंदर धंस जाने के कारण पुल टूट कर दो खंडों में बंट गया, जिससे वहां वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कुछ दिन पहले भी इस पुल के एक खंभे के जमीन में धंसने की शिकायत मिली थी, जिसे ठीक कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि लगभग 11 करोड़ रुपए की लागत से बने इस पुल का उद्घाटन 2008 में किया गया था। यह पुल जलालाबाद-बरेली-इटावा राज्य मार्ग को मुरादाबाद बदायूं से जोड़ता है, जिस पर सोमवार सुबह तब आवागमन बंद कर दिया गया था, जब इसका एक खंभा फिर जमीन में धंस गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने पुल पर वाहनों की आवाजाही बंद करा दी।

# थरूर की छह महिला सांसदों के साथ सेल्फी पर विवाद

**भाषा।** नई दिल्ली



संसद भवन परिसर में छह महिला सांसदों के साथ कांग्रेस सांसद शशि थरूर

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सोमवार को छह महिला सांसदों के साथ अपनी एक सेल्फी साझा की और कहा कि कौन कहता है कि लोकसभा काम करने के लिए आकर्षक जगह नहीं है। इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया और कुछ लोगों ने उन पर लैंगिक भेदभाव की भावना रखने का आरोप लगाया। बाद में थरूर ने कुछ लोगों को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगी और कहा कि महिला सांसदों के कहने पर ही यह सेल्फी ली गई और ट्विटर पर पोस्ट की गई तथा यह सब अच्छे मिजाज के साथ किया गया। थरूर ने सुप्रिया सुले, परनीत कौर, थमीजाची थंगापंडियन, मिमी चक्रवर्ती, नुसरत जहां रूही और ज्योतिमणि के साथ सेल्फी साझा करते हुए ट्वीट किया, कौन कहता है कि लोकसभा काम करने के लिए आकर्षक स्थान नहीं है? आज सुबह अपनी छह साथी सांसदों के साथ। कई इंटरनेट यूजर ने उन पर लैंगिक भेदभाव और आपत्तिजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने ट्वीट किया, आप इन्हें आकर्षण की वस्तु के तौर पर पेश करके संसद एवं राजनीतिक में इन महिला सांसदों के योगदान को कमतर कर रहे हैं। संसद में महिलाओं को वस्तु की तरह पेश करना बंद करिए। वकील करुणा नंदी और कुछ अन्य लोगों ने भी थरूर की आलोचना की। इसके बाद थरूर ने कहा, यह सेल्फी महिला सांसदों की पहल थी जो अच्छे मिजाज में ली गई थी और इन महिला सांसदों ने इसी भावना के साथ इस तस्वीर को ट्वीट करने के लिए कहा था। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और कुछ लोगों ने थरूर का बचाव भी किया।

# पूर्ववर्ती सरकारों ने यूपी को अंधेरे में रखा

## भाजपा सरकार ने 1.40 करोड़ घरों का अंधेरा किया दूर, 1.21 लाख मजरों में पहुंचाई बिजली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**ऊर्जा** मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को बीजेपी मुख्यालय पर फर्क साफ है अभियान के तहत पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा की गई प्रदेश की उपेक्षा व 2017 के बाद बीजेपी सरकार द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में किये गए कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के कमीशन, कुशासन व करप्शन की नीतियों ने प्रदेश को अंधेरे में रखा था, वे लोगों के जीवन में उजाला चाहते ही नहीं थे। केवल चार जिलों को ही पूरा प्रदेश मान लेने वाली पूर्ववर्ती सरकारों को उत्तर प्रदेश की चिंता नहीं रही। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद से प्रदेश का हर जिला बिजली आपूर्ति की दृष्टि से वीआईपी है। फर्क साफ है वे अंधेरा दूर करना नहीं चाहते थे। हमें 24 करोड़ प्रदेशवासियों के जीवन में उजाला ले आना था, हमने जो कहा था उसे करके भी दिखाया। आज 1.40 करोड़ घर बिजली की रोशनी से रौशन हैं। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश के जिला मुख्यालय को 24 घण्टे, तहसील को 20 और गांव को 18 घण्टे निर्बाध बिजली मिल रही है। 2017 के पहले केवल चार जिले ही वीआईपी थे आज प्रदेश का हर जिला वीआईपी है। इससे पहले प्रदेश ने शिफ्ट वाइज बिजली की सप्लाई देखी थी। आज हम पूरे प्रदेश में सबको बिजली, निर्बाध बिजली व पर्याप्त बिजली के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने 5.4 से 11.09 रूपए की दर से दीर्घकालिक पीपीए किये और जनता पर मंहगी बिजली थोपी और 5 साल के कार्यकाल में हर साल दरों में बढ़ोतरी करते हुए बिजली के दाम 60.71 प्रतिशत बढ़ाये। वहीं हमारी सरकार ने सस्ती बिजली के अभियान के तहत 2.98 रूपए से 4.19 रूपए की दर से पीपीए किये और पिछले तीन सालों से हमने बिजली के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए हमने पिछले साढ़े 4 वर्षों में हमने 673 नए 33-11 केवी के बिजली घर बनाये। 2026 तक और नये 750 बिजलीघर बनाये जायेंगे जबकि पिछली सरकार में हर साल 33-11 केवी के केवल 29 बिजली घर की क्षमता वृद्धि की जाती थी, हमारी सरकार में हर साल 337 बिजली घर पर क्षमतावृद्धि की गयी है। इस प्रकार पिछले साढ़े 4 वर्षों में हमने कुल 1347 बिजली घरों की क्षमता बढ़ाई है। 12111.75 करोड़ की लागत से 765 केवी का 1, 400 केवी के 12, 220 केवी के 34 व 132 केवी के 72 पारेषण उपकेंद्रों का निर्माण करवा चुकी है।

उन्होंने कहा कि 2012-17 के बीच हर साल केवल 19880 निजी ट्यूबवेल कनेक्शन ही दिए गए। बीजेपी सरकार में यह दर 72 प्रतिशत ज्यादा रही और 39395 कनेक्शन प्रतिवर्ष दिए गए। हमने सर्वाधिक 136775 कनेक्शन दिए। पिछली सरकार ने डार्क जोन के नाम पर ब्रज व पश्चिम के 17 जिलों में ट्यूबवेल कनेक्शन पर रोक लगाई।

# जनसमस्याओं का त्वरित गति से निराकरण करें अधिकारी: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक.एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की। जनता दर्शन में बुजुर्गए महिलाएंए पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं। आवास पर आये मरीजों के ईलाज हेतु उपमुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया और प्रत्येक व्यक्ति की हर सम्भव मदद हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों मे आये तमाम लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं और प्रार्थना पत्र भी दिये। औरैया के विकास यादव ने सम्पर्क मार्ग व अन्डरपास बनवाने, फतेहपुर के मलखान सिंह ने सेतु के निर्माण हेतु, हाथरस के सुनील पाण्डेय ने सड़क चौड़ीकरण हेतु, अलीगढ़ के राम कुमार व हरि प्रसाद ने अवैध कब्जा हटवाने, कानपुर के राजेन्द्र घानुक व बरेली के रमेशचन्द्र ने भूमि सम्बन्धी प्रकरण रखे, फि रोजाबाद की कमला देवी ने इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने का अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी मिर्जापुर व जिलाधिकारी अलीगढ़ से भी समस्याओं के निस्तारण के बाबत वार्ता की। उन्होने कई जिलों के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से भी लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु सहयोग करने हेतु वार्ता की। कई लोगों की समस्याओं का जनता दर्शन के दौरान ही निस्तारण कराया गया।

## नितिन शर्मा बने कांग्रेस हीरक जयंती समारोह समिति के लखनऊ मंडल प्रभारी



**लखनऊ।** लखनऊ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नितिन शर्मा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अनुमति से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी हीरक जयन्ती (75 वीं वर्षगांठ) समारोह समिति का लखनऊ मण्डल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी कंट्रोल रूम, हीरक जयन्ती समारोह समिति ए उप्र कांग्रेस कमेटी विजय बहादुर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नितिन शर्मा एनएसयूआई के विभिन्न पदों पर रहते हुए युवक कांग्रेस के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। शर्मा लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी में भी महामंत्री प्रवक्ता के पद पर कार्य कर चुके हैं।

# वाराणसी गैलरी में दिखेगा बाबा विश्वनाथ धाम का इतिहास

- गैलरी में डिजिटल माध्यम से भी धरोहरों को किया जाएगा प्रदर्शित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ धाम अब आकार ले रहा है। इसके तहत वाराणसी गैलरी बनाई जा रही है। इस गैलरी में बाबा के दरबार के इतिहास के साथ ही पौराणिक महत्व की चीजें भी प्रदर्शित की जाएंगी। बाबा विश्वनाथ धाम का इतिहास बताने के लिए गैलरी में डिजिटल माध्यम भी होगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में तेजी से बन रहे इस धाम का उद्घाटन दिसंबर में संभावित है।

श्री काशी विश्वनाथ धाम में निर्माण हो रहे 24 भवनों में वाराणसी गैलरी काफी महत्वपूर्ण है। शिव भक्तों में ज्योतिर्लिंग, इसके पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व और इतिहास को जानने के लिए काफी उत्सुकता रहती है। वाराणसी मंडल के कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस गैलरी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के इतिहास और पौराणिक महत्व की चीजों को शिव भक्त देख और समझ सकेंगे। धाम के विस्तारीकरण और विकास के दौरान कुछ घरों से अद्भुत मूर्तियां, पुराने घरों से निकले नक्काशीदार दरवाजे, खिड़कियां, ताले और चाभी मिले थे। इस विरासत को भी धरोहर के रूप में वाराणसी गैलरी में प्रदर्शित करने की योजना है। काशी की आध्यात्मिक परंपरा को भी गैलरी में प्रदर्शित किया जाएगा। वाराणसी गैलरी में धाम के ऐतिहासिक धरोहरों को डिजिटल माध्यम से भी प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि वाराणसी गैलरी का निर्माण 319 वर्ग मीटर में हो रहा है।

## हर बूथ पर 20 यूथ जोड़ कर संगठन को मजबूती देगा भाजपा युवा मोर्चा

**लखनऊ।** बीजेपी युवा मोर्चा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल के नेतृत्व में आज क्षेत्रीय कार्यालय निराला नगर पर युवा सम्मेलन को लेकर तैयारी बैठक का संयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा मोर्चा के प्रभारी पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा वरूण गोयल, उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव बाबा, उपाध्यक्ष अनुभव दिवेदी की उपस्थिति रही।

पंकज सिंह ने युवाओं का हर्षवर्धन करते हुए कहा कि अब तक प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जो भी कार्यक्रम युवा मोर्चा को दिए गए हैं उसे युवा मोर्चा ने बड़े उत्साह के साथ पूरा किया है चाहे मंडल कार्यसमिति हो, जिला कार्यसमिति, तीरंगा यात्रा हो, सांसद खेल अभियान, सदस्यता अभियान एवं अनेकों कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक किया है। इसी प्रकार आगामी कार्यक्रम युवा सम्मेलन को भी युवा मोर्चा को बड़े जोरदार तरीके से करना है, युवा मोर्चा द्वारा हर बूथ पर 20 यूथ की कार्यसमिति बनाकर संगठन को और मजबूत बनाने का काम करेगा।

# मिशन शक्ति अभियान: अब तक 28 लाख से अधिक लोगों को किया गया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तीकरण व सम्मान के उद्देश्यों के साथ मिशन शक्ति के रूप में वृहद अभियान प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 7 अगस्त से 15 नवम्बर तक 28,32,104 लोगों को जागरूक किया गया है। जिनमें पुरूष 12,18,181 महिलाओं व बालिकाओं सहित 16,09,238 व अन्य 1685 लोगों को महिलाओं के प्रति जागरूक किया गया है। स्वाति सिंह ने बताया कि हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम के अन्तर्गत 7 अगस्त तथा 2 नवम्बर को आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओ तथा बच्चों के प्रति यौन हिंसा, लिंग असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर यौन हिंसा और दहेज हिंसा आदि के मुद्दों को संबोधित करने हेतु सभी जनपदों में 2 घंटे का इंटरफ़ेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 1365 शिकायतें दर्ज की गई हैं और 897 का समाधान कार्यक्रम के दौरान ही पूर्ण किया गया। अन्य प्रकरणों पर जिलाधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों द्वारा 11 अगस्त को सरकारी अस्पतालों यानि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि में जन्मी 1778 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मां-बेटियों को उपहार बांटे गए। जनपदों द्वारा जन्मी बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रतीकात्मक रूप से कुल 1409 पौधे लगाए हैं और पुरुषों और बालकों को इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपकर पुरुष सहभागिता सुनिश्चित की गई।

# मतदाता पंजीकरण का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से किया जाए: उमेश सिन्हा

- चुनाव आयोग ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** निर्वाचन आयोग के सेक्रेटरी जनरल उमेश सिन्हा व सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर सुदीप जैन, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर चंद्र भूषण कुमार ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र अजय कुमार शुक्ला एवं समस्त मंडलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदात सूची पुनरीक्षण-2022 की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में सेक्रेटरी जनरल ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता पंजीकरण का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से किया जाए। किसी भी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों में छोटी-छोटी गलतियां होने पर उन्हें निरस्त न किया जाए बल्कि बीएलओ घर-घर जाकर ऐसे फार्मों की गलतियों को सुधारने का कार्य करें।

# प्रो. तनेजा बने चरण सिंह विवि के इतिहास में सबसे लम्बी पारी खेलने वाले कुलपति

संवाददाता। मेरठ



**चौ.** चरण सिंह विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति तक प्रो. एनके तनेजा ही विश्वविद्यालय के कुलपति के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रो. एनके तनेजा की सुद्रढ़ व पारदर्शी कार्यशैली को देखते हुए अग्रिम आदेशों तथा नये कुलपति की नियुक्ति तक कुलपति के दायित्वों का निर्वहन करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही प्रो. तनेजा विश्वविद्यालय के इतिहास में सबसे लम्बी पारी खेलने वाले कुलपति बन गये हैं।

उल्लेखनीय है कि 28 नवम्बर को प्रो. एनके तनेजा का कार्यकाल खत्म हो रहा था। ऐसे में विश्वविद्यालय को नया कुलपति मिलने के कयास लगाये जा रहे थे। प्रो. तनेजा ने विश्वविद्यालय की व्यवस्था को जिस तरह से पटरी पर डाला है वह निसंदेह काबिले तारीफ है। एकेडमिक क्षेत्र हो या प्रशासनिक अथवा वित्तीय उन्होंने सभी क्षेत्रों में सराहनीय सुधार किये। उनके अथक प्रयासों की बदौलत ही चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय आज तमाम क्षेत्रों में अव्वल स्थान पर खड़ा है। प्रो. एनके तनेजा की मेधापरक प्रतिभा को देखते हुए अगस्त 2015 में तत्कालीन राज्यपाल रामनाईक ने उनको चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति की बागडोर सौंपी। प्रो तनेजा ने सभी को साथ लेकर विश्वविद्यालय में जिस तरह से चौतरफा सुधारवादी कदम उठाये उन्हीं की बदौलत विश्वविद्यालय प्रदेश और समूचे देश में आज अपनी अमिट पहचान बनाने में कामयाब हो पाया है। प्रो. एनके तनेजा की सुद्रढ़ व पारदर्शी कार्यशैली को देखते हुए तत्कालीन राज्यपाल रामनाईक ने 2018 में पहले तीन माह और उसके बाद फिर से तीन साल का कार्यकाल बढा दिया।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

M/s VR Agencies Tin No. 09952202196 का Form 38 No. 2013-14/181137 A00640415 कहीं खो गया है कृपया मिल जाने पर 9335356450 पर सूचित करें।

**सूचना**

मैंने अपना नाम एन0यू0 सिद्दीकी से बदल निसार उल्लाह कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। निसार उल्लाह पुत्र अमीर उल्लाह पता 84-C सुजात गंज कानपुर नगर

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित हो कि मेरा अपने भाई गौरव शुक्ला एवं उसकी पत्नी से उनके गलत चाल-चलन और दुर्व्यवहार के चलते आज से कोई संबंध नही है और न ही इनके किसी भी कृत्य या किसी भी प्रकार के विवाद से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना है या होगा। सौरभ कु. शुक्ला पुत्र गिरीश चंद्र शुक्ला निवासी मोहिबुल्लापुर, लखनऊ

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

श्रीमती इन्दिरा गाँधी पी0जी0 कालेज डुमरी मर्यादपुर मऊ सम्बद्ध बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **स्नातकोत्तर स्तर पर अतिरिक्त सेक्शन हेतु विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान 02 पद व गणित 02 पद** पर प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता यू0जी0सी0 एन0सी0टी0ई0 उ0प्र0 शासन/वि0वि0 परिनियमावली/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति, बायोडाटा एवं नवीनतम पासपोर्ट साईज के 04 फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक -मो0 9450755646,8795016774

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है**

**स्व. जगन्नाथ पटेल मेवालाल पटेल महिला महाविद्यालय रसूलपुर लदिगंवा (बहुआ), फतेहपुर।**

परास्नातक संकाय (एम.ए.) हेतु निम्न विषयों के प्रवक्ताओं के चयन हेतु एक सप्ताह के अन्तर्गत सभी इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त पत्रजात स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में प्रेषित करें। विषय - हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, गृह विज्ञान, संस्कृत एवं शिक्षा शास्त्र। वेतनमान/योग्यता यूजीसी के मनकानुसार।
**प्रबन्धक** - जे०पी०एम०पी० महिला महाविद्यालय रसूलपुर लादिगंवा फतेहपुर। 9236093824

# किसानों के प्रति भाजपा की नीयत साफ नहीं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की नीयत किसानों के प्रति साफ नहीं है। किसान साल भर से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी एकता और दृढ़ता से परेशान और आसन्न विधानसभा चुनावों से डर कर उसने अपने तीन काले कानून वापस तो ले लिए हैं किन्तु किसानों की बुनियादी मांगों पर बात करने से वह अब भी कतरा रही है। भाजपा अपने चंद पूंजी घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए ही किसानों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। इसका जवाब जनता सन् 2022 में भाजपा का सफाया करके देगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा किस तरह किसानों को धोखा दे रही हैए धान क्रय केन्द्रों में परेशान हाल किसानों को देखकर समझा जा सकता है। तौल में झोल के साथ क्रय केन्द्रों में किसान के धान की खरीद में तमाम अड़ंगे लगाए जाते हैं। बिचौलियों और सरकारी नौकरशाही के साथ नेताओं की साठगांठ के चलते किसान को एमएसपी नहीं मिलती। अत: मजबूरी में उसे औने पौने दाम में अपनी फसल बेचनी पड़ रही है। किसान बिचौलियों के चंगुल से छूटने के लिए एमएसपी की अनिवार्यता की मांग कर रहा है। भाजपा सरकार किसानों की इस मांग को मानने से भाग रही है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और बड़े व्यापारियों को किसानों को वाजिब दाम देने की मजबूरी होगी। भाजपा सरकार ने एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया है परन्तु उसकी दरें जब तब बढ़ाती रहती हैं किसान कर्जदार बनता जा रहा है। उसे जब कोई रास्ता नहीं सूझता तो आत्महत्या कर लेता है। किसान का जीवन अनमोल होता है क्योंकि वह अन्य के जीवन के लिए अन्न उगाता है।

## कृषि कानूनों की वापसी लोकतंत्र की जीत: मायावती

**लखनऊ।** संसद में कृषि कानूनों की वापसी को बसपा सुप्रीमो मायावती ने किसानों को थोड़ी राहत के साथ लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा है कि यह सबक है सभी सरकारों के लिए कि वे सदन के भीतर व बाहर लोकतांत्रिक आचरण करें। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में किसानों के एक वर्ष के तीव्र आन्दोलन के फलस्वरूप तीन अति विवादित कृषि कानूनों की आज संसद के दोनों सदनों में वापसी किसानों को थोड़ी राहत के साथ ही यह देश के लोकतंत्र की वास्तविक जीत है। यह सबक है सभी सरकारों के लिए कि वे सदन के भीतर व बाहर लोकतांत्रिक आचरण करें। मायावती ने कहा कि देश के किसानों की विभिन्न समस्याओं को दूर करने के क्रम में खासकर फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारण्टी सुनिश्चित करने की माँग पर केन्द्र की चुप्पी अभी भी बरकरार है। केन्द्र द्वारा इसपर भी सकारात्मक पहल की जरूरत है।

# बीजेपी में किसानों के सवालों का सामना करने का साहस नहीं: लल्लू

- शहीद किसानों के परिवारों को मुआवज़ा और नौकरी दे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बीजेपी पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी की केंद्र सरकार संसद में किसानों की दशा पर चर्चा नहीं होने देती और न यूपी की योगी सरकार विधानसभा में उनके दर्द पर बात होने देती है। यूपी में किसान खाद और डीएपी के लिए त्राहि त्राहि कर रहा है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

लल्लू ने कहा कि जिस तरह आज तीन कृषि कानूनों को बिना बहस के संसद से निरस्त कराया गया वह बताता है कि बीजेपी में किसानों के सवालों का सामना करने का साहस नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि ये कानून वापस होंगे लेकिन सरकार ने ऐसा करने के पहले 700 किसानों की बलि ले ली। पीएम मोदी को शहीद किसानों के परिवारों को मुआवज़ा देनेए हर परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने और आंदोलनकारी किसानों पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस करने चाहिए। साथ ही मोदी सरकार स्पष्ट करे कि बीजेपी सांसद साक्षी महाराज जैसे लोगों के उस बयान पर उसकी क्या राय है जिसमें उन्होंने कहा था कि ये कानून फिर लागू किये जा सकते हैं। इससे ये संदेश गया है कि मोदी सरकार ने चुनावी हार से घबराकर कदम पीछे कर रही है।

# रिकार्ड खरीद करके किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश

- प्रदेश में 1.62 लाख से अधिक किसानों से की गई 11.32 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार धान की रिकार्ड खरीद करके किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने की कोशिश में है। खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने अब तक 1.62 लाख से अधिक किसानों से 11.32 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है। किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सरकार उनके खातों में 72 घंटे के भीतर उनके अनाज की कीमत का भुगतान करा रही है।

राज्य में एमएसपी पर धान खरीद की जा रही है। ग्रेड ए किस्म के लिए एमएसपी 1960 रुपये प्रति क्विंटल और आम किस्म के लिए 1940 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित है। खरीद प्रक्रिया से बिचौलियों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। किसानों की सुविधाओं और पारदर्शी खरीद व्यवस्था के लिए अधिकारी निरंतर निगरानी कर रहे हैं। किसानों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया की पड़ताल भी की जा रही है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक राज्य सरकार की एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम ने केवल पिछले 24 घंटों में ही 24400 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। सरकार ने अब तक 162569 किसानों से 2200.50 करोड़ रुपये का धान खरीदा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को किसानों से प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शी व्यवस्था के तहत अनाज खरीद के निर्देश दिए हैं। इसके लिए एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार सहित स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों को खरीद केंद्रों के औचक निरीक्षण और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में कुल 4010 खरीद केंद्र बनाए गए हैं।

# पहली से सात दिसम्बर तक मनाया जाएगा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह

- कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर करेंगे रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर 2021 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करना, योजना के सम्बन्ध में किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करना तथा योजना में किसानों की सहभागिता बढ़ाना है। इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी की ओर से समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं किसानों की सहभागिता बढ़ाये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आकांक्षी जनपदों में बहराइच के नवाबगंज, श्रावस्ती के सिरसिया, बलरामपुर के उतरौला, सिद्धार्थनगर के लोटन, फतेहपुर के विजयीपुर, चित्रकूट के रामनगर, सोनभद्र के चतरा, चंदौली के नौगढ़ ब्लॉक का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त वाराणसी के सेवापुर, गोरखपुर के कैम्पियरगंज तथा देवरिया के पथरदेवा ब्लॉक का भी चयन किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही 1 दिसम्बर को कृषि निदेशालय से चयनित जनपदों के लिए प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। योजना से सम्बन्धित किसानों की शंकाओं का समाधान मौके पर उप कृषि निदेशक द्वारा किया जायेगा। समस्त कार्यों का सम्पादन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में नामित नोडल अधिकारीए उप कृषि निदेशक द्वारा किया जायेगा।

**विधान सभा सचिवालय उत्तर प्रदेश**
**(अधिष्ठान अनुभाग)**

संख्या:1959/वि0स0/अधि0/31/2015 दिनांक : 29 नवम्बर, 2021

**सूचना**

श्री प्रशान्त कुमार अनुसेवक, विधान सभा सचिवालय दिनांक 27 अगस्त, 2021 से बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित हैं, जिसके कारण उन्हें दिनांक 12 अक्टूबर, 2021 को कार्यालय में उपस्थित होने हेतु 03 दिन का समय देते हुये उनके स्थाई एवं स्थानीय पते पर नोटिस भेजी गयी थी, लेकिन श्री प्रशान्त कुमार दिनांक 25.11.2021 तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। अतः उन्हें आदेश दिया जाता है कि वह सूचना प्रकाशित होने के एक सप्ताह के अन्दर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हों अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

**संयुक्त सचिव, (अधिष्ठान अनुभाग)**
**विधान सभा सचिवालय, उत्तर प्रदेश।**

**विद्युत सेवा आयोग**
**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास)
विभूति खण्ड, फेज-2, गोमती नगर, लखनऊ-226010

CIN : U32201UP1999SGCO24928

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन सं0 03/विसेआ/2020/तकनीशियन (विद्युत) के अन्तर्गत ''तकनीशियन-विद्युत'' के पदों पर चयन हेतु दिनांक 19, 20, 27 एवं 28 मार्च 2021 को ऑनलाइन परीक्षा (CBT) एवं तदोपरान्त दिनांक 20, 21, 22 सितम्बर 2021 एवं 20 अक्टूबर 2021 को सम्पन्न अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की जाँच के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष श्रेष्ठतानुसार चयनित अभ्यर्थियों की अनुक्रमांक के बढ़ते क्रम में सूची कारपोरेशन की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**सचिव, विद्युत सेवा आयोग**

पत्रांक : 1242/विसेआ/03-2020/तकनीशियन (विद्युत)
दिनांक : नव0 29, 2021
''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें''

# नाले में फंसने से एक मजदूर की मौत

● दूसरा बच गया सोमवार को दोपहर बारह बजे की है घटना, डीआरएफ की टीम ने मशक्कत की पर फंसे मजदूर को जिंदा नहीं निकाल सके



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**वाराणसी** के लहुराबीर इलाके के चेतगंज थाना में सोमवार की दोपहर में शाही नाला की सफाई के दौरान मेनहोल में मजदूर गिर गया। जिसे काफी मशक्कत के बाद भी नहीं निकल सका तो एनडीआरएफ की टीम पिछले दोपहर से ही उसे निकालने में लगी रही। वहीं सभी लोग उसके जीवित होने की भगवान से प्रार्थना करते नजर आए। बाद में उसकी शव जेसीबी से खोदकर शाही नाला से निकाला गया। मजदूर नबाब पश्चिम बंगाल के मालदा का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया। प्रशासन के अनुसार शहर में शाही नाले की सफाई का काम चल रहा है। जो एक ठेकेदार दर्जनों मजदूरों को लेकर सफाई का काम कर रहा है। सोमवार को लहुराबीर चौराहे के समीप एक मजदूर कमर में रस्सी बांध कर शाही नाले की सफाई के लिए मेनहोल में उतर कर सफाई करते समय उसके कमर की रस्सी कमजोर होने की वजह से टूट गयी जिससे वह चिल्लाने लगा। बाहर खड़े अन्य लोगों ने उसकी आवाज सुनी तो अवाक रह गए। मजदूर मेनहोल में फंसा हुआ था। जबकि उसमें पानी का बहाव काफी होने के साथ ही ऑक्सीजन की कमी के चलते उसकी जान खतरे में आ गई। इसमें ठेकेदार की लापरवाही के चलते ही घटना मानी जा रही है मौके पर पहुचे चेतगंज थाना प्रभारी ने पहले मजदूर को निकालने का प्रयास किया लेकिन सफल न होने पर ऑक्सीजन की व्यवस्था की और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में लग गई। शाही नाले का कार्य करने के लिए लहुराबीर चौराहे पर पुरानी लाइन में घुसा मजदूर दोपहर 12 बजे फंस गया है। लहुराबीर मेनहोल की सफाई के दौरान मजदूर 20 वर्षीय नवाब मैनहोल में फंसा तो राहत और बचाव कार्य शुरू हुआ। पिपलानी कटरा से लहुराबीर के बीच सीवर लाइन के डाइवर्जन के लिए चल रहे कार्य के दौरान दोपहर करीब एक बजे यह हादसा हुआ। मजदूर मैन होल में डाइवर्जन वॉल लगाने गया था। नवाब को मैनहोल से निकालने के लिए मौके पर एनडीआरएफ भी पहुंची। ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर एनडीआरएफके एक जवान मैनहोल में उतरे। यह प्रोजेक्ट पूरा होने पर खिड़किया घाट से शाही नाले को बंद किया जाना है।पहले प्रयास में एनडीआरएफके के जवान बिना मजदूर को साथ लिए ऊपर आ गए। मजदूर का पैर फंसा होने के कारण और सीवर का दबाव ज्यादा होने से मजदूर को निकालने में वह असहाय हो गए। इसके बाद शाही नाले की सफाई के लिए विशेषज्ञ मजदूर को अंदर भेजा गया। नवाब मालदा निवासी है और उसे शाही नाला में कार्य का अनुभव है लहुराबीर पर एंबुलेंस पहुंची तो नवाब की मौत की सूचना दी गई।

जिस जगह मजदूर को निर्माणधीन शाही नाला में उतारा गया उसका मुँह काफी छोटा है उसके बावजूद ठेकेदार ने एक 20 वर्षीय मजदूर को शाही नाला में बालू की बोरी लेकर उतारा और उसमें फंस गया। संयोग अच्छा था कि मृतक मजदूर के साथ एक और मजदूर उतारा गया था लेकिन वह वापस आ गया नही तो इस घटना में दो मजदूरों की मौत होती।

# वैकल्पिक मार्ग बनवाने में जुटे सपा नेता

● पिछले माह से पचखरी गांव के समीप पुलिया जर्जर होने पर आवागमन प्रभावित



**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार सिंह डब्लू सोमवार को दोपहर एक बजे पीडब्ल्यूडी महकमे के तय समय के मुताबिक पचखरी क्षतिग्रस्त पुलिया पर पहुंचे। जब वह मौके पर पहुंचे तो पीडब्ल्यूडी विभाग का कोई भी अफ्सर व कर्मचारी मौके पर नहीं थे। उन्होंने जिला प्रशासन व सत्ता पक्ष पर एक बार फ़िर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि जनता से जुड़े कार्यों के प्रति शासन.प्रशासन बिल्कुल गंभीर नहीं है।

इसके बाद उन्होंने बकायदा विद्वान ब्राह्मणों से अस्थायी पुलिया के निर्माण कार्य का पूजन कराया। तत्पश्चात मौके पर जुटे स्थानीय ग्रामीणों संग श्रमदान कर अस्थायी पुलिया के निर्माण में जुट गए। सपा नेता को मिट्टी फेंकता देख वहां मौजूद ग्रामीण पूरे उत्साह से पुलिया निर्माण कार्य में जुट गए। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों में पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ खासा आक्रोश देखने को मिला।

राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू ने जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग के अफ्सरों को निकम्मा व नकारा करार दिया। कहा कि योगी सरकार में अफ्सर पूरी तरह से बेलगाम हो गए है। वह भले ही जनता के टैक्स से सैलरी लेते हैए लेकिन जनहित से जुड़े कामकाज में दिलचस्पी नहीं दिखाते। गत दिनों धरना.प्रदर्शन में पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक अभियंता ने ग्रामीणों की मौजूदगी में सोमवार को दोपहर 1 बजे से अस्थायी पुलिया निर्माण का वादा किया थाए लेकिन हर बार की तरह अबकी बार भी महकमे ने वादाखिलाफी की और अस्थायी पुलिया निर्माण कार्य अपने तय समय पर शुरू नहीं हो सका। कहा पचखरी की घटना से एक बार यह फ़िर से स्पष्ट हुआ है।

भाजपा के नेता सरकार के नौकरशाहों का जनता की समस्याओं से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। कहा कि अस्थायी पुलिया निर्माण के मसले पर वादाखिलाफी को स्थानीय जनता नहीं भूलेगी। जल्द ही इसका करारा जवाब मिलेगा।

# मनुष्य को सदैव चेस्टा रखनी चाहिए

**चंदौली।** क्षेत्र के गंगा तट जलीलपुर स्थित परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम का उन्तीसवा महानिर्वाण दिवस पूज्य माँ श्री सर्वेश्वरी सेवा संघ के प्रांगड़ में मनाया गया। प्रातः काल माँ गंगा का पूजन एवं कलश यात्रा निकाली गयी जो परो मंत्रः नास्ति तत्वं गुरोरू परम ष् का जाप करते हुए परम पूज्य श्री अघोरेश्वर के चरण पादुका तक पहुच कर सम्पन्न हुई। इसके बाद परम पूज्य श्री अघोरेश्वर महाप्रभु के शिष्य पूज्य श्री गुरुबाबा और पूज्य श्री अनिल बाबा के द्वारा हवन.पूजन करने के बाद खट्वांग कपाल दिग्बन्धन पूजा की गयी।

इस पूजन विधि का प्रचलन अघोर परंपरा के शिष्यों में प्राचीन काल से रही हैं। दिन में भंडारे का कार्यक्रम चलता रहा और सांयकाल अघोरेश्वर गुरुकुल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।इस अवसर पर विचार.गोष्ठी में पूज्य श्री गुरूबाबा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि एक ही समय में मनुष्य का जीवन भिन्न.भिन्न आयामों पर संचालित होती हैं। व्यक्ति ज्यादातर अपने भीतर के इन आयामों और अपनी पूर्ण क्षमताओं के बारे में पूर्णत्या जागरूक नही होता और मुख्य रूप से वह सांसारिक आयाम पर ही अपना जीवन व्यतीत करता हैं। तत्वों से वंचित रह जाता हैं जो उसको एक उन्नत जीवन के तरफ ले जा सकता था।मनुष्य को सदैव ऐसी चेस्टा रखनी चाहिए की सांसारिक आयाम से ऊपर भी कोई तत्व हैं जिसे समझने की जरूरत हैं। वर्तमान समय में मनुष्यों का जीवन अत्यधिक संकट की दौर से गुजर रहा हैंए परिस्थितयां विपरीत हैं

ऐसा प्रतीत होता हैं जैसे प्राणी जगत पे संकट छाया हुआ हैं।चारो तरफ असत्य और नकारात्मकता का माहौल हैं। परंतु ए मनुष्य अपनी इक्षा . शक्ति से दुसरो के प्रति मैत्री.भाव एवं सहायता की भावना रख कर सकारात्मकता का संचार कर सकता हैं। प्रेरणा का संचार कर सकता हैं। ऐसे व्यवहार से मनुष्य दुसरो में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा जो और लोगो के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करेगा।

## कांग्रेस महा सदस्यता अभियान में शामिल हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान

**गाजीपुर।** पूरे देश में कांग्रेस द्वारा महा सदस्यता अभियान 26 नवंबर संविधान दिवस के दिन से शुरू होकर प्रदेश के साथ जनपद गाज़ीपुर में भी जोर पकड़ने लगा हैए सदस्यता विस्तार अभियान के तहत आज कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान सहित उनके समर्थकों ने गाज़ीपुर सिटी रेलवे स्टेशन स्थित जिला कार्यालय पर सद्स्यता का नवीनीकरण कराते हुए अन्य नए लोगों को भी काँग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई और इस महाअभियान का जिला मुख्यालय से हिस्सा बने। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद के प्रभारी मकसूद खान ने कहा कि युवा कांग्रेस की नीतियों को पसंद कर रहा है और तेजी से जुड़ रहा है और गाजीपुर के संगठन में नए सदस्य बनाने का जो उत्साह दिख रहा हैए वह वास्तव में काबिले तारीफहै। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक अच्छा संदेश है। जनता वर्तमान सरकार की जन विरोधी नीतियों से बुरी तरह से त्रस्त है ।

# प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**गाजीपुर।** मा. उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने मुहम्मदाबाद मे स्व. कृष्णानन्द राय जी के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम मे भाग लिया। कार्यक्रम में उन्होने अष्ट शहीदो एवं स्व कृष्णानन्द राय की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी एवं दो मिनट का मौन रखा गया। इससे पूर्व उन्होने जनपद के शिक्षा विभाग अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बोर्ड परीक्षाओ को नकलविहीन एंव शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु राजकीयए मान्यता प्राप्तए वित्त विहीन विद्यालयो को परीक्षा केन्द्र बनाने का निर्देश दिया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का उत्तर प्रदेश विकास का पर्याय बन गया है। यह सरकार जाति धर्म पर काम नही करतीए यह ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकरए सबका साथ सबका विकास चाहती है। गाजीपुर की धरती वीरो की धरती है सबसे ज्यादा कही शहीद होते है वह गाजीपुर की धरती है। आजादी मे भी बढचढकर हिस्सा लिया था। आतंकी गतिविधियों मे भी गाजीपुर के कई वीर सपूतो ने अपनी कुर्बानी दी है उन सबको श्रद्धान्जली देता हूॅ। जम्मू काश्मीर मे 70 साल की समस्या सरकार ने समाप्त कर दिया तथा ट्रीपल तलाक एवं सीएए पर कानून बना दिया जिससे मुस्लिम बहनो को जीने की आजादी मिलेगी और उनका जीवन सुखमय होगा।

आज गरीबो के खाते मे 1000 रूपये भेजा जा रहा है एवं हर गरीब को मुफ्त राशन दिया जा रहा हैए 6 हजार रूपये किसानो को किसान सम्मान निधिए निःशुल्क गैस कनेक्शनए मुफ्त शौचालय तथा ऋण माफी भाजपा सरकार ने किया है एवं देश मे कोरोना जैसी महामारी मे पूरे देश के नागरिको को मुफ्त वैक्सीन लगाये जा रहे है। इस जनपद मे पहले नकल का व्यवसाय था मुख्यमंत्री ने रोक लगाते हुए शिक्षा माफ्यिाओ पर कड़ी कार्यवाही की गयी। किसी भी परीक्षाओ को नकल विहीन कराने हेतु सरकार कृत संकल्पित है। आज गेहूंए धानए गन्ना की खरीद सरकार कर रही है जिससे किसानो को उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। इस जनपद मे पुलो का अभूतपूर्व कार्य हुआ है जो पिछले 40.50 वर्षो मे नही हुआ था। इस जनपद को वाराणसी एवं लखनऊ से जोड़ने हेतु फोर लेन एवं पूर्वान्चल एक्सप्रेस जैसे सड़को का निर्माण किया गया। जनपद में मेडिकल कालेजए स्कूलए लिंक रोड एवं जनपद मे 24 घण्टे विद्युत की व्यवस्था की गयी है।

संस्कृतं महाविद्यालयों मे शिक्षको की कमी की पूर्ति करने हेतु अवकाश प्राप्त शिक्षको को संविदा के आधार पर नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है। अब तक इस जनपद में 110 लेक्चरर एवं 296 सहायक अध्यापको की नियुक्ति पारदर्शी तरीके से की गयी है। देशभर में जब भी विकास कार्यों के उदाहरण की बात आती है तो उत्तर प्रदेश का नाम सबसे पहले आता है। संचालित प्रधानमंत्री आवास योजनाए प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजनाए स्मार्ट सिटी योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी योजनाओं में से 44 योजनाओं के क्रियान्वयन में पहले स्थान पर है। विकास के चलते ही प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## क्विक न्यूज

### नमकीन फैक्ट्री में लगी आग

**पड़ाव चंदौली।** क्षेत्र के बखरा ग्राम सभा के राजस्व बिजुरिया वीर स्थित रिहायशी इलाके में एक नमकीन फैक्ट्री के भट्ठी वाले तेल की टंकी में आग लगनें से चारो तरफअफरा तफरी मची। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानो को फैक्ट्री के बाहर घण्टो इंतजार करना पड़ा।उक्त फैक्ट्री के अंदर कार्यरत कर्मचारी और अधिकारीयो ने गेट खोलने का जहमत नहीं उठाया मजबूरन ग्रामीणों और ग्राम प्रधान की उपस्थिति में फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी को सीढ़ी के माध्यम से फैक्ट्री के अंदर जाकर गेट को खोला तब जाकर पुलिस और मीडिया को अंदर जाकर मौके हालात का जानकारी प्राप्त हो सका जबकि यह सब देख दर्जनों कर्मचारी और अधिकारी गोदाम के अंदर अपने आप को बंद कर लिए किसी तरह पुलिस के प्रयास से कर्मचारी तो बाहर आए लेकिन इस दौरान अपने गुस्से का भड़ास निकालते हुए अग्निसमन कर्मियों से धक्का.मुक्की किया । इससे पूर्व मजबूरन फायर ब्रिगेड के जवानों ने गेट बंद होने के कारण बाहर से ही तेल टंकी में लगे आग पर पानी की बौछार करते हुए आग पर काबू पा लिया था। वही मैनेजर संजय के अनुसार कोई भी क्षति नहीं हुई है ।

### विवि स्थापना को लेकर उप मुख्यमंत्री को सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** जनपद में सोमवार को स्व. कृष्णानंद राय के शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा को पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में छात्र संघ प्रतिनिधि मंडल ने जनपद में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु पत्रक सौंपा। सभी छात्रों ने उप मुख्यमंत्री के सामने विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर जमकर नारेबाजी की। पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि जिला विश्वविद्यालय स्थापना हेतु सभी मानकों को पूर्ण करने के बावजूद आज तक विश्वविद्यालय विहिन है जबकि जनपद वीर शहीदों और महापुरुषों की धरती रही हैए हर सरकारों की तरफवर्तमान सरकार द्वारा भी छात्रों की मांग को नजरंदाज किया जा रहा है जिस वजह से उपमुख्यमंत्री को छात्रों के दर्द को विस्तार पूर्वक बताया और जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु मांगपत्र सौंपा?। छात्र नेता जितेंद्र राय ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि तभी मानी जाएगी जब गाजीपुर में विश्वविद्यालय स्थापना होगी। पत्रक सौंपने वालों में दीपक उपाध्यायए जितेंद्र राय ष्जितूषएअवनीश प्रताप सिंहएअनुज यादवए मृत्युंजय गुप्ताए अम्बुज यादवए राजदीप रावतएकिशन राय इत्यादि छात्र मौजूद थे।

### सनबीम रुप के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का भव्य आयोजन

**वाराणसी** उत्तर भारत का अग्रणी शिक्षण संस्थान सनबीम ग्रुप अपने 50वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। सनबीम ग्रुप की इन 50 वर्षों की उपलब्धियों एवं भविष्य के लक्ष्यों को चिन्हाकिंत करते हुए वर्ष पर्यन्त चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी है। आज सनबीम वरूणा प्रांगण में इस स्वर्ण जयन्ती उत्सव के भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेक्रेटरी सीबीएसई अनुराग त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर अध्यक्ष डॉ0 दीपक मधोक एवं निदेशक श्रीमती भारती मधोक ने स्वागत किया। स्वागत संदेश भारती मधोक द्वारा प्रस्तुत किये गये। ततपश्चात् उप निदेशक श्रीमती अमृता बर्मन द्वारा कार्यक्रम की विशिष्टता एवं रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने आये विभिन्न ख्यातिलब्ध शिक्षाविदों का संक्षिप्त परिचय कराते हुए सभी का स्वागत किया।

### वाराणसी के सिटी न्यूरोलॉजी सेंटर में विशेष ओपीडी

**वाराणसी।** न्यूरो रोग नर्वस सिस्टम या तंत्रिका तंत्र सम्बंधित समस्या से जूझ रहे रोगियों और उनके तीमारदारों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें इलाज के लिए उत्तर प्रदेश के बाहर दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। न्यूरो मस्तष्क व तंत्रिका समबन्धी एवं स्पाइन रीढ़ की हड्डी की जटिल समस्याओं जैसे ब्रेन ट्यूमर, दिमाग में खून का रिसाव या थक्के ब्लड क्लॉट, रीढ़ की हड्डी का ट्यूमर, रीढ़ की हड्डी में चोट या टेढ़ापन, बच्चों की रीढ़ की हड्डी का फोड़ा, बच्चों के बढे सर का इलाज आदि के लिए अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ के श्रेष्ठ न्यूरो विशेषज्ञ द्वारा वाराणसी के सिटी न्यूरोलॉजी सेंटर में विशेष ओपीडी प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को सुबह 10 बजे से 2 बजे के बीच होगी। ओपीडी में अपोलो हास्पिटल लखनऊ के सीनियर कंसेल्टेंट न्यूरोसर्जरी डॉ सुनील कुमार सिंह मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देंगे। अपोलो सुपरस्पेशियालिटी हास्पिटल लखनऊ के सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने शनिवार को वाराणसी के एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप देश का सबसे बड़ा हेल्थ केयर ग्रुप है जो पिछले कई दशकों से देश विदेश के लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ में हम एक ही छत के नीचे सभी सुपरस्पेशलिटी सेवाएं प्रदेश व आस पास के लोगों को मुहैया करवा रहे हैं। किडनी ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांसप्लांट, ब्रेन स्ट्रोक मैनेजमेंट, कैंसर का सम्पूर्ण इलाज के साथ-साथ विश्वस्तरीय आई सी यू एवं 24इ7 इमरजेंसी व ट्रामा आदि की सुविधाएं अब लखनऊ में ही उपलब्ध है जिसके लिए पहले लोगों को दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था। अपोलोमेडिक्स लखनऊ में हम लिविंग डोनर व मृत डोनर (ब्रेन डेड) विधि से ऑर्गन ट्रांसप्लांट भी कर रहे हैं।

## दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन. भगवती प्रसाद

**मिर्जापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड में जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त बैठक हुआ बैठक में मु य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मिर्जापुर के प्रभारी धर्मेंद्र निषाद के उपस्थिति में शिव कुमार पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर के नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्य सुला बिंदए भगवानदास विन्दए डॉ रमेश चंद्र बिंद ने दर्जनों साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा कृषि काला कानून लाया गया था इस काला कानून का पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू जी के नेतृत्व में इसका विरोध किया जा रहा था आज केंद्र सरकार को इस काले कानून को वापस लेना पड़ा श्री निषाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का सदस्यता अभियान गांव और ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा।

# औराई व भदोही में 11856 हजार लोगों को खिलाई गई फाइलेरिया की गोली

## अपने सामने ही फाइलेरिया की दवा खिला रहीं हैं आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग ने आशा कार्यकर्ता की बात मानने की अपील की

**ज्ञानपुर** ;मिर्जापुर। फाइलेरिया अभियान के सातवें दिन जिले के दो विकास खण्ड औराई और भदोही में फाइलेरिया की दवा 11856 लोगों को आशा और स्वास्थ्य टीम ने अपने सामने खिलाई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने फाइलेरिया अभियान में जन सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि दवा खाते समय आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्य टीम की बात पूरी सिद्दत से मानें। जिला फाइलेरिया अधिकारी राम आसरे पाल ने बताया कि फाइलेरिया अभियान में आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह अभियान के सातवें दिन 06 विकास खण्डों में से दो विकास खण्डों में 11856 लोगों को अपने सामने दवा खिलाई और फाइलेरिया को लेकर जागरूक भी किया। अभियान के समय कोविड के नियमों का भी बड़ी कड़ाई से पालन किया जा रहा है। दो गज की दूरी से ही दवा दी जा रही है। इसके अलावा सेनेटाइटर का भी पूरा इस्तेमाल हो रहा है। औराई विकास खण्ड के सहसेपुर में जब टीम ने बात की तो उसने बताया कि गोली खिलाने में कई परेशानियों आ रही हैं। कुछ लोग टीम के सामने खाने से इन्कार भी कर रहे हैं। इसके लिए काफी समझाना भी पड़ता है। आशा ने मां और अभिभावकों को भी अपने छोटे बच्चों को दवा देने के तरीके के बारे में जागरूक किया। आशा ने बताया कि अगर बच्चे को दवा पीसकर दे रहे हैं तो दवा पिलाते समय कभी भी नाक या मुंह न बंद करें। दवा खाते या पीते समय यदि उल्टी आती है तो आने दें। नाक या मुंह कभी भी न बंद करें। इससे बच्चे के स्वास्थ्य को खतरा भी उत्पन्न हो जायेगा।नाक या मुंह कभी भी न बंद करें। इससे बच्चे के स्वास्थ्य को खतरा भी उत्पन्न हो जायेगा। भदोही की आशा संगीता ने टीम को बताया कि सबसे पहले लंबाई नापी जाती है फिर मानक के अनुरूप ही फाइलेरिया की दवा सामने खिलाई जा रही है। किसी को बाद में खाने के लिए दवा नहीं दी जा रही है। दवा खिलाते समय कोविड के नियमों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है।

# काशी धाम यात्रा के तहत भव्य काशी दिव्य काशी कार्यक्रम की समीक्षा

● जनपद के विभिन्न स्थानों पर होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**जिलाधिकारी कौशल** राज शर्मा ने सोमवार को कैंप कार्यालय सभागार में श्री काशी विश्वनाथ धाम यात्रा के तहत भव्य काशी दिव्य काशीष् कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर लोकार्पण के अवसर पर आगामी 13 दिसंबर से 14 जनवरी तक श्री काशी विश्वनाथ धाम यात्रा के तहत भव्य काशी दिव्य काशीष् के क्रम में आगामी 01 से 10 दिसंबर तक जनपद के विभिन्न स्थानों पर होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि सांस्कृतिक विभाग द्वारा 01 दिसंबर को चिंतामणि गणेश सोनारपुरा व बड़ा गणेश लोहटिया, 02 दिसंबर को विष्णु मंदिर ललिता घाट व बृहस्पति मंदिर दशाश्वमेध, 03 दिसंबर को शीतला मंदिर शीतला घाट व शैलपुत्री देवी सरैया, 04 दिसंबर को राम मंदिर खोजवा व राम मंदिर चौक, 05 दिसंबर को बटुक भैरव कमच्छा व काल भैरव मंदिर, 06 दिसंबर को मृत्युंजय महादेव मंदिर दारानगर व केदारनाथ मंदिर केदार घाट, 07 दिसंबर को बनकटी हनुमान मंदिर आनंद पार्क व कौड़िया माई मंदिर कबीर नगर, 08 दिसंबर को गोपाल मंदिर चौखंभा व संकठा मंदिर चौक, 09 दिसंबर को कर्दमेश्वर महादेव मंदिर कंदवा व गैबीश्वर मंदिर छोटी गैबी, 10 दिसंबर को अन्नपूर्णा मंदिर विश्वनाथ धाम व आदिकेश्वर मंदिर राजघाट तथा 11 दिसंबर को दुर्गाकुंड स्थित दुर्गा मंदिर तथा संकट मोचन मंदिर में भव्य भजन कीर्तन कार्यक्रम सायं 5रू00 से 7रू00 तक होगा।

# टेट परीक्षा, खाद-पानी को लेकर सपा ने भरी हुंकार

● प्रदर्शन कर नौ सूत्रीय मॉग पत्र जिलाधिकारी को सौपा



**मीरजापुर।** भाजपा की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाजवादी पार्टी युवजन सभाए यूथ बिग्रेड छात्रसभा लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सोमवार को टेट परीक्षा 15 दिन के अन्दर कराने और परीक्षार्थियों को परीक्षा स्थल पर पहुँचने के लिए पास भत्ता व रेलगाड़ी व बसों की मुफ्त यात्रा व्यवस्था और आर्थिक क्षति के प्रतिपूर्ति के लिए समस्त परीक्षार्थियों के पांच.पांच हजार रूपये आर्थिक सहायता व जनपद में किसानों को खादए पानीए बिजलीए नहरों में टेल तक पानी व छानबे विधानसभा क्षेत्र सड़कों की मरम्मत की मॉग को लेकर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल व जिलाधिकारी को 9 सूत्रीय मॉग पत्र सौपा। पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी पैदल मार्च कर जिला मुख्यालय पहुँचकर जोरदार प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भाजपा सरकार ने कई बार परीक्षाओं के पेपर लीक होने से परीक्षार्थियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। टेट परीक्षा का पर्चा लीक होने से भाजपा सरकार कठघरे मे आ चुकी है। परीक्षा रद्द होने से परीक्षार्थियों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होने कहा कि जनपद में खादए पानीए बिजली की समस्याओं के अलावा नहरों में टेल तक पानी नहीं आते है। किसान छात्र नौजवान इस सरकार से परेशान है। युवजन सभा जिलाध्यक्ष विशाल यादव ने कहा कि टेट की परीक्षा निरस्त होने से बेरोजगारो के साथ खिलवाड़ किया गया। निरस्त परीक्षा 15 दिन के अन्दर कराया जाय।

जिलाध्यक्ष अतीक खां ने कहा कि टेट परीक्षा में हुई आर्थिक क्षति को छात्रोंए बेरोजगारों को पांच.पाचं हजार दिया जाय। छात्रसभा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा कि टेट का परीक्षा रद्द होना दर्शाता है कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी को रोकने के बजाय सरकार अधिक से अधिकतम लोगो को सरकारी संस्थाओं से वंचित करने की साजिश कर रही है।

# अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा आम आदमी

● स्वच्छता कार्य में हुई लापरवाही के कारण 34 ग्रामीणों की हो चुकी है मौत

## मौतों के जिम्मेदारों की टूटी नींद

**सोनभद्र।** ब्लाक के सेंदुर ग्राम पंचायत में तीन राजस्व गांव है। मकरा, सेंदूर व लबरी यहां पर नियमित साफ-सफाई की जिम्मेदारी के लिए पंचायत विभाग ने लंबे समय से महज एक महिला सफाई कर्मी को नियुक्त कर रखा था। संक्रामक बीमारी फैलने व ग्रामीणों के मरने के बाद चंद दिन पहले जिम्मेदार अधिकारियों ने यहां पर दो अन्य सफाई कर्मियों को नियुक्त किया । जबकि नियम यह है कि सभी राजस्व गांव में कम से कम एक सफाई कर्मी नियुक्त होने चाहिए। यह गड़बडी मकरा में इसलिए सामने आ गई कि वहां पर इस तरह से घटना हुई, अगर पूरे जिले में इसकी जांच करा दी जाए तो न जाने कितने मामले सामने आयेगें।

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद देश व प्रदेश में जो सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा रहा वह स्वच्छता अभियान था। जिसे लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अति संवेदनशील रहे हैं। पर इस पूरे अभियान को लेकर उत्तर प्रदेश का जनपद सोनभद्र शुरू से ही संदेह के घेरे में रहा है। जहां भ्रष्टाचार गलत रिपोर्टिंग के साथ ही अन्य तमाम मामले प्रकाश में आते रहे हैं। जनपद मे कुल 1442 सफाई कर्मी कार्यरत हैं जिन्हें गांव की साफ-सफाई को लेकर कार्य करना होता है पर जनपद के जिला पंचायत राज अधिकारी और पिछले लगभग 25 वर्षो से कार्यरत एक लिपिक की मिलीभगत से सफाई कर्मियों की नियुक्ति कागज पर भले ही गावों मे लगी हो पर धरातल पर बडी संख्या में सफाई कर्मी अधिकारियों के यहां कार्य करने व वाहन चलाने के साथ ही कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं। बात सिर्फइतनी ही नहीं है सुत्रो की माने तो पूर्व में जनपद में तैनात रहे जिला पंचायत राज अधिकारी व खंड विकास अधिकारियों के यहां भी सोनभद्र के सफाई कर्मी अन्यत्र जिलों में कार्य कर रहे हैं। जिनके वेतन का भुगतान जनपद सोनभद्र से किया जा रहा है। इस पूरे खेल का महानायक जिला पंचायत राज कार्यालय में पिछले लगभग 25 वर्षों से कार्यरत एक लिपिक है जिसके इशारे पर पूरा खेल खेला जा रहा है। जिसका खामियाजा जनपद सोनभद्र के आम आदमी को झेलना पड़ रहा है। स्वच्छता कार्य में हुई लापरवाही के कारण जनपद के म्योरपुर ब्लाक के मकरा गांव में संक्रमण के कारण अब तक 34 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है, और यह सिलसिला अभी भी रूकने का नाम नही ले रहा है बडी संख्या में उक्त गावं मे लोग विमार है। जनपद के जिलाधिकारी टी के शिबू के निर्देश पर उप जिलाधिकारी दुद्धी द्वारा की गई जाच रिपोर्ट में उन्होने खुद माना है कि ग्राम पंचायत में बेहतर साफसफाई न होने के कारण यहा संक्रमण की स्थिति उत्पन्न हुई है। सूत्रों के अनुसार जिले में लगभग 200 से अधिक सफाई कर्मी ब्लाक या फिर जिला मुख्यालय स्थित अधिकारियों के यहां खाना बनाने या फिर उनके वाहन को चला रहे है। यह स्थिति जिले के उच्च अधिकारियों से लेकर पंचायत स्तर तक के अधिकारियों की है। ऐसा नहीं है कि इस गड़बड़ी की जानकारी अधिकारियों के पास नहीं, लेकिन वह खुद ऐसे सफाई कर्मचारियों की सुविधा अपने सरकारी आवास पर उठा रहे हैं तो इस पर वह क्या बोलें। जिले के 629 ग्राम पंचायतों में बेहतर साफ-सफाई के लिए 1442 सफाई कर्मियों की नियुक्ति की गई है। सुत्रों की माने तो मकरा में बड़ी संख्या में हुई लोगों की मौत के कारण यह मामला प्रकाश में आ गया जिसे लेकर चर्चाएं प्रदेश स्तर पर हुई हैं संक्रमण पर काबू पाने का प्रयास तेज हो गया है पर जिले की ऐसी अन्य तमाम ग्राम पंचायतें हैं। जहां स्वच्छता में लापरवाही व संक्रमण के कारण लोगों को बीमारियों व मौतो तक का सामना करना पड़ रहा है। देश व प्रदेश की सरकार अगर ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नहीं होती हैं और दोषियों पर कार्यवाही नहीं होती है तो कम से कम जनपद सोनभद मे तो आम आदमी के लिए स्वच्छता अभियान महज एक मजाक बन के रह जाएगा।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 30 नवंबर 2021



# डीएम ने की कार्डधारकों को निशुल्क राशन वितरण की समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात




**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल के वितरण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्टेªट सभाकक्ष में आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दिसम्बर माह में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा, इसके लिए प्रत्येक उचित दर दुकान पर नोडल अधिकारी की उपस्थिति में राशन वितरण किया जायेगा, ताकि व्यवर्तन की कोई आशंका न रहे, इसके लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीमें गठित कर वस्तुओ का नि:शुल्क वितरण पर सर्तक दृष्टि रखी जायेगी और कहीं भी अनियमितता अथवा कालाबाजारी प्रकाश में आने पर सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस हेतु विकास खण्डवार, नगर क्षेत्रवार अधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम शासन के प्राथमिकताओं में से है इसमें जिनकी ड्यूटी लगाई गई है वह राशन की दुकानों में निरीक्षण करते रहे तथा जो भी उचित दर विक्रेता इसमें कालाबाजारी, रुपए वसूली करता है मानक के अनुरूप है लाभार्थी को राशन वितरण नहीं करता है तो उनके खिलाफ कारवाई की जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी, ईओ अमरौधा, झींझक रसूलाबाद अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न के साथ ही आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना, खाद्य तेल का वितरण ई-पास के माध्यम से सुनिश्चित करायाजायेगा, उक्त वस्तुओं की आपूर्ति उचित दर विक्रेताओं को उनसे अग्रिम धनराशी जमा किये बगैर की जायेगी, उनके द्वारा उपभोक्ताओं को नि:शुल्क राशन वितरण किया जायेगा, इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार चाहती है की उसके नागरिक कुपोषण से मुक्त रहे और पोषक खाद्यानों की सही मात्रा मिलती रहे।

## जीएसटी अधिकारियों के विरुद्ध एकजुट हुआ टैक्स बार एसोसिएशन, ज्ञापन देकर कार्रवाई की करेगा मांग

संवाददाता। उन्नाव

**जीएसटी अधिकारियों** पर शासन की मंशा के विपरीत नियम विरुद्ध तरीके से पंजीयन निरस्त करने और गलत आपत्तियाँ लगाकर व्यापारियों को परेशान करने के आरोप लगाते हुवे उन्नाव टैक्स बार एसोसिएशन ने बैठक कर विरोध जताया। बैठक में टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया जीएसटी अधिकारियों द्वारा बाहरी लड़को को साथ ले जाकर सर्वे के नाम पर अनाधिकृत वसूली की जाती है। पदाधिकारियों ने बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर पूरे मामले से जिलाधिकारी तथा एडिशनल कमिशनर कानपुरए कमिशनर लखनऊ के साथ ही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन देकर अवगत कराया जायेगा।

टैक्स बार के अध्यक्ष पीवी मेहरोत्रा एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक जितेन्द्र तिवारी एडवोकेट के चेम्बर में सम्पन्न हुयी। जिसमें समस्त पदाधिकारियों ने व्यापारियों के उत्पीड़न हेतु नियम विरुद्ध तरीके से लग रही गलत आपत्तियों पर चर्चा की। शासन की मंशा के विपरीत पंजीयन निरस्त करने का मुद्दा उठाया। बैठक में बताया गया मुख्यमंत्री जी द्वारा पंजीयन बढ़ाने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। इसके विपरीत उन्नाव में जीएसटी के अधिकारियों द्वारा जानबूझ कर पंजीयन निरस्त किये जा रहे है। अधिकारी बाहरी लड़को को साथ ले जाकर सर्वे के नाम पर अनाधिकृत वसूली उनसे कराते है।बैठक में अधिकारियों के विरुद्ध प्रस्ताव पास करके कहा गया अधिकारियों के इन कार्यो से सरकार की हवि धूमिल हो रही है। सभी ने निर्णय लिया समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन देकर शासन प्रशासन को अवगत कराया जायेगा।इस मौके पर छविंद्र कुमार श्रीष त्रिवेदी आशीष वाजपेयी सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that my client Sh. Rajesh Kumar Yadav S/o Late Mani Ram is owner of House with Land area measuring 1500 sq. ft., out of Khasra No. 1757 Min., Village Badhel (Bahar Seema) Pargana & Tehsil Nawabganj, Distt. Barabanki, U.P. by virtue of Sale-deed dated 24.10.2019 duly registered in the office of Sub-Registrar-Sadar, Barabanki, Lucknow, vide Book No. I, Volume No. 12623, Page 45 to 62, at serial No. 18121, dated 24.10.2019, till date and has lost/misplaced his original sale-deed dated 07.11.2005, duly registered in the office of Sub-Registrar Sadar, Barabanki, vide Book No.I, Volume No. 2650, Pages 45 to 64, at serial No. 6646, dated 07.11.2005, which was executed by Sh. Digvijay Singh as attorney of Sh. Ram Lakhan & other's in favour of Sh. Santosh Kumar Chaturvedi S/o Sh. Shyam Bahadur Chaturvedi, and the same property is going to be financed by DCB Bank Ltd. Branch, Lucknow, U.P. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property then contact us within 7 days from the date of this notice on the number mentioned herein below, falling which my client i.e. DCB Bank Ltd. Branch, Lucknow, U.P. shall not be held responsible in any manner whatsoever.

Naveen Kumar Verma, Advocate
Mob-6204506185
Ch. No. 9, L.G.F., Krishna Tower,
Qiaser Bagh, Lucknow, U.P.

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 28.11.21 को पायनियर हिन्दी पेज 2 पर प्रकाशित कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसवॉ सीतापुर प्रकाशित विज्ञापन में संख्या एवं दिनांक छूट गई है। पाठकगण कृपया संख्या 220/A-I/न.पा.परि.बि./2021–22 दिनांक 27.11.2021 पढ़े। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लेसा, लखनऊ। अल्पकालीन ई–निविदा सूचना** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–सप्तम, लेसा, लखनऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत में निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा में प्रथम भाग में लगाये जाने वाले सभी प्रपत्रों का विवरण एवं धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र मूल्य का विवरण तथा अन्य समस्त नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र से अवलोकन करना सुनिश्चित करें जो कि उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.12.2021 को 05:00 बजे तक डाउन लोड किये जा सकते है, जिसका प्रथम भाग दिनांक 16.12.2021 को 02:00 बजे अथवा बाद में खोला जायेगा। यदि निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो निविदायें अगले कार्यदिवस में नियत समय पर खोली जाएंगी। निविदा में यदि कोई भी संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार एवं निविदा द्वितीय भाग खोले जाने की सूचना उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदा प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त/विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत् है :–**क्र0सं0** 1 **निविदा संख्या** 28/विनविमं/–सप्तम/लेसा/2021–22 **कार्य का नाम** वि0न0वि0ख0–आलमबाग, लेसा लखनऊ के अन्तर्गत बिजनेस प्लान मद 2020–21 एवं 2021–22 के सापेक्ष विभिन्न कार्य। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)** 1000.00+180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रु0)** 10000.00 **क्र0सं0** 2 **निविदा संख्या** 29/विनविमं/–सप्तम/लेसा/2021–22 **कार्य का नाम** वि0न0वि0ख0–कानपुर रोड लेसा, लखनऊ के अधीन बिजनेस प्लान मद 2020–21 के सापेक्ष 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र शक्ति चौराहा के अन्तर्गत एल0टी0 लाइनों के सुदृढ़ीकरण तथा परिवर्तक पेटी के मरम्मत का कार्य। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)** 1000.00+180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रु0)** 9500.00 **क्र0सं0** 3 **निविदा संख्या** 30/ विनविमं/–सप्तम/लेसा/ 2021–22 **कार्य का नाम** वि0न0वि0ख0–वृन्दावन लेसा, लखनऊ के अन्तर्गत बिजनेस प्लान मद 2020–21 एवं 2021–22 के सापेक्ष विभिन्न कार्य। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0)** 1000.00+180.00 जी0एस0टी0 सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रु0)** 6500.00 अधीक्षण अभियन्ता वि0न0वि0मं0–सप्तम, लेसा पत्रांक 1569 दिनांक 29.11.21 राष्ट्र हिंत में बिजली बचाएं, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 जलाएं"

# भिंड से छात्र का अपहरण कर हाईवे के किनारे झाड़ियों में छोड़ गए

**फर्रुखाबाद।** सोमवार को शाम थाना राजेपुर क्षेत्र के इटावा बरेली हाईवे पर निविया गाँव के निकट जनपद भिंड ने अपहरण कर लाये गये छात्र को झाड़ियों में फेंक दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर बतायी जा रही है।दरअसल जनपद भिंड के थाना व मोहल्ला कूप निवासी 16 वर्षीय हाई स्कूल का छात्र अनुराग पुत्र ओम सिंह थाना राजेपुर के इटावा–बरेली हाई–वे पर ग्राम निविया के निकट झाड़ियों में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों नें डायल 112 को दी। जिसके बाद डायल 112 मौके पर आ गयी। जिसके बाद अनुराग को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती किया गया। उसके हाथ और कई जगह चोट भी लगी थी।अनुराग नें पुलिस को बताया कि वह सुबह 7.30 बजे चौधरी वि॥ निकेतन के निकट कोचिंग पढ़ने जा रहा था। उसी समय तीन लोग आये उन्होंने कहा कि हमारा थैला उठवा दो। अनुराग नें बताया कि जब वह थैला उठाने लगा तो बदमाशों नें उसे बैन में डाल लिया। उसमे पहले से ही दो युवक बंधक थे। उन्हें कुछ सूंघाकर बेहोश किया गया था। अनुराग के अनुसार उसे भी कुछ नशीला पदार्थ सूंघा दिया। जिसके बाद उसे होश नही आया। राजेपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में उसका उपचार किया गया। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम नें बताया कि जाँच की जा रही है। छात्र के परिजनों को सूचना दी गयी है। उसका उपचार किया गया। यहाँ से हालत गंभीर होनें पर अनुराग को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# आरओ प्लांट के 45 दिनों के अन्दर जमा करने होंगे सभी प्रमाणपत्र

**फतेहपुर।** अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में बिना लाइसेंस के चलाये जा रहे आरओ मिनरल वाटर के संबंध में प्राप्त अखबार शीषर्क पर मंडलायुक्त के पत्र के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है, के क्रम में जिलाधिकारी ने उक्त की जांच हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन फतेहपुर से करायी गयी। उनके अभिहित अधिकारी के रिपोर्ट में उक्त के संबंध में यह अवगत कराया गया है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 एवं तत्सम्बन्धी नियमावली–2011 के अंतर्गत खुला पेयजल के विक्रय संम्बंधी प्राविधान न होने के कारण इनको लाइसेंस के दायरे में नही लाया जा सकता। तत्तक्रम में जिलाधिकारी द्वारा यह जांच सहायक अभियंता (लघु सिंचाई) से कराई गई, उपरोक्त नियमावली का अध्ययन करने पर पाया गया कि कोई भी व्यक्ति मिनरल वाटर या पैकेज की विक्री और प्रदर्शन ब्यूरो आर्फ स्टेटिक प्रमाण पत्र के बिना नही कर सकता, तत्पश्चात उसे विवक सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड आथॉरिटी ऑफ इण्डिया न्यू देल्ही के द्वारा प्रदत्त लाइसेंस भी आवश्यक है। इसके साथ प्रदेश भूजल (प्रबंधन और विनियम) विनिमय अधिनियम 2019 के सरकारी गजट में सभी प्रकार के बोरिंग धारकों का जल दोहन करने पर नियमानुसार भूगर्भ पोर्टल की साइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करते हुए एनओसी लेना आवश्यक है। इसके साथ–साथ प्राइवेट ड्रिलिंग एजेंसी को भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इस नियम का पालन न करने पर उपरोक्त अधिनियम की धारा–26 की उप धारा( 2), धारा–27, 28 एवं 29 के अधीन दोषी पाए जाने पर 02 से 05 लाख रुपये तक का जुर्माना एवं 3 वर्ष का कारावास का प्रावधान है। उपरोक्त के क्रम में जनपद के समस्त आरओ पेयजल विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि 45 दिनों के अंदर उपरोक्त सभी प्रमाण पत्रों से आच्छादित होना सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार आरओ प्लांट बंद कराने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

# मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में अफसरों को दिये निर्देश

● मुख्य विकास अधिकारी ने एप पर विभिन्न घटको की परियोजनावार कम फीडिंग होने पर जताई नाराजगी, दिये निर्देश



संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य विकास अधिकारी** सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कर्न्वेन्स बैठक विकास भवन सभागार कक्ष में आयोजन किया गया। इस बैठक में जनपद में परियोजनावार चिन्हित किए गये सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों की सूचना, प्रोषण पुनर्वास केन्द्र की प्रगति, पोषण टैऊ्रकर एप पर विभिन्न घटको की परियोजनावार फीडिंग की स्थिति, ई–कवच पर डाटा इंट्री की स्थिति, आंगनबाड़ी भवन निर्माण इत्यादि के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। बैठक में पोषण टैऊ्रकर पर परियोजनावार कुपोषित अतिकुपोषित, सैम, मैम के बच्चों की फीड़िंग न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीडिंग लगातार करते रहे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। आरबीएसके की टीम माइक्रोप्लान तैयार कर पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थिति में सुधार लाये। बैठक में बताया गया कि एनआरसी में इस माह तीन बच्चे आये है, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें और प्रगति लाये तथा इसमें कम प्रगति पर एनआरसी प्रभारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 बीपी सिंह व राकेश से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये है। पोषण टैऊ्रकर एप पर महिलाओं में ऐनिमिया जांच की कम फीडिंग में उन्होंने कहा कि इसमें प्रगति लायी जाये तथा जिस आंगनबाड़ी कार्यक्रत्री द्वारा लापरवाही की जा रही उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि जो स्मार्टफोन दिया गया है वह सही तरीके से कार्य नही करता है तथा एप में फीड़िंग नही हो पा रही है, इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जो स्मार्टफोन वितरित किये गये है उनमें जो कमियां है उसके लिए शासन को पत्र भेजकर कमियों को दूर कराया जाये। वहीं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2019–20 के तीन आंनबाड़ी केन्द्र बनने के लिए बाकी है तथा वर्ष 2020–21 के 11 है जिनमें कार्य चल रहा है। वहीं उन्होंने विभिन्न अधिकारियों द्वारा गोद लिये गावों का भ्रमण कर वहां की स्थितियों की जांच करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों ने गांव गोद लिए है वह बीएचएनडी के दिन गांव में भ्रमण कर वहां आंगनबाड़ी केन्द्र में टीकाकरण, बच्चों का वजन, मातृत्व वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पैसा मिला की नही इत्यादि का निरीक्षण करेंगे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस मौके पर अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## सरकार की बदनीयती और भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ी टीईटी परीक्षा

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–2021 का पेपर बीते रविवार को लीक होने के बाद परीक्षा को स्थगित कर दिया गया । जिस पर सपा नें सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौपा। इसके साथ ही परीक्षा रद्द होंने को सपाईयों नें सरकार की बदनीयती और भ्रष्टाचार का नतीजा बताया।

लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पंहुचे और राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव को सौंपा। जिसमे सपा नें कहा है कि सरकार 15 दिन के भीतर पुनरू टीईटी की परीक्षा आयोजित करे। परीक्षा के दौरान मार्ग दुर्घटना में मृत हुए रजनेश कुमार पाल पुत्र केंद्र पाल निवासी नगला नैन भोलेपुर को 20 लाख सरकारी मुआबजा व परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी दी जाए। इसके साथ ही भविष्य में इस तरह की घटना होगी तो जिम्मेदार सरकार होगी। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शशांक सक्सेना, शिवम यादव, अनुराग यादव, अमन सुनील यादव, अजय पाल, विनीत सिंह परमार आदि रहे।

# आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**फर्रुखाबाद।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा गूजरपुर से राजेपुर तक तिरंगा यात्रा निकाली। राजेपुर राजकीय बालिका इंटर कालेज में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में संघ कार्यकर्ताओं ने क्रांतिकारियों के जीवन पर प्रकाश डाला।

आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान आरएसएस के जिला प्रचारक प्रवीण के नेतृत्व में गूजरपुर से राजपुर, अमृतसर होते हुए कस्बा राजेपुर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में साथ चल रहे भारत माता चित्र लगे रथ को रोककर कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राजकीय बालिका इंटर कालेज में भारत माता की आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। सह अभियान प्रमुख अनिल, विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत, श्याम मोहन, रोहित नंदन, सुमित अवस्थी, प्रधानाचार्य अनिल सिंह, विजय वर्मा सहित अनेकों लोगों ने भारत माता की आरती की। इस अवसर पर विजय वर्मा ने झांसी की रानी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आजादी चरखे से नहीं हजारों क्रांतिकारियों के बलिदान के बाद मिली है। जिसे बरकरार रखने के लिए हम सब को सजग रहना होगा। तिरंगा यात्रा के दौरान चंद्रशेखर आजादए भारत माताए रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। मौजूद कार्यकर्ता देशभक्ति के गीत तथा जयकारे लगा रहे थे। अमृत महोत्सव पर आयोजित तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में संघ कार्यकर्ता तथा क्षेत्रीय युवा मौजूद रहे। राजेपुर थानाध्यक्ष दिनेश गौतम व अमृतपुर थानाध्यक्ष सुनील सिंह परिहार तिरंगा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाले रहे।

# खेत के विवाद में भाइयों पर धारदार हथियारों से हमला, एक की मौत



घटना स्थल पर पूछताछ करते एसपी, सीओ सदर, मृतक रामादीन का फाइल फोटो

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**नौरंगपुर चौकी** क्षेत्र के ग्राम बल्लूपुर्वा में खेत की मेड़ काटने के विवाद में दबंगों ने तीन भाईयों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करते हुये मार पीटकर अधमरा कर दिया। जिसमें इलाज के दौरान एक किसान की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। एसपी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

कोतवाली की नौरंगपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बल्लूपुर्वा निवासी जितेंद्र कुमार के खेत की गांव के ही अरूण कुमार ने मेड़ काट दी थी। रविवार को जितेंद्र ने अपने भाई रामादीन व जुगल किशोर के साथ मेड़ को काटने का विरोध किया। जिसके बाद देर शाम अरूण ने अंशू व छुक्का के साथ मिलकर तीनों भाईयों पर धारदार हथियार सहित लाठी डण्डों से जानलेवा हमला कर तीनों भाइयों को अधमरा कर दिया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने तीनों भाईयों को बचाया। जिसके बाद परिजनों ने आनन–फानन में तीनों घायलों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां रामादीन व जुगल किशोर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया। जबकि देर रात रामादीन की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी प्रशांत वर्मा, सीओ सदर शिव प्रताप सिंह, प्रभारी कोतवाल राजकुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और मामले की जांच कर टीम गठित की जिसके द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये दबिश दी जा रही है। वहीं मृतक युवक के भाई जितेन्द्र यादव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विवक न्यूज

### घरौनी स्वामित्व के लिए सर्वे शुरू, सर्वे टीम ने ड्रोन उड़ाया

**फर्रुखाबाद।** केंद्र सरकार की सर्वे टीम ने सोमवार सुबह ड्रोन कैमरा उड़ाकर घरौनी स्वामित्व के लिए सर्वे शुरू कर दिया। सर्वे टीम प्रमुख महेंद्र त्रिपाठी और उनके सहयोगियों ने गांव पुतनापुर व सकिसा में घरौनी स्वामित्व के लिए सर्वे शुरू कर दिया। पूरे आबादी क्षेत्र में चूना डालकर चिह्नित आबादी की हाई कापी निकाल कर टीम तहसील कर्मियों के सुपुर्द करेगी। इसके बाद तहसील कर्मी उस हाई कापी में खसरा नंबर मकान स्वामी के नाम दर्ज कर उसका नक्शा बनाकर अभिलेख का कानूनी दर्ज देंगे। सर्वे टीम के साथ मौजूद राजस्व निरीक्षक जबर सिंह ने बताया कि 15 दिन में मेरापुर देवसनी, अर्जुनपुर, पमारखिरिया व पखना आदि दो दर्जन गांवों में सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण हो जाने पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने मकान और आबादी का स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत हो जाने पर उनको बैंक से लोन आदि मिलने लगेगा।

### फतेहपुर जिले के ज्वैलर्स कर रहे हैं जीएसटी का घोटाला

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के ज्वैलर्स जीएसटी घोटाले में लिप्त हैं। यहां के ज्वैलर्स सोने के जेवर खरीदने वालों को पक्का बिल नहीं देते हैं। पुरानी परंपरा के अनुसार ज्वैलर्स यह चाहते हैं कि वे सोने के जेवर को जिस कैरेट का कह दें ग्राहक चुपचाप उनकी बात को मान ले। पक्का बिल की जगह एक सादा कागज पर 22 कैरेट का नथिया या जो भी जेवर खरीदा गया। उसका नाम और वजन लिख कर ज्वैलर्स ग्राहकों को दे देते हैं। गांव के ज्यादातर लोग आज भी लेनदेन नगदी में करते हैं। शादी के मौसम में गांव में भी लोग लाखों रुपए कीमत के जेवर खरीदते हैं। किसी के बहुत जोर देने पर किसी एक ज्वैलर्स कंपनी के नाम लिए गए जीएसटी वाला बिल थमा देते हैं। सूत्रों की माने तो जिले के सराफा कारोबारी सालाना करोड़ों रुपए का जीएसटी न भर कर सरकार के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस जीएसटी घोटाले का पर्दाफाश करते हुए परिवर्तन फाउंडेशन जल्द जीएसटी कमिश्नर से लिखित शिकायत कर फतेहपुर जिले के ज्वैलरों के खिलाफकार्रवाई की मांग करेगा। गौरतलब है कि जिले के ही बिंदकी तहसील के बाजार में गांधी चौराहा स्थित सराफा बाजार में बहुत पुराने और बड़े-बड़े सोना-चांदी के जेवरों के विक्रेताओं की दुकानें हैं। यहां के ज्वैलर्स भी सोने के जेवर आदी खरीदने पर लोगों को पक्का बिल नही देते हैं। ग्राहक चाहे कितना भी बोले तो भी ज्वैलर्स पक्का बिल देने से साफमना कर देते हैं। इसके पीछे का इनका मकसद होता है जीएसटी की चोरी करना। जीएसटी चोरी करने वाले इन ज्वैलरों के दिन जल्द ही लदने वाले हैं।

### पुलिस कर्मियों ने निकाली बाइक जागरूकता रैली

**फतेहपुर।** यातायात माह नवंबर के क्रम में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस कार्यालय से मोटरसाइकिल यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे पुलिस अधीक्षक अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा नउआ बाग तिराहे पर बिना हेल्मेट लगाए बाइक चलाने वालों को हेल्मेट लगाने के लिए प्रेरित किया गया व हेल्मेट वितरित किये गए व आमजन को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर दिनेशचंद्र मिश्रा, क्षेत्राधिकारी लाइन अनिल कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अनूप कुमार सिंह, उनि यातायात हरेन्द्र सिंह व अन्य कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### बीएलओ की हेल्पलाइन अलग से बनाई जाये

**फतेहपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के सेक्रेटरी जनरल उमेश सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 से सम्बन्धित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन नम्बर 1950 में जो शिकायते आती है। उनका निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए और छोटी-छोटी त्रुटियों की वजह से फार्म निरस्त न किये जायें, बीएलओ घर घर जाकर त्रुटियों को सुधार करें। बीएलओ की हेल्पलाइन अलग से बनाए ताकि वह अपनी समस्याओ को अवगत करा सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एनआईसी में जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### आज इस्माइलपुर में होगी भाजपा की रैली

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भाजपा की 30 नवम्बर दिन मंगलवार को होने वाली रैली में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेतागण जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी सोमवार को क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर स्थित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री मकबूल खान ने दी। बताया कि रैली को भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, कुंवर बासिद अली, अजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे सहित वरिष्ठ भाजपा नेता रैली को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व उन्होंने पदाधिकारियों के साथ रैली के संबंध में रणनीति बनाई इस दौरान जिलाध्यक्ष अफजाल उर रहमान हैकल रामरतन, शकील खान, शमशाद फौजी, मुकीम अदा, सुनीता देवी, अयूब खान, महफूज खान, रईस खान आदि मौजूद रहे।

### प्री प्राइमरी शिक्षा के तहट ब्लॉक स्तरीय ईसीसीई क्रियान्वयन कार्यशाला सम्पन्न

**बांगरमऊ उन्नाव।** शासन के निर्देशानुसार ब्लाक सभागार में आज प्री प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय ईसीसीई क्रियान्वयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यशाला में मुख्य रूप से सीडीपीओ ए खण्ड विकास अधिकारी तथा डायट मेंटर उपस्थित रहे। कार्यशाला में समस्त शिक्षक संकुलए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा स्कूल रीडीनेस ट्रेनी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में शिक्षक संकुल विनीता रानीए रजनीश कुमारए जय मंगलए अमित कुमारए संदीप कुमार एआरपी अमित पटेल व वंदना पाल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कटियार ने की।

### टीईटी परीक्षा की तैयारी में खर्च हो गए 35 हजार

**फर्रुखाबाद** । उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की तैयारी में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से 35 हजार रुपये स्टेशनरी व किराए के वाहन आदि में खर्च हो गए। परीक्षा स्थगित होने से अब विभाग को फिर से परीक्षा की तैयारियां करनी होंगी। जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर 28 नवंबर को आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से जिले को करीब 21 लाख का बजट भेजा गया था। इस धनराशि से किराये पर वाहन, स्टेशनरी, पर्यवेक्षकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों व कक्ष निरीक्षकों का पारिश्रमिक भी दिया जाना है। करीब दस दिन से परीक्षा की तैयारी चल रही थी, जिसके लिए स्टेशनरी व किराए के वाहनों आदि पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से करीब 35 हजार रुपये खर्च हो गए, लेकिन परीक्षा स्थगित होने से यह रुपये पानी में बह गए। जिला विद्यालय निरीक्षक डा. आदर्श त्रिपाठी ने बताया की परीक्षा संपन्न कराने को करीब 21 लाख रुपये आए थे, जिसमें 19 लाख रुपये सभी परीक्षा केंद्रों को कक्ष निरीक्षकों आदि के पारिश्रमिक व स्टेशनरी आदि के भुगतान के लिए भिजवा दिए गए। कार्यालय की ओर से परीक्षा की तैयारी के लिए स्टेशनरी व सात किराए के वाहन किए गए थे, जिसमें करीब 35 हजार रुपये खर्च हो गए। परीक्षा स्थगित होने से नए सिरे से फिर तैयारी करनी होगी।

### ट्रक चालक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**पुखरायां। कानपुर देहात।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के नथुवापुर गांव के सामने खुले में शौच करके लौट रहे एक चालक से मुगल रोड पर अज्ञात वाहन टकरा गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सिवानए बिहार निवासी ट्रक चालक परसुराम ;36द्ध बिहार से ट्रक पर भाड़ा लादकर दिल्ली जा रहा था। मूसानगर से ट्रक भोगनीपुर की ओर जा रहा था । तभी भोगनीपुर के नथुवापुर गांव के सामने सबेरे करीब साढ़े पांच बजे ट्रक चालक को शौच लगी और वह खेतों में खुला शौच करने चला गया। खेत से वह सड़क पर चढ़ा था कि एक तेज रफ्तार ट्रक पीछे से टक्कर मार दी। उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई है। भोगनीपुर थाने के उप निरीक्षक कमरेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी ।

### बाइक चोरी कर ले जाते तीन युवक पकड़े गये , मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद** । जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि के गेस्ट हाउस से बाइक चोरी कर भाग रहे तीन युवकों को बरातियों व गेस्ट हाउस मालिक ने पकड़ लिया। तीनों युवकों को मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया गया। बाइक स्वामी ने तीनों युवकों के खिलाफतहरीर दी।शमसाबाद थाना के गांव धमगवा में डा. अतुल गंगवार का गेस्ट हाउस है, वह जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि हैं। रविवार रात गांव कलुआपुर सानी निवासी रामनिवास गंगवार की पुत्री की शादी थी। जिसमें गांव के ही विनोद कुमार भी बरात में शामिल होने गए थे। उन्होंने बाइक गेस्ट हाउस के पास खड़ी कर दी। बरात में तीन संदिग्ध युवक घूम रहे थे और बरातियों के साथ डांस भी कर रहे थे। युवक महिलाओं की वीडियो भी बना रहे थे। शक होने पर बरातियों ने उन पर नजर रखनी शुरू कर दी। रात लगभग दो बजे गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी विनोद की बाइक में चाबी लगाकर युवक चल दिए। लोगों के चिल्लाने पर युवक हड़बड़ाहट में गिर गए। बरातियों ने तीनों को पकड़कर उनकी धुनाई कर दी तथा पुलिस को सूचना दी। सोमवार सुबह पुलिस उन्हें थाने ले आई। विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि तीनों युवक बरात में चोरी की रणनीति बना रहे थे। कामयाब न होने पर बाइक चोरी कर भाग रहे थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सीमित शिक्षित परिवार ही भविष्य

## सीएमओ डा. प्रभाकर राय ने की परिवार कल्याण कार्यक्रम पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**जनपद एवं मंडल प्रयागराज** के शहरी क्षेत्रों में हो रहे परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति एवं भविष्य की रणनीति पर पीएसआई इंडिया द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सिविल लाइन में संपन्न हुई। प्रयागराज मंडल के सभी जिलों प्रतापगढ़ कौशाम्बी फतेहपुर के प्रतिनिधि ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उद्देश्य परिवार कल्याण कार्यक्रम के कार्यों को और बेहतर बनाने की रणनीति पर चर्चा करना रहा। डा. प्रभाकर राय अपर निदेशक परिवार कल्याण स्वास्थ्य प्रयागराज ने कार्यशाला को दीप प्रज्वल्लित करते हुए कार्यशाला का



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

शुभारम्भ किया। डा. प्रभाकर राय अपर निदेशक परिवार कल्याण स्वास्थ्य प्रयागराज ने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम में जनजागरूकता का होना बहुत जरुरी है। एक आम इन्सान को जानकारी की आभाव में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को जानकारी देना ड्यूटी नही बल्कि धर्म समझे और सहयोगी भाव से कार्य करें। डा प्रभाकर राय ने कहा कि सीमित परिवार होगा हो उसे अच्छी शिक्षा स्वास्थ्य सुविधा एवं भौतिक संसाधन अच्छे से मिल सकेंगे और उनका भविष्य भी बेहतर होगा। लोगों को जागरूक करने के लिए समुदाय स्तर पर जनप्रतिनिधि धर्म प्रवक्ता गुरु आदि का भी सहयोग ले सकते हैं। मनीष सक्सेना सीनियर एडवोकेसी लीड ने पीएसआई इंडिया की प्रयागराज में अपने कार्यकाल के चार वर्षों के कार्यों को बताया। उन्होंने पीएसआई इंडिया के कार्यों की निति एवं रणनीति को सबके साथ साझा किया। उन्होंने बताया की पीएसआई इंडिया समुदाय स्तर पर आशा एनम प्रशिक्षण समूहों एवं समितियों के माध्यम से समुदाय में परिवार कल्याण कार्यक्रम की स्वास्थ्य सुविधा दे रही हैं। जिसमें एविडेंस बेस एडवोकेसी काफी प्रभावी साबित हो रही हैं। हरित सक्सेना मंडलीय कार्यक्रम प्रबंधक सिफ्सा ने कार्यशाला में आये प्रतिभागियों से कहा की हमारी प्रगति अच्छी हैं लेकिन पिछले कुछ समय में कार्यों को और बेहतर करने के लिए सभी को नयी रणनीति के तहत कार्य करना होगा ताकि हमारा कार्य और बेहतर हो सके।

रवि मौर्या मंडलीय शहरी स्वास्थ्य समन्वयक ने कार्यशाला में आंकड़ों के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम की प्रगति को दर्शाया। कोरोना महामारी के दौरान ये कम जरुर हुआ है लेकिन इसे पुन: अपनी कार्ययोजना से और बेहतर किया जा सकता हैं।

## बादाम का सेवन शुगर की प्रतिक्रिया को कम करने के लिए है महत्वपूर्ण

**प्रयागराज।** जब सुबह के आलस को भगाने के लिये आप स्नैनिंग के विकल्प चुनते हैं। उससे आपकी सुबह बन सकती है या बिगड़ सकती है और यह आपके दिनभर के खाने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा कराये गये एक नये अध्ययन में यह बात सामने आयी है कि सुबह के समय नाश्ते में बादाम खाने से ब्लड शुगर का स्तर अधिक स्थिर बनाये रखने में मदद मिलती है और पूरे दिनभर में आप जितनी कैलोरी लेते हैं उसमें कटौती हो जाती है। ओटागो विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन न्यूट्रिशन के प्रमुख शोधकर्ता और प्रोफेसर डा रैशेल ब्राउन ने कहा परिणामों से पता चला है कि सुबह नाश्ते के रूप में बादाम खाने से प्रतिभागियों ने दिन के दौरान कम कैलोरी लिया। हमारे अध्ययन से पता चला है कि बादाम ने नाश्ते के बाद ब्लड शुगर की प्रतिक्रिया को कम कर दिया। नाश्ता या भोजन करने के बाद लगातार ब्लड शुगर शर्करा का स्तर हृदय रोग और सभी कारणों से मौत होने के खतरे से जुड़ा हो सकता है।

# गजल संग्रह उजाला का हुआ लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**हिंदुस्तानी एकेडेमी** एवं सोपान साहित्यिक संस्था पंजीकृत के संयुक्त तत्वावधान में हिंदुस्तानी एकेडेमी के गाँधी सभागार में रविवार को गोरखपुर के वरिष्ठ शायर सरवत जमाल साहब के ग़ज़ल संग्रह उजाला कहाँ गया का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता आकाशवाणी प्रयागराज के डायरेक्टर लोकेश शुक्ल ने किया एवम मुख्य अतिथि के तौर पर हाइकोर्ट इलाहाबाद कमरुल हसन सिद्दीक़ी साहब ने शिरकत की। काजिम आब्दी फाउंडर बज़्मेयार तलब जौनपुरी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन सोपान साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष राजीव नसीब एवं उपाध्यक्ष शालिनी श्रीवास्तव ने किया। द्वितीय सत्र कवि सम्मेलन का संचालन संचालन प्रयागराज के शायर जनाब


पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

एम एस खान ने किया। अना इलाहाबादी ने शायर पढ़ा। शालिनी श्रीवास्तव लखनऊ ने पढ़ा वक़्त आया ज़िस्म पर रानाइयों का सिलसिला भी चल पड़ा रुसवाइयों का। डा प्रियंका त्रिपाठी शहडोल ने पढ़ा जहाँ पे खाई थी क़सम जनम जनम का साथ हो उसी नदी का तट है ये यही वो देवदार है। सरवत जमाल गोरखपुर तलब जौनपुरी प्रयागराज शिशिर सोमवंशी प्रयागराज शैलेन्द्र जय प्रयागराज कृष्ण कांत कामिल प्रयागराज जीतेन्द्र मिश्र जलज प्रयागराज एम एस खान शाहिद अली प्रयागराज खान अब्दुल्ला प्रयागराज तारिक ज़फ़र प्रयागराज राजवीर सिंह बदायूँ अशोक श्रीवास्तव प्रयागराजने कवि सम्मेलन में रचना पाठ किया। सोपान साहित्यिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव नसीब ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जागरूकता पहल के माध्यम से देंगे महत्त्वपूर्ण संदेश

**प्रयागराज।** देश के सबसे बड़े व्यवसायिक समूहों में से एक बजाज फिनसर्व ने आज लाइफ़ इंश्योरेंस में धोखाधड़ी पर केंद्रित अपने जनजागरूकता अभियान सावधान रहें सेफ़ रहें के दूसरे चरण की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य अपने लोगों तथा आम जनता को इस तरह की धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। बजाज फाइनेंस लिमिटेड बजाज आलियांज लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड आदि है। कंपनी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस अभियान का संचालन किया जाएगा। बजाज फिनसर्व अपनी इस जागरूकता पहल के माध्यम से लाइफ़ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने वाले लोगों को एक महत्त्वपूर्ण संदेश देना चाहता है सभी दस्तावेज़ों की सावधानी पूर्वक जांच करना और सिर्फ बीमा कंपनी की वेबसाइट पर जाकर विवरणों को सत्यापित करना बेहद ज़रूरी है। कभी कभी धोखेबाज़ भोले भाले लोगों को कम प्रीमियम वाले ऑफ़र का लालच दे सकते हैं।

# जमीनी विवाद में युवक की फावड़े से काटकर हत्या, ग्रामीणों ने किया हंगामा

संवाददाता। टाण्डा, अम्बेडकरनगर

**जमीनी विवाद** को लेकर फावड़े से 34 वर्षिय व्यक्ति की हत्या को लेकर जमकर विवाद हुआ पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में हत्या अभियुक्त द्वारा ग्रामीणों व पुलिस पार्टी पर लगातार फायर करने को लेकर जवाबी कार्यवाही में दो आरोपियों को गोली मारकर घायल कर घटना में शामिल तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया अभियुक्त को पकड़ते ही ग्रामीण टूट पड़े और अभियुक्त को पीटने लगे पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया तो भीड़ पुलिस पर पथराव करने लगी जिसमे कोतवाली की जीप भी क्षतिग्रस्त हो गयी और कि चार पुलिस कर्मी भी घायल हुए। मौके पर हंगामे को देखते हुए जनपद के दर्जनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थित को नियंत्रित किया।




घटना क्रम के अनुसार आज सोमवार को दिन में लगभग 11 बजे टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकड़ी भोजपुर तिराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली पर धान लादकर ले जा रहे ग्राम के अंकित राज यादव 34 वर्ष पुत्र अभयराज की ट्राली को विपक्षी राजेन्द्र यादव पुत्र तिलकराज ने रोक लिया उसी में विवाद हुआ तो राजेन्द्र यादव व उसके पुत्रों ने मिलकर फावड़े से अंकित यादव पर हमला कर उसे मौके पर मौत के घाट उतार दिया बचाने पहुंचे मृतक के भाई रवि यादव को घायल कर दिया।घटना की जानकारी होते ही पूरे ग्राम के लोगों ने हत्या आरोपी राजेन्द्र यादव के मकान को घेर लिया जिसपर राजेन्द्र घर की छत पर चढ़ कर फायरिंग करने मौके पर कोतवाल टाण्डा थानाध्यक्ष अलीगंज भी पहुंचे और थानों को पुलिस के साथ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी भी पहुंचे और भीड़ को हटाने का प्रयास किया तथा अभियुक्त को आत्म समर्पण करने की चेतावनी दी लेकिन अभियुक्त पुलिस पार्टी पर भी फायर करने लगा उसके बाद पीछे से सीढ़ी लगाकर बुलेट प्रोफ जैकेट पहनकर थानाध्यक्ष अलीगंज नागेंद्र सरोज व जनपद की स्वाट टीम के उप निरीक्षक जय किशन यादव व सिपाही छत पर चढ़े और जवाबी कार्यवाही की इस कार्यवाही में अभियुक्त राजेंद्र यादव व उसके पुत्र अमिलेश यादव को पैर में गोली मारकर कब्जे में लिया तथा एक और पुत्र अवधेश यादव को भी कब्जे में लेकर पुलिस घर से बाहर निकली तो भीड़ ने पथराव कर अभियुक्त की पिटाई करने लगी किसी तरह पुलिस ने स्थित को नियंत्रित कर अभियुक्तों को अस्पताल ले गयी जबकि घायल व मृतक को पुलिस पहले ही टाण्डा अस्पताल भेज चुकी थी।लगभग डेढ़ घण्टे चले घटना क्रम के बाद स्थिति को नियंत्रित किया जा सका। टाण्डा अस्पताल से सभी घायलों को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पथराव में घायल कोतवाली टाण्डा के सिपाही कुशल पाल सिंह व अन्य सिपाहियो चिकित्सीय परीक्षण किया गया।और पथराव में कोतवाली टाण्डा की जीप न0 यू पी 45 जी 0192 क्षतिग्रस्त हो गयी।मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री प्रियदर्शी ने बताया कि जमीनी विवाद में हुई अंकित यादव की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्या अभियुक्त को घर घेर लिया हत्या अभियुक्त घर से फायरिंग करने लगा पुलिस के पहुंचने पर पुलिस पर फायरिंग करने लगा जिससे जवाबी कार्यवाही में गोली मार कर घायल करने के बाद कब्जे में लिया।ग्रामीणों के आक्रोश इतना अधिक था कि यदि पुलिस मोर्चा न सँभालती तो अभियुक्त का घर फूंक देते मौके पुलिस ने हत्या अभियुक्त के घर की महिलाओं व लड़कियों को बड़ी मशक्कत के बाद निकाल कर सुरक्षित करने हेतु कोतवाली भेजा।ग्राम में स्थित तनाव पूर्ण बनी हुई है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

## क्विक न्यूज

### कुलपति ने की दीक्षांत समारोह की समीक्षा



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में होने वाले 23वें दीक्षांत समारोह 2021 की विभिन्न कार्यों के समयबद्ध निष्पादन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता एनिदेशकए विभागाध्यक्षए एवं संकाय सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित किया। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह दिनांक 20 दिसम्बर 2021 को होना निश्चित हुआ है जिसके लिए कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल महोदय का सहमति पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हो गया है । डॉ सिंह ने समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि दीक्षांत समारोह की समस्त तैयारियां शीघ्राति.शीघ्र पूरी कर ली जाए। दीक्षांत समारोह हेतु गठित कमेटियों के अध्यक्षों से कुलपति डॉ सिंह ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति जानी एवं समीक्षा की तथा सुझाव दिए। साथ ही समस्त कार्यों को समयबद्ध तरीके से किए जाने के निर्देश भी दिए । विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ आर के मेहता ने दीक्षांत समारोह से संबंधित बिंदुवार समस्त कार्यों के प्रगति के बारे में अवगत् कराया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कृषि अधिष्ठाता डॉ वेद प्रकाश निदेशक प्रसार डॉ. पी राव अधिष्ठाता पशु चिकित्सा डा.ॅ आर के जोशी अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान डॉ प्रमाणिक अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डॉ नमिता जोशी अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ नियोगी एवं विभिन्न समितियों के अध्यक्ष इंजीनियर ओम प्रकाश हरिश्चंद्र सिंह आर सी तिवारी डॉ डी के द्विवेदी डॉ. संजय पाठक एइं एस एस सिंह डा.ॅ चंद्रशेखर डा.ॅ सुशील यादव डॉ. जसवंत सिंह एवं डा.ॅ लक्ष्मी प्रसाद आदि बैठक मैं उपस्थित थे।

### अयोध्या में गलारघाट से हटाई गईं चाय-पान की गुमटियां

**अयोध्या।** अयोध्या नगरी के आकर्षण केन्द्र गुप्तारघाट पर बसे चाय व जलपान के दुकानदारों को प्रशासन द्वारा बिना सूचना रविवार की रात्रि की हटाया जाने लगा। इसकी सूचना स्थानीय दुकानदारों द्वारा जब नगर विधायक वेद गुप्ता को दी गई तब नगर विधायक द्वारा मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी से वार्ताकर कर दुकानों को हटाये जाने की प्रक्रिया को समय पर स्थगित कराया गया। तत्पश्चात सोमवार की सुबह अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुप्तारघाट पर पहुँचकर स्थानीय दुकानदारों के साथ बैठक की। स्थानीय दुकानदारों ने बिना सूचना दुकान गिराये जाने की शिकायत व दुकानों के हटने के बाद व्यापार के लिए उपर्युक्त स्थल की गुहांर विधायक वेद गुप्ता से लगाई। जिस पर नगर विधायक ने सभी को आश्वासन दिया कि बिना सूचना किसी भी दुकान को हटाया नहीं जायेगा साथ ही हटाने से पूर्व सभी को बसाने की व्यवस्था भी प्रशासन से वार्ताकर सुनिश्चित कराई जायेगी।

### भीटी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया इस दौरान कुल 60 मरीजों का चिकित्सीय प्रशिक्षण कर उनका उपचार किया गया जिसमें होम्योपैथ के 19 आयुर्वेद के कई तथा एलोपैथ के 20 मरीज शामिल रहे इस मौके पर भीटी सीएचसी अधीक्षक डा.ॅ आशुतोष श्रीवास्तव होम्योपैथी डॉक्टर शशी कुमार तथा आयुर्वेद के डॉक्टर मनीष कृष्ण कुमार वास्तव सगीर अहमद कमलेश यादव डॉक्टर पी सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# टीईटी परीक्षा लीक के पीछे सरकार की नाकामी: इरफान

संवाददाता। टाण्डा, अम्बेडकरनगर

**पीस पार्टी के** उत्तर प्रदेश प्रभारी इंजीनियर मोहम्मद इरफान ने सम्पूर्ण स्वराज यात्रा के तत्वाधान में जनपद भ्रमण पर रहे। इल्तिफ़ातगंज में कमरुल हुदा उर्फ चुन्नू सलमानी और सीमांचल के प्रदेश अध्यक्ष गौस खान के साथ जिला सचिव अकबर अली के अगुवाई में इरफान का जोरदार स्वागत ढोल नगाड़े के साथ किया गया।



इल्तिफ़ातगंज के रामलीला मैदान में इल्तिफ़ात अली शाह बाबा के मजार पर इरफान ने माथा टेका और फिर काफिले के साथ टाण्डा के सकरावल स्थित हिंदुस्तान मैरेज लॉन में पहुँचे जहां वे मीडिया से मुख़ातिब हुए। मीडिया से वार्ता में इरफान ने कहा कि इस सम्पूर्ण स्वराज यात्रा का उद्देश्य गरीबों जरूरतमंदों को उनके हक के विषय में जागरूक करना हैं। भाजपा पर इरफान जमकर बरसे और कहा कि टीईटी परीक्षा लीक होने के पीछे सरकार की नाकामी है जिसके कारण लाखों अभ्यर्थी खुद को असहाय समझ रहे हैं।

गठबंधन के सवाल पर इरफान ने बहुत कुछ तो स्पष्ट नही किया लेकिन इशारों इशारों में गठबंधन हेतु रास्ता खोल दिया। इरफान ने कहा कि इस बार बिना पीस पार्टी के समर्थन के कोई पार्टी सरकार नही बना पाएगी क्योंकि इस बार पीस पार्टी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है। इरफान ने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए जनपद में पीस पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए बल दिया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में पीस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मिल्कीपुर अयोध्या।** थाना कुमारांज पुलिस ने डेढ़ वर्ष से फरार दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक डेढ़ वर्ष पूर्व चिलबिली चौकी क्षेत्र के एक गांव में अलमापुर हसनापुर थाना तालग्राम जिला कन्नौज निवासी एक युवक ने युवती का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म किया था। जिसके मामले में पीड़िता युवती के पिता की तहरीर पर कुमारगंज पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 220/20 धारा 366ए 376 के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था।

आरोपी युवक की तलाश में कुमारगंज पुलिस जुटी हुई थी लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। सोमवार को मुखबिर ने कुमारगंज पुलिस को सूचना दिया कि डेढ़ वर्ष पूर्व युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गोकुला नहर के पास खड़ा होकर किसी का इंतजार कर रहा है।सूचना मिलते ही पुलिस चौकी चिलबिली प्रभारी स्वतंत्र कुमार मौर्याए कांस्टेबल जयप्रकाश यादव के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को पकड़कर कुमारगंज थाने ले आए यहां पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह यादव ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व कन्नौज जिला निवासी धीरेंद्र सिंह पुत्र सरवन गांव. गांव में फेरी करके कपड़ा बेचने का कार्य कर रहा था उसी बीच थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती का अपहरण करके दुष्कर्म किया था पीड़िता युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।आज पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# बेगुनाही साबित करने में मिलेगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**पिछले कुछ महीनों** में महत्वपूर्ण आंदोलनों से पता चलता है कि देश आपराधिक न्याय प्रणाली के हिस्से के रूप में डीएनए प्रौद्योगिकी को और अधिक प्रमुखता से स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है। डीएनए बुनियादी ढांचे और जनशक्ति को मजबूत करने के लिए किए गए

उल्लेखनीय उपाय राष्ट्रीय डीएनए डेटाबेस के लिए तैयारी के निर्माण में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। अगर डीएनए प्रौद्योगिकी विनियमन विधेयक 2019 संसद में इस शीतकालीन सत्र में आगे बढ़ सकता है।डीएनए इन्फ्रास्ट्रक्चर की नींव बनाने की दिशा में सकारात्मक आंदोलनों पर बोलते हुए भारत की वरिष्ठ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय डा पिंकी आनंद ने कहा विज्ञान की उन्नति और डीएनए की उपयोगिता पीड़ितों के लिए विशेष रूप से जघन्य यौन अपराधों के लिए न्याय का एक उपकरण है। डीएनए सबूत को पहली बार 1985 में स्वीकार किया गया था।

डीएनए का उपयोग अभियुक्तों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए तेजी से किया जाने लगा एक ताजा उदाहरण गुड़िया मामला है।

सामूहिक बलात्कार और हत्या को डीएनए सबूत द्वारा सुलझाया गया था और आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। डीएनए प्रौद्योगिकी विनियमन विधेयक डीएनए के उपयोग को संस्थागत और नियंत्रित करता है। अन्य प्रावधान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय डीएनए डेटा बैंकों की स्थापना कर रहे हैं। कम से कम 69 देशों में एक राष्ट्रीय डीएनए डेटाबेस है। जिसने अपराध का पता लगाने और दोषसिद्धि लगा ने में उल्लेखनीय परिणाम दिखाए हैं।

अपराधों में बार बार अपराधी एक दुर्भाग्यपूर्ण विशेषता है। डेटा बैंक के साथ अपराध के दृश्यों संदिग्धों अंडर ट्रायल का पता लगाने की क्षमता बहुत अधिक है। डेटा बैंक क्राइम सीन इंडेक्स संदिग्धों और अंडर ट्रायल इंडेक्स यौन अपराध अपराधियों का इंडेक्स लापता व्यक्ति इंडेक्स और अज्ञात मृत व्यक्ति इंडेक्स जैसे डेटा को बनाए रखेगा। अपराधियों की सफल गिरफ्तारी अपराधियों की के साथ साथ डेटा बैंक झूठे आरोपितों की बेगुनाही साबित करने में भी मदद करेगा।

# नवनियुक्त व्यावसायिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत


स्वागत करते भाजपाई।

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**भाजपा महानगर** कार्यालय सिविल लाइन में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त व्यवसायिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आगामी होने वाले व्यापारी कुंभ को सफल बनाने के लिए हमें व्यापारी समाज के अंदर जाकर उन्हें आमंत्रित करते हुए सरकार के द्वारा व्यापारियों के हित में किए गए कार्यों को बताने का कार्य करना है। बैठक की अध्यक्षता व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक सुशांत केसरवानी ने किया। इस अवसर पर राजेश केसरवानी प्रशांत पांडेय अमित केसरवानी विजय केसरवानी सुधीर पांडेय सुमित जायसवाल अरुण कुमार संजीव मेहरोत्रा उज्जवल टंडन रविंद्र कुमार राम वचन विजेंद्र कुमार घनश्याम राजेश कुमार रविंद्र कुमार गुप्ता संजय कुमार यशवंत कुमार टिंकू यादव सुशील जायसवाल सचिन कुमार आदि रहे।

# हाईकोर्ट बार चुनाव एक दिसंबर को मतदान को लेकर बैठक में खाका तैयार

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**एक दिसंबर** को होने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन कार्यकारिणी चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है।एल्डर कमेटी ने मतदान कार्य करने वाले लगभग डेढ़ सौ अधिवक्ताओं की टीम के साथ बैठक की। उन्हें चुनाव कार्यवाही के नियमों की जानकारी दी गई। चुनाव मतदान हाईकोर्ट परिसर स्थित मैदान में बने पंडाल में होगा। इसके लिए गाइड लाइंस जारी होगी। मतदान के लिए बूथ बनाए गए हैं।

सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने की योजना का खाका तैयार कर लिया गया है। परिसर के बाहर किसी भी प्रत्याशी को कैंप लगाने व खाद्य सामग्री बांटने को प्रतिबंधित किया गया है। दूसरी तरफ चुनाव में प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंक दी है। मतदाताओं से संपर्क के अलावा जातिगत समीकरण चुनावी वायदों के साथ मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अतुल कुमार पाण्डेय ने कहा है कि बार का नेतृत्व युवा पीढ़ी को दिया जाना चाहिए।बार को राजनीतिक का अखाड़ा बना बार बार चुनाव मैदान में उतरने वालों के बजाय संघर्षशील युवा कर्मठ अधिवक्ता को अध्यक्ष पद पर चुनकर भेजें।


विधि व्यवसाय के गौरव की बहाली होगी और तकनीकी न्याय व्यवस्था की खामियां दूर होगी। महासचिव पद के उम्मीदवार संतोष कुमार मिश्र ने कहा है कि नयी सोच नये विजन और सबको साथ लेकर समाधान की दिशा पहल की जायेगी। बार के खातों के दुरुपयोग को रोकने की कोशिश होगी।अधिवक्ताओं की कल्याण योजनाओं को नीति बनाकर सबको लाभ दिलाया जायेगा। अध्यक्ष पद प्रत्याशी आर के ओझा आई के चतुर्वेदी अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि लिए जा रहे कूपन समाप्त कर सौ और सत्तर रूपये के बजाए पांच सौ जमा होंगे। जिसमें से 70 रुपये बार एसोसिएशन में जमा होंगे। शेष 430 रुपये अधिवक्ताओं का भविष्य निधि खाता खोलकर जमा किया जायेगा। अध्यक्ष पद प्रत्याशी ए सी तिवारी ने कहा कि उन्होंने महासचिव रहते अधिवक्ता कल्याण योजनाओं को सफलता पूर्वक लागू कराया था।

सुविधाओं से परिपूर्ण कर बार और बेंच के बीच सौहार्द पूर्ण वातावरण में न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। महासचिव पद के प्रत्याशी विक्रांत पांडेय ने कहा कि सदस्यों के साथ बार की समस्याओं पर विचार कर मुख्य न्यायाधीश से मिलकर कठिनाइयों का समाधान आवासीय योजना के लिए सरकार से लागत पर फ्लैट बनाने की योजना और भविष्य निधि खाता खोलकर सभी वकीलों को आर्थिक लाभ योजना लागू करने का प्रयास किया जायेगा।

# संभावित खतरा

## कोरोना का नया प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** में नया परिवर्तन खतरे का संकेत दे रहा है और हम अभी एक बार फिर इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत में सामान्य स्थिति बहाल हो रही है और अधिकांश लोगों ने कोविड-उपयुक्त व्यवहार छोड़ दिया है क्योंकि उनकी समझ में वायरस वैश्विक महामारी अब भारत से चली गई है। ऐसे में कोरोना के दक्षिण भारतीय रूप ने जोर से खतरे की घंटी बजा दी है। वर्तमान समय में बहुत से लोग मास्क पहन रहे हैं, लेकिन लगभग इतने ही लोगों ने सचेतन रूप से इसके पहनना बंद कर दिया है। तथ्य यह है कि त्योहारी मौसम के बाद भी वायरस संक्रमण नहीं बढ़ा, जबकि लगभग सारे सुरक्षा उपायों को इस गलत धारणा से अनदेखा किया गया कि सबसे बुरा वक्त बीत गया। दु:ख है कि ऐसा सोचना गलत है। डब्लूएचओ ने ओमीक्रान को 'चिन्ताजनक स्वरूप' घोषित कर दिया है। इसका अर्थ है कि हमें जोखिम नहीं लेना चाहिए। दुनिया को ओमीक्रान के बारे में समुचित जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका, बोट्सवाना, बेल्जियम, हांगकांग और इस्राइल में भी इसके मामले पाए गए हैं। यह स्वरूप यूरोप भी पहुंच गया है क्योंकि इसके दो मामले ब्रिटेन में भी मिले हैं। हालांकि, वैज्ञानिक अभी यह नहीं जानते हैं कि इसका विस्फोट हो सकता है, पर उनको कहना है कि इससे पुन: संक्रमण का खतरा बढ़ा है। शुरुआती शोध से स्पष्ट है कि इस स्वरूप का संबंध ऐसे परिवर्तनों से है जिससे यह अत्यधिक संक्रामक तथा तेजी से फैलने वाला बन गया है।




ओमीक्रान से खतरे की संभावना का परीक्षण प्रयोगशाला में हो रहा है ताकि इस पर वर्तमान वैक्सीनों की प्रभावशीलता का पता लगाया जा सके। इस महत्वपूर्ण सवाल का हल भी खोजना है कि क्या ओमीक्रान हमारे प्रतिरक्षा तंत्र को चकमा दे सकता है।

इसका जवाब लापरवाही या अज्ञान के कारण संक्रमित जनसंख्या के बजाय वैज्ञानिक प्रयोगशाला से आना बेहतर होगा। इसका भारत के लिए क्या अर्थ होगा जिसने चरणबद्ध रूप से अपना आसमान खोलने की नीति अपनाई है? यदि सरकार विदेश से आने वाले यात्रियों की कठोरता से जांच करे तथा बिना किसी अपवाद के दो सप्ताह का क्वारंटीन लागू करे तो ज्यादा समस्या नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक सूची बना कर उन देशों को उच्च जोखिम वाली श्रेणी में रखा है जहां नया स्वरूप पाया गया है। मंत्रालय को अब इन देशों से आने वाली उड़ानें बहाल करने की अनुमति की समीक्षा करनी चाहिए, चाहे द्विपक्षीय एयर बबुल समझौता जो भी हो। भारत को अब यह भी सुनिश्चित करना होगा कि टीकाकरण प्रक्रिया में किसी ढिलाई, लापरवाही या लाजिस्टिक समस्या को स्थान नहीं मिलेगा। वैज्ञानिक आज पहले की तुलना में ज्यादा जोर दे रहे हैं कि टीकाकरण वृद्ध, अन्य बीमारियों वाले लोगों तथा उन स्वस्थ लोगों के लिए जरूरी है जो पूरी तरह सामान्य गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। यदि पूरी तरह टीकाकरण न हो तो दोनों समूहों के सामने अस्पताल में भर्ती होने या मौत का खतरा बहुत अधिक है। शुक्रवार तक 120 करोड़ लोगों को टीका दिया जा चुका था, लेकिन इनमें केवल एक तिहाई 42.62 करोड़ लोगों ने ही दोनों खूराकें ली थीं। इस आंकड़े में तेजी से वृद्धि करना जरूरी है। दूसरा, नवीनतम अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में उपलब्ध एक वैक्सीन, स्वदेशी कोवैक्सिन कोविड-19 बीमारी के लक्षणों के खिलाफ केवल 50 प्रतिशत प्रभावी है। अतीत के अनेक सर्वेक्षणों से अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। वे 81 प्रतिशत, 77.8 प्रतिशत तथा 65.2 प्रतिशत के बीच हैं। निसंदेह इनमें से प्रत्येक आंकड़े की वैज्ञानिक व्याख्या होनी चाहिए, लेकिन आम आदमी को इससे कोई लाभ नहीं होता है और वह भ्रमित हो सकता है।

# ग्वादर में सीपीईसी का भारी विरोध

पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं सह प्रोफेसर हैं)



हाल में ग्वादर में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना-सीपीईसी के खिलाफ भारी विरोध फूट पड़ा। इसे पाकिस्तान की जनता की 'स्थिति बेहतर बनाने वाली परियोजना' बताया जा रहा है, पर इसके बजाय यह चीनी विस्तारवाद का प्रतीक बन गई है और इसके कारण उन लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है जिन्होंने यह परियोजना आमंत्रित की है। पाकिस्तान की कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार से ग्रस्त कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण हालत और खराब हो गई है। प्रदर्शनकारियों को स्थानीय राजनीतिक समूहों तथा एनजीओ का समर्थन मिल रहा है जिनका सीपीईसी परियोजना में वास्तविक हित था। 'ग्वादर को अधिकार दो' रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतुर रहमान हैं जो अक्सर ग्वादर की जनता के अधिकारों के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसके साथ ही अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में नेशनल पार्टी तथा बलूच छात्र संगठन की भूमिका भी पूरी तरह स्वीकारी जानी चाहिए। सीपीईसी वाणिज्यिक कारीडोर रास्ते से आगे जाता है। इसके नतीजे बहुत गहरे हैं तथा पाकिस्तानी समाज पर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पहला, सीपीईसी परियोजना 'तटीय मनोरंजन उद्योग' की लंबी पट्टी है जो लक्ज़री होटलों, स्पा, थियेटरों, गोल्फकोर्सों, आदि से जीवन्त नाइटलाइफप्रदान करेगी।

नि:संदेह इसके लिए तटीय भूमि ली जाएगी और इसका पाकिस्तान के छोटे किसानों व मछुआरों से कुछ लेनादेना नहीं है। इसके बजाय चीनी और पाकिस्तानी सेना के सेवानिवृत्त लोगों की सेवा करने वाली 'मनोरंजन' सुविधाओं का खामियाजा मछली पकड़ने के उद्योग को भुगतना पड़ेगा, जबकि इस्लामाबाद की अर्थव्यवस्था में इसका 2 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि पाकिस्तान सरकार ने चीनी मछली पकड़ने वाले ट्रालरों को अनुमति दे दी है। यह अरब सागर में चीन के अवैध व अनियंत्रित मछली पकड़ने के अलावा होगा जो मछलियों के महत्वपूर्ण प्रजनन काल में भी जारी रहता है। इन ट्रालरों में अद्यतन तकनीक का प्रयोग होता है जिससे वे फौरन पकड़ी गई मछलियों का प्रसंस्करण और भंडारण सुनिश्चित करते हैं। इससे स्थानीय मछली पकड़ने वालों के लिए प्रतियोगिता बहुत कठिन हो जाती है। निश्चित रूप से इस घटनाक्रम के कारण पाकिस्तान में गरीबी तथा बेरोजगारी और बढ़ेगी जिससे जनता का एक हिस्सा नशाखोरी व अवैध मानव व्यापार की ओर प्रवृत्त होगा।

दूसरा, सीपीईसी ने किसानों की उपजाऊ कृषि जमीन पर कब्जे का असाधारण अवसर दे दिया है। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान मोटेतौर से एक ऐसा राज्य है जहां अधिकांश सरकारी मामलों में सेना को वरीयता मिलती है। सीपीईसी का लक्ष्य कृषि क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन व वितरण के सभी क्षेत्रों पर कब्जा करना है जिनमें बीज व उर्वरक उत्पादन, भंडारण व परिवहन शामिल हैं। लेकिन इस परियोजना का क्रियान्वयन सेना की सीधी निगरानी में भूमि अधिग्रहणों के माध्यम से हो रहा है। ये अधिग्रहण बिना समुचित मुआवजे के हैं और कभी-कभी इनमें वैध स्वामी से अनुमति भी नहीं ली जाती है। कब्जा की गई जमीन के 'भूमि अधिकार' चीनी उद्यमों को दे दिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में, कृषि परियोजनायें चीन के निजी उद्यम बन जाती हैं जो पाकिस्तानी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करती हैं। इसके साथ ही यदि पाकिस्तानी निजी उद्यमों के पास अपनी जमीन होती है तो उसका मालिक आमतौर से सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी या सशस्त्र बलों में प्रभाव रखने वाला व्यक्ति होता है। इसी कारण सेना लंबे समय से जमीनों पर कब्जा कर रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ ही पाकिस्तानी न्यायपालिका ने भी इस पर गौर किया है। अप्रैल, 2021 में लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद कासिम खान ने कहा था कि 'सेना संभवत: देश में जमीन पर कब्जा करने वाली सबसे बड़ी मशीन बन गई है, जबकि सेना की वर्दी सेवा के लिए होती है, राजा की तरह शासन करने के लिए नहीं।'

सीपीईसी अधिकरण ने एक मजबूत दीवाल बनाने का निर्णय किया है जिसमें केवल एक प्रवेश और निकास द्वार होगा ताकि लोगों के स्वर कुचल कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया मानवाधिकार मुद्दे न उजागर करे। शहर में चौबीसों घंटे एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य उच्च तकनीकी उपकरणों से निगरानी की जाती है जो अत्यधिक निगरानी सुनिश्चित करते हैं। स्रोतों से संकेत मिलते हैं कि यह दीवाल 30 किलोमीटर लंबी तथा 10 फीट ऊंची है। पाकिस्तान ने सीपीईसी की रक्षा के लिए 34वीं लाइट इन्फैंट्री तैयार की है जिसे विशेष सुरक्षा डिवीजन-एसएसडी भी कहा जाता है। ऐसी किसी अन्य 'वाणिज्यिक महत्व' वाली परियोजना का उदाहरण नहीं मिलता है जहां एक सैनिक डिवीजन की आवश्यकता हो। इस घटनाक्रम से बलूचिस्तान व खासकर ग्वादर में जनता का सामाजिक अलगाव बढ़ा है जिससे निसंदेह संपूर्ण हिंसक टकराव पैदा होगा। इससे बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग भी तेज होगी।

सेना ने अर्थव्यवस्था की सहायता करने के नाम पर लगातार कृषि, शहरी आवासीय व वाणिज्यिक भूमि पर कब्जा किया है और इससे पाकिस्तान की खास राष्ट्रीय पहचान बनी है। नेशनल लाजिस्टिक सेल व फौजी फाउंडेशन जैसी विभिन्न सैनिक सब्सिडी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सिविलियन प्रतियोगिता को तेजी से कुचल दिया है। इनमें कार्गो परिवहन, रियल इस्टेट, उर्वरक, तेल व गैस, आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र पर सेना का प्रभुत्व होने को देखते हुए सीपीईसी केवल सैनिक अर्थव्यवस्था तथा भूमि पर कब्जे के लालच का एक उदाहरण है। आने वाले समय में किसानों का अपनी जमीन पर कोई विधिक अधिकार नहीं रह जाएगा तथा कोई संदेह नहीं कि परियोजना आगे बढ़ाने के नाम पर असली मालिक कौन होगा। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना अपने आप में एक देश तथा चीनी सेना के समान है। दूसरी ओर चीन में परियोजना के महत्व को देखते हुए इसे 'आंतरिक गलियारा' कहा जाता है। इस प्रकार यह कहना गलत नहीं होगा कि यह आर्थिक परियोजना के बजाय सैनिक परियोजना है। पिछले साल पास अपराध कानून संशोधन, 2020 के अनुसार पाकिस्तान के सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाने या उनका अपमान करने या उसके सदस्यों का सम्मान गिराने पर प्रतिबंध लगाया गया है। निश्चित रूप से हालिया घटनाक्रम के कारण पैदा अशांति से निपटने में इस कानून की भूमिका समझी जा सकती है। आमतौर से दुनिया भर में सैनिक वर्दी का बहुत सम्मान है और दुनिया की जनता अपने सैनिक बलों का सम्मान करती है। लेकिन अब पाकिस्तानी सेना की भूमिका तालिबान व अन्य चरमपंथी तत्वों को चीनी परियोजना से दूर रखने की है। पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।

2006 में 79 वर्षीय अकबर खान बुग्ती की हत्या के कारण सैनिक सरकार में बलूच जनता का अलगाव बहुत बढ़ गया था। एक अन्य बलूच नेता मुफ्ती हिदायतुल्ला की 2018 में हत्या से बलूचिस्तान में सैनिक अवस्थापना का इरादा स्पष्ट हो गया था। इस वर्ष के प्रारम्भ में पाकिस्तीन सेना के मेजर जनरल अयमान बिलाई ने बलूच आंदोलन को कुचलने में चीन की भूमिका स्वीकारी थी और यह भी कहा था कि चीन-पाक बलूचिस्तान में ईरानी गतिविधियों के खिलाफ हैं। सीपीईसी तथा आवास सोसाइटियों को पाकिस्तानी सेना को दिया जा रहा है। इसके पीछे इरादा बलूच स्वतंत्रता आंदोलन पर लगाम लगाने के लिए बलूचों के स्थान पर पाकिस्तानी पंजाबियों को लाना है। इस प्रकार जमीन पर कब्जा करने की यह घटना भू-राजनीतिक सवाल है। लेकिन हर साल सेना से सेवानिवृत्त होने वाले सैनिक अधिकारियों के नए समूहों को बसाने के लिए जमीन कहां से आएगी?

इस सवाल का जवाब वर्तमान अफ़ग़ान पहेली में है। यदि अफ़ग़ान गलियारे को सीपीईसी से जोड़ दिया जाता है तो अफ़ग़ान जनता कहां जाएगी? ऐसा लगता है कि अफगान शरणार्थियों का संकट चीन-पाक के बजाय यूरोप और रूस की समस्या बनेगा। पहले 'मोहसिने बलूचिस्तान' के पुरस्कार से सम्मानित नए आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम की नियुक्ति अफगानिस्तान में 'जमीनों पर कब्जा करने' तथा बलूच व अफ़ग़ान जनता के बढ़ते दमन का संकेत करता है। इस प्रकार क्षेत्र में भविष्य में और ज्यादा उथलपुथल होने की आशंका है।

# उग्रवादीकरण की तीसरी लहर से सावधान

**जयदीप सैकिया**
(लेखक संघर्ष विश्लेषक हैं)



वर्तमान समय में भारत में जिस कट्टरता को महसूस किया जा रहा है, उसका श्रेय पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे समूहों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश में हनबली स्कूल के बढ़ते अनुनय को दिया जा सकता है। हालांकि पीएफआई- जिसका शीर्ष नेतृत्व मुख्य रूप से केरल से है- इस आरोप से इनकार करता है कि संगठन का हनबली स्कूल (वहाबी और/या सलाफी का दूसरा नाम) के साथ कोई संबंध है, इस मामले का तथ्य यह है कि वे भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी बना रहे हैं। इस्लाम का रूढ़िवादी तनाव चाहे कुछ भी हो।

हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम बांग्लादेश (एचआईबी) और इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश (आईओबी)- इस्लामी संगठन जो वर्तमान समय में फिर से उभरे हैं और बांग्लादेश के तालिबान के अधिग्रहण के बाद तेजी से सक्रिय हो रहे हैं-पीएफआई के करीबी सहयोगी हैं। एचआईबी और आईओबी बांग्लादेश के अंदर अल-कायदा और आईएस से जुड़े संगठनों जैसे जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के ओवर-ग्राउंड एक्टिविस्ट के रूप में काम कर रहे हैं। बांग्लादेश के आतंकवाद-रोधी और अंतरराष्ट्रीय अपराध तंत्र के अत्यधिक दबाव के आगे झुकते हुए, जेएमबी और एबीटी दोनों ने वर्तमान के लिए अपनी गतिविधि को कम कर दिया है, इसके बजाय एचआईबी और आईओबी के माध्यम से अपने सरोगेट को आगे बढ़ाया है। स्ट्रैटेजम सरल है। कार्यप्रणाली यह है कि जेएमबी और एबीटी गायब हो गए हैं कि स्थापना में आत्मसंतुष्टता की भावना पैदा करें। वास्तविकता यह है कि उन्होंने बांग्लादेश में 'ऑपरेशन कन्फ्यूजन' को सक्रिय किया है और साथ ही बांग्लादेश में इस्लामवाद को फिर से जीवंत किया है।

वास्तव में, इस्लामी खतरे की समय-सीमा काफी सरल है। लेखक अमेरिका के अर्बाना-शैंपेन में इलिनोइस विश्वविद्यालय में अपने उन्नत शोध की अवधि के दौरान एक बोधगम्य समयरेखा तैयार करने में सक्षम थे। अध्ययन ने इस्लामी कार्रवाई के तौर-तरीकों में एक 'लहर की प्रगति' का पता



लगाया जो संयोग से समय के अंत तक कभी नहीं रुकेगी: 'इस्लाम में परिवर्तनकारी क्षण' कभी न खत्म होने वाला है। वास्तव में, जिस तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने आईएसआईएस को उस क्षेत्र से गैर-क्षेत्रीयकरण करने की मांग की है, जिस पर बाद में नव-खिलाफत को बनाए रखने के लिए कब्जा कर लिया था, यह पता चला है कि काफिरों के खिलाफ युद्ध अब न केवल होगा। एक निरंतर लेकिन कार्रवाई का एक त्वरित स्वरूप बनेगा। मुद्दा यह बनाया जा रहा है कि यद्यपि आईएसआईएस ने क्षेत्रीय हार का अनुभव किया है, लेकिन यह दुश्मन को अपने निरंतर छल से भ्रमित करने में सक्षम है, नुकसान को फायदे में बदल रहा है। इसलिए, एक स्पष्ट विश्लेषण उस सादगी को सामने लाएगा जिसके साथ इस्लामवादी अगले हमले के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इसलिए, जबकि 1999 और 2005 के बीच बड़े पैमाने पर हिंसक आंदोलन और कट्टरता की प्रदर्शनी थी, जिसे लेखक पहली लहर के रूप में वर्णित करता है, दूसरी लहर जेएमबी जैसे समूहों द्वारा निष्ठा की शपथ या बया के साथ शुरू हुई थी। अबू बक्र-अल-बगदादी के नव-खिलाफत के गठन के मद्देनजर आईएस और एआईबी। क्षेत्रीय झटके ने दुनिया भर में लगातार लोन-वुल्फ हमलों को देखा, जिसमें ऑरलैंडो और नीस जैसे स्थान शामिल हैं और बांग्लादेश में इस्लामी कार्रवाई के पर्यवेक्षक 1 जुलाई, 2016 को ढाका में बंधक की स्थिति को याद करेंगे।

घटना के बाद के वर्षों में नया हथियारों के लिए आह्वान काफिर को जहां कहीं भी पाया गया, उसे नष्ट करना था क्योंकि अब एक निंदनीय मामला नहीं था। हालांकि, इस्लामवादियों के खिलाफ बांग्लादेश सुरक्षा बलों द्वारा अथक कार्रवाई ने कट्टरपंथियों को क्षण भर के लिए शांत कर दिया है और लड़ाई को अस्थायी रूप से एचआईबी और आईओबी के अच्छे कार्यालयों को सौंप दिया गया है जो ईशनिंदा कानून अधिनियम जैसे पहलुओं की मांग करके आंदोलन को जीवित रख रहे हैं। हालांकि, इराक और सीरिया में जिन क्षेत्रों पर उसने कब्जा कर लिया था, वहां से आईएसआईएस के लगभग कुल क्षेत्रीय निष्कासन के साथ, रणनीति एक समुद्री परिवर्तन देखने वाली है।

अल-कायदा और आईएसआईएस, जो पहले से ही भारत के अंदर है, से प्रेरित, इसके सहयोगी (पीएफआई सहित) कट्टरपंथ के द्वार खोल देंगे और एक ऐसा रूप धारण करेंगे जो अब तक सबसे अधिक खतरनाक होगा। यह एक संयोजन होगा ) सामूहिक भर्ती ) कृत्यों, कानूनों और मंत्रालय के खिलाफ विरोध, जिसे कट्टरपंथियों का एक संयुक्त समूह गैर-इस्लामी मानता है - जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के बीच बाड़-बैठने वालों और नरमपंथियों को अपनी तह में लाया जाता है और ) ढीले परिष्कृत होने दें हिंसा के ऐसे रूप जिनकी अधिकांश एजेंसियां कल्पना भी नहीं कर सकती हैं। शकीरा की यादें, आईएसआईएस के कट्टर समर्थक, नियो-जेएमबी कैडर के कट्टर समर्थक राशेदुर रहमान सुमन की पत्नी ने 26 दिसंबर, 2016 को अपने बच्चे को गोद में लेकर खुद को उड़ा लिया था, यह इस बात का पर्याप्त सबूत होना चाहिए कि किस तरह से एपिंग-व्यायाम किया जाता है। भारतीय समकक्षों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेखक कट्टरपंथीकरण की तीसरी लहर की सुबह के रूप में प्रस्तुत करता है।

## आप की बात

### गरीबी एक अभिशाप

**आजादी** के बाद से ही देश में गरीबी मिटाने की बातें होती रही हैं लेकिन गरीबी है कि मिटती नहीं। अब जब नीति आयोग ने पहली बार राज्यों के लिए गरीबी सूचकांक की लिस्ट जारी की है यानी गरीबी के मामले में राज्यों को रैंकिंग दी है। बिहार, झारखंड, यूपी मप्र जैसे राज्य फिसड्डी साबित हुए हैं। लेकिन सच्चाई कबूल करने और सुधार की कोशिश के बजाय सियासत होने लगी है। कोई ठीकरा फोड़ने के लिए दूसरे का सिर तलाश रहा है तो कोई रैंकिंग पर ही सवाल खड़े कर रहा है।रिपोर्ट बताती है कि देश में सबसे ज्यादा कुपोषित लोग अगर कहीं हैं तो बिहार में। उसके बाद झारखंड, एमपी, यूपी और छत्तीसगढ़ का नंबर आता है। गर्भवती महिलाओं की खराब सेहत के मामले में भी बिहार ही टॉप पर। अगर किसी राज्य में सबसे ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं तो वह बिहार है। सरकार चाहे कितनी ही विकास के दावे करें सच्चाई खुलकर बाहर आ ही जाती है !अरबों खरबों रुपए ,सस्ता अनाज और तरह-तरह कि मुफ्त सुविधाओं के बावजूद गरीबी का जब यह आलम है तो फिर वह कौन सा जादुई चिराग है जो देश को गरीबी के इस दलदल से निकालेगा? यह लिस्ट चाहे शत प्रतिशत सत्य हो मगर इसके लिए अकेले सरकारी जिम्मेदार नहीं हैं!

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### ओमीक्रान ने बढ़ाई चिंता

**कोरोना** के नए उत्परिवर्तित रूप ओमिक्रान ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। यह देखते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सतर्कता का आदेश दिया है। जल्द से जल्द देश के सभी राज्यों को नए प्रतिबंध जारी करने चाहिए। भीड़ ज्यादा कहा होती है और उसका कारण क्या है ? यह हमें अच्छी तरह से पता चल चुका है। प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अगर शादी में भीड़ अधिक है, तो तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। ओमिक्रान ने भारत के बाहर कुछ देशों की चिंता बढ़ा दी है। तो आप अब से भारत में उसका नाम लेकर क्यों चिल्ला रहे हैं? यह सवाल कुछ कथित बुद्धिमानों का है। जहां प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों पर वित्तीय दंड लगाने का प्रावधान है, वहीं अन्य प्रावधान भी होने चाहिए। उदा. मास्क का ठीक से उपयोग न करने और दो टिके लिए बिना यात्रा करने के लिए दंड के साथ उनकी यात्रा पर कुछ दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। इसका मतलब है कहीं न कहीं नियमों का सख्ती से पालन जारी रहेगा और लोगों को अनुशासन की आवश्यकता का महत्व ध्यान में आएगा। अन्यथा लोग जुर्माना भरेंगे और वही गलती फिर कभी की जाएगी। मास्क का उपयोग, टीकाकरण और कोरोना नियमों का पालन आवश्यक है।

– **जयेश राणे,** मुंबई

### मिड डे मील की मात्रा

**कहा** गया था की 12 करोड़ बच्चों को स्कूल में खाना दिया जाएगा। 70 वर्ष के कांग्रेस शासन एवं 7 वर्ष भाजपा के शासन में मीड डे मील में बच्चों को सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन स्वरूप दिया जाता है। इसमें हर साल 16 हजार करोड़ का खर्च इस पर आता है। परंतु आज भी हमारे देश के बच्चों की सही देखभाल सरकार नहीं कर पा रही है आखिर क्या कारण है। आखिर सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन से क्या बच्चों की सेहत सुधर सकती है कभी नहीं ।फिर यह भी विचारणीय है कि सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन भी क्या बच्चों तक सीधे-सीधे पहुंच रहा है। क्योंकि जब अन्य मामलों में कागजी खानापूर्ति के उदाहरण देखे जाते हैं तो क्या यहां भी ऐसा नहीं होता होगा हम तो कहते हैं कि यहां भी अवश्य ही होता होगा। आज देश में कुपोषित बच्चों की जो संख्या बढ़ रही है उसमें कई कारणों में एक कारण यह भी हो सकता है। आंगनवाड़ी सहित जहां-जहां बच्चों को सरकार भोजन कराती है वहां भोजन सही मात्रा एवं सही रूप में पहुंचना बेहद आवश्यक है। यह बच्चों की सेहत के लिए जरूरी है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यदि** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

– **प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस नेता

**नए** कोविड संस्करण में कुछ ऐसे उत्परिवर्तन हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की संभावित चोरी के संबंध में चिंता पैदा कर रहे हैं।

– **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक





**तृणमूल** कांग्रेस के पास त्रिपुरा में खाता खोलने का मौका ही नहीं था, उन्होंने सिर्फ शोर मचाया।

– **दिलीप घोष**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा

# पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर लाखों की चोरी



**संवाददाता।** सीतापुर

### छह लाख की नकदी समेत लाखों के जेवरों पर हाथ किया साफ

**सीतापुर के आवास** विकास कालोनी में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक घर में लाखों की चोरी होने की घटना सामने आयी। आवास विकास कालोनी ए ब्लाक के रहने वाले सन्दर्भ श्रीवास्तव जो अपने पिता स्व. आदित्य कुमार श्रीवास्तव की अस्थियां विसर्जन करने हरिद्वार गए थे, यह दूर संचार विभाग के रिटायर कर्मचारी थे। रविवार को देर शाम जब यह घर पहुंचे तो घर के ताले टूट देख यह सहम गए। बंद कमरो के ताले टूटे हुए थे, अलमारी में नकदी 6 लाख व जेवर चोरी हो चुके थे। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी, पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर जायजा लिया व जांच पड़ताल करने की बात कह रही है। आपको बता दें कि आवास विकास से लगभग एक किलो मीटर दूर पर पुलिस चौकी है उसके बावजूद ऐसी चोरी की घटना होना एक बड़ा सवाल खड़ा है।

# निर्वस्त्र कर युवक की पिटाई का वायरल वीडियो

**संवाददाता।** मानपुर सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** के सीतापुर के मानपुर में इंसानियत को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है। दबंग प्रधान प्रतिनिधि ने एक युवक निवस्त्र कर उसकी धप्पड़ों से पिटाई कर दी, साथ ही उसकी पिटाई का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया, अब यह वायरल वीडियो सुर्खियां बटोर रहा है। युवक की पिटाई मामले में प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि युवक चोरी की नीयत से घर में घुसा था, जबकि पीड़ित युवक का कहना है कि रात में वह डोभा गांव में नाच देखने को गया था, लौटते समय प्रधान प्रतिनिधि सुंदर लाल ने उसे रोक लिया और उसके कपड़े उतरवाकर उसकी पिटाई कर दी। इस मामले में पीड़ित के पिता ने मामले की जानकारी दी। उधर, इस मामले में पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सपा नेत्री ने किया जनसम्पर्क

# सपा सरकार में हुए थे विकास कार्यः कुमुदलता



**संवाददाता।** मिश्रिख सीतापुर

**भाजपा सरकार** में युवाओं को हाल बुरा है, महंगाई चरम पर है, आम इंसान परेशान है, भाजपा केवल झूठे वादे करती है, इसीलिए जनता भी जान चुकी है और 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार आने वाली है। यह बात सपा नेत्री कुमुद लता ने मिश्रिख क्षेत्र के गांवो में सपा की नीतिया बताते हुए ग्रामीणों से कही। उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलेबाज सरकार है, यह लोगो से केवल झूठे वादे करती है। कुमुदलता ने कहा कि सपा सरकार में महिलाओं को पेंशन दी जाती थी, बालिकाओं को कन्या विद्याधन दिया जाता था, छात्रों को लैपटाप वितरण किया जाता था। इस मौके पर रामकुमार, रमेश कुमार, सतीश कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### समाजबादी युवजन सभा ने किया विरोध-प्रदर्शन

**बरेली ।** रविवार को हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा का पर्चा लीक होने पर समाजवादी के लोहिया वाहिनी व युवजन सभा और यूथ ब्रिग्रेड ए छात्र सभा के पदाधिकारियों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा इस दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा गया टीईटी की परीक्षा को लेकर कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी ज्ञापन दिया जिसमें मांग की गई कि पुनः टेट की परीक्षा कराई जाए। समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा स्थल तक पहुंचने में बस और ट्रेन की मुफ्त व्यवस्था की जाएणपरीक्षार्थियों की परीक्षा छूटी है उन्हें हर्जाने के तौर पर आर्थिक मदद की जाए और रेलगाड़ी बसों में यात्रा मुफ्त की जाए ।पर्चा लीक होने पर शासन ने शिक्षक पात्रता परीक्षा रद्द कर दिया था आयोजित टेट परीक्षा हेतु आवागमन में हुई आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति के लिए समस्त परीक्षार्थियों को कम से कम पांच 5 हजार रूपये आर्थिक सहायता दी जाए प्रदर्शन के दौरान गजेंद्र कुर्मी भुवनेश यादव वसीम चौधरी मुकेश यादव अहमद खान टीटू लक्की शाह अमर काले आदि लोग मौजूद रहे ।

### बारात देखने गए बच्चे की करंट लगने से मौत

बरेली । बारात देखने गए बच्चे को गीता पैलेश बरात घर में करंट लगने से हालत गंभीर हो गई अस्पताल ले जाते समय बच्चे की मौत हो गई अस्पताल पहुंचे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया बच्चे के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रख दिया । थाना भमोरा के गांव बल्लिया निवासी राम वकील का 10 वर्षीय अर्जुन कस्बा बलिया में बने गीता पैलेस बरात घर में गया था वहां पर टेंट में लगे लोहे के पाइप के मैं करंट आ रहा था अर्जुन ने लोहे के पाइप को पकड़ा उसे करंट लग गया और पाइप से चिपक गया शोर मचाने पर वहां के लोगों ने छुड़ाया सूचना मिलते ही परिवार वाले गीता पैलेस बारात घर पहुंचे तो देखा अर्जुन बेहोश प?ा हुआ था किसी ने पुलिस को सूचना दे दी थाना भमोरा भी पुलिस मौके पर पहुंच गई अर्जुन को भमोरा के सीएचसी लेकर पहुंचे वहां से डॉक्टर ने बरेली के जिला अस्पताल को रेफर कर दिया । जिला अस्पताल पहुंचे डॉक्टर ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया और शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया अर्जुन की मां अंगूरी देवी का रो रो कर बुरा हाल है अर्जुन सात बहन भाई थे

### भाजपा ने चलाया विशेष सदस्यता अभियान

**बरेली।** आज भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा विशेष सदस्यता अभियानए किला सत्यप्रकाश पार्क के पास महानगर सहण् कोषाध्यक्ष श्री गौरव गुप्ता जी के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। जिसमें पीलीभीत के प्रभारी श्री पूरन लाल लोधी जीए और वरिष्ठ नेता डॉ अनिल कुमार एडवोकेट जी रहे जिसमें लोधी जी ने लोगों को जानकारी दी और कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजनाए आयुष्मान भारत योजनाए फसल बीमा योजनाए गरीब कल्याण अन्न योजनाए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के बारे में लोगों बताया और उनके मोबाइल से मिस्ड कॉल करवा के भाजपा की सदस्यता दिलवाई। सदस्यता कार्यक्रम में शामिल हुए महानगर उपाध्यक्ष श्री अरुण कश्यप जीए मंडल अध्यक्ष श्री ज्ञान प्रकाश लोधी जीए विस्तारक कृष्णा जीए नामित पार्षद राकेश जीए ललित मोहन मल्होत्राए रंजीत सिंहए आकाश सक्सेनाए आकाश गुप्ताए मीडिया प्रभारी सुरजीत सिंह चौहान व समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी में मैजूद रहें।

### सावधान ! सीतापुर में मिला कोरोना का एक मरीज



- कोरोना केस मिलने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट
- बटसगंज मोहल्ले का रहने वाला है कोरोना पॉजिटिव मरीज

**सीतापुर।** सीतापुर की 50 लाख आबादी को सावधान करने वाली खबर कोरोना ने फिर एक बार दस्तक दे दी है सीतापुर में मिला कोरोना का नया केस ,स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट, नगर के मोहल्ला बटसगंज जीटी रोड कैची पुल का रहने वाला है कोरोना पीड़ित 28 वर्षीय मरीज स्वास्थ्य विभाग ने की पुष्टि लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में पूरी जांच के बाद कोरोना पॉजीटिव आई रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग युवक के कोरोना पॉजीटिव होने का इतिहास खंगालने में जुटा फिलहाल कोरोना की तीसरी दस्तक की संभावनाओं को लेकर हर किसी को सावधान हो जाने की 'पायनियर' दे रहा है सलाह भीड़ भाड़ से बचें और मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं।

## सिधौली क्षेत्र के सरवा मजरा हरदोइया की घटना

# अधेड़ की मौत का क्या है सच, उलझी गुत्थी!

- घर में संदिग्ध हालात में मिला अधेड़ का शव मृतक के कान व मुंह से बह रहा था खून
- बहू के मुताबिक पेट दर्द से हुई अधेड़ की मौत मृतक के भाई ने बहू पर लगाया हत्या का आरोप

**संवाददाता।** सिधौली सीतापुर

**सिधौली कोतवाली** इलाके में एक अधेड़ की संदिग्ध हालातों में मौत का मामला एकाएक तब सुर्खियों में आ गया जब मृतक के भाई ने उसकी बहू पर हत्या का आरोप जड़ दिया। वारदात की वजह संपति विवाद बताया जा रहा है। रात में मृतक के घर से चीख पुकार सुनाई देने की बात पड़ोसी भी कह रहे हैं। फ्लिहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुटी हुई है। आपको बता दें, कि सिधौली कोतवाली क्षेत्र के सरवा मजरा हरदोइया में रहने वाले 50 वर्षीय विष्णु कुमार प्रजापति का शव शनिवार रात घर के अंदर संदिग्ध हालातों में मिला है। ग्रामीणें ने बताया कि मृतक की बहू शारदा ने रात को पड़ोसियों के घर जाकर अपने ससुर विष्णुकुमार के पेट मे दर्द के कारण मौत होने की जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव बिस्तर पर पड़ा था मृतक के कान व मुंह से खून बह रहा था। इस मामले में हर कोई तब हैरान रह गया जब मृतक के सगे भाई रामलाल ने कोतवाली मे तहरीर देकर मृतक की सगी बहू शारदा पर अज्ञात लोगों के साथ मिलकर विष्णु की हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद यह घटना बीमारी से मौत और हत्या के बीच उलझ गया। हांलाकि पड़ोसी रात को मृतक के घर से चीख पुकार सुनाई देने की बात कह रहे हैं, लेकिन असलियत क्या है यह जांच का विषय है। कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### पेपर लीक को लेकर छात्रसभा ने सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता।** सीतापुर

**शिक्षक पात्रता** परीक्षा का पेपर लीक होने तथा लाखों बेरोजगारों के भविष्य के संग खिलवाड़ करने के विरोध में सोमवार को समाजवादी पार्टी के यूथ फ्रंटल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित मांगपत्र भेजा। जिलाध्यक्ष विनय यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई भी भर्ती नहीं हो पा रही है, कारण है कि जहां जब परीक्षा का पेपर ही लीक हो जाता है तो भर्ती कैसे कराएगी यह सरकार, युवाओं का भविष्य वैसे ही खराब हो रहा है। इस अवसर पर छात्रसभा के जिलाध्यक्ष विनय यादव, जय सिंह यादव, अरशद खां, अरूणेश, रमेश कुमार, शेखर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिन्होंने त्यागी अस्थियां-ग्लो साइन बोर्ड से उनका नामोनिशान गायब

**संवाददाता।** मिश्रिख सीतापुर

**यूं तो भारतीय** इतिहास में कई दानी हुए हैं, लेकिन मानव कल्याण के लिए अपनी अस्थियों का दान करने वाले मात्र महर्षि दधीचि ही थे। देवताओं के मुख से यह जानकर की मात्र दधीचि की अस्थियों से निर्मित वज्र द्वारा ही असुरों का संहार किया जा सकता है, महर्षि दधीचि ने अपना शरीर त्याग कर अस्थियों का दान कर दिया था, उन्हीं के नाम से मिश्रिख तीर्थ विख्यात है, लेकिन पर्यटन विभाग द्वारा करियाडीह के समीप लगाए गए ग्लो साइन बोर्ड से मिश्रिख तीर्थ का नामोनिशान ही मिटा दिया गया, केवल उस पर नैमिषारण्यधाम अंकित है। जबकि ग्लोसाइन बोर्ड पर मिश्रिख तीर्थ व नैमिषारण्य धाम लिखा होना चाहिए था। विभागीय लापरवाही से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों की मानें तो पर्यटन विभाग और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के चलते मिश्रिख में विकास पूरी तरह से ठप है, बावजूद इसके जिम्मेदारों का इस ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया है। ऐसे में महर्षि दधीचि की तपस्थली मिश्रिख तीर्थ इन दिनों उपेक्षा का शिकार होता चला जा रहा है।




# कस्तूरबा विद्यालय में मिली मानक विहीन खाद्य सामग्री

**संवाददाता।** बेहजम-खीरी

**खाद्य विभाग** की टीम बेहजम स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए पहुंची। टीम ने विद्यालय की रसोंई में साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए खाद्य सामग्री के नमूने भी संकलित किये। वही विद्यालय की रसोई व भंडारण कक्ष में मौजूद खाद्य सामग्री की गुणवत्ता घटिया होने के नाते उन्हें खाद्य निरीक्षक के द्वारा खाद्य सामग्री के नमूने का सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे जाने के लिए प्रक्रिया पूर्ण किया। मितौली तहसील के खाद्य निरीक्षक जावेद अख्तर ने जानकारी देते हुए बताया कि बेहजम कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत रह रहे छात्र-छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए दोपहर सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमे खाद्य निरीक्षक के द्वारा निरीक्षण के दौरान पाकशाला में साफ सफाई की व्यवस्था देखते हुए कर्मचारियों को साफ सफाई के लिए प्रेरित किया गया व ढक्कन बन्द कूड़ादान रखने व कोई भी खाद्य सामग्री खुली न रखने की हिदायत दी गई। खाद्य निरीक्षक ने खाद्य भंडार से सरसों के तेल, उड़द की दाल व चावल का नमूना भी जांच के लिए भरकर सील किया गया। क्योंकि खाद्य निरीक्षक को निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मौजूद भंडारण कक्ष में खाद्य सामग्री घटिया किस्म की मिलने की वजह से खाद्य सामग्री के जांच के लिए सैंपल भर जाच के लिए भेजने की बात कही। इस दौरान विद्यालय की प्रभारी वार्डन ललित कुमारी आदि स्टॉप मौजूद रहा।

# समझिए ईवीएम को, करिए मतदान:डीएम

### मतदाताओं में प्रशासन ने जगाई जागरूकता की अलख

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**सोमवार को** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए खीरी में एक नई पहल शुरू की। इस पहल के तहत उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में ईवीएम रखवाई। कार्यालय कक्ष में जन सुनवाई में हर आने जाने वाले को डीएम ने ना केवल ईवीएम की जानकारी दी बल्कि अपने सम्मुख उनसे बैलट यूनिट का बटन दबाकर मताधिकार का प्रयोग भी कराया। सभी ने ईवीएम के प्रयोग के समय बटन दबाने वाले सिम्बल की पर्ची वीवीपैट में भी देखी।



डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि आप आम मतदाता हैं और ईवीएम में वोटिंग करने को लेकर आपके मन में कोई संदेह या डर है तो वह किसी भी कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय अथवा अपने निकटवर्ती उप जिलाधिकारी कार्यालय में जाकर ईवीएम का प्रयोग करके देख सकते हैं। सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय कक्ष में ग्राम खेतोसा के निवासी हंस नंदन, मोहम्मदी निवासी सोहेल मंसूरी, पसगवां की रेखा शुक्ला, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि अनुराग मिश्र सहित करीब एक दर्जन लोगों ने ईवीएम के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग करके देखा।

### क्षेत्र पंचायत सदस्य ने पास करा ली 250 मीटर सड़क

**मैगलगंज खीरी।** क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 4, 5, 6 से सदस्य के द्वारा लाला चक्की वाले के मकान से रामाधार शर्मा के मकान तक इंटर लाकिंग रोड 250 मीटर पास कराई है। जल्द बनेगी रोड मोहल्लों वासियों ने अरविंद गुप्ता टीपू का आभार व्यक्त किया। मोहल्लोंवासियों में खुशी की लहर है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने पिछली बार की पंचवर्षीय में भी क्षेत्र पंचायती जीत कर मोहल्ले वालों के लिए कई सराहनीय कार्य किये। साथ-साथ ही साथ पिछली बार भी आपके द्वारा इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण एक मोहल्ले में करवाया गया था। उस मोहल्ले के लोगों ने क्षेत्र पंचायत का आभार व्यक्त किया। इन्हीं अच्छे कार्यों से ही शायद हर बार क्षेत्र पंचायत सदस्य टीपू गुप्ता की जीत निश्चित होती है।

# मतदाता जागरूकता के तहत प्रधानाचार्यों से मंत्रणा



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी के विद्यालयों में मतदाता पुनरीक्षण अभियान एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये। वहीं मतदाता जागरूकता के लिऐ अनेकों कालेजों के प्रधानाचार्यो के साथ उपजिलाधिकारी ने बैठक कर सहयोग मांगा। वहीं उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने कृष्णा डिग्री मे मतदाता जागरूकता की पाठशाला कालेज के छात्र-छात्राओं के साथ लगाई। जहां उन्होंने 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे छात्र छात्राओं को 1 जनवरी 2022 के आधार पर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के संबंध में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित किया। वोटर हेल्पलाइन एप एवं एनबीएसपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करके अपना नाम मतदाता सूची में बढवा सकते हैं। यह कार्यक्रम 30 नवम्बर तक ही रहेगा।

# विवाहिता की दहेज की खातिर गला दबाकर हत्या

- पांच लोग किए गए नामजद

**संवाददाता।** मोहम्मदी-खीरी

**कोतवाली** मोहम्मदी की चौकी अमीर नगर के गांव बनजरिया में एक नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा। दहेज हत्या में पांच लोगों को नामजद किया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमीरनगर चौकी के अंतर्गत गांव बंजरिया में डेढ़ वर्ष पूर्व एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में विवाहिता के पिता सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अपनी बेटी पूजा 22 वर्ष की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व बंजरिया निवासी कोमलकांत से की थी लेकिन लगातार शादी के बाद दहेज की मांग बेटी के ससुराल वाले करते आ रहे थे। बेटी को लगातार परेशान किया जाता रहा है। कल मेरी बेटी पूजा की ससुराल में पति, सास, ससुर और नंद ने गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर सहित पांच लोगों पर दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गयी है। शीघ्र अभियुक्त पुलिस के चंगुल में होंगे।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ भव्य आयोजन

**बेहजम-खीरी।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेलकूद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोमवार सुबह कस्बे के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रांगण में खंड विकास अधिकारी शिखर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय बालक बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं ने सीनियर प्रथम कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग की सोनिका द्वितीय 100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग से सद्दाम प्रथम महिला वर्ग की नाजिया बानो 100 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग से सद्दाम प्रथम महिला वर्ग की नाजिया बानो प्रथम लकी शिवम द्वितीय विजेताओं को प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र और पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर बीईओ पीआरडी गरिमा सिंह डाक्टर हरिओम रश्मि पीटीआई कौशलेंद्र सिंह निर्मल मिश्रा गौरव रमाकांत यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी व्यापार सभा ने किया कपड़े व फुटवियर पर जीएसटी बढ़ाए जाने का पुरजोर विरोध



**लखीमपुर खीरी।** कपड़े व फुटवियर पर जीएसटी 5 प्रतिशत से बढ़ा कर 12 प्रतिशत किए जाने को लेकर भाजपा के नोटिफिकेशन का समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। थरबरनगंज में कपड़े के दुकानदारों के साथ कपड़े व जूतों को माला व अगरबत्ती दिखाई। भाजपा के राज में बेकाबू हो रही महंगाई पर नाराजगी जताई। जिलाध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा की सरकार ने कपड़े व फुटवियर पर जीएसटी बढ़ाने को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। जिससे नए साल में महंगाई और बढ़ेगी। जीएसटी 5 प्रशित से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करना भाजपा सरकार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष युसूफ ऋषभ रस्तोगी, मेराज, निखिल वर्मा, आदिल, पवन गुप्ता, रोहित गुप्ता, अजीजुल्लाह पप्पू, शानू उस्मानी, शुभम भार्गव व तौकीर अहमद आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# जीआईसी में लगी तीन दिवसीय प्रदर्शनी

- विधायक ने किया शुभारंभ
- चित्र प्रदर्शनी में सरकारी योजनाओं की दिखी झलक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**जीआईसी** ग्राउंड में सरकार की नीतियों, निर्णयो, उपलब्धियों व योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आगाज हुआ जो एक नवंबर तक चलेगी। सोमवार को प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा ने सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन, सीडीओ अनिल सिंह की मौजूदगी में फीता काटकर किया। जनप्रतिनिधियों ने अफसरों के संग प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान डीएम-एसपी ने जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।विधायक-सदर योगेश वर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शनी केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वह इस प्रदर्शनी में आकर सरकारी योजनाओं की ना केवल जानकारी लें बल्कि उनसे जुड़कर अपने जीवन को सवारे। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रदर्शनी के आयोजन की आवश्यकता व प्रासंगिकता बताई। शासन के निर्देश पर खीरी में तीन दिवसीय प्रदर्शनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में आयोजित की है। इस मौके पर पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, डीपीआरओ सौम्यसील सिंह, डीडी कृषि डा. योगेश प्रताप सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय कुमार सिंह, डायट प्राचार्य डा. ओपी गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी व एडीआईओ विपिन कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# एक चौथाई समय पानी भरने में गुजर रहा, महिलाएं खफा

- गांवों की महिलायें 3 से 4 घंटे रोजाना पानी भरने में समय गवां रही
- पानी की कमी से जूझती महिलाओं ने सुनायी अपनी व्यथा
- जल जीवन मिशन से महिलाओं का पानी भरने मे लगने वाले समय की होगी बचत

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

**विकासखंड कदौरा** क्षेत्र के 11 ग्रामों में महिलाओं के साथ की गई पानी पंचायत में दौरान महिलाओं ने बताया की पानी भरने में एक चौथाई दिन लग जाता हैं। पानी की कमी व घर से दूर पानी के स्रोत होने के कारण उन्हे औसतन तीन से चार घंटे पानी भरने मे रोज लग जाते हैं। यही नही पानी भरने के लेकर घंटो लाइन में भी लगना होता हैं। वही पानी को लेकर कभी कभी झगड़ा भी हो जाता हैं। ग्राम परौसा की अनुसुइया, दीपिका, सरोजनी, खुशबू, अल्पना, अंजना, आदि ने बताया कि उनके ग्राम में पानी की दिक्कत हैं। अधिकॉश हैण्डपम्प पानी नही देतें हैं। वही गॉव के 10 हैण्डपम्पों के पानी का जल परीक्षण किया गया था। पानी परीक्षण के बाद यह पता चला हैं कि इनमें से तीन हैण्डपम्पों का पानी पीने योग्य नही हैं। गॉव में एक ही बोर हैं जिससे घंटों लाइन में लगने के बाद पानी मिल पाता हैं। सुबह 4 बजे से पानी के लिये लाइन में लग जाते हैं। घंटों इंतजार से बाद नम्बर आता हैं। यही नही लाइट चली जाने पर भी पानी नही मिल पाता हैं। ग्राम खुटमिली की मीना, आशा, आकाक्षॉ आदि ने बताया कि उनके ग्राम में अधिकॉश हैण्डपम्पों का पानी खारा हैं। जो पीने योग्य नहीं है। मजबूरी में खारा पानी पीने को मजबूर हैं। गॉव में पानी की बहुत दिक्कत हैं। काफी दूर लगे हैण्डपम्पों पर पानी भरने के लिये जाना होता हैं। ग्राम मझवार की सुमित्रा, मंजू, पिंकी आदि ने बताया कि उनके गॉव में हॉसा ग्राम से पानी की सप्लाई आती हैं। किन्तु उससे कभी कभार ही पानी मिल पाता हैं। अक्सर पानी के लिये घर से 200 से 300 मीटर दूर जाना होता हैं। गॉव में कुआ का गन्दा पानी भी पीने के लिये लोग मजबूर हैं। ग्राम इटौरा बावनी की सुमित्रा, अल्का, बन्दना, आदि ने बताया कि उनके ग्राम में पीने के पानी की दिक्कत हैं। हैण्डपम्पों के आसपास पानी का जमाव रहता हैं। इसका गन्दा पानी पीने को मजबूर हैं। ग्राम जयसुखपुर की विमला, संध्या, सम्पत, कुंजा आदि ने बताया कि पानी की दिक्कत होती हैं। घर के कार्य व खेती किसानी के कार्य आदि का भी बोझ रहता हैं जिससे पानी भरने मे दिक्कत होती हैं।

## जल जीवन मिशन योजना से मिलेगा घर घर नल से जल

**उरई।** सामाजिक कार्यकर्ता व यूनोप्स के जिला सलाहकार (सामुदायिक विकास) देवेन्द्र गांधी ने पानी पंचायत के दौरान महिलाओं को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल, नल से जल योजना के तहत घर घर टेप कनेक्शन दिया जा रहा हैं। टेप कनेक्शन के चालू होने के बाद घर पर ही पानी मिलने लगेगा। इससे पीने के पानी की समस्या दूर होगी और महिलाओं के पानी भरने मे लगने वाले समय की बचत होगी। यही नहीं यह पानी गुणवत्तापूर्ण होगा। हरेक व्यक्ति का 55 लीटर प्रतिदिन के हिसाब पानी मिलेगा। वही घर घर पानी पहुंचाने के लिये टयूबैबैल स्कीम से ग्रामों को आच्छादित किया जा रहा हैं।

# सड़क दुर्घटना में चार घायल एक जिला अस्पताल रिफर

**संवाददाता।** मौदहा (हमीरपुर)

राजमार्ग समेत अन्य स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायल चार घायलों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने एक घायल की हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

कानपुर देहात के ग्राम प्रतापपुर निवासी जीतू व लक्ष्मीकांत निवासी नवादा कानपुर देहात कबरई स्थित एक क्रेशर में काम करते हैं। रविवार की रात दोनों बाईक पर अपने गांव जा रहे थे तभी राजमार्ग में ग्राम मकरांव के निकट ब्रेकर में बाईक उछलने से दोनों बाईक सवार सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने जीतू की हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय पर कर दिया। इधर ग्राम भमोरा निवासी अरुण व राम लखन निवासी मकराव अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हो अपना ईलाज सरकारी अस्पताल में करा रहे हैं।

# क्विक न्यूज

## गाली गलौज के बाद की हवाई फायरिंग

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाने के त्यौतना गांव में बीती रात आधा दर्जन लोगों ने घर के बाहर गाली गलौज कर हवाई फायरिंग कर दी। पीड़ित के भतीजे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव के चरनसिंह पुत्र खूबचंद्र राजपूत ने बताया कि रविवार की रात करीब साढ़े दस बजे उसके चाचा रामरूप पुत्र वैजनाथ घर में खाना खा रहे थे। तभी गांव के राजेंद्र पुत्र श्रीपत, उसका लड़का अजय, सुनील पुत्र भानुप्रताप अपने आधा दर्जन साथियों के साथ उसके घर के बाहर आये और गाली गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने घर के बाहर हवाई फायरिंग भी की है। फायरिंग के दौरान एक गोली उसके दरवाजे लगी। बताया कि जब उसके चाचा घर के बाहर निकले तो उक्त लोग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। थानाध्यक्ष जरिया ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## दुर्घटना में दो घायल,अस्पताल में भर्ती

**राठ(हमीरपुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ के स्वीपर दिल्लीपत पुत्र कालीदास बाइक से जा रहा था। तभी सड़क किनारे जा रही बैलगाड़ी से उसकी बाइक भिड़ गई। जिससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। वहीं कोतवाली के औड़ेरा गांव निवासी रामवती पत्नी गनेशीलाल मार्ग दुर्घटना घायल हो गई। वहीं कस्बे के कोटबाजार 8 वर्षीय मासूम प्राण पुत्र चंद्रप्रकाश सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

## कुठौंद पुलिस ने तमंचाधारी युवक को किया गिरफ्तार

**कुठौंद (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा शातिर अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में उप निरीक्षक बलराम शर्मा मय हमराह सिपाही रंजीत, विवेक राजपूत के साथ गश्त के दौरान आसिफउर्फकादी पुत्र मुन्ना कुरैशी निवासी दलेलनगर थाना कोतवाली अजीतमल जनपद औरैया को मदारीपुर चौराहे से देशी तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध औरैया जनपद में कई आपराधिक मुकदमे पंजीकृत है।

## आदर्श प्रजापति समाज की तहसील कार्यकारिणी गठित

**जालौन (उरई)।** आदर्श प्रजापति समाज की एक बैठक सीताराम प्रजापति की अध्यक्षता में छटी माता मंदिर परिसर में आयोजित हुई जिसमें समिति की तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया।प्राचार्य सीताराम प्रजापति ने कहा कि समाज के उत्थान में युवाओं को आगे आना चाहिए तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूक करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा की शिक्षा पर बल दिया जिससे दो घरों में शिक्षा का अलख जगे। बैठक में सर्वसम्मति से तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अरविंद कुमार प्रजापति को अध्यक्ष, अनिल कुमार को उपाध्यक्ष, ब्रजकिशोर एको महामंत्री तथा अनिल कुमार को नगर अध्यक्ष, सुरेश कुमार उपाध्यक्ष, हरिओम को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष अशोक कुमार प्रजापति, महामंत्री मूलचरण प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजकुमार वुडावली आदि लोग मौजूद रहे।

## कार्यशाला के लिये हरेक ब्लाक को 45 हजार रुपये का बजट आबंटित

**हमीरपुर।** जिले के हरेक ब्लाक संसाधन केंद्रो में तीन कार्यशालाओं के आयोजन में प्रत्येक ब्लाक के लिये शासन ने 45 हजार रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस कार्यशाला में बाल विकास परियोजना विभाग व बेसिक शिक्षा बिभाग भाग लेगा।जानकारी के मुताबिक शासन के अनुसार आज व 29 नवम्बर व तीन जनवरी की तिथि निश्चित की गयी है। इस कार्यशाला में बच्चो के सर्वागीण विकास के लिये चर्चा की गयी है। इसके लिये शासन ने अलग से गाइड लाइन जारी की है। इसमें शिक्षक व अन्य कर्माचारी भाग लेगे।

## समाजवादी छात्र सभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रहरि के नेतृत्व में छात्रों ने राज्यपाल उ0प्र0 को सम्बोधित 3 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में अवगत कराया कि 28 नवम्बर 2021 को सरकार द्वारा आयोजित टेट की परीक्षा वर्तमान सरकार की नाकामी और लापरवाही के कारण रद्द कर दी गई । जिसमें अनगिनत युवा-युवतियों को अपूर्णीय क्षति के साथ-साथ उनके सुनहरे भविष्य के साथ खिलवाड हुआ है । परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य को साकार करने के लिये मांग किया कि सरकार 15 दिन के अंदर पुनः टेट की परीक्षा आयोजित कराये । सरकार आगामी आयोजित टेट परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा स्थल पर पहुंचने हेतु यात्रा भत्ता व रेलगाडी और बसों में मुफ्त यात्रा की व्यवस्था उपलब्ध कराये।

# नकेलपुरा प्राथमिक विद्यालय का भवन हुआ, जर्जर कभी भी हो सकता हादसा

**संवाददाता।** कुठौंद (जालौन)



नकेलपुरा गांव का जर्जर प्राथमिक विद्यालय

**ग्राम पंचायत** नकेलपुरा का प्राथमिक विद्यालय भवन पूरी तरह से जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। आलम यह है कि सालों पूर्व बनी विद्यालय की इमारत से आये दिन छत टूटकर गिरती रहती है। ऐसी स्थिति को देखते हुये अब शिक्षक बच्चों को खुले आसमान में पढ़ाने के लिये विवश हो रहे हैं।

बताया जाता है कि नकेलपुरा गांव में ग्रामीणों के सहयोग से सन 1947 के आसपास प्राइमरी पाठशाला का निर्माण कराया गया था। जो आज पूरी तरह से जर्जर होने की स्थिति में पहुंच गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अनहोनी की आशंका से ग्रस्त शिक्षक अब गांव के बच्चों को विद्यालय परिसर में ही खुले आसमान के नीचे पढ़ाने को विवश हो रहे हैं। प्राइमरी विद्यालय की इमारत का नव निर्माण कराने के लिये अनेकों बार विद्यालय के शिक्षकों द्वारा पत्राचार भी किया गया लेकिन अभी तक इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का कहना था कि आये दिन जर्जर इमारत की छत का हिस्सा गिरने का सिलसिला जारी रहता है। जर्जर इमारत के कमरों में बच्चों को पढ़ाने का मतलब किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा घटित हो गया तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। यह ऐसा सवाल है जिसका जबाब न तो कोई दे पायेगा और न ही कोई इस बात की गारंटी ले पायेगा कि ऐसा कुछ नहीं होगा। प्राथमिक विद्यालय नकेलपुरा की इमारत काफी समय से क्षतिग्रस्त जिसकी छत कब भरभराकर नीचे आ जाये कुछ कहा नहीं जा सकता। छत के ऊपर जंगली पौधे उग रहे हैं। इस बारे में कई बार विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षाधिकारी को भी लिखा गया। प्रधानाध्यापक द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर विद्यालय के भवन का पुन: शीघ्रता के तौर पर निर्माण कराया जाए। जिससे बच्चों का भविष्य व जीवन सलामत रहे सके। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार कोई भी सुनवाई ना होने के कारण समाचार पत्र के माध्यम से आला अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। विद्यालय के बरामदा व दो कमरों का लेंटर पुरानी ईटों का बना हुआ है। विद्यालय में लगभग 63 छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं।

# लापरवाही के चलते गौवंश की मौत,बीडीओ से शिकायत


गौशाला के बाहर मृत पड़े गौबंश

**कुरारा( हमीरपुर )।** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के खरौंज गांव में गौशाला की देखरेख में लापरवाही बरतने से अन्ना गौबंश की मौत हो रही हैं। वही ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख को।शिकायती पत्र देकर की है।

क्षेत्र के खरौंज गांव निवासी ग्रामीण सतीश,धर्मवीर, सुरेद्र सिंह, चुनुबाद, अजय सिंह,विनोद ,विकास,विपिन, कामता प्रसाद सुख्वीर, नरायन,भूरा आदि ने खण्ड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव स्थित अन्ना गौ आश्रय स्थल में रखे अन्ना गौबंश के खाने की कोई व्यवस्था ग्रामपंचायत द्वारा अभी तक नही की जा रही है। इससे पशु दम तोड़ रहे है। तथा कुत्ते नोच कर खा रहे हैं। इनको गौशाला के बाहर भी नही कराया जा रहा है वही पशुओ को खुला छोड़ देने से फसलों का नुकसान कर रहे हैंस्ग्राम प्रधान छेदालाल बाल्मीकि द्वारा धन कीकमी हवाला देकर कोई चारा भूसा की व्यवस्था नही हो पा रही है। ग्रामीणों ने अन्ना गौबंश के संरक्षण कराये जाने की मांग की है।

# भाजपा की किसान ट्रैक्टर रैली में लोगों ने उत्साह पूर्वक लिया भाग

**संवाददाता।** हमीरपुर


रैली में भाग लेते ट्रैक्टर

**भारतीय जनता** पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह की अध्यक्षता में किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन चौरा देवी स्थान से सिटी फॉरेस्ट तक बड़े ही उत्साह से किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव शंकर सिंह किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बाल मुकुंद शुक्ला क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार बंटी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह सेंगर क्षेत्रीय मंत्री अरुण चतुर्वेदी क्षेत्रीय मंत्री सदर विधायक युवराज सिंह विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ब्रज किशोर गुप्ता हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद उपस्थित रहेट्रेक्टर रैली में लगभग 100 ट्रैक्टरों का जुलूस निकाला गया जिससे किसानों में बहुत ही उत्साह देखने को मिला इस ट्रैक्टर रैली में सरकार के द्वारा चलाई जा रही किसानों के लिए हितकारी योजनाओं का संदेश भी दिया गया जो कि किसानों के कल्याणकारी योजनाओं के रूप में काफी समय से भाजपा सरकार चला रही है इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह महामंत्री मोहन कुशवाहा उमेश पांडे जिला कोषाध्यक्ष सनत श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष अनिल महाराज एवं जिले के पदाधिकारी रामदास सुदर्शन रोहित शिवहरे किशन व्यास अरविंद श्रीवास्तव एवं मोर्चों के अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी प्रेम नारायण प्रेमी राजेंद्र कुमार श्रीवास महिला मोर्चा क्षेत्रीय सदस्य दीप्ति गुप्ता राखी शिवहरे इंद्रजीत नन्ना सिद्धार्थ पाठक मोहित गुप्ता चेयरमैन आशीष पालीवाल कुरारा एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मित्र महोत्सव में दिवारी नृत्य, बुंदेलखंडी कीर्तन का उठाया लुफ्त

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**दो दिवसीय मित्र** महोत्सव में दूसरे दिन बुंदेलखंड स्तरीय दिवारी नृत्य प्रतियोगिता एवं पंचकवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इससे पूर्व रात्रि में बुंदलेखंडी कीर्तन का आयोजन किया गया।

बुंदेलखंड की लोक कलाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक धरोहर प्रचार प्रसार एवं समाज सुधार समिति के तत्वावधान में 21 फुटा हनुमान मंदिर के पास 15वें मित्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन के मुख्य अतिथि पीआरडी के पूर्व जिला कमांडेंट चंद्रशेखर वर्मा रहे। दूसरे दिन बुंदेलखंड स्तरीय दिवारी नृत्य प्रतियोगिता में झाँसी, चिकासी, हमीरपुर, नैनपुरा की टीमों ने भाग लेकर मनभावन प्रदर्शन किया। टीमों के प्रदर्शन से बुदंलेखंड की इस विधा को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। निर्णायक मंडल में शेखर राजपूत उरई, ब्रजमोहन विश्वकर्मा प्रधानाचार्य जीआईसी, मूर्तिकार श्यामबाबू कुशवाहा, प्रहलाद विश्वकर्मा, परमानंद, चंचल कुसमिलिया, विष्णु दयाल नेता खक्कल ने कला-प्रदर्शन का अंक प्रदान कर मूल्यांकन किया। इससे पूर्व पंचकवि दरबार विनोद कुमार चतुर्वेदी पूर्व विधायक माधौगढ के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. रामशंकर भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पंच कवि सम्मेलन में जावेद कुदारी, कृपाराम कृपालु उरई, अंचल शर्मा, करीम खां करीम ने रचना पाठ कर श्रोताओं को खूब आनंदित किया। रात्रि के समय राखी आजाद उरई एवं सचदेवा शरारती कानपुर के बीच शानदार बुंदेलखंडी जवाबी कीर्तन का मुकाबला हुआ। कार्यक्रम के आयोजन में व्यवस्थाओं की देखरेख में एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउटस का उत्कृष्ट योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं आयोजक सुशील कुशवाहा मास्टर ने संयुक्त रूप से कहा कि बुंदेलखण्ड की संस्कृति लोक कलाएं एवं गीत-संगीत संपूर्ण भारत के लिए अनुकरणीय है। वर्तमान समय में आधुनिकता की दौड़ ने बुंदेली संस्कृति को प्रभावित किया है, आज इस संस्कृति को संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत धनसिंह कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी, संजू कठेरिया, समाजसेवी दीपक कुमार मित्तल ने पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर पं. प्रयागनारायण द्विवेदी (प्रयाग गुरू), रामरूप वर्मा, वीर सिंह यादव, राजू यादव, घनश्याम वर्मा, गौरीश द्विवेदी, राजकुमार मिझौना, सिद्धेश्वर चतुर्वेदी जरारा, भानु वर्मा अटल, महेंद्र बंगरा, राजेश चंचल सुनील सांवली सरावन, रमेश सिकरी आदि मौजूद रहे।

# अमृत महोत्सव में छात्राओं ने प्रस्तुत किया विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**आजादी के 75** वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं।सोमवार को आनंदी बाई हर्षे सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जालौन में अमृत महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया जहां विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आजादी महोत्सव कार्यक्रम के तहत आनंदी बाई हर्षे बालिका इंटर कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस मौके पर देश भक्ति गीत एवं आजादी से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रिटायर सबेदार जगदीश सिंह एवं सूबेदार, राधेश्याम ने छात्राओं को अमृत महोत्सव मनाने का उद्देश्य एवं महत्व का वर्णन किया। लोकतंत्र सेनानी शिवराम महाजन ने दोनों रिटायर्ड फौजियों को सोल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने सभी आगंतुक महानुभाव का आभार प्रकट किया कार्यक्रम के अंत में भारत के अमर शहीदों को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि प्रस्तुत की गई।

# कैबिनेट मंत्री का कसौधन समाज ने किया स्वागत


कैबिनेट मंत्री नंदी का स्वागत करते व्यापारी।

**चित्रकूट।** कसौधन समाज के तत्वावधान में कसौंधन समाज के जिलाध्यक्ष विष्णु गुप्ता के नेतृत्व में उनके प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल नंदी का भव्य स्वागत किया गया।

मंत्री श्री नंदी ने अपने उद्बोधन में कसौधन समाज के मान, सम्मान व स्वाभिमान का राजनैतिक रूप से मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। साथ ही 8 जनवरी 2022 को कानपुर महानगर में आगाज के रूप में व्यापारी वैश्य महासम्मेलन का आहवान किया । इस मौके पर जिलाध्यक्ष विष्णु गुप्ता व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने मंत्री श्री नंदी को आश्वासन दिया कि जिले व उत्तर प्रदेश से 50 लाख की आबादी वाले कसौधन समाज को 8 जनवरी को होने वाले सम्मेलन में आने का आहवान करेंगें।

इस मौके पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, राम गुप्ता, सेठा गुप्ता, सीताराम गुप्ता, रम्मु गुप्ता, कल्लू गुप्ता, रवि गुप्ता, रामू गुप्ता, फुक्कडू गुप्ता, हड्डू गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अतुल गुप्ता, गोलू गुप्ता, रामकेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, बालकेश गुप्ता, सोनू गुप्ता , अशोक गुप्ता आदि कसौंधन समाज के लोग मौजूद रहे।

# नौजवान भारत सभा ने दलित परिवार की हत्या के विरोध में किया प्रदर्शन

**रामनगर ( चित्रकूट )।** अभी हाल ही में इलाहाबाद के फाफामऊ के पास एक दलित परिवार को ही बहुत बेरहमी से कत्ल कर दिये जाने पर नौजवान भारत सभा और बिगुल मजदूर दस्ता के कार्यकर्ताओं की ओर से रामनगर बस स्टॉप के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया।

नौजवान भारत सभा के सुरेश ने बताया कि फाफामऊ (इलाहाबाद) के पास एक दलित परिवार को ही बहुत बेरहमी से कत्ल कर दिया गया और परिवार की बेटी के साथ हत्या से पहले बलात्कार भी किया गया। वारदात के तीन दिन बाद जाकर स्थानीय लोगों को इस घटना के बारे में पता चल सका। इस दलित परिवार का गाँव के ही उच्च जाति के एक परिवार से विवाद चल रहा था। जिन्होंने मृतक परिवार से घर में घुसकर मारपीट की थी, जिसके बाद परिवार ने एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर भी दर्ज की थी लेकिन पुलिस की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अब यह बर्बर घटना होने के बाद संवेदनहीन पुलिस प्रशासन आनन-फानन में एफआईआर करके खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है।बिगुल मजदूर दस्ता के रवि ने कहा फासीवादी भाजपा सरकार के राज में दलित-विरोधी आपराधिक मानसिकता को पूरी छूट मिली हुई है। हाथरस जैसी घटनाओं में जिस तरह से पुलिस प्रशासन और भाजपा सरकार की पूरी मशीनरी हत्यारों को बचाने की हर सम्भव प्रयास में लगी रही और उनके पक्ष में पंचायतें तक आयोजित की गयीं। हाल ही में आयी एनसीआरबी की रिपोर्ट बता रही है कि 2019 की तुलना में 2020 में दलित विरोधी अपराधों में वृद्धि हुई है और इन में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। दलितों की सुरक्षा के लिये बनाये गये तमाम कानून केवल कागजी हैं। पुलिस प्रशासन से लेकर व्यवस्था की पूरी मशीनरी में ऐसी दलित-विरोधी मानसिकता को प्रश्रय देने वाले भरे पड़े हैं। इस घटना के होते ही तमाम अन्य चुनावबाज पार्टियाँ भी मैदान में कूदकर अपनी गोटियाँ लाल करने में लग गयी हैं। जबकि सच्चाई यह है कि इन पार्टियों में भी तमाम दलित-विरोधी अपराधों के अपराधी बैठे हुए हैं।आज ऐसी हर घटना के खलिाफ एक तरफ तो हमें सड़कों पर उतर प्रतिरोध दर्ज कराना ही होगा, साथ ही इस भ्रम से भी मुक्त होना होगा कि इस व्यवस्था के दायरे के भीतर दलित-मुक्ति का कोई रास्ता निकाला जा सकता है। आज वर्गीय एकता कायम करके हमें जाति-उन्मूलन के खलिाफ संघर्ष को तेज करने के लिए आगे आना होगा। विरोध प्रदर्शन में रामसलोने, रजनीश, राहुल, रवि, सुरेश,कृष्ण ,अंकुर चौधरी, रामरहीश,बब्लू, रामपाल आदि लोग मौजूद शामिल रहें।

# बांदा में खनन नीति को पलीता लगा रहे हैं जिले के आला अफसर

**संवाददाता।** बांदा

- पानी के नीचे से मोरम को निकालना पूर्णतया प्रतिबंधित है

**उत्तर प्रदेश** में पूर्व की सरकारों में खनन एक बड़ा मुद्दा रहा है और खनन में अनियमितताओं को लेकर के बुंदेलखंड में सीबीआई जांच भी चल रही है जब वर्तमान सरकार सत्ता में आई थी तो खनन को लेकर के एक चेन्नई नीति का निर्धारण किया गया था ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके और खनन के काम से बुंदेलखंड के लोगों को रोजगार दिया जा सके वर्तमान भाजपा सरकार की एक बेहतरीन नीति जो बुंदेलखंड के हालात को बदलने के लिए बनी थी उसको बुंदेलखंड के अधिकारी लगातार पलिता लगा रहे हैं।

आपको बताते चले कि नई खनन नीति में बड़ी पोकलेन मशीनों को पूर्णता प्रतिबंधित किया गया है खनन नियमावली के अनुसार ही खनन करने के लिए बाध्य किया गया है लेकिन सरकार की मंशा के विपरीत खनन स्थलों पर हैवीवेट पोकलेन प्रतिबंधित मशीनों का इस्तेमाल खनन के लिए किया जा रहा है जबकि अनुमति सिर्फ बुलडोजर की है और वह भी रिसक्यू कार्यों के लिए लेकिन शासन की मंशा के विपरीत 1 दर्जन से अधिक कहीं.कहीं तो दो दर्जन तक हेवी वेट मशीनों का उपयोग किया जा रहा है कहते हैं तस्वीरें झूठ नहीं बोलती हैं इस वक्त जो आपको हम तस्वीर दिखा रहे हैं यह वीडियो जीपीएस लोकेशन से युक्त हैं इस पर लोंगिट्यूड लाटीट्यूड समय दिन तारीख सब दिया गया है हम यह भी स्पष्ट करना चाहेंगे की जीपीएस वाली वीडियो की आवश्यकता क्यों पड़ी जल से चलने के बाद जब शासन से स्थानीय प्रशासन से पूछता है तो स्थानीय प्रशासन तस्वीरों को पिछली सरकार में हुए खनन की तस्वीरों वाला बताता है और प्रशासन न कहना होता है कि वर्तमान में कहीं भी अवैध खनन हो रहा है पर इस जीपीएस टैगिंग तस्वीरों के साथ अब कोई ऐसी जगह नहीं बचती है जिससे प्रशासन इन तस्वीरों को झूठला सके। पानी के नीचे से मोरम को निकालना पूर्णतया प्रतिबंधित है और यह प्रतिबंध पर्यावरण मंत्रालय द्वारा लगाया। लेकिन तस्वीरें झूठ नहीं बोलती हैं और इन तस्वीरों साथ अब बोलने के लिए कुछ बचता भी नहीं है देखना यह होगा कि वर्तमान भाजपा सरकार की बेहतरीन खनन नीति को अधिकारी पालन करा पाते हैं।

# शिकायतें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें अफसरः डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज प्रात: 10रू00 बजे से जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय में कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए जन सामान्य की समस्याएं सुनी एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करेंए मास्क लगाएं तथा साफसफाई व


शिकायत सुनते जिलाधिकारी पायनियर

सैनिटाइजेशन पर नियमित रूप से ध्यान देंए 18 वर्ष से ऊपर आयु के सभी व्यक्ति अपना कोविड टीकाकरण अवश्य कराएं। आज जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष नाली विवादए भूमि पर अवैध कब्जेए वसीयतए भूमि की पैमाइशए शौचालयए राशनए आवास आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईए जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को लंबित न रखा जाएए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएए इसके साथ ही उन्होंने कहा जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेटए फाल्गुनी सिंहए ऋतु चौधरी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## त्रिलोकपुर में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन प्रधान व सचिव से वसूली के दिए निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि विकासखंड अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर में रुपए 103795 की वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर तत्कालीन ग्राम प्रधान सुनीता यादव से रुपए 51897.5 तथा तत्कालीन सचिव लक्ष्मीकांत पांडे से रुपए 51857.5 की वसूली किए जाने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र की प्रारंभिक जांच जिला सेवायोजन अधिकारीए सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सहायक अभियंता जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अमेठी की संयुक्त टीम गठित कर जांच कराई गई जांच आख्या के अनुसार कराए गए कार्यों में रुपए 105845 के दुरुपयोग का मामला पाया गयाए जिसमें तत्कालीन ग्राम प्रधान सुनीता यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उक्त नोटिस के क्रम में ग्राम प्रधान द्वारा अपना उत्तर प्रस्तुत किया गया किंतु परीक्षणोपरांत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर तत्कालीन ग्राम प्रधान सुनीता यादव के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर ग्राम पंचायत के निर्वाचित 3 सदस्यों की समिति गठित की गई तथा प्रकरण की अंतिम जांच अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि अमेठी से कराई गई।

## समय से अस्पताल नहीं पहुंचते सरकारी चिकित्सक

**जगदीशपुर,अमेठी।** योगी राज में अस्पताल समय से नहीं पहुंचते चिकित्सक जिसके कारण मरीजों को काफी देर तक इन्तजार करना पड़ता है बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानकर भी बेखबर व अनजान बने रहते है । जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत रानीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात चिकित्सक योगी सरकार के आदेशों की धज्जियां उडा रहे हैं एक दो कर्मचारियों को छोड़कर बाकी समय से पहुंचना गवारा नहीं समझते जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है कभी कभी तो आपस में कहा सुनी भी हो जाती है और लोग मारपीट करने के लिए आमादा हो जाते हैं ।जब कि योगी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने व जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए लगातार कार्य कर रही है बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग उनके अरमानों पर पानी फेर रहा है और वहीं जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानकर भी अनजान व बेपरवाह बने हुए हैं।

# शहर कोतवाल रहे अतुल सिंह का सेंट्रल बार ने किया सम्मान

संवाददाता। रायबरेली



**सिविल** कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के सभागार में शहर कोतवाल अतुल सिंह का बार पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत व सम्मान किया गया शहर कोतवाल रहे अतुल सिंह के सेंट्रल बार में पहुंचने पर उन्हें अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया सेंट्रल बार अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भदौरिया व महामंत्री शशिकांत शुक्ला ने कोतवाल को बुके प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया उपाध्यक्ष बृजेश सिंह कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार चौधरी तथा संयुक्त मंत्री अनिल प्रजापति सुनील सिंह मेजर कैलाश बक्स सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य सुधांशु नाथ सिंह इसरार खान आशीष बाजपेई शोभित श्रीवास्तव ने शहर कोतवाल को अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भदोरिया ने कहा कि शहर कोतवाल अतुल सिंह ने अपने मृदुल स्वभाव शैली के चलते 3 वर्ष तक शहर कोतवाल के दायित्व को निभाया उनका व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति सकारात्मक रहा महामंत्री शशिकांत शुक्ला ने कहा कि अपनी कार्यशैली व व्यावहारिकता के लिए उन्हें सदैव याद रखा जाएगा हमारे संगठन के द्वारा पुलिस अधिकारी को सम्मानित किया जाना इस बात का स्वत प्रमाण है कि उनका कार्य और व्यवहार प्रशंसनीय रहा समारोह को उपाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह इसरार खान वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश पांडे गोविंद सिंह चौहान ने भी संबोधित किया अधिवक्ता विकास त्रिपाठी ने शहर कोतवाल को शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया अधिवक्ताओं की महापंचायत से सम्मान पा ने से अभिभूत शहर कोतवाल के आंसू छलक आए उन्होंने सब का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह का सम्मान उन्हें कभी नहीं मिला इस अवसर पर दिवाकर सिंह अनूप अवस्थी विवेक चित्रांश जय बहादुर सिंह चंद्र किशोर त्रिवेदी सहित बहुत से अधिवक्ता मौजूद रहे।

## धू-धू कर जली रोडवेज बस, यात्री सलामत

संवाददाता। गंगागंज / रायबरेली

**हरचंदपुर** थाना क्षेत्र के टांडा गांव के पास बस में आग लग गई जिससे कई यात्री घायल हो गये हालांकि किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। रायबरेली पुलिस ने बताया है कि प्रभारी निरीक्षक थाना हरचंदपुर पुलिस टीम के साथ एवं फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई थी और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया था घायलों को जिला चिकित्सालय रायबरेली भेजा गया। इस घटनाक्रम के बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया हाईवे पर ट्रैफिक पूरी तरह से डूब गया इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ट्रैफिक को सामान्य किया एवं घटनास्थल पहुंच कर पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। महज कुछ ही देर में वहां पर स्थानीय पुलिस व फायर बिग्रेड टीम को मौके पर पहुंचने की वजह से कई लोगों की जान बच गई।

# अवार्ड हासिल करने में एनटीपीसी ऊंचाहार ने रचा इतिहास

संवाददाता। रायबरेली

**एनटीपीसी** की ऊंचाहार विद्युत परियोजना विद्युत उत्पादन तथा कार्य.निष्पादन के क्षेत्र में शुरू से ही नए.नए कीर्तिमान स्थापित करती रही है और इसके लिए उसे राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार हासिल होते रहे हैं। इसी कड़ी में परियोजना के मानव संसाधन विभाग को ट्रांसफॉर्मेटिव एचआर प्रैक्टिस के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए पुरस्कार से नवाजा गया है। इतना ही नहीं एक अन्य राष्ट्रीय स्तर के मंच पर इस परियोजना को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अपेक्स इंडिया फाउंडेशन व ग्रीनटेक संस्थाएं जो राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरणए सुरक्षाए स्वास्थ्य तथा मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कंपनियों को मंच प्रदान करती हैं तथा उनके कार्य का मूल्यांकन करके इस तरह के पुरस्कार व अवार्ड प्रदान करती हैं। जिसे प्राप्त करना किसी भी संस्था के



ग्रीनटेक शिखर सम्मेलन में एचआर अवार्ड प्राप्त करती मानव संसाधन विभागाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी

लिए बड़े सम्मान व गर्व की बात होती है। ग्रीनटेक संस्था द्वारा महाबलीपुरमए तमिलनाडु में आयोजित शिखर सम्मेलन . 2021 में ऊंचाहार परियोजना को परिवर्तनकारी उत्कृष्ट उपलब्धियों से प्रभावित होकर पुरस्कार की घोषणा की जिसका करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। ऊंचाहार परियोजना के मानव संसाधन विभाग की प्रमुख वंदना चतुर्वेदी ने इस सम्मेलन भाग लेकर इस पुरस्कार को ग्रहण किया। इसी प्रकार अपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा गोवा में आयोजित एक सम्मेलन में मानव संसाधन के क्षेत्र में ही अद्वितीय कार्य करने के लिए ऊंचाहार परियोजना को एचआर एक्सीलेंस के क्षेत्र में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया। परियोजना के मानव संसाधन विभाग के उप महाप्रबंधक भोलेन्द्र गुप्त ने इस पुरस्कार को प्राप्त किया। मुख्य महाप्रबंधक कमलेश सोनी ने विश्वास व्यक्त किया है कि मानव संसाधन विभागाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी के नेतृत्व में मानव संसाधन टीम सेवा और समर्पण के नए.नए कीर्तिमान आगे भी स्थापित करती रहेगी तथा अपने कर्मचारियों के साथ.साथ हितधारकों को मानवीय जरूरतों व सुविधाओं को मुहैया करवाने में पूर्ण मनोयोग से कार्य करती रहेगी। मानव संसाधन की दिशा में उल्लेखनीय कार्यों तथा विशिष्ट सेवाओं के लिए इन पुरस्कारों को राष्ट्रीय स्तर पर हासिल करने से ऊंचाहार परियोजना के स्वर्णिम इतिहास में चार चांद लग गए हैं। इन पुरस्कारों के प्राप्त होने पर परियोजना प्रमुख श्री सोनीए अन्य विभागाध्यक्ष गणए यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा इस उपलब्धि के लिए मानव संसाधन विभाग की प्रमुख वंदना चतुर्वेदी तथा उनकी टीम की कृतज्ञ सराहना करते हुए बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के दौरान मानव संसाधन विभाग ने परियोजना कर्मचारियों के साथ.साथ टाउनशिप में आवासीय परिवारों तथा आसपास के गांवों में जिस तरह से कार्य किया वो किसी से छुपा नहीं है। नैगम सामाजिक दायित्व के तहत जन सरोकारों के प्रति ऊंचाहार परियोजना निरंतर सजग व संवेदनशील रहती है।

## समस्त विकास खण्डों में यूडीआईडी कार्ड और कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन

संवाददाता। अमेठी

**जिला दिव्यांगजन** सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्व दिव्यांगता दिवसष् के अवसर पर विभागीय योजनायें यथा.दिव्यांग भरण.पोषण अनुदान ;दिव्यांग पेंशनद्ध योजनाए दुकान संचालन योजनाए शादी.विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनाए कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण योजनाए यू0डी0आई0डी0 कार्डए योजना शल्य चिकित्साए कॉक्लियर इम्प्लान्ट योजना हेतु 03 दिसम्बर को विकास खण्ड गौरीगंज मुख्यालय में प्रचार.प्रसार हेतु कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को योजनाओं की सम्पूर्ण जानकारी दी जायेगी। उक्त कैम्प में सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन के साथ ही यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनाने हेतु आवेदन भी किया जा सकेगा।

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली भिनगा द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 287ध2021 धारा 452ए506ए376ए511 प्च्ब् से संबंधित वांछित अभियुक्त छोटू उर्फकमाल अहमद उर्फअमानत अली पुत्र अली अहमद निवासी जरकुशहा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को भिनगा बहराइच मार्ग पर जरकुशहा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

### मासूम बच्ची पुल से नीचे गिरी, गंभीर घायल

**ऊंचाहार।** ढाई वर्षी मासूम बच्ची पुल से नीचे गिरने के बाद उसको गंभीर चोट आ गई जिसको प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी मे भर्ती किया गया जहां से उसके हालत मे सुधार न होने पर चिकित्सक के द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव कंदरावां मे रिस्तेदारी मे आई थाना हरचन्द्रपुर के भीराहरचन्द्रपुर निवासी लालजी का ढाई वर्षी पूनम नहर के पुल से नीचे गिर गई जिसके कारण उसको प्राथमिक उपचार हेतु परिजनो के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती करवाया गया जहां पर उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल

**लालगंज, रायबरेली।** अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। बताया गया है कि महिमापुर थाना बाराबंकी निवासी अनूप बाइक से अपनी पत्नी माया को लेकर आनापुर गांव एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहा था। आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना के सामने अचानक माया अनियंत्रित होकर बाइक से नीचे आ गिरी और घायल हो गई।इसी प्रकार प्रभात कुमार पुत्र अखिलेश निवासी आनापुर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गांव के मोड़ पर घायल अवस्था में पड़ा देख ग्रामीणों ने उसे उपचार के लिए लालगंज अस्पताल पहुंचाया। दोनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### दिव्यॉंग बच्चों ने मतदान के लिए किया जागरूक

**रायबरेली।** दिव्यॉंग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलीगंज कंपोजिट में किया गया। जिसमे सताव, राही, अमावां, हरचंदपुर और नगर क्षेत्र शामिल रहे। 6 से 14 आयु वर्ग के दृष्टिबाधित, मूक बधिर, मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों की चमच्च दौड़, छूकर पहचान करना, चित्रों का मिलान, रंग भरो, कुर्सी दौड़, दौड़, सुलेख प्रतियोगिता, ब्रेल लेखन, गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताऐं संपन्न कराई गयीं। मूक बधिर बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सुधीर, द्वितीय मोहम्मद अहमद, तृतीय प्रतीक रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम मीनू, द्वितीय राहुल, तृतीय सुमित रहे। सुलेख में दिव्यांग बालिका लवली प्रथम, प्रांशी द्वितीय, शालू तृतीय रहीं। दृष्टि बाधित की ध्वनि पहचान प्रतियोगिता में इकरा प्रथम, हिमांशु द्वितीय, रत्नेश तृतीय रहे। मानसिक मन्द की प्रतियोगिता में नंदिनी प्रथम, पायल द्वितीय, अभिनेत्र तृतीय रहे। दृष्टि बाधित की गायन प्रतियोगिता में प्रांशी प्रथम, जुबेर द्वितीय, शबाब अली तृतीय रहे। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों ने मतदाताओं को मतदान के प्रयोग के लिए लघु नाटिका के माध्यम से प्रेरित किया, स्लोगन और मतदाता गीत प्रस्तुत किया।

### मार्ग दुर्घटना मे आठ गंभीर घायल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे मार्गदुर्घटना मे घायल होने पर राममोहन 40वर्ष पुत्र रामस्वरूप गांव गुलरिहा;संदीप 25वर्ष पुत्र सदाशिव निवासी पूरे हरीबंगखुराटी थाना डीह;शिवचरन 20वर्ष पुत्र अर्जुन निवासी खपटिहा मजरे कोटराबहादुरगंज ;मलखान 30वर्ष पुत्र धुन्नूलाल निवासी झोकवारा चौराहा थाना नवाबगंज जिला प्रतापगढ़;राज 18वर्ष निवासी मैकूकापुरवा;गुड्डन 40वर्ष पत्नी राजकुमार गांव अरखा;गौरवचन्द्र24वर्ष;मिथिलेश 22वर्ष गांव इलाहाबाद थाना भजनपुर;प्रतापगढ़ को भर्ती करवाया गया।जिसमे सभी को गंभीर चोट आने के बाद प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद आरेडिका के आवासीय परिसर में चोरों ने सात घरों को बनाया निशाना

**लालगंज,रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद आवासीय परिसर स्थित टाईप फोर के दो मंजिला आवासों को चोरों ने अपना निशाना बना दिया। सात आवासों के चोरों ने ताले तोड़ दिए और वहां से नगदी व आभूषण गायब कर दिए। सुरक्षाकर्मियों तथा उन कालोनियों में रहने वालों को भी चोरी की घटना की भनक नहीं लग सकी।बताया गया है कि चोरों ने टाईप फोर डबल स्टोरी कालोनियों के आवास संख्या 4209डी में रहने वाले एसएसई इलेक्ट्रिकल योगेश गुप्ता के आवास के दरवाजे की कुंडी तोड़कर चार सोने की चेन, एक हार, चार सोने की चूड़ी व गुल्लक में रखी चार हजार की नगदी गायब कर दी।इसी प्रकार 4209सी में रहने वाले मुख्य कार्यालय अधीक्षक इलेक्ट्रिकल अरूण राय के कमरों से भी चोरों ने दो हजार की नगदी कुंडी तोड़कर गायब कर दी।आवास संख्या 4222डी में रहने वाले वरिष्ठ अनुभा अभियंता डिजाइन केके श्रीवास्तव के आवास से चोरों ने अलमारी में रखी 4 लाख 58 हजार रूपये की नगदी गायब कर दी।कहा जा रहा है कि यह सरकारी रूपए थे जो किसी कार्य के लिए उन्हें दिए गए थे।4202डी में रहने वाले एसएसई इलेक्ट्रिकल शिवशंकर विश्वकर्मा के आवास से चोरों ने 12 हजार की नगदी व एक गैस सिलेंडर गायब किया है। आवास संख्या 4209ए में रहने वाले एसएसई क्वालिटी पुनेश दुबे,4208सी में रहने वाले गोविंद तथा 4201 ए में रहने वाले अनूप जौहरी के आवासों के भी दरवाजों की कुंडी तोड़कर चोरों ने चोरी का प्रयास किया लेकिन उनके घरों से क्या चोरी गया इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। उक्त सातों आवासो में ताले लगे हुए थे।

### ऑंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं बेसिक शिक्षा में स्कूल रेडीनेस प्रशिक्षण

**सलोन रायबरेली।** विकासखंड सलोन के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ऑंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं बेसिक शिक्षा में स्कूल रेडीनेस प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके शिक्षकों की कार्यशाला खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रजापति के संयोजन में संचालित है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीओ पंचायत ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित ऑंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं शिक्षकों को अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य 0 से 6 साल के बच्चों का सर्वांगीण विकास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शारीरिक शिक्षा व पाठ्यक्रम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई है। हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि प्रशिक्षण में बताई गई बातों को अपने ऑंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में शत-प्रतिशत लागू कर सरकार की मंशा को सफल बनायें।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में आज ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राम नरेश रावत रहे। संपूर्ण विकासखंड के सेवानिवृत्त शिक्षकों ने इस सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य, सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विक्रमाजीत, भाजपा मंडल अध्यक्ष परवेश वर्मा व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक बुद्धि प्रकाश अवस्थी व शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पवन शुक्ला मौजूद रहे। वही इस सम्मान समारोह का कुशल संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक उमाशंकर अवस्थी द्वारा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के साथ क्षेत्रीय विधायक राम नरेश रावत ने कुल 65 सेवानिवृत्त शिक्षकों को माल्यार्पण व अंग वस्त्र के रूप में साल भेंट कर आशीर्वाद लेकर सम्मानित किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को सेवानिवृत्त विद्यालय या नजदीकी परिषदीय विद्यालय में एक घंटा जाने के लिए आग्रह किया जिससे उनके अनुभव से छात्र व शिक्षक दोनों लाभान्वित हो सके। वही क्षेत्रीय विधायक राम नरेश रावत सेवानिवृत्त शिक्षकों के चरण स्पर्श करते हुए उनका आशीर्वाद लिया और यह भी बताया कि जहां पर उनकी आवश्यकता है।वह सदैव गुरुओं के साथ खड़े हुए हैं। वही नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बताया कि हमारे समाज में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** स्थानीय बीआरसी पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें ईसीसीई केंद्रों पर संचालित शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी।। सोमवार को स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल रेडिनस कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानंद राय ने किया । इस मौके पर सीडीपीओ रीता सिंह सहित स्कूल रीडीनेस के ट्रेनर और समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया तथा विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

# गन्ना किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

संवाददाता। श्रावस्ती, सिरसिया

**थाना** सिरसिया क्षेत्र के लक्ष्मनपुर स्थित गन्ना क्रय केन्द्र पर सोमवार को गन्ना किसान गोष्ठी का आयोजित की गई। गोष्ठी में आये हुए किसानों को चीनी मिलों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। व किसानों को 30 नवम्बर तक घोषण पत्र भराने के लिए सूचित किया गया। गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश की ओर से गन्ना क्रय केंद्र लक्ष्मनपुर बाज़ार को तुलसीपुर चीनी मिल को वर्तमान पेराई के लिए 2021. 2022 हेतु अभ्यर्पित किया गया है। सोमवार को तुलसीपुर चीनी मिल के उप महाप्रबंधक गन्ना डाण् आरपी साही व मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह की ओर से लक्ष्मनपुर क्षेत्र के समवाचित कृषकों के साथ एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में डाण् आरपी साही उप महाप्रबंधक की ओर से चीनी मिल से गन्ना कृषकों को दी जाने वाली सुविधाओं जैसे बायोपोटाशए सल्फोजिन्कए बीज सोधन के लिए हैक्सास्टॉपए भूमि सोधन के लिए ट्रायकोडरमा व कृषि यत्रों जैसे चीज्तरए ट्रैचलाइन कल्टीवेटरए प्रेमशीन ट्रेसमल्चरए पेड़ी प्रबंधन संयंत्र की विस्तार से जानकारी दी गई। इसी तरह से वरिष्ठ महा प्रबंधक योगेश कुमार सिंह की ओर से बताया गया कि लक्ष्मणपुर बाज़ार क्रय केंद्र पर तुलसीपुर चीनी मिल के द्वारा गन्ने की तौल चार दिसम्बर से शुरू हो जाएगी तथा गन्ना का भुगतान 15 दिन के अन्दर कृषको के खाते में भेज दिया जायेगा। इकाई प्रमुख की ओर से वहां कृषकों से आगामी बसंत कालीन बुवाई में को. 0118ए को. 0238ए को. 98014 व को.94184 की बुवाई ज्यादा से ज्यादा क्षेत्र फल में करें। साथ ही इसके लिए बीज की व्यवस्था स्वयं कर लें। जिन कृषिको ने घोषणा पत्र नहीं भरा है वह 30 नवम्बर तक अपना घोषणा पत्र अवस्य भर लें। समिति पर्ची के निर्गमन एवं भुगतान सम्बंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए अपना मोबाइल नंबर ई.गन्ना एप्प पर अवस्य दर्जा करा लें। लक्ष्मणपुर बाज़ार क्रय केंद्र तुलसीपुर चीनी मिल को अभ्यार्पित होने से क्षेत्र के समस्त गन्ना कृषकों में खुशी की लहर आ गयी है। गोष्ठी का संचालन बृजेश सिंह ने किया। इस मौके पर चीनी मिल के अधिकारी राजेश चौधरीए संत राम यादवए अभय श्रीवास्तवए नरेन्द्र यादवए क्षेत्र के किसान अरविन्द वर्माए अवधेश कुमारए मंशाराम यादवए अनूप वर्माए सतीशए राजेंद्रए राजेश वर्माए जीतेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने मूलभूत समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक से की मुलाकात, दिया ज्ञापन

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**नगर पंचायत** अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने नगर पंचायत बछरावां की मूलभूत समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक राम नरेश रावत से मुलाकात करके लिखित ज्ञापन देकर अवगत कराया है कि बछरावां नगर क्षेत्र में गत वर्षों की भांति सरकारी धान क्रय केंद्र को अभिलंब खुलवाया जाए जिससे नगर के किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिल सके। नगर पंचायत बछरावां में सेंट्रल बैंक के सामने से शिवगढ़ रोड बाईपास के सड़क का निर्माण कार्य जो काफी दिनों से बंद चल रहा है व नालियों का निर्माण भी नहीं कराया जा रहा है जिसको त्वरित गति से पूर्ण कराया जाए वहीं इसके साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग को भी निर्देशित किया जाए। बछरावां में शिवगढ़ मार्ग ओवर ब्रिज के नीचे ना तो बिजली विभाग के द्वारा खंबे हटाए गए और ना तो सड़क का निर्माण लोग विभाग





द्वारा निर्माण विभाग द्वारा कराया गया इसको भी त्वरित गति से पूर्ण करवाया जाए। बछरावां में लखनऊ रोड ओवर ब्रिज के पास कसरावां मार्ग का सड़क निर्माण कार्य भी काफी दिनों से रुका हुआ है निर्माण कार्य को त्वरित गति से पूर्ण कराने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करने का कष्ट करें। व बछरावां रजबहा की पटरी पर नहर सफाई की सिल्ट जमा है जिससे आम जनता को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है कसरावां व नहर पुल से नहर कोठी होते हुए पारिजात पुल तक समतलीकरण कराने हेतु सिंचाई विभाग को भी निर्देशित कराने की कृपा करें। जिससे आम जनमानस को आवागमन की समस्या से निजात मिल सके। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा विधायक को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद तत्काल क्षेत्रीय विधायक राम नरेश रावत में सभी बिंदुओं पर जिले के अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के साथ सतीश सभासद, अमर सिंह, राजेंद्र चौधरी व कुंवर वीर भान सिंह मौजूद रहे।

# तहसील स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

संवाददाता। मुसाफिरखाना, अमेठी

**दिव्यांग** बच्चों की तहसील स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की तहसील खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया ।प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अखिलानंद राय एवं सीडीपीओ श्रीमती रीता सिंह द्वारा किया गया । प्रतियोगिता में मुसाफिरखाना जगदीशपुर व शुकुल बाजार विकासखंड के लगभग 53 दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें 50 मीटर दौड़ कुर्सी दौड़ छूकर कर पहचानो चम्मच दौड़ रस्साकशी निबंध लेखन तथा रंगोली प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया 50 मीटर दौड़ में कुमारी अर्चना बालिका वर्ग शिवा बालक वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कुर्सी दौड़ में कुमारी सुमन बालिका वर्ग अंकुश बालक वर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वही छूकर पहचानो मैं अजय कुमार प्रथम एवं विकास ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम के समापन में भारतीय जनता पार्टी के जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा कल्याण के अध्यक्ष संजय धुरियाए नगर पंचायत मुसाफिरखाना के सभासद विवेक द्विवेदी तथा नामित सभासद श्री राम कौशल एप्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश सिंह एखंड शिक्षा अधिकारी मुसाफिरखाना द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तहसील के समस्त स्पेशल एजुकेटर श्रद्धानंद द्विवेदी हरीश चंद्र मौर्य तुषार रंजन शुक्ला नरेंद्र कुमार पांडे मनोज कुमार पांडे राजेश कुमार शुक्ला ने सहयोग प्रदान किया।

# गोलमाल के खेल में गजब का तालमेल!

**● छरदही के लोगों ने प्रधान पर कुछ रुपयों के लिए गांव वालों के साथ धोखा देने का लगाया आरोप ● जांच से बचने और कमीशन के लिए सेक्रेटरी और प्रधान ने किया समझौता ● 'पायनियर' में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रधान और देवर दे रहे गांव वालों को सफाई ● 27 अपात्रों के आवास कमीशन के बदले प्रधान ने वापस ले ली शिकायत**

संवाददाता। बस्ती

**प्रधान** और सेक्रेटरी का गठजोड़ अगर देखना हो तो कुदरहा ब्लॉक के वीआईपी गांव छरदही चले आइए। यह गांव पहले ही भ्रष्टाचार के मामले में काफी शोहरत हासिल कर चुका है। हिंदुस्तान का शायद यह पहला ग्राम पंचायत होगा जहां पर पहले 38 अपात्र पंडितजी और उसके बाद 27 और अपात्र पंडितजी, मुस्लिम और गोस्वामी को अनुसूचितजनजाति बनाकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दे दिया। आवास का लाभार्थी उन लोगों को बनाया गया, जो कई कोठियों के मालिक हैं। वहीं झोपड़पटटी में रहने वाले आवासहीन गरीबों को इस लिए आवास से वंचित कर दिया गया, क्यों कि पहले तो उन्होंने एक विशेष पक्ष को वोट नहीं दिया, और दूसरा उनके पास कमीशन देने के लिए नोट नहीं था। जब से 'पायनियर' में कमीशन का रकम पाने के लिए एक करोड़पति प्रधान के द्वारा भ्रष्ट कहे जाने वाले सेक्रेटरी के खिलाफ शिकायत वापस लिया गया, तब से गांव में हलचल मची हुई है। प्रधान विधावती और उनके देवर रमेश चौधरी घर-घर जाकर गांव वालों को समझाने में लगे हैं कि शिकायत पत्र पर प्रधान का असली हस्ताक्षर नहीं हैं, प्रधान ने तो यहां तक कह दिया कि वह जेल जाने से अच्छा इस्तीफा देना पसंद करेंगी। मगर प्रधान यह लिखकर देने को तैयार नहीं कि शिकायत वापसी पर उनके हस्ताक्षर नहीं हैं, और सेक्रेटरी के खिलाफ कार्रवाई न रोकी जाए। प्रधान के देवर ने रिपोर्टर को खुद बताया कि उसने आवास के लिए शिकायत वापस लिया, मगर साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत वापसी पत्र पर प्रधान का असली हस्ताक्षर नहीं है। प्रधान भले ही चाहे जितना गांव वालों से कहें कि हम आप लोगों के साथ हैं, और उन्होंने भ्रष्टाचारियों से हाथ नहीं मिलाया, मगर गांव वाले अब विश्वास करने को तैयार नहीं और गांव वालों ने प्रधान और उनके देवर को सबक सिखाने का मन बना लिया।

## ब्राह्मण, मुस्लिम व गोस्वामी बना दिए गए एससीएसटी

**भ्रष्टाचार** अगर किसी अधिकारी या फिर नेताओं को देखना हो तो वह कुदरहा ब्लॉक के गांव छरदही चले आइए। अभी 38 पंडितजी को एससीएसटी बनाकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ देने की जांच चल ही रही थी, कि 27 और पंडितजी, मुस्लिम और गोस्वामी वर्ग को अनुसूचितजनजाति बनाकर आवास देने का मामला सामने आया है। लगातार भ्रष्टाचार की शिकायत कर रहें गांव के सुशील कुमार दुबे ने इसकी भी शिकायत सीएम, डीएम और सीडीओ से की है। जिन अपात्र लोगों को एससीएसटी बनाकर आवास देने की शिकायत की गई, उनमें सीमा पत्नी संतोष कुमार, रीता-उमांकात, रामतोख-रामबूझ, कंचन-बालकृष्ण, सुमन देवी-धीरेंद्र कुमार, सरोज-गंगाराम, विध्याचंल-मुरलीधर, पार्वती-गंगाराम, मीरा-योगेंद्र प्रसाद, उषा-अनुरुद्ध, प्रतिमा-आंनद, सीमा-संतोष दूबे, रेनू-ज्ञानप्रकाश, मिथिलेश-कृपा शंकर, अंम्बिका-रामउग्रह, सत्यनरायन-माता प्रसाद, शाकिर अली-रज्जाक अली, सुनीता-रामपाल, प्रीतम-आंनद कुमार सहित अपात्रों का नाम शामिल है।

## विरोधियों का नाम नहीं काटते तो नहीं होता बवाल

**वैसे देखा** जाए तो छरदही में एक दो को छोड़कर सभी के पास अपना पक्का मकान है। बावजूद अपात्रों को 30 से 40 हजार लेकर आवास दे दिया गया। बताया जाता कि यह मामला कभी न प्रकाश में आता, अगर प्रधानी चुनाव के बाद उन लोगों को नाम आवास की सूची से न कटवा या काट दिया, जिन्होंने एक विशेष पक्ष को वोट नहीं दिया। हालांकि जितने लोगों का नाम सूची से काटा गया उन्हें भी अपात्र बताया जा रहा है। यही विरोध का सबसे बड़ा कारण बना और बन रहा है। इस ग्राम में एससी के 29, मुस्लिम के 24, चौधरी के 12, धोबी के आठ और पंडितजी लोगों का लगभग 70 घर है। एक विकलांग हैं, उसका भी नाम कटवा दिया गया। शिकायतकर्त्ता सुशील कुमार दूबे का कहना है, उन्होंने इससे पहले 27 अक्टूबर 21 को बीडीओ कुदरहा और 24 नवंबर 21 को सीडीओ को रजिस्टर्ड पत्र के जरिए लिखा था कि उनके ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर सामान्य वर्ग के लोगों को भारी कमीशन लेकर एससीएसटी बनाकर प्रधानमंत्री आवास योजना दे दिया गया। बताया कि दोनों पत्रों को प्रभाव में आकर ब्लॉक और विकास भवन ने रददी की टोकरी में डाल दिया। जांच कराने को कौन कहे, कोई शिकायत का सत्यापन तक करने नहीं आया। बताया कि जब से सेक्रेटरी ने कार्यभार संभाला हैं, तभी से भ्रष्टाचार शुरु हो गया।

## गुण्डा एक्ट में जिला बदर अभियुक्त पकड़ा

**संतकबीरनगर।** थाना दुधारा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 366/2021 धारा 10 गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर घोषित किए गये अभियुक्त नाम पता सदरूल हसन पुत्र पुत्र शाह मोहम्मद निवासी ग्राम करही थाना दुधारा को जनपदीय सीमा के अन्तर्गत चोराह गांव की नहर की पुलिस के पास से जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करते हुए सोमवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गत 08, नवम्बर, 2021 को न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के क्रम में शातिर गोतस्कर सदरू हसन पुत्र शाह मोहम्मद को उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा 3 की उपधारा 3 के अन्तर्गत गुण्डा घोषित किया गया था तथा छः माह की अवधि के लिए जनपद से निष्कासन का आदेश दिया गया था। अभियुक्त को इस आदेश का तामिला भी आदेशोपरान्त करवा दिया गया था उसके उपरान्त भी अभियुक्त जनपद की सीमा में निवास कर रहा था।

# अमरढोभा में बढ़ा विवाद, बड़ी घटना होने की आशंका

**● प्रधान ने बीडीओ और एसपी को लिखा पत्र**

**● प्रधान को सोशल मीडिया के जरिए मिल रही जान से मारने की धमकी**

संवाददाता। बस्ती

**बनकटी** ब्लॉक का वीआईपी कहे जाने वाले ग्राम पंचायत अमरढ़ोभा में कराए जा रहे कामों को लेकर पुराने और नए प्रधानों के बीच विवाद इतना बढ़ गया है, कि सोशल मीडिया के जरिए अपशब्द और जान से मारने तक की धमकी दी जा रही है। प्रधान और गांव वालों का कहना है, कि अगर विवाद को हल नहीं किया गया, तो 20 साल पहले जैसी एक और घटना घट सकती है। इसकी आशंका जताते हुए प्रधान राम आशीष यादव ने कुछ लोगों का नाम देते हुए एसपी और बीडीओ को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की मांग की है। यह वही गांव हैं, जहां पर कुछ साल पहले तक अगर कोई गरीब या नीची जाति का व्यक्ति चारपाई या फिर जमीन पर बैठा है, और वह उंची जाति वालों के गुजरते समय चारपाई से या फिर जमीन से उठकर सलाम नहीं किया तो समझो उसकी खैर नही। यह वहीं ग्राम पंचायत हैं, जहां पर ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी को आधार बनाकर दो निर्दोष की हत्या हो चुकी है। इस गांव को हमेशा से ही कुछ खास राजनैतिक लोगों के कारण कारण जाता रहा। गलती से कुछ लोग अपनी जागीर समझने लगे है। इस ग्राम पंचायत में दंबगई का पता इस बात से चलता है, सोशल मीडिया में अपशब्द कह जाता है, यहां तक कहा जाता है कि ते हुए अगर मैं घटना वाले दिन होता तो प्रधानी का चुनाव दुबारा कराना पड़ता। प्रधान को लेकर सोशल मीडिया में इतने गंदें अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे पता चलता है, कि कुछ लोग सोशल मीडिया का कितना गलत इस्तेमाल कर रहे है। अधिकारियों को लिखे पत्र में प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत अमरढ़ोभा में प्रदीप के घर से पूरब धमेंद्र सिंह के खेत तक पिच रोड मरम्मत का कार्य 13 से 26 अक्टूबर 21 तक पार्ट एक कराया जा चुका है। पार्ट दो प्रारम्भ कराए जाने पर पूर्व प्रधान के सहयोगी एवं दो तीन समर्थक लाठी डंडे से लैश होकर आए और कार्य कर रहे मनरेगा श्रमिकों को अपशब्द कहते हुए भगा दिया। पत्र में इसे लेकर बीडीओ और एसओ लालगंज से बात करने का भी हवाला दिया गया। बताया कि महिला मेट का पति भी लाठी और डंडा लेकर इन लोगों के साथ आया था। बताया कि विवाद वाले दिन महिला मेट स्थल पर नहीं आई थी। यह शिकायत 26 नवंबर 21 को की गई। प्रधान ने बताया कि वह गांव का तो विकास करना चाहते हैं, मगर कुछ लोग उनमें बाधा उत्पन्न कर रहे है। समझ में नहीं आ रहा है, कि गांव का विकास कैसे होगा? विरोध के चलते कार्य करना कठिन होता जा रहा है। किसी अप्रिय घटना होने का डर अलग से रात-दिन लगा रहता है।

# सहकारिता से ही हो सकता है विकास का सपना साकारः तिवारी

**● ग्राहकों को मिलेंगी मोबाइल एटीएम जैसी अन्य सुविधाएं**

संवाददाता। बस्ती



मीडिया से मुखातिब सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्र नाथ तिवारी पायनियर

**सहकारिता** में वह शक्ति है जिससे विकास का सपना साकार हो सकता है। इससे पहले हमे सहकारिता से लाभान्वित होने के साथ ही अपने दायित्वों को भी समझना होगा। यह बातें जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेन्द्रनाथ तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा बैंक की जिम्मेदारी लेने के बाद लगातार समितियों की समस्याओं, ग्राहकों की सुविधाओं और बैक की कार्यशैली को समझने में वक्त लगा, लेकिन उसके बाद बैंक उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है। सभी विघ्न बाधाएं दूर करने की कोशिश की जा रही है, प्रयास हो रहा है, कि बैंक की साख को धक्का न लगे। कहा कि बाधाएं चाहे स्थानीय प्रबंधन से जुड़ी रही हों, सरकार या संबंधित मंत्रालय से जुड़े हैं, उन समस्याओं का या तो निराकरण किया जा चुका है, या प्रक्रिया में है। इस अल्प समय में बैंक की साख वापस लौट रही हैं। जमा राशि वापस हो रही हैं। नए खाते खुलने लगे हैं। सक्रियता और बदलाव की उम्मीद से प्रभावित होकर सरकार ने 10 करोड़ रुपये ऋण स्वीकृत करने के लिये बैंक को आवंटित किया है, जिससे सिक्योर्ड लोन दिये जा रहे हैं। कहा कि आने वाले दिनों में और भी परिवर्तन देखने को मिलेगा। बैंक की साख मजबूत हो, ग्राहकों का भरोसा फिर से कायम हो इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किये जा रहे हैं हैं। मीडिया से सहयोग की अपील करते हुए कहा बैंक में अब जोखिम नही के बराबर रह गया है। उनकी योजनाओं को जनता तक पहुंचाकर सहकारिता को सुदृढ़ करने में सहयोग दें। उन्होने एक समिति बनाकर ईमानदार पत्रकारों को भी ऋण आदि देकर मदद करने की बात कही। वरिष्ठ प्रबंधक रत्नेश पाल ने कहा पिछले वित्तीय वर्ष में बैंक 1.5 करोड़ के फायदे में था। बैंक का कुल डिपॉजिट 11030.98 लाख रहा। जबकि बैंक ने कुल 15846.38 लाख का व्यवसाय किया है। बैंक का प्रबंधकीय व्यय कार्यशील पूंजी का 1.84 प्रतिशत है। पत्रकार वार्ता के अंत में दो मिनट का मौन रखकर प्रख्यात कवि डॉ. रामकृष्ण लाल जगमग के पुत्र की मार्ग दुर्घटना में मौत की खबर सुनकर उन्हे श्रद्धांजलि दी गयी।

# प्रिंसिपल के पक्ष में उतरा शिक्षक संगठन

**● हरिबख्श सिंह व संजय द्विवेदी ने आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग**

**संतकबीरनगर।** रविवार को हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह के ऊपर घर के निकट प्राणघात हमले के मामले में खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार को घायल रामकुमार सिंह का मेडिकल भी कराया गया। शिक्षक संगठनो के नेताओं ने रामकुमार सिंह के पक्ष में उतरते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी किये जाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपद कार्यकारिणी ने हीरालाल इण्टर कालेज में बैठक कर घटना की घोर निन्दा करते हुए 3 दिनो के अन्दर अभियुक्तो की गिरफ्तारी की मांग की है बैठक में जिलाध्यक्ष हरिबख्श सिंह एवं जिला मंत्री अवध नारायण सिंह सहित माध्यमिक शिक्षक शामिल रहे। हरिबख्श सिंह ने जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल से भेंट कर यथास्थिति को रखते हुए घटना को अवगत कराया तथा टेलीफोन पर अपर पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर अभियुक्तो की गिरफ्तारी किये जाने की मांग की। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की आपात कालीन बैठक ए0एच0एग्री इण्टर कालेज दुधारा में की गई। जिसमें संघ के मण्डलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने प्रधानाचार्य रामकुमार पर हुए प्राणघात हमले की कठोर शब्दो में निन्दा करते अभियुक्तों की गिरफ्तारी किये जाने की मांग की है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि 48 घंटे में यदि कार्यवाही नही हुई तो शिक्षक संगठन आन्दोलन के लिए बाध्य होगे। बैठक में तमाम माध्यमिक शिक्षक शामिल रहे।

# सीडीओ के निरीक्षण में गायब मिले कई शिक्षक, गंदगी का मिला अंबार

**● सफाईकर्मी का माह नवंबर का वेतन रोकने का दिया आदेश**

संवाददाता। बस्ती



मनहनडीह में बच्चों का क्लास लेते सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति पायनियर

**परिषदीय** स्कूलों के शैक्षिक गुणवत्ता का सच जानने गए सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति को पहले तो दो स्कूलों शिक्षा मित्र सहित चार शिक्षक स्कूल से गायब मिली। सीडीओ को दोनों स्कूलों में गंदगी का अंबार मिला। बच्चों की संख्या दोनों स्कूलों में आधे से भी कम मिला। सफाई कर्मी का वेतन माह नवंबर का रोकने का निर्देश डीपीआरओ को दिया। बच्चों से कई सवाल पूछे, ब्लैक बोर्ड पर लिखकर समझाया। यह पहली बार नहीं हैं, जब अधिकारियों के निरीक्षण में शिक्षक और बच्चें कम मिलते है। कहा भी जा रहा है, जब शिक्षक स्कूल नहीं जाएगें तो बच्चे कहां से जाएगें। यही कारण हैं कि परिषदीय स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता दिन प्रति दिन खराब होती जा रही है। ऐसा लगता है, कि मानों शिक्षकों पर किसी का कोई भी अंकुश नहीं रह गया।

सोमवार को अपराहन 1.20 बजे सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय जिगना एवं 1.55 पर प्राथमिक विद्यालय मनहनडीह विकास क्षेत्र बस्ती सदर का निरीक्षण किया। दोनों विद्यालयों के परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई, प्राथमिक विद्यालय मनहनडीह में नीरज श्रीवास्तव सहायक अध्यापक तथा रंजीत पाल एवं पूनम त्रिपाठी शिक्षा मित्र अनुपस्थित रही। प्राथमिक विद्यालय जिगना में शौचालय तथा उसके अगल-बगल काफी गंदगी पड़ी हुई मिली, इस संबंध में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि तत्काल जिगना ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों का वेतन माह नवंबर 2021 का रोके तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करें, प्राथमिक विद्यालय जिगना में 311 बच्चों के नामांकन के सापेक्ष मात्र 185 बच्चे उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय मनहनडीह में 136 सापेक्ष 54 बच्चे मिले। दोनों स्कूलों के हेडमास्टर को कड़े निर्देश दिए गए कि बच्चों और शिक्षकों की शतप्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित करें।

# घुरवारा कस्बे में तिरंगा यात्रा निकलने से शौर्य और साहस का हुआ संचार

**लालगंज, रायबरेली।** डलमऊ विकास खंड के घुरवारा कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अमृत महोत्सव समिति के तत्वाधान में

तिरंगा यात्रा निकाली गयी ।तिरंगा यात्रा के समापन के बाद संघ कायार्लय परिसर में भारत माता पूजन,आरती व गोष्ठी का आयोजन हुआ ।कायर्क्रम का संचालन अमृत महोत्सव समिति के जिला सहसंयोजक सुसील शुक्ला ने किया ।कायर्क्रम में एबीवीपी की जिला संयोजिका अंजली विश्वकर्मा ने कहा कि दो वर्षों तक चलने वाले इन महोत्सव के कार्यक्रमों में हम उन वीरों को स्मरण करेंगे जिनका भारत के स्वाधीनता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा है ।वहीं जिला समिति की सदस्य दिव्या अग्रहरि ने कहा कि 1857 से हुये स्वतंत्रता संग्राम की लडाई में नाना जी पेशवा,तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पाण्डेय, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद की वीर गाथा जग जाहिर है,जो समाज के बीच जानी चाहिये ।इस अवसर पर जिला प्रचारक बृजेश, राजेन्द्र, समाजसेवी जेपी सिंह,अनुराग मिश्रा, धीरज त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, राजेन्द्र अग्रहरि, गौरव शुक्ला, जितेन्द्र बाजपेयी, रामअधार प्रधान, यशपाल सिंह, मुकेश सिंह, रोहित शुक्ला, हनुमान सिंह, लक्ष्मीसंकर त्रिपाठी, अरूण कुमार सिंह, शक्ति सुशील, राजन सिंह प्रधान, पप्पू सोनी,सुधा अवस्थी, समाजसेविका सुधा द्विवेदी, कंचन सिंह, प्रियंका सिंह, कमलेश सिंह,उमा तिवारी,सरिता सिंह,गुंजा सिंह,लालती सिंह,मनिका सिंह सहित सैकडों लोग मौजूद रहे ।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से डलमऊ एसओ पंकज त्रिपाठी मय फोर्स मौजूद रहे ।कायर्क्रम में 75 मीटर तिरंगा और वन्दे मातरम् ने लोगों में शौर्य और साहस का बखूबी संचार किया।

# जागरूकता रैली के साथ यातायात माह का समापन

**● यातायात नियमों का पालन कर जीवन को रखें सुरक्षितः टीएसआई**

संवाददाता। संतकबीरनगर




जागरूकता रैली में शामिल बच्चें व ट्रैफिक विभाग पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अंशुमान मिश्र के पर्यवेक्षण में यातायात माह वर्ष 2021 के दृष्टिगत यातायात नियमों के जागरूकता के क्रम में मौलाना आजाद इण्टर कालेज खलीलाबाद के बच्चों द्वारा विद्यालय प्रांगण से रिजर्व पुलिस लाइन संतकबीरनगर तक यातायात रैली निकाल कर आमजन को जागरुक किया गया। प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश कुमार यादव द्वारा रैली को रवाना कर बच्चों के साथ साथ आमजन व आने जाने वाले यात्रियों को सड़क सुरक्षा, सड़क एव यातायात के निमयों के बारे जागरूक किया गया व उन्हें वाहन चलाते समय शीट बेल्ट पहनने, नशे के हालात में वाहन न चलाना, वाहन को अधिक गति से न चलाने, वाहनों पर स्वीकृत से अधिक सवारियां न बैठाने के साथ-साथ वाहन को निर्धारित पार्किंग पर खड़ी करने हेतु जागरूक किया गया।

## गुरु तेग बहादुर शहीदी गुरुपर्व मनाया जायेगा

**संतकबीरनगर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा सोसाइटी खलीलाबाद गुरु तेग बहादुर महाराज का शहीदी गुरूपर्व आगामी 6, 7, 8 दिसंबर को खलीलाबाद में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। गुरुद्वारा के मीडिया प्रभारी सतविंदर पाल सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर का शहीदी पर्व के निमित्त आगामी 30 नवंबर को प्रात: 5.00 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो 6 दिसंबर तक अनवरत चलती रहेगी। 6 दिसंबर को प्रात: 10 बजे अखंड पाठ साहब का पाठ रखा जाएगा। शाम बच्चों का प्रोग्राम कीर्तन दरबार एवं 7 दिसम्बर को पंजाब से आए सुप्रसिद्ध रागी जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन से संगतो को निहाल करेंगे। 8 दिसंबर को प्रात: 10 बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति कीर्तन दरबार और गुरु का अटूट लंगर और शाम को पंजाब से आए गतका पार्टी द्वारा तलवारबाजी का विशेष आकर्षण होगा। गुरु ग्रंथ साहब की भव्य शोभायात्रा 8 दिसंबर शाम 4 बजे से सुगर मिल तिराहे से प्रारंभ होकर बैंक चौराहा, गोला बाजार, मधुकुंज चौराहा से वापस गुरुद्वारा पहुंचेगी। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।

# डीएम ने निर्वाचन आयोग प्रचार जागरूकता वाहन को किया रवाना

संवाददाता। संतकबीरनगर



पूजन करती जिलाधिकारी पायनियर

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह नें ई.वी.एम. तथा वी.वी.पैट की जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार हेतु एलईडी वैन को कलेक्ट्रेट से विधि विधान के साथ पूजन के उपरान्त हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि ई.वी.एम. तथा वी.वी.पैट की जागरुकता एवं प्रचार-प्रसार हेतु एलईडी वैन सोमवार से प्रतिदिन प्रात: 8.00 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के प्रत्येक मतदेय स्थलों पर जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी मतदेय स्थलों पर ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन जागरुकता हेतु किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्मानित मतदाताओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट से मॉक पोल करके संतुष्ट हो सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त तीनों तहसीलों के मुख्यालयों (यथा मेहदावल, खलीलाबाद व धनघटा) तथा कलेक्ट्रेट मुख्यालय संत कबीर नगर पर भी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश, अपर जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, हलीम एवं अन्य सम्बन्धित आदि उपस्थित रहे।

# न्यूजीलैंड ने ड्रा कराया कानपुर टेस्ट

## अश्विन-जडेजा की मेहनत पर रचिन और ऐजाज ने पानी फेरा

**●न्यूजीलैंड ने नौ विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए**

**भाषा** । कानपुर


**न्यूजीलैंड** के लिए अपना पहला टेस्ट खेल रहे रचिन रविंद्र और ऐजाज पटेल ने जबर्दस्त साहस और संयम का परिचय देते हुए अंतिम विकेट बचाकर भारत को तय लग रही जीत से वंचित कर दिया और पहला टेस्ट पांचवें और आखिरी दिन ड्रा पर छूटा। जीत के लिए 284 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम ने नौ विकेट पर 165 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 345 रन बनाए थे जबकि दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित की थी। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 296 रन पर आउट हुई थी।


पांचवें और आखिरी दिन पहले सत्र में जहां कीवी बल्लेबाजों का दबदबा रहा तो दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट लेकर वापसी की। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमश: तीन और चार विकेट लेकर भारत की जीत लगभग तय कर ही दी थी लेकिन रविंद्र और ऐजाज ने अंगद की तरह क्रीज पर पांव धरकर मेजबान के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

न्यूजीलैंड का नौवा विकेट 155 के स्कोर पर 90वें ओवर में गिरा और उसके बाद भी आठ ओवर खेले जाने बाकी थे। भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे ने काफी आक्रामक फील्ड भी लगाई, लेकिन रविंद्र (18) ने 91 गेंद और ऐजाज (दो) ने 23 गेंद खेलकर मैच को ड्रा की ओर धकेल दिया। भारत को आखिरी सत्र में छह विकेट की जरूरत थी लेकिन एक अदद विकेट आखिर में नहीं मिल सका और जीत हाथ से फिसल गई। पहले सत्र में विल समरविले और टॉम लैथम ने भारतीय गेंदबाजों को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी, लेकिन दूसरा सत्र भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा जिन्होंने तीन विकेट चटकाए। उमेश यादव ने लंच के ठीक बाद समरविले को शॉर्ट गेंद पर आउट किया जिन्होंने 110 गेंद में 36 रन बनाए। शुभमन गिल ने लांग लेग सीमा पर उनका कैच लपका। विलियमसन पहली पारी की तुलना में आत्मविश्वास से भरे दिखे जिन्होंने ईशांत शर्मा को चौका भी जड़ा। ईशांत का फॉर्म फिर निराशाजनक रहा।

रोस टेलर को चाय से पहले रविंद्र जडेजा ने आउट किया। टॉम लैथम (146 गेंद में 52 रन) ने एक और अर्धशतक बनाया जो अश्विन की गेंद पर आउट हुए। आखिरी सत्र में जडेजा ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (24) को पगबाधा आउट करके भारत की उम्मीदें बंधाई।उन्होंने जैमीसन (पांच) और साउथी (चार) को भी पवेलियन भेजा। सुबह भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई मदद नहीं मिली। जडेजा की एक गेंद पर लैथम चकमा जरूर खा गए। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर भारत ने डीआरएस लिया लेकिन रिव्यू से साफ था कि गेंद विकेट पर नहीं पड़ रही थी। ईशांत शर्मा और उमेश यादव भी इस पिच पर टिम साउथी और काइल जैमीसन जैसी गेंदबाजी नहीं कर सके। ईशांत पहले स्पैल में बिल्कुल लय में नजर नहीं आए।

उन्होंने और उमेश ने शॉर्ट गेंदें भी डाली लेकिन समरविले विचलित नहीं हुए। आम तौर पर 10वें नंबर पर उतरने वाले समरविले ने उमेश को तीन चौके भी जड़े जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। पहली पारी में शतक से पांच रन से चूके लैथम ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया लेकिन जडेजा को एक चौका भी जड़ा।


कप्तान केन विलियमसन का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के जश्न मनाते रविंद्र जडेजा


टॉम लैथम ने दूसरी पारी में भी शानदार बल्लेबाजी करके 52 रन बनाए

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी** : 345 रन
**न्यूजीलैंड पहली पारी** : 296 रन
**भारत दूसरी पारी** : सात विकेट पर 234 रन (घोषित)
**न्यूजीलैंड दूसरी पारी** : टॉम लैथम बो अश्विन 52, विल यंग पगबाधा अश्विन 2, विलियम समरविले का गिल बो यादव 36, केन विलियमसन पगबाधा बो जडेजा 24, रोस टेलर पगबाधा बो जडेजा 2, हेनरी निकोल्स पगबाधा बो पटेल 1, टॉम ब्लंडेल बो अश्विन 2, रचिन रविंद्र नाबाद 18, काइल जैमीसन पगबाधा बो जडेजा 5, टिम साउथी पगबाधा बो जडेजा 4, ऐजाज पटेल नाबाद 2
अतिरिक्त :17 रन
कुल योग : 98 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन
विकेट पतन : 1-3, 2-79, 3-118, 4-125, 5-126, 6-128, 7-138, 8-147, 9-155
गेंदबाजी : अश्विन 30-12-35-3, पटेल 21-12-23-1, यादव 12-2-34-1, शर्मा 7-1-20-0, जडेजा 28-10-40-4

## रविचन्द्रन अश्विन तीसरे सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने भारतीय गेंदबाज बने

**भाषा** । कानपुर



**अनुभवी** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सोमवार को हरभजन सिंह को पछाड़कर भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अश्विन ने अपने 80वें टेस्ट में यह कमाल किया। इस सूची में शीर्ष पर महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं जिनके नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने 434 टेस्ट विकेट लिए हैं।

अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन टॉम लैथम को आउट करके 418वां विकेट लिया। हरभजन ने 103 टेस्ट में 417 विकेट लिए थे। अश्विन ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में तीन विकेट चटकाए थे। अश्विन ने मैच के बाद कहा कि इस उपलब्धि पर कुछ खास महसूस नहीं हो रहा है। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में 13वें स्थान पर आ गए। उन्होंने पाकिस्तान के वसीम अकरम (414) को भी पछाड़ा। मौजूदा टेस्ट क्रिकेटरों में अश्विन से अधिक विकेट इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (524) और जेम्स एंडरसन (632) के हैं। अश्विन ने दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने बल्ले से भी जौहर दिखाते हुए 2685 रन बनाए हैं जिसमें पांच शतक शामिल है। उन्होंने 111 वनडे में 150 और 51 टी-20 में 61 विकेट लिए हैं। हरभजन ने भी अश्विन को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं अश्विन को बधाई देना चाहता हूं। उम्मीद है कि वह भारत के लिए और कई मैच जीतेगा। उन्होंने कहा कि मुझे तुलना पसंद नहीं है। हमने अलग दौर में अलग विरोधियों के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेली। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## रहाणे की लय को लेकर चिंतित नहीं हैं द्रविड़

**भाषा** । कानपुर

**भारतीय** क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को यहां कहा कि किसी और से ज्यादा टेस्ट उपकप्तान अजिंक्य रहाणे खुद बड़ा स्कोर खड़ा कर लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं और उनके लिए यह सिर्फ एक पारी की बात है। नियमित कप्तान विराट कोहली की गैरमौजूदगी में टीम की कमान संभाल रहे रहाणे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां ड्रा टेस्ट में 35 और चार रन बनाए। इस साल 12 टेस्ट मैचों में उनका औसत 20 से भी कम का है।

द्रविड़ से जब पूछा गया कि क्या रहाणे की लय टीम के लिए चिंता का सबब है तो उन्होंने कहा, इसके लिए ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। जाहिर है कि आप चाहेंगे कि अजिंक्य आपके लिए अधिक रन बनाए, वह खुद भी ऐसा ही चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उन्होंने अतीत में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। वह उन लोगों में से एक है जिनके पास कौशल और अनुभव है।

यह बस एक मैच की बात है, वह इसे जानते है और हम भी समझते है। मुंबई में खेले जाने वाले अगले टेस्ट मैच में कप्तान कोहली की वापसी होगी और ऐसे में क्या रहाणे को अंतिम 11 में जगह देने के लिए मैन ऑफ द मैच श्रेयस अय्यर को बाहर बैठाया जाएगा?

द्रविड़ ने कहा कि हमने तय नहीं किया है कि हमारी अंतिम एकादश क्या होगी और यह बहुत जल्दी है। जब हम मुंबई जाएंगे तो हालात का जायजा लेंगे और लोगों की फिटनेस जांचेंगे। विराट कोहली भी साथ जुड़ेंगे, इसलिए हमें उनसे भी चर्चा करनी होगी और फिर कोई फैसला लेना होगा।

उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट से पहचान बनाकर टेस्ट क्रिकेट तक सफर तय करने वाले अय्यर की तारीफ करते हुए इसे भारतीय क्रिकेट की सफलता करार दी।

### कोच द्रविड़ ने मैदानकर्मियों को दिए 35000 रुपये

**कानपुर**। भारतीय क्रिकेट टीम के नए कोच राहुल द्रविड ने शिव कुमार की अगुवाई में यहां के ग्रीन पार्क मैदान में बेहतरीन पिच तैयार करने वाले कर्मचारियों को 35,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने घोषणा की कि राहुल द्रविड़ ने हमारे मैदानकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से 35,000 रुपए दिए है। अपने समय में द्रविड़ को निष्पक्ष खेल भावना के लिए जाना जाता था। मैदानकर्मियों को मिली प्रोत्साहन राशि इस बात का प्रतीक था कि पिच में मैच के पांचों दिन गेंदबाजों और बल्लेबाजों के लिए कुछ था। इस पिच पर जहां शानदार तकनीक दिखाने वाले श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल, टॉम लाथम और विल यंग जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए तो वहीं टिम साउदी और काइल जैमीसन जैसे तेज गेंदबाजों ने भारत के शीर्ष क्रम को परेशान किया।

---

## एफआईएच ने चार भारतीयों को विश्व कप में अधिकरी नियुक्त किया

**भाषा** । भुवनेश्वर

**अंतरराष्ट्रीय** हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने यहां और राउरकेला में होने वाले 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए सोमवार को चार भारतीयों को विभिन्न पदों पर अधिकारी नियुक्त किया। सोनिया बाथला को एफआईएच ने तकनीकी अधिकारी जबकि कर्नल (डॉ) बिभु कल्याण नायक को चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया। रघु प्रसाद और जावेद शेख को टूर्नामेंट के अंपायर के तौर पर नामित किया गया है। दिल्ली हॉकी से संबंध रखने वाली सोनिया इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त होने वाली भारत की अकेली महिला होंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निगोमबम ने चारों भारतीय अधिकारियों को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

## शाहीन ने पांच विकेट झटके, पाक जीत के करीब पहुंचा

**एपी** । चटगांव



**तेज** गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 32 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में जीत के करीब पहुंच गया। अफरीदी ने पांचवीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जिससे बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 157 रन पर ढेर हो गई और पाकिस्तान को 202 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाजों आबिद अली (नाबाद 56) और पदार्पण कर रहे अब्दुल्लाह शफीक (नाबाद 53) ने इसके चौथे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान का स्कोर बिना विकेट खोए 109 रन तक पहुंचाया।

खराब रोशनी के कारण लगातार चौथे दिन मैच जल्दी समाप्त करना पड़ा। अली ने पहली पारी में भी शतक जड़ा था। पाकिस्तान को कल अंतिम दिन जीत के लिए 93 रन और बनाने होंगे जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। बांग्लादेश ने पहली पारी में 330 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को 286 रन पर समेटकर 44 रन की बढ़त हासिल की थी। अली और शफीक ने मैच में लगातार दूसरी शतकीय साझेदारी पूरी की। अली ने 92 गेंद में तीसरा अर्धशतक पूरा किया जबकि शफीक आफ स्पिनर मेहदी हसन पर छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे।

इससे पहले बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी में लिटन दास (89 गेंद में 59) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। उन्होंने पहली पारी में भी 114 रन बनाए थे। पदार्पण कर रहे यासिर अली ने भी 36 रन बनाए और लिटन के साथ 47 रन की साझेदारी की। ऐसा लग रहा था कि ए दोनों पारी को संभाल लेंगे लेकिन शाहीन की गेंद हेलमेट में लगने के बाद यासिर को वापस लौटना पड़ा। दिन की शुरुआत चार विकेट पर 39 रन से करने वाले बांग्लादेश ने इसके बाद लय गंवा दी। यासिर के लौटने के बाद पहले ही ओवर में टीम ने अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम (16) का विकेट गंवाया जिन्हें तेज गेंदबाज हसन अली (52 रन पर दो विकेट) ने पवेलियन भेजा। यासिर के कनकशन (सिर में चोट लगने के कारण बेहोशी जैसी स्थिति) स्थानापन्न के रूप में उतरे नुरूल हसन 15 रन बनाने के बाद खराब शॉट खेलकर पवेलियन लौटे।

लिटन ने शाहीन की गेंद पर एक रन के साथ 83 गेंद में 10वां अर्धशतक पूरा किया।

### श्रीलंका ने एक विकेट पर 113 रन बनाए

**गॉल**। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने नाबाद 61 रन बनाकर श्रीलंका को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन सोमवार को अच्छी शुरुआत दिलाई, जिससे मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 113 रन बना लिए। खराब रोशनी के कारण 35 ओवर के बाद ही दिन का खेल रोकना पड़ा। निसंका ने कप्तान दिमुथ करुणारत्ने के साथ पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की। करुणारत्ने 90 गेंद की पारी में 42 रन बनाकर ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस की गेंद पर कैच आउट हुए। उन्होंने छह चौके लगाए।

निसंका इस दौरान शानदार लय में दिखे और 109 गेंद की पारी में उन्होंने एक छक्का और चार चौके लगाए।

## पर्याप्त तैयारी नहीं होने के बावजूद ड्रा शानदार नतीजा: विलियमसन

**भाषा** । कानपुर

**न्यूजीलैंड** के कप्तान केन विलियमसन ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में ड्रॉ को सोमवार को अपनी टीम के लिए शानदार नतीजा करार दिया क्योंकि दौरे के लिए उनकी टीम की तैयारी पर्याप्त नहीं थी। दुबई में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 विश्व कप फाइनल गंवाने के एक दिन बाद न्यूजीलैंड की टीम भारत पहुंची थी। टेस्ट श्रृंखला से पहले तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेली गई जिसे भारत ने 3-0 से जीता।

विलियमसन ने मैच के बाद कहा कि जब जीत की संभावना खत्म हो जाती है तो ड्रा अगला सर्वश्रेष्ठ विकल्प होता है जिसके लिए प्रयास किया जाता है। पर्याप्त तैयारी का मौका नहीं मिलने के बाद कई खिलाड़ियों ने बहुमूल्य योगदान दिया। हमारे लिए महत्वपूर्ण है कि हम जल्द से जल्द सामंजस्य बैठाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नतीजा सिर्फ एक गेंद दूर था लेकिन अंत में रचिन रविंद्र ने अपने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया और एजाज पटेल ने भी अंतिम कुछ ओवरों में बल्ले से काफी प्रतिबद्धता दिखाई जिसके बाद खराब रोशनी के कारण मैच समाप्त हो गया।

भारत में जन्में दोनों खिलाड़ियों एजाज और रविंद्र ने शानदार जज्बा दिखाते हुए भारतीय स्पिनरों से आठ से अधिक ओवर तक सफलता से महरूम रखा और न्यूजीलैंड को हार से बचा लिया। विलियमसन ने कहा कि रोशनी कम हो रही थी और हमारे नौ विकेट गिर गए थे और इस तरह की चीजें टेस्ट मैच को शानदार बनाती है और इससे काफी भावनाएं जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि कल मैच संतुलित था और हमारे लिए पारंपरिक धारणा वाला टेस्ट क्रिकेट था।

---

## भारतीय महिलाओं की फुटबाल में एक और हार

**●चिली ने 3-0 गोलों से हराया, गुरुवार को अगला मैच वेनेजुएला से खेलेगा भारत**

**भाषा** । मनाउस (ब्राजील)

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम को बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद सोमवार को यहां अमेजन एरेना में चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में चिली के खिलाफ 0-3 गोल से शिकस्त झेलनी पड़ी। स्ट्राइकर मारिया उरुतिया (14वें मिनट) ने चिली को पहले हाफ में बढ़त दिलाई, जबकि इसिदोरा हर्नांडेज और कारेन अराया ने क्रमश: 84वें और 85वें मिनट में गोल दागकर भारत की वापसी की उम्मीदें तोड़ दी। भारत ने ब्राजील के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली टीम की शुरुआत एकादश में तीन बदलाव करते हुए गोलकीपर अदिति चौहान की जगह एम लिनतोइगांबी देवी को मौका दिया जबकि कमला देवी और डेंगमेई ग्रेस की जगह मार्टिना थोकचोम और मनीषा पन्ना को खिलाया। भारत के लिए पहला मौका ब्राजील के खिलाफ गोल करने वाली मनीषा कल्याण ने बनाया लेकिन छठे मिनट में उनका शॉट सीधा विरोधी गोलकीपर के हाथों में चला गया। दाएं छोर से मारिया रोजस के क्रॉस पर जेविएरा टोरो के प्रयास को लिनतोइगांबी ने नाकाम किया। एक मिनट बाद हालांकि चिली ने रोजस के पास पर मारिया के गोल से बढ़त बना ली। मध्यांतर तक चिली की टीम ने 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। दूसरे हाफ के 66वें मिनट में भारत ने अच्छा मूव बनाया। मनीषा ने गेंद को 20 साल की स्थानापन्न खिलाड़ी डेंगमेई की ओर बढ़ाया, लेकिन उनके शॉट को एंडलर ने रोक दिया। भारत अपना अंतिम मैच गुरुवार को वेनेजुएला से खेलेगा।

## राल्फ रेंगनिक मैनचेस्टर युनाईटेड के मैनेजर बने

**लंदन**। जर्मनी के दिग्गज कोच राल्फ रेंगनिक को सोमवार को सत्र के अंत तक मैनचेस्टर युनाईटेड फुटबॉल टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति से इंग्लिश प्रीमियर लीग की इस टीम के खेलने की शैली और प्रबंधन ढांचे में बदलाव होगा और उसे लीग में शीर्ष पर वापसी करने में मदद मिलने की उम्मीद है।



युनाईटेड से जुड़ने से पूर्व 63 साल के रेंगनिक रूस के क्लब लोकोमोटिव मॉस्को के खेल एवं विकास प्रमुख की भूमिका निभा रहे थे। इसी महीने 21 तारीख को ओले गुनार सोल्सकर को बर्खास्त किए जाने के बाद पूर्व खिलाड़ी माइकल केरिक मैनचेस्टर युनाईटेड के प्रभारी की भूमिका निभा रहे थे। क्लब ने कहा कि युनाईटेड आफ सत्र में स्थाई मैनेजर नियुक्त करने की योजना बना रहा है और रेंगनिक दो और साल के लिए सलाहकार की भूमिका में टीम से जुड़े रहेंगे।

## कोलंबिया से हारकर अमेरिका डेविस कप फाइनल्स से बाहर

**भाषा** । वाशिंगटन

**रिकॉर्ड** 32 बार की चैम्पियन अमेरिकी टीम कोलंबिया से शर्मनाक हार के बाद डेविस कप टेनिस फाइनल्स से बाहर हो गई। अमेरिका को 0-2 से पराजय का सामना करना पड़ा चूंकि रीली ओपेलका और जैक सॉक युगल मैच में कोलंबिया के जुआन सेबेस्टियन काबाल और रॉबर्ट फाराह से पहले सेट में पिछड़ने के बाद रिटायर हो गए। इससे पहले डेनियल इलाही गालान ने जॉन इसनेस को 6-3, 3-6, 7-6 से हराकर बराबरी की थी। फ्रांसिस टियाफो ने निकोलस मेजिया को 4- 6, 6-3, 7-6 से हराकर अमेरिका को बढत दिलाई थी। इस बीच रूस ने गत चैम्पियन स्पेन को 2-1 से हराकर बाहर कर दिया। इससे ग्रुप की दूसरी टीम के रूप में नोवाक जोकोविच की सर्बिया अगले दौर में पहुंच गई।

## सात्विक- चिराग बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई

**●दोनों ने रोड टू बाली रेस में जापानी जोड़ी को पछाड़ा**

**भाषा** । बाली



**दुनिया** की 11वें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बुधवार से शुरू हो रहे सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में जगह बना ली है। सात्विक और चिराग इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। जापान के अकिरा कोगा और ताइची सेइतो के भी सेमीफाइनल में हारने के बाद उन्होंने जगह बनाई।

उन्होंने जापानी जोड़ी को रोड टू बाली रेस में पछाड़ा। उन्हें कट में प्रवेश के लिए सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक जोड़ी मार्कस एफ गाइडोन और केविन एस को हराना था लेकिन वे 16-21, 18-21 से हार गए। अकिरा और ताइची भी जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से हार गए जिससे भारतीय जोड़ी को जगह मिल गई। इससे पहले लक्ष्य सेन 15 लाख डॉलर ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, किदाम्बी श्रीकांत, महिला जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी भी भाग ले रहे हैं। सिंधू ने 2018 में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स जीता था जबकि साइना नेहवाल 2011 में खिताबी मुकाबले तक पहुंची थी।

## टॉकटाइम

### यामी गौतम

*एक ऐसी अभिनेत्री, जिन्होंने विक्की डोनर से अपनी शुरुआत की, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में अपने बारे में बता रही हैं कि उनकी नवीनतम फिल्म भूत पुलिस में क्या है, इससे संबंधित चुनौतियां क्या रहीं और यह कि उन्हें प्रेरक कहानियों का हिस्सा बनना पसंद है........*

# मैं सिर्फ फिल्म निर्माण नहीं बल्कि सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं



**भूत पुलिस में आपके अभिनय ने भारी प्रशंसा अर्जित की। हॉरर-कॉमेडी करना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

मेरे किरदार को कॉमेडी से ज्यादा हॉरर के साथ प्रस्तुत होना था। कोविड-19 के कारण, हम कोई औपचारिक शारीरिक प्रशिक्षण नहीं ले पाए। हमने सेट पर ही फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन, लुक को सही रखने और निर्देशक के मन मुताबिक प्रस्तुति करने के मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हॉरर-कॉमेडी के साथ, आप ओवरबोर्ड जा सकते हैं। लेकिन विचार श्रंखला को उस तरफ बनाए रखना होता था। यह चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हमें ठंड में भारी मेकअप के साथ शूट करना था। मुझे तूफान और बारिश में नंगे पैर शूटिंग करना याद है। जब हम कोई फिल्म देखते हैं, तो हमें कैमरे के पीछे का संघर्ष दिखाई नहीं देता। मुझे खुशी है कि लोगों ने मेरे प्रदर्शन और परियोजना में ईमानदार प्रयास देखा।

**आपने एक के बाद एक हिट फिल्में दी हैं - उरी, बाला और अब भूत पुलिस। क्या राज है?**

कोई राज नहीं है। ऐसे एक्टर्स हैं जो अभी भी बहुत लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। एक अभिनेता के रूप में आपकी संवेदनशीलता समय के साथ बढ़ती जाती है। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभव प्राप्त करते जाते हैं, वे बेहतर होते जाते हैं। सिनेमा और परिप्रेक्ष्य के बारे में आपकी समझ का विस्तार होता है, और यह वास्तव में मायने रखता है। मुझे अपने सहजबोध से काम करना पसंद है। बेशक, कुछ प्रोजेक्ट दर्शकों को पसंद नहीं आते, लेकिन यह ठीक है। मेरी कोशिश हमेशा फिल्म में उस तत्व को तलाशने की होगी। मैं एक ऐसी स्क्रिप्ट चुनना चाहती हूं जहां ईमानदार कोशिश हो और उसमें कुछ शुद्धता हो। मैं किसी प्रोजेक्ट मेकिंग का हिस्सा नहीं बनना चाहती। मैं सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं।

**आपके पास विभिन्न शैलियों में पाइपलाइन में रिलीज फिल्म-श्रंखला है। एक पात्र से दूसरे पात्र में स्विच करना कितना कठिन या आसान था?**

यह आसान नहीं है, और इसमें थोड़ा समय लगता है। दुर्भाग्य से, जिस तरह से महामारी ने हम पर प्रहार किया, उसने कार्यशैली की कथा को बदल दिया। क्योंकि हमें सतर्क रहना था, हमने स्वास्थ्य को पहले स्थान पर रखा था। इसलिए, इसलिए ज्यादा काम की आवश्यकता थी। उदाहरण के लिए, जब मैं दासवी और ए गुरुवार की शूटिंग कर रही थी, मैं बैक-टू-बैक काम कर रही थी। जिस दिन मैं आगरा से लौटी, मैं ए थर्सडे के सेट पर फिल्म का अहसास लेने के लिए गयी। मैं अपनी स्क्रिप्ट और होमवर्क को लेकर पूरी तरह से तैयार हूं। काश मुझे तैयारी के लिए और समय मिलता।

> मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।

**आपने विभिन्न शैलियों की खोज की है। आपको किस तरह की भूमिकाओं में दिलचस्पी है?**

मैं वास्तविक जीवन का किरदार निभाऊंगी और प्रेरक कहानी का हिस्सा बनूंगी। मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना, या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, ऐसी कहानियां, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।

**ऐसी विविध भूमिकाओं को निभाने की प्रेरणा आपको कहां से मिलती है?**

प्रेरणा भीतर से आती है। यह आपकी वृत्ति में मौजूद होती है कि आप किस ओर आकर्षित होते हैं। मुझे लगता है कि जब तक आप कोशिश नहीं करेंगे तब तक आप कभी नहीं जान पाएंगे कि आप क्या कर सकते हैं। इसलिए मैंने इन फिल्मों को उदाहरण के तौर पर कहा है। आपको स्वयं को तलाशने का अवसर देने के लिए स्वतंत्र और बेहिचक होना चाहिए। मैं कुछ ऐसे अभिनेताओं की ओर देखती हूं जो, जो कुछ भी करते हैं उसमें शानदार होते हैं और अत्यंत विविधतापूर्ण होते हैं। जब मैं कोई अच्छी फिल्म या प्रदर्शन देखती हूं तो मुझे प्रेरणा मिलती है। मैं उस विचार में खुद की कल्पना करना शुरू कर देती हूं।

**लोग आपको मिडास टच वाली लड़की कहते हैं। आपको सुनकर कैसा लगता है?**

यह सचमुच में प्यारा है अगर कोई ऐसा सोचता है। मैं सही दिशा में काम करते रहना चाहती हूं और उम्मीद है कि मुझे और दिलचस्प प्रोजेक्ट मिलेंगे। यही कारण है कि कोई मेरे बारे में जानना या मेरे बारे में लिखना चाहेगा। यह रिश्ता मेरे द्वारा किए गए अच्छे काम पर आधारित है। और यह तभी संभव है जब मैं कोई ऐसा प्रोजेक्ट करूं जो मुझे पसंद हो, न कि कोई ऐसी चीज जो चली आ रही हो।

# मुझे जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद है

मराठी फिल्म वन वे टिकट निर्माता कोमल उनायने ने शालिनी सक्सेना के साथ अन्य चीजों के साथ एक गीत के साथ अभिनय की शुरुआत करने के बारे में चर्चा की



**❖एक निर्माता के रूप में आपकी शुरुआत कैसे हुई?**

सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के नाते मैं हमेशा से एंटरप्रेन्योर बनना चाहती थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं किसी के लिए काम करूंगी। मैं खुद अपना मालिक बनना चाहती थी। यह तब हुआ जब मैंने एक कंपनी शुरू करने का फैसला किया। इसके तहत हम टीवीसी, डिजिटल विज्ञापनों में फिल्में और ब्रांड प्रमोशन का निर्माण कर रहे थे। मैंने काफी अनुभव हासिल किया और बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए आश्वस्त हुई। यह तब हुआ जब मैंने फैसला किया कि मैं एक कदम आगे बढ़कर एक फीचर फिल्म का निर्माण किया।

**❖क्या आपके मन में हमेशा मनोरंजन उद्योग में करियर बनाना था?**

हां, कुछ मायनों में यह हमेशा दिमाग में होता है। एक बार जब मैंने इंजीनियरिंग में अपना कोर्स पूरा कर लिया, तो मैं ऐसे रास्ते तलाश रही थी जहाँ मैं अपने रचनात्मक पक्ष को उजागर कर सकूं। मनोरंजन उद्योग रचनात्मकता से भरा है। उद्योग आपको खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देता है। यह एक ऐसी जगह है जहां आप अपने जुनून का पीछा कर सकते हैं।

**❖महिला निर्माता के रूप में आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

हम सभी जानते हैं कि मनोरंजन उद्योग पुरुष प्रधान है। उद्योग में एक महिला के रूप में, हां, अपनी खास तरह की चुनौतियां सामने आती है। यहां - वहां कुछ संघर्ष होते हैं। मैं हमेशा उस उज्ज्वल पक्ष को देखती हूं जो जीवन पेश करता है। इसलिए, मैं हमेशा जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद करती हूं।

**❖आप मराठी फिल्मों में कैसे आईं?**

अवधारणा ने मुझे रोमांचित किया। यह पहली बार था कि एक मराठी फिल्म की शूटिंग यूरोप के चार यूरोपीय देशों और क्रूज में की गई थी। मुझे यात्रा पसंद है। मैं एक ऐसी फिल्म बनाना चाहती थी जहां आप यात्रा देख सकें। एक अभिनेता के रूप में मेरा डेब्यू गीत तू जहां फिर मिले भी एक यात्रा गीत है।

**❖एक निर्माता से एक अभिनेता बनना। ये कैसे हुआ?**

ऐसी कोई योजना कभी नहीं थी। यह अभी हुआ। मोहित चौहान के गीत निर्देशक लकी हंसराज को नए चेहरे की तलाश थी। मैं भाग्यशाली थी कि उन्होंने मुझसे पूछा। मैं हैरान थी और शुरू में काफी हिचकिचा रही था। लेकिन दोनों ने मुझे विश्वास दिलाया कि मैं अभिनय कर सकती हूं। इसलिए आज मैं यहां हूँ।

**❖डेब्यू करने के लिए गीत क्यों चुना?**

कोई योजना नहीं थी, यह सिर्फ सहज भाव से हो गया। मोहित चौहान का नाम मेरे लिए काफी है।

**❖मराठी उद्योग में क्या परिवर्तन हुए हैं?**

लोग कहेंगे कि मैं पक्षपाती हूं। लेकिन उद्योग कुछ बहुत ही शानदार और वास्तव में सुंदर फिल्में बना रहा है .. उद्योग ने बड़ी छलांग लगाई है और आज डटकर खड़ा है।

**❖क्या यह बॉलीवुड से अलग है?**

जैसा कि मुझे टीवीसी के निर्माणन और डिजिटल फिल्मों के विज्ञापन में अधिक अनुभव मिला है, मुझे लगता है कि हर उद्योग समान है। आप बस इतना करना चाहते हैं कि एक अच्छा उत्पाद पेश करें जहां दर्शक आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना करेंगे। जब तक दर्शक आपके काम से खुश हैं, तब तक आप आगे बढ़ने के लिए अच्छे हैं।

# मैंने गांधी को क्यों मारा

**निर्देशक: अशोक त्यागी**
**निर्माता: कल्याणी सिंह**
**अभिनीत: अमोल कोल्हे ( नाथूराम गोडसे )**
**प्रस्तुतकर्ता: मान सिंह**
**रिलीज की तारीख: 30 जनवरी, 2022**



ऐसा अक्सर नहीं होता है कि आपको ऐसी फिल्में देखने को मिलती हैं जो वास्तविक जीवन से ली जाती हैं, खासकर जब उन लोगों की जीवन कहानियों की बात आती है जिन्होंने भारत को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ छोड़ दिया। मान सिंह की व्हाई आई किल्ड गांधी, गांधीजी की हत्या के मुकदमे के दौरान नाथूराम गोडसे द्वारा माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कानूनी बयान का चित्रण है। न्यायमूर्ति आत्म चरण की अनुमति से नाथूराम गोडसे ने अदालत के समक्ष बयान पढ़ा। पूरे बयान को पढ़ने में करीब साढ़े चार घंटे का समय लगा। बाद में इसे इसी शीर्षक से एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। यह पुस्तक सभी लोकप्रिय ई-कॉमर्स साइटों पर स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है।

सभी जानते हैं कि गांधी जी की हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी। लेकिन ज्वलंत प्रश्न - जिसने उन्हें इतना चरम कदम उठाने के लिए प्रेरित किया - का उत्तर कभी नहीं दिया गया। हालाँकि, एक धारणा बनाई गई है कि गोडसे एक आतिवादी या मानसिक रूप से असंतुलित हिंदू चरमपंथी था। हालाँकि, जब आप उनका बयान पढ़ते हैं, तो आपको पता चलता है कि वे पुणे के एक स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने एक समाचार पत्र अग्रनी का संपादन किया।

1964 में, सरकार ने गांधीजी की हत्या के कारणों की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस जेएल कपूर के अधिकार क्षेत्र में एक सदस्यीय आयोग की स्थापना की। न्यायमूर्ति जेएल कपूर ने 1970 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और फिल्म की शुरुआत में 10 मिनट की टिप्पणी उस रिपोर्ट के अध्याय 12 से चयनित अंशों का पुनरुत्पादन है। फिल्म के शेष 35 मिनट, संपादित संस्करण, गोडसे द्वारा अदालत में प्रस्तुत कानूनी बयान है। फिल्म में बोला गया हर शब्द इस कानूनी दस्तावेज से लिए गए शब्दों का अनुवाद है। नाथूराम गोडसे को फांसी दिए जाने के बाद से फिल्म जो खुलासा करती है, उसे व्यवस्थित रूप से दबा दिया गया है और यह 20 वीं शताब्दी के भारत के इतिहास को देखने के लिए एक मौलिक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य देता है।

# पेसमेकर के साथ पीसमेकर



एक मजबूत सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता, श्री सैनी अदम्य भावना रखने वाली एक जुझारू सेनानी हैं, उन्होंने अपने जीवन में समस्त अप्रत्याशित परिस्थितियों से लड़ाई लड़ी, और कम समय में लाखों लोगों का दिल जीता और अमेरिका की प्रिय शख्सियत बन गईं। पंजाब में जन्मी और वाशिंगटन में पली-बढ़ी सैनी को प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए लॉस एंजिल्स में मिस वर्ल्ड अमेरिका मुख्यालय में मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताज पहनाया गया।

वह सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन महत्वपूर्ण पुरस्कारों की विजेता हैं- मिस होप हार्ट वाशिंगटन, मिस इंडिया यूएसए और मिस इंडिया वर्ल्डवाइड।

वर्तमान मिस वर्ल्ड अमेरिका के रूप में, वह मिस वर्ल्ड की तैयारी कर रही हैं और क्राई, यूनिसेफ और अपने स्वयं के श्री सैनी फाउंडेशन, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है, के साथ सामाजिक कार्यों के लिए अपना समय दे रही हैं।

सैनी कहती हैं, ''मेरे दिल की सर्जरी और दुर्घटना के बाद बिस्तर पर पड़े रहने के कारण बहुत अधिक भावनात्मक आघात हुआ। मैं समझ गयी थी कि भावनात्मक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से भी अधिक महत्वपूर्ण है। मैंने किताबें पढ़ीं और मेरे माता-पिता ने मुझे दूसरों को प्रेरित करने के लिए अपनी जीवन कहानी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।''

यह सच है कि यह आप ही हैं जो एक सुखी या दुखी जीवन जीने का निर्णय लेते हैं और आपके आस-पास के लोग इसे बेहतर या बदतर बनाते हैं। सैनी का कहना है कि हालांकि वह एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हैं, लेकिन उनके साथ के लोग बहुत प्रेरणादायी और प्यार करने वाले थे।

छोटे शहरों में लोगों के बड़े सपने होते हैं लेकिन यह उनके लिए आसान नहीं होता, विपत्तियां हावी हो जाती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप पहुंच बनाएं और मदद लें, गुरुओं और परामर्श की तलाश करें। सैनी कहती हैं, ''मैंने अपने घर और मन में दुख झेला, मदद मांगी, सलाह ली, सलाहकारों की तलाश की, हमारे पास बहुत सारे संसाधन हैं, अपने पादरी से बात करें, पाठ्येतर गतिविधियों के लिए आवेदन करें, प्रेरक वीडियो खोजें और ऑडियो बुक्स सुनें, डर का सामना करने के लिए खुद को चुनौती दें और डर का सामना करते हुए आगे बढ़ें, जब आप उन चीजों को करते हैं जिनसे आप सबसे ज्यादा डरते हैं, तो डर का आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, आपने डर पर विजय प्राप्त कर ली होती है। ''

सैनी की विपत्तियों ने उन्हें व्यापक दृष्टिकोण रखने में मदद की। वह कहती हैं, ''मैं अब अपनी चुनौतियों से विचलित नहीं होती, मैं समाधान ढूंढती हूं। मैं अपने आप से पूछती हूं, इस समस्या के शीर्ष पांच समाधान क्या हैं, क्या मैं उन्हें लागू करने या अनिर्णय में फंसने का साहस करूंगा? मैं खुद को निर्णायक बनने और एक झटके से जल्दी उबरने की चुनौती देती हूं।''

बड़ी होती, सैनी का पसंदीदा काम अपनी मां और भाई के साथ पुस्तकालय जाना था। उसने मोस्ट बुक्स रीड अवार्ड और सिल्वरवुड टिकट भी हथिया लिया। वह कहती हैं, '' मेरे पास बहुत सारे ट्रीट कार्ड या मुफ्त शर्ट थे क्योंकि मैंने बहुत सारी किताबें पढ़ीं। मेरी मां मुझे और मेरे भाई को लगभग हर दिन पुस्तकालय ले जाती थीं और हमें किताबें पढ़ने और उनके साथ चर्चा करने के लिए कुछ भत्ता देती थीं। हमारे होम लाइब्रेरी में अब 1000 से अधिक किताबें हैं। ''

मिस वर्ल्ड दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसका 70वां साल दिसंबर, 2021 में पूरा हो रहा है।

यह एक चौरिटी-आधारित प्रतियोगिता है जिसमें 125 से अधिक देश प्रतिस्पर्धा करते हैं। सैनी बताती हैं, '' मैं दुनिया भर के प्रतियोगियों द्वारा किए गए काम से रोमांचित थी। मैं छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड का हिस्सा बनना चाहती था, मेरे पास छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड के रूप में मेरी तस्वीर है। '' मिस वर्ल्ड अमेरिका का ताज पहनाया जाना सैनी को समाज की मदद करने से नहीं रोक पाया। इस संबंध में उनका पसंदीदा हिस्सा यह है कि यह उन्हें गैर-लाभकारी प्रमुखों से मिलने और उनके साथ काम करने, उनकी सेवा करने और सोशल मीडिया पर उनकी परियोजनाओं के बारे में बात करने में मदद करता है। ''प्रत्येक गैर-लाभकारी संस्था का एक महान लक्ष्य होता है, सभी कार्य महत्वपूर्ण होते हैं। मैं विशेष रूप से अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) की आभारी हूं, मैं चिकित्सा पेशेवरों द्वारा किए गए आविष्कारों के कारण जीवित हूं। मुझे अहा की सेवा करना अच्छा लगता है, मेरा पेसमेकर एक हालिया आविष्कार है, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं अहा की सेवा कर रही हूं।'' सैनी कहती हैं।

> श्रीसैनी, जो एक अदम्य भावना रखने वाली जुझारू सेनानी हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में बता रही हैं कि वह एक सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य की प्रबल हिमायती हैं

सैनी के लिए, अपने और दूसरों के साथ शांति से रहना ही सफलता है। वह कहती हैं कि जीवन में हम कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करेंगे, हमारे भावनात्मक प्रबंधन, हमारी बौद्धिक प्रतिक्रियाएं, हमारी भावनात्मक भलाई, हमारे व्यवहारिक विकल्प और अराजकता पर शांत होने की हमारी क्षमता सफलता है।

''हम किसी भी तनावपूर्ण स्थिति के जवाब में तनाव पैदा नहीं कर सकते हैं, हमें शांतचित्त बने रहने और खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या यह मेरे मन की शांति के लायक है। मैं एक पेसमेकर के साथ एक शांतिदूत हूं।'' सैनी कहती हैं।

सैनी ने महामारी में जो एक महत्वपूर्ण सबक सीखा, वो यह है कि जब लोग एक साथ मिलकर सामाजिक दूरी को सामाजिक अलगाव समझने की गलती करते हैं तो इंसान अच्छा करता है। '' हमें दूरी रखने के लिए कहा गया था, लेकिन हमें दूर होने के लिए नहीं कहा गया था, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों को बनाए रखते हुए, हम अभी भी बाहर पार्कों में मिल सकते हैं और एक-दूसरे को खुशी और समर्थन ला सकते हैं।'' सैनी बताती हैं।